3 | राजधानी
आज से दिल्ली के लिए नान स्टॉप बस सेवा

6 | अभिमत
नई शिक्षा नीति के मूल में है भारतीयता

10 | स्पोर्ट्स
हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह कोरोना पॉजिटिव

11 | विदेश
श्रीलंका में स्कूल पूरी तरह से खुले

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 290
लखनऊ, मंगलवार, 11 अगस्त, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



प्रसिद्धि के पीछे नहीं भागती
विविध-12

www.dailypioneer.com

**फ्लोर टेस्ट से पहले थमा राजस्थान में सियासी तूफान**

# राहुल-प्रियंका ने पायलट को मनाया, सोनिया से अभयदान

**सशर्त घर वापसी-दोबारा ताजपोशी लगभग पक्की, बागियों की शिकायतें दूर करने-सर्वसम्मत हल के लिए कमेटी गठित**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

- सब ठीक है, आला नेताओं व पायलट में हुई निर्णायक बात, राजस्थान में पार्टी व सरकार के हित में काम करेंगे सचिन : कांग्रेस
- सुलह के प्रयास तेज करते पायलट गुट के विधायक भंवरलाल शर्मा और अन्य ने की गहलोत से मुलाकात, पार्टी को बताया परिवार

**तकरीबन** एक माह से राजस्थान की राजनीति को झकझोर रहा सियासी तूफान सोमवार को रोचक मोड़ लेकर थम गया। प्रदेश में पार्टी की सरकार को बचाने का आखिरी दांव चलते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बागी नेता सचिन पायलट से लंबी मुलाकात की। करीब दो-तीन घंटे तक चली बैठक में पायलट समेत 19 बागियों की घर वापसी की शर्तों और उनकी शिकायतों पर खुलकर बात हुई। बगावत करने के बाद राहुल गांधी के साथ पायलट की यह पहली मुलाकात थी।

इसके पश्चात, राहुल व प्रियंका ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से भेंट की। पायलट खेमे की हर शिकायत दूर करने का भरोसा देती सोनिया ने बागियों खासकर सचिन पायलट के खिलाफ खुलकर तलवार भांज रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को फोन कर घर वापसी का समझौता फार्मूला स्वीकारने का निर्देश दिया जिसे सुनते ही उनके तेवर एकदम से ठंडे पड़ गए। साथ ही, निर्णय लिया कि मामला सुलझाने को एआईसीसी एक कमेटी का गठन करेगी। कल तक राजस्थान की गहलोत सरकार गिराने पर आमादा सचिन पायलट ने सोमवार को राहुल गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रियंका भी वहां मौजूद थीं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, घर वापसी को तैयार दिखते पायलट ने पार्टी के शीर्ष नेताओं को बताया कि किन परिस्थितियों में वे यह कदम उठाने पर मजबूर हो गए। उन्होंने पार्टी का विरोध कभी नहीं किया बल्कि वे गहलोत के काम करने के तौर तरीकों का विरोध कर रहे थे।



राहुल गांधी-सचिन पायलट की फाइल फोटो

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व विधानसभा सत्र से पहले सब कुछ ठीक कर लेना चाहता है। समझौता फार्मूले के तहत पायलट की सशर्त घर वापसी और दोबारा ताजपोशी लगभग पक्की है। गौरतलब है कि बगावत के बाद गहलोत ने उन्हें उपमुख्यमंत्री और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पदों से बर्खास्त कर दिया था। तेजी से बदलते घटनाक्रम के तहत पायलट गुट के वरिष्ठ विधायक और चर्चित ऑडियो टेप कांड के आरोपी भंवरलाल शर्मा शाम करीब सवा सात बजे सीएम आवास पहुंचे और गहलोत से मिलकर सारे गिले शिकवे दूर कर लिए। इस दौरान अन्य बागी नेता भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद शर्मा ने मीडिया से कहा कि पार्टी एक परिवार की तरह है और अशोक गहलोत इसके ( शेष पेज 9 )

## कोविड अस्पतालों में बढ़ाएं स्टाफ : योगी

- सात जिलों में डीएम के सहयोग के लिये विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों की तैनाती के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान, विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम तथा पीसीवी वैक्सीन के शुभारम्भ पर एक बच्चे को दवा पिलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ(विस्तृत खबर पेज 3)

**कोरोना** की जंग जीतने के लिये चिकित्सा व्यवस्था की गुणवत्ता को बनाये रखने पर जोर देते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड अस्पतालों अतिरिक्त चिकित्सा कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में कोविड 19 के मद्देनजर एल2 व एल3 कोविड अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ायी जाये। इसके साथ ही लखनऊ तथा कानपुर में कोरोना के बिगड़ते हालात को देखते हुये सीएम ने दोनों जिलों के डीएम के सहयोग के लिये विशेष सचिव स्तर के दो-दो तथा वाराणसी, प्रयागराज, बरेली, गोरखपुर तथा बहराइच एक-एक अधिकारियों की तैनाती के भी निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन निजी मेडिकल कालेजों में कोविड चिकित्सालय स्थापित किए गए हैं, वहां की व्यवस्थाओं की मानिटरिंग के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एक नियंत्रक अधिकारी नामित किया जाए। सीएम ने कहा कि कोविड19 के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए सभी प्रयास जारी रखे जाएं। कोरोना वायरस से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए जनता को निरन्तर जागरूक किया जाए। टीवी, रेडियो, समाचार पत्रों, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, पोस्टर बैनर आदि के माध्यम से लोगों को जानकारी प्रदान की जाए। मास्क के अनिवार्य उपयोग, दो गज की दूरी बनाए रखने के सम्बन्ध में आमजन को लगातार जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी अस्पतालों में फायर सेफ्टी के सभी मानक पूरे हों। इसके साथ ही अस्पतालों में अन्य सुविधाएं भी तय मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बाढ़ प्रभावित व जलमग्न इलाकों में लोगों को समय से राहत पहुंचाई जाए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में आवश्यकतानुसार शरणालय स्थल भी तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में खाद व कृषि से जुड़ी अन्य सामग्री की उपलब्धता बनी रहे। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रिया चक्रवर्ती व परिवार से ईडी ने फिर की पूछताछ

**सुशांत सुसाइड मिस्ट्री**

**पायनियर समाचार सेवा। मुंबई**

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित धन शोधन के मामले में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती तथा उनके परिवार से सोमवार को फिर पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि रिया, उनके भाई शौविक व पिता इंद्रजीत चक्रवर्ती सुबह 11 बजे बलार्ड एस्टेट इलाके में स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। उन्हें सोमवार को पेश होने के लिए सम्मन किया गया था। बाद में रिया और राजपूत की कारोबारी प्रबंधक श्रुति मोदी भी ईडी के दफ्तर पहुंचीं। चारों से सात अगस्त को भी केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ की थी। इसी दौरान दोपहर दो बजे के बाद राजपूत के दोस्त व रूममेट सिद्धार्थ पटानी भी ईडी के दफ्तर पहुंचे। उन्होंने कई समाचार चौनलों से कहा था कि वह



मुंबई में ईडी कार्यालय से पूछताछ के बाद अपने भाई के साथ निकलतीं रिया चक्रवर्ती

14 जून को बांद्रा के फ्लैट पर मौजूद थे जब 34 वर्षीय अभिनेता ने खुदकुशी की थी। पटानी ने बताया था कि वह राजपूत के साथ करीब एक साल से रह रहे थे और उन्होंने पहले मुंबई पुलिस में दुर्घटनावश मौत रिपोर्ट (एडीआर) के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। समझा जाता है ( शेष पेज 9 )

### रिया ने सुप्रीम कोर्ट से लगाई गुहार, मीडिया ट्रायल से बचाएं

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को नई याचिका दाखिल कर सुशांत सिंह राजपूत मामले में उन्हें मीडिया ट्रायल से बचाने की गुहार लगाई है। चक्रवर्ती ने कहा है कि पिछले 30 दिनों में सुशांत की तरह अभिनेता आशुतोष भाकरे और समीर शर्मा ने भी आत्महत्या की है, लेकिन इन मामलों के बारे में मीडिया में कानाफूसी भी नहीं हुई है। याचिका में यह भी कहा गया कि मीडिया ने 2जी और तलवार मामले में भी अभियुक्तों को समान रूप से दोषी ठहराया था, लेकिन बाद में उन दोनों मामलों में सभी आरोपियों को अदालत द्वारा निर्दोष पाया गया।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को कोरोना, अस्पताल में भर्ती

- मस्तिष्क की सफल सर्जरी की गई, फिलहाल वेंटिलेटर पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्व राष्ट्रपति** प्रणब मुखर्जी के सोमवार को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई और उन्हें यहां स्थित सेना के रिसर्च ऐंड रेफरल (आरआर) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद उनकी तबियत थोड़ी बिगड़ी और बाद में रक्त का थक्का हटाने के लिए मस्तिष्क की सफल सर्जरी की गई। अब सेना के आर एंड आर अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। इससे पहले 84 वर्षीय मुखर्जी ने ट्वीट किया, अन्य कारणों से अस्पताल गया था, जहां पर आज कोविड-19 जांच में संक्रमित होने की पुष्टि हुई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वर्ष 2012 से 2017 तक देश के राष्ट्रपति रहे मुखर्जी ने ट्वीट में कहा, मैं अनुरोध करता हूं कि जो लोग भी गत एक हफ्ते में मेरे संपर्क में आए



हैं, वे खुद पृथक-वास में चले जाएं और अपनी कोविड-19 की जांच कराएं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आरआर अस्पताल जाकर पूर्व राष्ट्रपति के स्वास्थ्य की जानकारी ली। वह अस्पताल में करीब 20 मिनट तक रहे। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित पार्टी के कई साथियों ने मुखर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, हम पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के कोविड-19 की बीमारी से शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। पूर्व राष्ट्रपति के बेटे ( शेष पेज 9 )

## प्रदेश में कोरोना के 4197 नए मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सूबे में** सोमवार को 4197 नए मरीज पाए गए हैं जबकि 47878 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 2120 मरीजों की मौत हो चुकी है। अभी तक प्रदेश में 124602 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 4078 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 76724 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक लखनऊ में 629, कानपुर में 269, नोएडा में 71, गाजियाबाद में 58, वाराणसी में 148, प्रयागराज में 223, बरेली में तो 97, गोरखपुर में 255, झांसी में 35, जौनपुर में 46, मेरठ में 46, मुरादाबाद में 66, बलिया में 60, अलीगढ़ में 104 आगरा में 39 देवरिया में 65 आजमगढ़ में 47 गाजीपुर में 63, अयोध्या में 36, बाराबंकी में 79, शाहजहांपुर में 81, रामपुर में 37 सहारनपुर में 78, पूरा शहर में 21, हरदोई में 15, हापुड़ में 8, संत कबीर नगर में 20, कुशीनगर में 70, से चंदौली में 27, सुल्तानपुर में 161, दिन में 57, सिद्धार्थनगर में 53, मथुरा में 35, पीलीभीत में 64, बस्ती में 50, गोंडा में 26, उन्नाव में 24, संभल में 13 कन्नौज में बहराइच में 70, मिर्जापुर में 40 मुजफ्फरनगर में 13, इटावा में 18, सोनभद्र में 55, बिजनौर में 9, मैनपुरी में 15, फिरोजाबाद में 28, अमरोहा में 22, सीतापुर में 54, प्रतापगढ़ में 29, लखीमपुर खीरी में 38, रायबरेली में 22, जालौन में 19, फतेहपुर में 28, मई में 19, भदोही में 6 बागपत में 11 अमेठी में 21 बदायूं में 18, फर्रुखाबाद में 19, औरैया में 17, शामली में 27, ललितपुर में 23, कासगंज में 5, एटा में 29, कानपुर देहात में 24, कौशांबी में 18, बलरामपुर में 19, अंबेडकर नगर में 10, हमीरपुर में 12 बांदा में 4, हाथरस में 13, महोबा में 4, चित्रकूट में 3, श्रावस्ती में 24 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

### राजधानी में 629 नए रोगी, दो की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। सोमवार को राजधानी में कोरोना वायरस के 629 नए मरीज पाए गए जबकि इलाज के दौरान दो मरीजों की मौत हो गई। अभी तक इलाज के दौरान राजधानी में 149 मरीजों की मौत हो चुकी है। कोरोना संक्रमण के अभी तक 13237 मामले सामने आ चुके हैं। आज 373 लोगों को ठीक कर डिस्चार्ज किया गया है। अभी तक 6904 मरीज डिस्चार्ज किये जा चुके हैं। वर्तमान में 6337 केस एक्टिव हैं। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक सआदतगंज निवासी 30 वर्षीय महिला को 6 अगस्त की सुबह 12 बजकर 37 मिनट पर भर्ती किया गया था। एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम के चलते इलाज के दौरान मौत हो गई। कामतागंज, सुल्तानपुर निवासी 43 वर्षीय महिला को 9 अगस्त की सुबह 11 बजकर 31 मिनट पर भर्ती किया गया था। रोगी को उच्च रक्तचाप, मधुमेह और थायराइड की समस्या भी थी। एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम के चलते इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,182 | ↑ 141 |
| निफ्टी | 11,270 | ↑ 56 |
| सोना | 56,122 | ↑ 238 /10g |
| चांदी | 76,520 | ↑ 960 /kg |

### क्विक न्यूज

**मणिपुर में भाजपा सरकार ने विश्वास मत जीता**

**इम्फाल।** मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी नीत एन बीरेन सिंह सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में 16 के मुकाबले 28 वोट से विश्वास मत जीत लिया। सिंह के विश्वास प्रस्ताव को विधानसभा में एकदिवसीय विशेष सत्र के दौरान लंबी चर्चा के बाद मत-विभाजन के लिए रखा गया जिसमें सरकार सफल रही। कांग्रेस के आठ विधायकों ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन करते हुए सदन की कार्यवाही में भाग नहीं लिया। मणिपुर की 60 सदस्ईय विधानसभा में कांग्रेस के 24 विधायक हैं। तीन विधायकों के इस्तीफे और दल-बदल कानून के तहत चार विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद अब सदन में सदस्यों की संख्या 53 है। इस प्रकार भाजपा अपनी सरकार बचाने में सफल रही है।

## शाह फैसल ने छोड़ा पार्टी का पद नौकरशाही में वापसी की अटकलें

- जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बन सकते हैं सलाहकार

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** कैडर के आईएएस अफसर शाह फैसल ने बड़ा कदम उठाते हुए अपनी पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। फैसल ने नौकरी छोड़कर अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई थी। हालांकि राज्य के बदले हालात और नए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आगमन के बाद शाह फैसल ने राजनीति छोड़ दी। शाह फैसल के नौकरशाही में लौटने और उनके लेफ्टिनेंट गवर्नर सिन्हा का सलाहकार बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि उन्होंने खुद अभी इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया है। इस्तीफे में सिर्फ इतना कहा कि वह राजनीतिक गतिविधियां जारी रखने की स्थिति में नहीं हैं। शाह फैसल ने 2010 में यूपीएससी की परीक्षा में टॉप किया था और उन्हें आईएएस का होम कैडर आवंटित किया गया था। वह जम्मू-कश्मीर के डायरेक्टर एजुकेशन रहे हैं। उन्होंने पिछले साल जनवरी में जम्मू-कश्मीर में युवाओं की हत्या का आरोपा लगाकर नौकरी छोड़ दी थी और बाद में मार्च में जम्मू-कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट पार्टी बनाई। इस पार्टी में तमाम नए लोगों को शामिल भी किया गया था।

इसके बाद धारा 370 हटने और राज्य के दो भागों में बंटकर केंद्र शासित प्रदेश बनने से हालात बदल गए। घाटी के तमाम बड़े नेताओं को नजरबंद कर लिया गया अथवा हिरासत में ले लिया गया। फैसल को भी अगस्त 2019 ( शेष पेज 9 )

## नए नवेले लड़ाकू राफेल ने हिमाचल में उड़ान भर नापा आकाश

**कुछ हफ्तों बाद वायु सेना बेड़े के नए सदस्य अभ्यास के लिए लद्दाख में भी भरेंगे उड़ान**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पिछले** महीने भारत लाए गए पांच राफेल जेट विमानों ने अभ्यास शुरू कर दिया है। हिमाचल प्रदेश की स्थितियों से परिचित होने के लिए लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरकर आकाश नापा। हिमाचल वह राज्य है जो चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) साझा करता है। कुछ हफ्तों के बाद राफेल जेट लद्दाख में भी उड़ान भर सकते हैं, जहां भारत और चीन की सेनाओं के बीच पिछले तीन महीने से गतिरोध बरकरार है। फ्रांस से आकर बीते 29 जुलाई को अंबाला एयरबेस पर उतरे पांच राफेल अब दिन और रात उड़ान भरकर अभ्यास कर रहे हैं। सूत्रों ने सोमवार को यहां कहा कि यह इन विमानों को परिचालन के लिए तैयार करने की कवायद का हिस्सा है। हालांकि, इस महीने के अंत में इन पांचों जेट को औपचारिक रूप से गोल्डन एरो स्क्वाड्रन में शामिल कर लिया जाएगा। इन लड़ाकू विमानों को हर तरह से भारतीय परिस्थितियों के लिए तैयार किया जा रहा है और इसलिए लगभग 12 पायलटों के समूह को गहन उड़ान प्रैक्टिस दी जा रही है। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर अस्थिर स्थिति को देखते हुए भारतीय वायुसेना पहले ही अपने अन्य फ्रंटलाइन फाइटर जेट को प्रैक्टिस में उतार चुकी है। इनमें एसयू-30, जगुआर और मिग-29 शामिल हैं, जो लद्दाख से लेकर हिमाचल और उत्तराखंड से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक फैले 4,000 किलोमीटर लंबे एलएसी पर फारवर्ड बेस तक आकाश नाप चुके हैं। वास्तव में, नए अपाचे हेलीकॉप्टर लद्दाख में एलएसी के पास नियमित रूप से उड़ान भर रहे हैं और चिनूक हैवी-लिफ्ट हेलीकॉप्टर क्षेत्र में सैनिकों और उपकरणों को लाने-ले जाने का अभ्यास कर रहे हैं। यह सारी कवायद चीन सीमा पर भारतीय सेना की क्षमता को बढ़ाने के लिए है। यह कदम चीन के इसी तरह चारों टकराव वाले बिंदुओं पर भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती करने के बाद उठाया गया है। सूत्रों ने कहा कि वर्तमान में संवेदनशील स्थिति को देखते हुए ये विमान हिमाचल प्रदेश में एलएसी के बहुत करीब नहीं जा रहे हैं और लद्दाख में भी इसी तरह उड़ान भरेंगे। भारत और चीन के बीच 'नो-फ्लाई' जोन बनाने को लेकर एक समझौता है, जहाँ दोनों पक्षों के फाइटर जेट अपने-अपने क्षेत्रों में एलएसी से कम से कम 15 किमी दूर उड़ान भर सकते हैं।



# नेपाल ने नहीं होने दिया बाढ़ परियोजनाओं का काम: योगी

## पीएम की वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने सामने रखी बाढ़ की तस्वीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज पीएम नरेन्द्र मोदी के सामने राज्य में बाढ़ की ताजा तस्वीर और बचाव तथा राहत कार्यों को रखा। उन्होंने कहा कि हर साल नेपाल की सीमा पर गण्डक नदी पर बाढ़ परियोजनायें केन्द्र के वित्त पोषण से निर्मित की जाती हैं किन्तु इस वर्ष कोविड.19 के कारण नेपाल द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत बाढ़ परियोजनाओं के क्रियान्वयन की अनुमति प्रदान नहीं की गई, जिसका असर बाढ़ के रूप में देखने को मिला है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राज्य के 40 जिले बाढ़ से संवेदनशील हैं, जिनमें हर साल 16 लाख हेक्टेयर भूमि तथा 70 लाख आबादी प्रभावित होती है। बाढ़ के मद्देनजर 8 मुख्य नदियां घाघरा, राप्ती, गण्डक, गंगा, यमुना, गोमती, सोन तथा रामगंगा हैं तथा 4 सहायक नदियां बेतवा, केन, रोहिन, बूढ़ी गण्डक अहम हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1 जून से 8 अगस्त



तक 400.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है जो सामान्य से 10.4 प्रतिशत कम है। सामान्य से कम वर्षा के बावजूद पूर्वांचल के 15 जनपदों मे बाढ़ का प्रभाव है। जिसका कारण नेपाल एवं उत्तराखण्ड में सामान्य से लगभग 20 प्रतिशत अधिक बारिश का होना है जिससे 4 नदियां घाघरा, राप्ती, शारदा एवं गण्डक खतरे के निशान के ऊपर चल रही हैं। सीएम ने कहा कि अम्बेडकर नगर, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, देवरिया, गोण्डा, गोखरपुर, खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज, मऊ, पीलीभीत, प्रतापगढ़, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर तथा सीतापुर बाढ़ से प्रभावित हैं। नदियों में अत्यधिक जलप्रवाह के कारण आजमगढ़, मऊ तथा गोण्डा में तीन तटबन्ध क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनकी मरम्मत कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी तटबन्धों को कोविड के बावजूद वर्षाकाल के पूर्व ही मरम्मत कराकर तैयार कर लिया गया है तथा बाढ़ चैकियों, वायरलेस केन्द्रों एवं सभी संवेदनशील जनपदों में बाढ़ नियन्त्रण कक्ष की स्थापना की जा चुकी है। प्रत्येक वर्ष नेपाल राष्ट्र की सीमा पर गण्डक नदी पर बाढ़ परियोजनायें केन्द्र के वित्त पोषण से निर्मित की जाती हैं किन्तु इस वर्ष कोविड.19 के कारण नेपाल राष्ट्र के द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत बाढ़ परियोजनाओं के क्रियान्वयन की अनुमति प्रदान नहीं की गई, जिससे नेपाल राष्ट्र की भौगोलिक सीमा में स्वीकृत 11 नई परियोजनायें जिनकी कुल लागत 53.64 करोड़ रुपए है, बाढ़ पूर्व क्रियान्वित नहीं की जा सकीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रबन्धन व राहत कार्यों की समीक्षा हेतु राज्य सरकार के मंत्रियों द्वारा लगातार जनपदों के दौरे कर स्थलीय निरीक्षण व समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। बाढ़ मद में वर्ष 2020-21 के लिए 740 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था है। बाढ़ प्रबंधन व राहत कार्यों हेतु 51 जनपदों को 22.75 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गयी है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से यूपी सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की।

### बांधों से छोड़े जाने वाले पानी पर नजर रखें

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बाढ़ शरणालयों में रह रहे लोगों के बीच कोविड.19 के मद्देनजर भौतिक दूरी सुनिश्चित करने और उनकी चिकित्सकीय जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएम योगी ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में विभिन्न बांधों और जलाशयों से पानी छोड़े जाने की सूचना की लगातार जानकारी रखी जाए ताकि बाढ़ की आशंका वाले जिलों में पहले से ही तैयारी सुनिश्चित की जा सके। राहत आयुक्त संजय गोयल ने सोमवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के बाढ़ शरणालयों में सारी व्यवस्था ठीक की जाए। खासकर कोविड.19 के मद्देनजर भौतिक दूरी पालन किया जाए और वहां रह रहे लोगों की चिकित्सकीय जांच कराई जाए। श्री गोयल ने बताया कि इस समय प्रदेश के 19 जिले के 582 गांव प्रभावित हैं जिनमें से 303 का संपर्क बाकी स्थानों से कट चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 300 बाढ़ शरणालयों की स्थापना की गई है। मौजूदा वक्त में तीन जिलों के 14 शरणालयों में लगभग 800 व्यक्ति रह रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4,300 खाद्यान्न किट प्रभावित परिवारों को बांटी गई हैं और अब तक 44,700 किट वितरित की जा चुकी हैं। राहत आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में इस वक्त 922 नौकाओं को बाढ़ राहत कार्य में लगाया गया है। इसके अलावा 715 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। हालात पर नजर रखी जा रही है और विभिन्न विभागों से तालमेल कर काम किया जा रहा है।

# 24 घंटे बिजली के लिए 15 प्रतिशत से नीचे लाना होगा लाइन लॉस: श्रीकान्त शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री ने सोमवार को लखनऊ, कानपुर, झांसी व चित्रकूट मंडल के जनपदों की विद्युत आपूर्ति की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। गलत रीडिंग पर बिलिंग की शिकायतों पर उन्होंने ऐसे सभी मामलों की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने लखीमपुर खीरी, हरदोई, रायबरेली, कन्नौज, इटावा, कानपुर देहात, औरैया, फर्रुखाबाद, चित्रकूट व बांदा में सौभाग्य के कार्यों की शिकायत पर जांच कराने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि सौभाग्य फेज 2 व फेज 3 में जो भी काम चल रहे हैं उनकी गुणवत्ता की समय-समय पर जांच की जाए। एमडी इसकी खुद निगरानी करें।

यह भी कहा कि ऐसे सभी जनपदों जहां शटडाउन के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई हो वहां अतिरिक्त समय में बिजली देकर रोस्टर का अनुपालन करायें। शासन की मंशा के अनुरूप ही बिजली की आपूर्ति की जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सरकार सभी गांवों को 24 घंटे आपूर्ति की सुविधा का महाभियान चला रही है। इसके लिए सांसदों व विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आगे आना होगा। उन्हें भी ऊर्जा विभाग को सहयोग करना होगा तभी सस्ती और सुलभ बिजली का संकल्प पूरा होगा। कहा कि इसके लिए लाइन लॉस को 15 प्रतिशत से नीचे लाना होगा। हर

**● कई जिलों में गलत बिलिंग व सौभाग्य योजना की जांच के निर्देश**

जनपद में ऊर्जा विभाग ने 60-60 फ ीडर निगरानी के लिए चुने हैं। सांसद व विधायक भी 10-10 फ ीडरों की निगरानी का जिम्मा लेकर इस अभियान का हिस्सा बनें। जिससे 24 घंटे आपूर्ति के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, कानपुर देहात, कानपुर, कन्नौज, औरैया, झांसी, चित्रकूट, ललितपुर व बांदा में कुछ स्थानों पर गलत बिलिंग व टेबल बिलिंग की शिकायतों की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के आधार पर संबंधित बिलिंग एजेंसियों के खिलाफ एफआईआर व अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजधानी समेत आसपास के जनपदों में ट्रिपिंग की शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने 48 घंटे में दुरुस्त की जा सकने वाली समस्याओं के तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एमडी मध्यांचल से इस संबंध में तीन दिन में रिपोर्ट तलब की है। लगातार ट्रांसफार्मर फुंकने की शिकायत पर उन्होंने झांसी वर्कशॉप की जांच कराने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि जहां भी ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव लंबित हैं सभी को अनुमोदित करवा लें जिससे आपूर्ति व लो वोल्टेज की शिकायतें न आएं।

## वेबिनार में हुई एमएसएमई को ऋण दिए जाने पर चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीएचडी** यूपी चैंबर ने बैंक आफ बड़ोदा द्वारा एमएसएमई को ऋण दिए जाने को लेकर एक वेबिनार के जरिए चर्चा आयोजित की गई जिसमें चैंबर के यूपी अध्यक्ष मनोज गौड़ ने बताया की कैसे एमएसएमई को कार्यशील पूंजी तथा सप्लायर्स के बीच में संतुलन बनाना जरूरी है। पूर्व अध्यक्ष मेंटोर एमएसएमई मेंटरिंग एंड गाइडेंस सेंटर अनिल खेतान ने बताया कि कैसे एमएसएमई को अपना कैश फ्लो व्यवस्थित करना जरूरी है और एमएसएमई को ऋण प्राप्त करने में क्या-क्या समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर विस्तार से चर्चा की गयी और इसका समाधान भी बताया। सौरभ सान्याल, एचपी कुमार ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि पीएचडी चैंबर अपने पीएचडी मेंटरिंग एवं गाइडेंस सेंटर के माध्यम से एमएसएमई की कैसे मदद कर रहा है। साथ में एमएसएमई को क्या-क्या सुविधाएं भी दे रहा है। ब्रजेश कुमार सिंह जनरल मेनेजर बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने बताया कि कैसे एमएसएमई इन सभी स्कीमों का लाभ ले सकते हैं और कैसे बैंक ऑफ बड़ौदा सभी क्षेत्रों के उद्योगों को मदद करने में तत्पर है।

## सरकार बताए कितने एमओयू धरातल पर उतरे: प्रियंका गांधी

**लखनऊ।** प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार योगी सरकार पर हमलावर है । प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट कर यूपी सरकार से सवाल पूछा है । प्रियंका ने कहा कि यूपी में हर साल एमओयू साइन होते हैं लेकिन धरातल पर कुछ नहीं उतरता है । करोड़ों लगाकर इन समिट में ये काम कागजी शेर बनने के लिए किया जाता है । उप्र में भयंकर बेरोजगारी है और आर्थिक तंगी की वजह से आत्महत्या कर रहे हैं। सरकार को ये बताना चाहिए कितने एमओयू धरातल पर उतरे, कितने युवाओं को रोजगार मिला।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपने बेटे मोहित मौर्य को गलत चाल-चलन के चलते अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। ओम प्रकाश मौर्य पुत्र पुत्तू लाल, निवासी मोहल्ला नई बस्ती, थाना व कस्बा निघासन, जिला लखीमपुर-खीरी।

**सूचना**

मैंने अपने छोटे बेटे अमर सिंह और उसकी पत्नी सुखजीत कौर को गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। शांति देवी पत्नी स्व0 साधू सिंह निवासी मो0 सुभाष नगर, थाना, कस्बा व तहसील पलिया, जिला लखीमपुर खीरी।

## बदतर होती जा रही किसान की हालत: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि किसान की हालत दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में बड़े उद्योग घरानों का हित साधन है। किसान को किसान नहीं रहने देने के पूरे इंतजाम करने पर भाजपा सरकार उतारू है। भाजपा की कुदृष्टि खेतों पर है। उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक आपदा, गन्ने का बढ़ता बकाया, बिचौलियों द्वारा फसलों की लूट और कर्ज से बेहाल हजारों किसान अब तक आत्महत्या कर चुके हैं। महोबा में बैंक कर्ज और आर्थिक परेशानियों के चलते कल ही किसान रमाशंकर रैकवार ने फांसी लगाकर जान दे दी। भाजपा सरकार ने इस सम्बंध में अमानवीय रवैया अपना रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड लांच करने की घोषणा करते हैं पर किसान को यूरिया और बीज तक तो समय से मिल नहीं पा रहा है। यह फण्ड भी किसान समूहों को मिलेगा। मंशा साफ है भाजपा खेती को कारपोरेट क्षेत्र में विलय करने में लग गई है। सच तो यह है कि भाजपा सरकार बहुराष्ट्रीय और कारपोरेट घरानों के हितों की पैरोकारी में खेती, गांव, किसान को उनका बंधक बनाने की योजना लागू करना चाहती है। उनके इरादे विरोधाभासी हैं।

## परशुराम जयंती का अवकाश बहाल करे सरकार:जितिन प्रसाद

**लखनऊ।** भगवान परशुराम की प्रतिमा लगाने को लेकर हो रही सियासत के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर परशुराम जयंती पर होने वाले अवकाश को बहाल करने का अनुरोध किया है। यूपी में ब्राह्मण वोट बैंक की राजनीति तेज हो गई है। पहले सपा ने लखनऊ में 108 फुट की महर्षि परशुराम की प्रतिमा लगवाने की घोषणा की। इसके साथ ही सपा प्रबुद्ध सभा की ओर से हर जिले में परशुराम प्रतिमा लगाने का फैसला भी किया गया। जिसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने सत्ता में आने पर समाजवादी पार्टी से भी अधिक परशुराम की भव्य प्रतिमा लगाने की बात कहकर राजनीतिक पारे को और बढ़ा दिया। सपा-बसपा के बाद अब कांग्रेस नेता जितिन प्रसाद ने परशुराम जयंती के अवकाश के बहाने ब्राह्मण वोट बैंक को साधने का प्रयास किया।

## बाढ़ को तत्काल आपदा घोषित किया जाए:रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने पूर्वांचल के अधिकाँश जनपदों में फैली हुई बाढ़ विभीषिका पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर और गोरखपुर, देवरिया, आज़मगढ़, बलिया, कुशीनगर, मऊ सहित आदि सम्पूर्ण तराई क्षेत्र जलमग्न हो गया है । लाखों लोग बेघर हो गए और अपने बच्चों को लेकर किसी ऊँचे स्थान पर पालीथिन अथवा त्रिपाल के नीचे जीवन बिताने के लिए मजबूर हैं। रालोद प्रवक्ता ने सरकार से माँग करते हुए कहा कि प्रदेश की बाढ़ को तत्काल प्रभाव से आपदा घोषित किया जाए।

# पूर्वांचल, मध्यांचल व बुंदेलखंड में निवेश करने पर मिलेगी विशेष छूट

**● सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए लिया निर्णय**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

योगी सरकार ने कोरोना के बीच पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड के आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने और कामगारों और श्रमिकों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति 2020 को मंजूरी दी है। इस नीति के तहत उक्त क्षेत्रों में निवेश करने पर निवेशकों को विशेष छूट जीएसटी में दी जाएगी और कई मामलों में जीएसटी रिफंड भी किया जाएगा।

यह नीति सोमवार को योगी सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी की है। इसके लिए उक्त क्षेत्र में निवेश करने वाली इकाईयों को सरकार आकर्षक प्रोत्साहन प्रदान करेगी। निवेश करने वाली इकाईयां फास्ट ट्रेक मोड में रोजगार के अवसर पिछड़े क्षेत्रों में पैदा करेंगी। कम से कम समय में जो इकाईयां कंपनियां लगाएंगी उन्हें भूमि, बिजली, विभिन्न करों में छूट दी जाएगी। इसके अलावा कैबिनेट बाई सर्कुलेशन में उप्र जिला पंचायत नियमावली, 1993 के भाग चार भर्ती की प्रक्रिया के नियम-8 में संशोधन किया है। प्रदेश सरकार ने तय किया है कि कार्याधिकारी या इंजीनियर के पद पर पांच साल तक कार्य करने के बाद ही अपर मुख्य अधिकारी के पद पर प्रोन्नति हो सकेगी। अभी तक कार्याधिकारी या इंजीनियर के पद से अपर मुख्य अधिकारी के पद पर प्रोन्नति के लिए पांच साल समय सीमा तो थी, मगर बीच में कई मामलों में एक साल, दो साल तक कार्याधिकारी या इंजीनियर के पद पर कार्य करने वालों को भी अपर मुख्य अधिकारी बना दिया गया।

**निवेश के लिए श्रम कानूनों में बदलाव:** प्रदेश सरकार राज्य औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए श्रम कानूनों में बदलाव के लिए अधिसूचना लाएगी। औद्योगिक विवाद अधिनियम-1947 और उत्तर प्रदेश कारखाना अधिनियम 1948 में कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के सहारे संशोधन करने का प्रस्ताव मंजूर कर दिया है। अब सरकार केवल अधिसूचना जारी कर इन अधिनियमों की किसी भी धारा में संशोधन कर सकती है। पिछली 12 मई को सरकार नए लगने वाले उद्योगों और वहां नौकरी पाने वाले नए श्रमिकों पर श्रम कानूनों में तीन साल की अस्थाई छूट के लिए कैबिनेट से मंजूर कराकर अध्यादेश 2020 लाई थी। इसके तहत नए खुलने वाली औद्योगिक इकाइयों पर श्रम कानून का पालन कराने के लिए तीन साल तक श्रम विभाग के अधिकारी उनके दरवाजे नहीं जाने की व्यवस्था की गई थी। नए खुलने वाले उद्योगों के लिए भी यह छूट प्रदान की गई थी। गुजरात की तरह अब यूपी सरकार भी इसी तर्ज पर अधिसूचना जारी कर अधिनियमों की धाराओं में संशोधन करेगी। विधानसभा के आगामी सत्र में सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों से क्षतिपूर्ति वसूली से संबंधित विधेयक पेश किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने सोमवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए इस विधेयक के ड्राफ्ट को मंजूरी दी। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के नवीन मुख्यालय भवन पं दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में उच्च विशिष्टियों संबंधी कार्य कराने को मंजूरी दे दी है।

## डॉ. कफील को तुरंत रिहा किया जाए: नसीमुद्दीन

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि योगी सरकार ने डॉ. कफील को जमानत पर रिहा न करके सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश की अवमानना की है जिसमें उसने कोरोना महामारी को देखते हुए सात साल से कम की सजा वाले मुकदमों में जमानत देने का आदेश दिया था। उन्होंने मांग की है कि डॉ. कफील पर लगाये गये रासुका को हटाते हुए उन्हें अविलम्ब रिहा किया जाए। सिद्दीकी सोमवार को लखनऊ स्थित कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में डॉ. कफील की रिहाई को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के निर्देश पर जेल में बंद बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के निलंबित डॉ. कफील की रिहाई की मांग को लेकर अल्पसंख्यक विभाग ने 22 जुलाई से 12 अगस्त तक महाभियान छेड़ रखा है।

## पूर्व सांसद के निधन पर सीएम दुखी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक भाई लाल कोल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

**NOTICE**

Mr. Nand Kishore Rastogi S/o Late Hari Shyam Rastogi R/o C-403, Indra Prastha Estate, Faizabad Road, Opp. I.T. College, New Hyderabad, Lucknow - 226007 is the main applicant in the Plot No. A-170, DLF Garden City, Raibarelli Road, Lucknow along with his son Mr. Dipanshu Rastogi S/o Mr. Nand Kishore Rastogi R/o C-403, Indra Prastha Estate, Faizabad Road, Opp. I. T. College, New Hyderabad, Lucknow - 226007 as Co-applicant. On 24/11/2014 Mr. Nand Kishore Rastogi passed away and after his death Mr. Nand Kishore Rastogi will be the Main/Single Applicant in the above-mentioned property as he is the legal heir of Mr. Nand Kishore Rastogi. If someone has any objection please contact within 21 days from today. Mr. Dipanshu Rastogi S/o Mr. Nand Kishore Rastogi R/o C-403, Indra Prastha Estate, Faizabad Road, Opp. I. T. College, New Hyderabad, Lucknow-226007, Ph. 9565244313

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सीतापुर**

पत्रांक : 349 /प्र०अनु०/न0पा0प0सी0/2020-21 दिनॉक : 7-8-20

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15.08.2020 को स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ के अवसर पर नगर क्षेत्र के प्रस्तावित प्रमुख स्थलों पर दिनॉक 14.08.2020 से 16.08.2020 तक तिरंगा झालरों द्वारा सजावट/प्रकाश व्यवस्था का कार्य किराये पर करने हेतु निविदा/दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्था/फर्मदाता दिनॉक 11.08.2020 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र कार्यालय के प्रकाश अनुभाग में कार्य का विवरण देखकर, अनुभाग से 590.00 रूपये (18 प्रतिशत जीएसटी सहित) नकद मूल्य देकर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। आमंत्रित निविदायें दिनॉक 13.08.2020 को सायं 3.00 बजे प्रकाश अनुभाग में रखें निविदा बाक्स में डाली जा सकेंगी जो उसी दिन सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निर्धारित समय के उपरान्त प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा स्वीकृति अथवा अस्वीकृति करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित रहेगा। सर्शत निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का प्रकार/स्थलों का विवरण/आगणन विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के प्रकाश अनुभाग में देखा जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सीतापुर**

**(राधेश्याम जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद सीतापुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिसवां-सीतापुर**

पत्रांक-410/C4 दिनांक-07.08.2020

**ई-निविदा सूचना**

समस्त इच्छुक ठेकेदारों/फर्मों से वित्तीय वर्ष 2019-20 में शासनादेश संख्या पी.एम.यू./2561/427 (6)/2019, लखनऊ, दिनांक 13 अगस्त 2019 के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में मैटेरियल रिकवरी फैसिल्टी (MRF) के निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि मैटेरियल रिकवरी फैसिल्टी (MRF) का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्य हेतु दिनांक 27.08.2020 को अपरान्ह 02.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की ई-निविदा दिनांक 11.08.2020 को अपरान्ह 02.00 बजे से दिनांक 27.08.2020 को अपरान्ह 02.00 बजे तक http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। प्राप्त ई-निविदाएं दिनांक 28.08.2020 को अपरान्ह 04.00 बजे तक ऑनलाइन कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिसवां में खोली जायेंगी। ई-निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो ई-निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी। मैटेरियल रिकवरी फैसेल्टी (MRF) स्थापना हेतु स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से अतिरिक्त व्यय भुगतान चतुर्थ राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि से किया जायेगा। ई-निविदा से सम्बन्धित नियम / शर्तों का विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | धरोहर धनराशि (आगणन का 02 प्रतिशत) | ई-निविदा मूल्य + 12% GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद, बिसवां द्वारा ग्राम जलालपुर में मैटेरियल रिकवरी फैसेल्टी (MRF) सेन्टर की स्थापना/निर्माण कार्य। 29x51.50=1493.50 | 33.67 | 67340.00 | 3400.00+ 408.00= 3808.00 | 06 माह |

**(डा0 देवेन्द्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बिसवां - सीतापुर**

**(सीमा जैन)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बिसवां - सीतापुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिन्दुरिया विकास खण्ड-चोपन, सोनभद्र**

पत्रांक : मेमो/अल्प0नि0/ग्रा0पं0/2020-21/वि0का0 दिनांक : 10.08.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2020-21 में मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/14वां/15वां वित्त आयोग /पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 11.08.20 से दिनांक 16.08.20 तक बजे से 05.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 17.08.2020 को 10.00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र.सं. | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | इण्टरलाकिंग 200X160X80 एम.एम., 200X160 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 3 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति हजार | |
| 4 | ईट गिट्टी 25 एम.एम./40 एम.एम. | प्रतिघन मी0 | |
| 5 | सरिया/एस्बेस्टेस सीट/पैन सीट, दरवाजा टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 6 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम.एम., 53 एम.एम., 8.22 एम.एम., 60 एम.एम. | प्रतिघन मी0 | |
| 7 | एचपी 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300,350, 400, 450, 500, 600, 1000 एम.एम. | प्रति नग | |
| 8 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 9 | सीमेंट पोर्टलैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 एम0एम0 | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 एम0एम0 | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एम0एम0 | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रतिघन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साईन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउन्ड्री निर्माण, एन.एम. सेन्टर बाउन्ड्री वाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | ऑपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |
| 20 | सोलर वॉटर पम्प | | |
| 21 | खण्डा | | |
| 22 | स्टोन बोल्डर | | |
| 23 | स्टोन पटिया | | |

नोट - टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100/- रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबंध व शर्त - 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिये सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त के आदेश पर की जायेगी, अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रु0 स्टाम्प पेपर पर बांड भरना होगा। इसी के साथ-साथ 10000 रु0 की प्रतिभूति एन0एस0सी0/ एफ0डी0 के रुप में जमा करना होगा, जो कि 1 वर्ष के लिये कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी। तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा निहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेल टैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैनकार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैनकार्ड की छाया प्रतियाँ प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी.डब्ल्यू.डी. की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सिन्दुरिया**
**विकास खण्ड चोपन, सोनभद्र**

**प्रधान ग्राम पंचायत**
**ग्राम पंचायत सिन्दुरिया**
**विकास खण्ड चोपन, सोनभद्र**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# अच्छे स्वास्थ्य और सुखी समाज से समृद्ध बनता है राष्ट्र : योगी

## प्रदेश के 11 जिलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का शुभारम्भ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वस्थ बचपन आजीवन स्वास्थ्य का आधार है। अच्छा स्वास्थ्य समाज और व्यक्ति के जीवन को सुखी व समर्थ बनाते हुए राष्ट्र को विकसित व समृद्ध बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों के माध्यम से देश के बचपन को बचाने व स्वस्थ बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। कोविड.19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान भी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों के साथ आगे बढ़ाया गया है।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान, विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम तथा पीसीवी वैक्सीन के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विटामिन-ए की खुराक बच्चों की पिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज 10 अगस्त से प्रदेश के 11 जनपदों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत सभी 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि नियंत्रण दवाई खिलाई जाएगी। प्रथम चरण में आज से प्रारम्भ होकर अगले 10 दिन तक चयनित 11 जनपदों अमेठी, अमरोहा, बांदा, चित्रकूट, एटा, फिरोजाबाद, हापुड़, हाथरस, कासगंज, शाहजहांपुर तथा सोनभद्र में यह अभियान चलाया जाएगा। इन 11 जनपदों में कृमि मुक्त किये जाने वाले 1 से 19 वर्ष के बच्चों तथा किशोर तथा किशोरियों की संख्या 99 लाख 28 हजार है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्त अभियान के माध्यम से प्रदेश के सभी जनपदों में लगभग 10 करोड़ बच्चे, किशोर-किशोरी लाभान्वित होंगे। यह अभियान चार चरणों में माह अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर तथा नवम्बर में संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीसीवी (न्यूमोकोकल कॉन्ज्यूगेट वैक्सीन) कार्यक्रम का भी शुभारम्भ किया जा रहा है। इस टीकाकरण से न्यूमोनिया और दिमागी बुखार जैसी बीमारियों से होने वाली शिशु मृत्यु दर को रोकने में सफलता मिलेगी। अनेक ऐसी बीमारियां हैं, जिन्हें नियमित टीकाकरण से रोका जा सकता है। टीकाकरण बच्चों के भविष्य व जीवन को सुरक्षित करने का सबसे कारगर तरीका है। प्रदेश के 19 जनपदों में यह वैक्सीन पूर्व से ही लगायी जा रही है। आज से इस वैक्सीन को प्रदेश के अन्य 56 जनपदों में भी लगाया जाएगा।

इसी प्रकार विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम का शुभारम्भ हो रहा है। इसके तहत प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि तथा रतौंधी जैसी बीमारियों से बचाव हेतु 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। इसके तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार लगभग ढाई करोड़ बच्चों को विटामिन-ए दिया जाना है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आज से प्रारम्भ किये जाने वाले तीनों शिशु, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य अभियानों के माध्यम से प्रदेश के बच्चों व किशोर किशोरियों को स्वस्थए सुरक्षित और सफल जीवन उपलब्ध कराने में कामयाबी मिलेगी। इससे प्रदेश व देश का भविष्य उज्ज्वल बनेगा। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी बच्चों के लिए यह अभियान सुरक्षा कवच का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। कोविड.19 महामारी के दौरान भी महत्वपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

## सम्मिलित प्रयासों के साथ कुशलता से निभाएं अपने दायित्वः डॉ. पुरी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. विपिन पुरी ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यवाहक कुलपति प्रो. आरके धीमान ने उन्हें चार्ज सौंपा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद कोविड 19 को लेकर नवागत कुलपति ने अधिकारियों के संग बैठक भी की।

बता दें कि विवि के पूर्व कुलपति प्रो एमएलबी भट्ट का कार्यकाल 13 अप्रैल को समाप्त हो गया था। कोरोना काल में उनका तीन माह का सेवा विस्तार कर दिया गया। इसके बाद राजभवन ने नए कुलपति की नियुक्ति तक एसजीपीजीआइ के डायरेक्टर प्रो. आरके धीमान को केजीएमयू का चार्ज सौंप दिया। 13 जुलाई से प्रो. धीमान दोनों संस्थानों का कार्य देख रहे थे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद विवि नवागत कुलपति प्रो धीमान ने विवि के अधिकारियों के साथ कोविड 19 को लेकर बैठक की। कोविड टास्क फोर्स के साथ बैठक में कुलपति ने वर्तमान स्थिति का आंकलन लिया गया। कुलपति ने विभिन्न कमिटियों के समन्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा, सभी सम्मिलित प्रयास करें और इस महत्वपूर्ण समय मे कुशलता से अपने दायित्वों का निर्वाह करें। चिकित्सा सेवा के दृष्टिगत इस समय समाज और प्रदेश को उच्च गुणवत्ता का उपचार उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एक घंटे में हो पॉज़िटिव केस की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग

## फिर से शुरू की गई हेलो डॉक्टर सेवा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में कोरोना को खत्म करने के लिए हेलो डॉक्टर सेवा को फिर से शुरू किया गया है । होम आइसोलेशन के मरीजों को आनलाइन व दूरभाष से विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श मिल जाएगा । इस सेवा में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक व यूनानी के डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।

सोमवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में मंडलायुक्त मुकेश मेश्राम व जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा कोविड 19 की प्रभावी रोकथाम के लिए सम्बंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष बंसल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरपी सिंह, एसीएमओ डॉ. एम के सिंह, नगर आयुक्त इन्द्रमणि त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा हेलो डॉक्टर सेवा फिर से शुरू करने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि व्यक्ति के पाज़िटिव आते ही संबंधित एमओआईसी की टीम एक घंटे के अंदर उस व्यक्ति की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग करेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड 19 के तहत लोगों में स्वास्थ्य सम्बंधित जिज्ञासाओं का निस्तारण करने के उद्देश्य से हेलो डॉक्टर सेवा को प्रभावी ढंग से शुरू किया जाएगा।

# नौकरी व वेतन कटौती को लेकर एम्बुलेंस कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रशिक्षण** उपरांत नौकरी न दिए जाने व वेतन कटौती के विरोध में प्रदेश में एम्बुलेंस का संचालन करने वाली संस्था जीवीके ईएमआरआई के कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने की घोषणा की हैं। हालांकि देर शाम तक डीएम के साथ इनकी बैठक जारी रही, जिसके चलते हड़ताल को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं रही। इससे पूर्व सोमवार को दिन में कर्मचारियों ने संस्था के कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग के मानकों का खुला उल्लंघन देखने को मिला।

प्रदेश भर में आपातकालीनए बुलेंस सेवा 102 व 108 के कार्यालय जीवीके कंपनी के बाहर सोमवार सुबह प्रदेश भर से लगभग ढाई सौ से ज्यादा संख्या में एकजुट हुए अभ्यर्थियों ने कंपनी द्वारा प्रशिक्षण कराए जाने के बाद भी नौकरी न दिए जाने व प्रत्येक अभ्यर्थी से पचास पचास हजार की डीडी जमा कराए जाने के बावजूद भी कंपनी अधिकारियों द्वारा उनके पैसों का गबन कर नौकरी न दिए जाने का आरोप लगा कंपनी के मुख्य द्वार के सामने मुर्दाबाद के नारे लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन किए जाने और भारी संख्या में एकत्र लोगो को देख स्थानीय थाना आशियाना प्रभारी ने कैंट एपीजीआई व गोमतीनगर थाने की पुलिस बल समेत पीएसी बल मुस्तैद कर प्रदर्शनकारियो के खिलाफ मोर्चा संभाला। मौके पर एसीपी कैंट डॉ बिनू सिंह भी मौके पर पहुंच प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास में जुटी रही।वहीं दूसरी ओर दोपहर लगभग 12.30 बजे इस प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही जीवनदायिनी स्वास्थ्य विभाग 108, 102 संगठन के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष हनुमान पांडेय, राघवेंद्र तिवारी समेत छह सदस्यों की टीम व जीवीके अधिकारियों के बीच लम्बी वार्ता चली लेकिन जीवीके के अधिकारियों ने मांग को मानने से इंकार कर दिया और वार्ता विफल हो गई।

## पीस पार्टी के अध्यक्ष डा. अयूब पर लगा एनएसए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सांप्रदायिक** भावनाओं को भड़काने पर पीस पार्टी के अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़नेपर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) की कार्रवाई की गयी। इनके खिलाफ पहले हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गयी, इसके बाद कार्रवाई की गयी। राजधानी के सद्भाव पूर्ण माहौल में नफरत घोलनेवाले पीस पार्टी के अध्यक्ष डॉ आयूब पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने डॉ आयूब के खिलाफ एनएसए लगाने का आदेश दिया है। सूत्रों की मानें तो विज्ञापन के जरिए एक वर्ग की भावनाओं से खेलने पर आरोपी पर कार्रवाई की गयी। इससे पहले हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है। वहीं अधिकारियों के अनुसार डीएम के आदेश पर गोरखपुर निवासी डॉक्टर की धरपकड़ के लिए पुलिस सक्रिय हो गयी।

# एलयू व एकेटीयू ने परीक्षाओं को लेकर जारी किए सैम्पल पेपर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं में मल्टीपल च्वाइस कोश्चंस आधारित प्रश्न पत्र को लेकर अंतिम वर्ष के छात्रों में जारी उहापोह को लेकर सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने सैम्पल पेपर जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से परीक्षा कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया है। सैम्पल पेपर व परीक्षा कार्यक्रम को विवि की वेबसाइट से अपलोड किया जा सकता है।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं 2 सितम्बर से प्रस्तावित है। वहीं लखनऊ विश्ववविद्यालय की परीक्षाएं 7 सितम्बर से शुरू होंगी। एकेटीयू परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि सैम्पल पेपर के साथ छात्रों के लिए जरूरी गाइडलाइन भी जारी की गई है। छात्र सैम्पल पेपर को एकेटीयू की वेबसाइट पर भी देख सकते हैं। परीक्षा दो घंटे की होगी। इसमें नियमित छात्रों का प्रश्न पत्र 70 अंकों का आएगा जबकि कैरीओवर व बैकपेपर का प्रश्न पत्र 100 अंकों का होगा। इसमें 80 सवालों के जवाब छात्रों को देना होंगे। परीक्षा में कोई निगेटिव मार्केकिंग नहीं की जाएगी। इसके अलावा पूर्व के अंतिम वर्ष के छात्रों ने परीक्षा के लिए फार्म है। वह परीक्षा देने के लिए पात्र होंगे।

वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन आधारित होंगी। एक घंटे का पेपर होगा। जिसमें 100 प्रश्न शामिल होंगे। इनमें 50 क्वेश्चन ही छात्रों को हल करने होंगे। प्रत्येक क्वेश्चन पर 2 अंक रखा गया है। बीकॉम अंतिम वर्ष की परीक्षाएं एमसीक्यू प्रणाली पर संपन्न होंगी। बीकॉम में चार ग्रुप होते हैं और प्रत्येक ग्रुप में दो प्रश्न पत्र होते हैं। इसलिए प्रत्येक दिन एक ग्रुप के दोनों पेपर की परीक्षा एक पाली में संपन्न होगी। दूसरे वर्ष के बैक पेपर इंप्रूवमेंट की परीक्षा भी एमसीक्यू सिस्टम पर होगी।

# जन्माष्टमी पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम ड्रोन कैमरों से भी होगी निगरानी

## धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में केंद्र व प्रदेश सरकार के निर्देशों का हो पूरा पालनः डीजीपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा है कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में कोविड.19 के दृष्टिगत केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पूरी तरह से पालन कराया जाए।

डीजीपी ने कहा है कि समस्त पुलिस अधिकारी अपने अपने समकक्षीय मजिस्ट्रेट के साथ निरन्तर भ्रमणशील रहकर दिए गए निर्देशों का प्रभावी अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। पुलिस द्वारा वाहनों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक व संवेदित किया जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। भ्रामक सूचना प्रसारित होने पर विधिक कार्रवाई करते हुए प्रभावी खण्डन किया जाए।

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पिकेट, गश्त की प्रभावी व्यवस्था की जाए। थानावार एवं आसूचना के आधार पर साम्प्रदायिक, शरारती तत्वों व चिन्हित व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। तद्नुसार आवश्यकता पड़ने पर इन साम्प्रदायिक एवं अवांछनीय तत्वों के विरूद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि वह छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए समुचित एवं त्वरित रिस्पांस करें। मिश्रित आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में एण्टी सेबोटाज चेक, एक्सेस कन्ट्रोल तथा क्यूआरटी का व्यवस्थापन किया जाए। सीसीटीवी कैमरा के व्यवस्थापन हेतु संवेदनशील स्थानों, चौराहों का चयन तथा वीडियोग्राफी की टीमों का गठन करा लिया जाए। यूपी.112 के वाहनों का व्यवस्थापन संवेदनशील मार्गों, स्थलों पर किया जाए।

## मामूली विवाद में चाकू से किया हमला, तीन घायल

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार के जयपाल खेड़ा में मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। देखते ही देखते एक पक्ष ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। इंस्पेक्टर अखिलेश पांडेय के मुताबिक लोकप्रिय सिटी ग्राम जयपाल खेड़ा निवासी किशन पाल तिवारी की पत्नी अशोक कुमारी की तहरीर पर एफआइआर दर्ज की गई है।

# सुरेन्द्र कालिया ने खुद रची थी हमले की साजिश, शूटर गिरफ्तार

## गोलीकांड का खुलासा, सरकारी गनर पाने के लिए अंजाम दी गई थी घटना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आलमबाग** पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने रेलवे ठेकेदार सुरेंद्र उर्फकालिया पर हुए गोलीकाण्ड का खुलासा करते हुए चार बदमाशों को सोमवार को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि सुरेंद्र ने सरकारी गनर पाने के लिए ये साजिश रची थी। हमले में उसका साथी गोली लगने से घायल हो गया था। गिरफ्त में बदमाशों के कब्जे से तीन असलहा, कारतूस व एक गाड़ी टाटा सफारी बरामद की गयी है। डीसीपी मध्य चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि बीती 13 जुलाई की रात कछौना हरदोई निवासी सुरेन्द्र आलमबाग स्थित अजन्ता हास्पिटल में भर्ती साथी रेलवे ठेकेदार जुबैर अहमद को देखने आया था। अस्पताल से लौटते समय कुछ लोगों ने हमला करते ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। जिसमें साथी एटा निवासी रामरूप यादव तीन गोली लगने से घायल हो गया था। सुरेंद्र ने जौनपुर जेल में बन्द बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हमला कराने का आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीमें आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ सर्विलांस की मदद से बदमाशों की तलाश में जुटी थी। फोरेंसिक रिपोर्ट और सुरेंद्र कालिया के विरोधाभासी बयानों को से घटना संदिग्ध प्रतीत हुई। गहनता से जांच पड़ताल की गयी तो पता चला कि सरकारी गनर प्राप्त करने के लिए सुरेन्द्र ने साथी यशवेन्द्र व अन्य की मदद से हमले की साजिश रची थी। इस कार्य के लिए शूटर का इन्तजाम भी सुरेन्द्र कालिया ने ही किया था। गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम आसीवन उन्नाव निवासी यशवेन्द्र सिंह उर्फयशु, जगतपुर रायबरेली निवासी आशीष कुमार द्विवेदी, छोटा बरहा आलमबाग निवासी सचिन शुक्ला उर्फविक्की व जेल रोड़ आलमबाग निवासी सुल्तान अली उर्फमिर्जा बताया।

## आलमबाग बस अड्डे से दिल्ली के लिए नान स्टाप बस सेवा आज से

**लखनऊ( पीएनएस )।** यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम आलमबाग बस अड्डे से दिल्ली के बीच नॉन स्टाप एसी बसों की सेवा मंगलवार से शुरू करने जा रहा है। यात्रियों को ये बसें सुबह सात व ग्यारह व रात दस बजे मिलेंगी। जिसमें एसी जनरथ का किराया 968 रुपये और स्कैनिया का किराया 1272 रुपये होगा। बसों से यात्रियों का सफर साढ़े सात से आठ घंटे में पूरा हो जाएगा। इससे दिल्ली का सफर यात्रियों के लिए राहत भरा होगा। आलमबाग से दिल्ली का 519 किलोमीटर का सफर होगा। नॉन स्टाप बसों का सफर अधिकतम आठ घंटे में पूरा होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस ने बताया कि दिल्ली रूट की अधिकांश ट्रेनें बंद हैं। इस वजह से यात्रियों की सुविधा के लिए लखनऊ से दिल्ली नॉन स्टाप एसी बसों की अतिरिक्त सेवा वाया आगरा एक्सप्रेस वे के रास्ते शुरू की जा रही हैं। यात्री बस अड्डे के काउंटर अथवा ऑनलाइन सीटों की बुकिंग करा सकते है।

**बस अड्डों पर उमड़ी भीड़:** लखनऊ। सोमवार को आलमबाग, कैसरबाग व चारबाग बस अड्डे पर अचानक जुटी यात्रियों की भीड़ से अफसर हलकान हो गए। डिपो में खड़ी बसों को आनन-फानन में बस अड्डे भेजा गए। वहीं बरेली के यात्रियों को बस में ना बैठाने पर यात्रियों ने कैसरबाग बस अड्डे पर हंगामा किया।



पायनियर
लखनऊ , मंगलवार, 11 अगस्त, 2020



## कानपुर मेट्रो परियोजना निर्माण की दिशा में बड़ा कदम

**लखनऊ।** कानपुर मेट्रो परियोजना का सिविल कार्य में तेजी आई। यूपीएमआरसी द्वारा 11 अगस्त को मेट्रो प्रोजेक्ट के प्रायोरिटी कॉरिडोर का पहले यू गर्डर का इरेक्शन होगा । यह इरेक्शन प्रायोरिटी कॉरिडोर आईआईटी कानपुर के पास पिलर नंबर 17 और 18 पर होगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव उपस्थित रहेंगे । उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के तत्वावधान में कानपुर मेट्रो परियोजना का सिविल कार्य जोर शोर से चल रहा है। मेट्रो पीआरओ ने बताया कानपुर मेट्रो को तेजी से पूरा करने की दिशा में एकऔर कदम बढ़ाते हुए 11 अगस्त 2020 को कानपुर मेट्रो प्रोजेक्ट के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर पहले यू गर्डर का इरेक्शन यानि परिनिर्माण होने जा रहा है। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी और यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक कुमार केशव की उपस्थिति होगी।

# आपसी समन्वय बना कर कोरोना को हराएं: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कोविड–19 महामारी के रोकथाम हेतु सर्किट हाउस कानपुर नगर में सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुये संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जनपद में कोरोना के बढते प्रकोप को ध्यान में रखते हुये वेन्टीलेटर की अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार वेन्टीलेटर की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कोरोना मरीजों की जांच रिपोर्ट समय से आने व पॉजिटिव केसों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जांच रिपोर्ट अधिक समय तक लंबित नहीं रहने पाये। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासनएजिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय व सामजस्य बनाकर कार्यो के निस्तारण हेतु एक नोडल अधिकारी कोरोना से संबंधित मामलों के त्वरित निपटारे हेतु नामित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार कोरोना के नियन्त्रण हेतु निरन्तर प्रयास कर रही है इसलिये जनपद में कोरोना के संक्रमण की रोकथाम के लिये प्रभावी कदम उठायें जायें। जिससे कि संक्रमण का अधिक विस्तार न होने पाये। उन्होंने वर्तमान में कोरोना के मरीजो की अधिक मृत्यु होने पर चिन्ता व्यक्त करते हुये इसकी रोकथाम हेतु हर सम्भव कदम उठाने के कड़े निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि कतिपय प्राइवेट अस्पताल में कोरोना मरीजों से इलाज के दौरान अधिक धनराशि ली जा रही है। इस पर उन्होंने अस्पतालों के लिये मानक निर्धारित करने व उसी के अनुरुप कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जनपद के किन किन अस्पतालों एमें कोरोना से संबंधित मरीजो के लिये क्या क्या सुविधायें उपलब्ध हैए इसकी अद्यतन सूचना प्रस्तुत की जाय। जिले में कोरोना मरीजों के उपचार की व्यवस्था और अधिक बढानें हेतु तेजी से प्रयास किये जायें।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** गुडम्बा के छुईया पुरवा में एओ युवती ने कमरे में तेज म्यूजिक चलाकर डांस किया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक म्यूजिक बजने के बाद मां ने दरवाजा खटखटाया। न खुलने पर दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर घटना की जानकारी हुई। मौके से मिले सुसाइड नोट में युवती ने खुद को जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गुडम्बा इंस्पेक्टर रीतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि छुईया पुरवा निवासी रामेश्वर कारपेंटर का काम करते हैं। रामेश्वर ने बताया कि उनकी 25 वर्षीय बेटी काव्या वर्मा सोमवार सुबह करीब 11 बजे अपने कमरे में चली गई। उसने काफी तेज म्यूजिक लगाकर डांस करने लगी। काफी देर कमरे से बाहर न निकलने पर जाकर देखा गया तो कमरा अंदर से बंद था। कई बार खटखटाने के बावजूद न खुलने पर दरवाजा तोड़कर अंदर जाया गया। जहां उसका शव पंखे पर दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटक रहा था।

## पुलिस सेवा के दौरान नैतिकता, सत्यनिष्ठा व ईमानदारी को करें जीवन में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- 14 प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों ने डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी से की भेंट

**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने पुलिस सेवा में नैतिकता, सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के बिन्दु पर विशेष बल देते हुए उसे जीवन में अंगीकार करने की अपरिहार्यता अधिकारियों को बतायी। डीजीपी से सोमवार को पुलिस मुख्यालय, गोमती नगर विस्तार स्थित सभागार में 72वें आरआर बैच के 14 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों द्वारा कोविड 19 के दृष्टिगत निर्गत गाईड लाइन्स का अनुपालन करते हुए शिष्टाचार भेंट की गयी।

ये सभी 14 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी उत्तर प्रदेश कैडर से चयनित हुए हैं, जिसमें पांच अधिकारी वर्ष 2018 एवं नौ वर्ष 2019 बैच के हैं। ये प्रशिक्षु अधिकारी सरदार पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद एवं डा. भीमराव अम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी मुरादाबाद से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं तथा जनपदीय प्रशिक्षण के लिए विभिन्न जनपदों में जाने से पूर्व सोमवार को डीजीपी मुख्यालय पहुंचे थे। अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक के जीएसओ द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों का संक्षिप्त परिचय दिया गया। डीजीपी एचसी अवस्थी ने प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों को संबोधित करते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर उनका मार्गदर्शन किया। डीजीपी ने उन्हें भविष्य की चुनौतियों विशेषकर साइबर क्राइम, संगठित, वित्तीय अपराध, आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने की कुशल रणनीति बनाने व उसे लागू करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक एवं भूमि विवादों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। कोई भी आपराधिक घटना घटित होने की सूचना मिलते ही उसका सही पंजीकरण करने के साथ ही तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। इस हेतु पुलिस कार्य में व्यवसायिक दक्षता को उत्तरोत्तर परिमार्जित करना होगा। थाना व पुलिस कार्यालयों के निरीक्षण, पुलिस लाइन में नियमित परेड एवं अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के सम्मेलन नियमित अन्तराल पर करते रहने की भी प्रशिक्षु पुलिस अफसरों को सलाह दी। डीजीपी ने प्रशिक्षुओं के जिज्ञासा भरे प्रश्नों का उत्तर भी दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।


### प्राथमिक विद्यालय कलवारी विकास खण्ड गंजमुरादाबाद, उन्नाव

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2020–21 के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय कलवारी, विकास खण्ड गंजमुरादाबाद जनपद उन्नाव में अध्ययनरत लगभग 222 छात्र छात्राओं के दो दो सेट कपड़ा यूनीफार्म वितरण हेतु 14 अगस्त 2020 समय दोपहर 12.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा 14 अगस्त 2020 को 01.00 बजे विद्यालय प्रबन्ध समिति के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा सम्बंधित शर्तें शासनादेश के अनुरूप होगी।

**अध्यक्ष/सचिव**
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्राथमिक विद्यालय कलवारी
विकास खण्ड गंजमुरादाबाद, उन्नाव


## टीचिंग मॉड्यूल तैयार करने वाले शिक्षकों को 31 तक उपस्थिति से मिली छूट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** महामारी के दौर में शिक्षण संस्थानों में चल रही ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था में लगे शिक्षकों को विद्यालय में उपस्थिति से मिलने वाली छूट को बढ़ा दिया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस बाबत आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के तहत टीचिंग मॉड्यूल तैयार करने वाले नियमित उपस्थिति से नियमानुसार शिक्षकों को अब 31 अगस्त तक की छूट दी जाएगी।

निदेशक एससीईआरटी डॉ सर्वेंद्र विक्रम सिंह के स्तर से सभी डायट प्राचार्य और बीएसए को जारी आदेश में कहा गया है कि एससीईआरटी द्वारा कराये जाने वाले सेवापूर्व तथा विभिन्न सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रमों को ऑनलाइन फार्मेट में तैयार किया जा रहा है। पूर्व में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों मॉड्यूल तथा सेवापूर्ण प्रशिक्षण के मॉड्यूल में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों एवं परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को एससीईआरटी में बुलाकर सम्पादित कराये जाते हैं। कोविड.19 के दौर में सोशल डिस्टेंसिंग के दौर में उपलब्ध टाइपिंग सेंटर, एनिमेशन सेंटर, स्टूडियो आदि के लिए शिक्षकों को कार्य आवंटित किया गया है। इसके अंतर्गत शिक्षकों को राइटअप तैयार करके टाइप कराना, पीपीटी बनाना, आडियो वीडियो बनाना, पोस्टर बनाना आदि शामिल हैं। निदेशक ने अपने आदेश में कहा है कि समयबद्ध कार्य कराने के लिए शिक्षकों को उपस्थिति में छूट होगी।

## कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक के स्वास्थ्य सुधार के लिए हुआ रुद्राभिषेक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सदर** लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतबीर सिंह राजू के नेतृत्व में कोरोना से जूझ रहे प्रदेश के विधि और न्याय मंत्री बृजेश पाठक एवं उनकी पत्नी नम्रता पाठक की स्वास्थ्य कामना के लिए मनकामेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक हुआ। रुद्राभिषेक का कार्यक्रम महंत दैव्यागिरी के निर्देशन में किया गया। जिसमे भोलेनाथ से प्रार्थना की गई कि हे भोलेनाथ अपनी त्रिनेत्र खोलकर देश और विदेश से कोविड–19 नामक वैश्विक महामारी को भस्म करें ताकि जल्द से जल्द विश्व को इस बीमारी से मुक्ति मिल सके और सभी कार्य पहले की तरह होना शुरू हो जाएं। विश्व में सभी का कल्याण हो।


### उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय हरदासपुर वि.क्षे.फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2020–21 के अन्तर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय (1 से 8 तक) हरदासपुर विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव में अध्ययनरत लगभग 285 छात्र छात्राओं को निशुल्क दो दो सेट कपड़ा यूनीफार्म वितरण हेतु 13.08.2020, समय दोपहर 12.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा 14.08.2020 को पूर्वान्ह 11.30 बजे विद्यालय प्रबन्ध समिति के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा सम्बंधित शर्ते शासनादेश के अनुरूप होगी।

**अध्यक्ष/सचिव**
विद्यालय प्रबन्ध समिति
उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय हरदासपुर
वि० क्षे० फतेहपुर चौरासी, उन्नाव


## अफसरों ने नहीं सुनी गुहार तो युवाओं ने खुद बनानी शुरू की सड़क



**मोहनलालगंज।** मरुई गांव में आवागमन के मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या पिछले कई वर्ष से ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। जल निकासी और रोड निर्माण कराने के लिए पंचायत से लेकर अफसरों तक गुहार लगाई गई। सुनवाई नहीं होने पर सोमवार को ग्रामीणों ने खुद सड़क बनाने का बीड़ा उठा लिया। फावड़ा लेकर जुटी युवाओं की टोली ने खस्ताहाल खड़ंजे पर मिट्टी भराई शुरु कर दी है। मोहनलालगंज के मरुई गांव में आवागमन के मुख्य मार्ग पर जरा सी बारिश में ही जलभराव और कीचड़ की समस्या ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या का समाधान कराने के लिए प्रधान और सचिव से लेकर ब्लाक अफसरों तक कई बार गुहार लगाई गई लेकिन आज तक समाधान नहीं हो सका। इन दिनों बारिश में फिर से आवागमन की समस्या ग्रामीणों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है। सुनवाई नहीं होती देख युवाओं की टोली ने सोमवार को फावड़ा उठाकर जर्जर खड़ंजे पर मिट्टी भराई के साथ आसपास सफाई शुरु कर दी। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने बताया मामले की जानकारी नही थी। मौका.मुआयना कर ग्रामीणों की समस्या का यथाशीघ्र समाधान कराया जाएगा। वहीं

## स्टाफ नर्स के सहारे चलती मिली दाउदनगर पीएचसी



**मोहनलालगंज।** राजा सुहेलदेव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य सेवाएं इन दिनों राम भरोसें चल रही हैं। आमजन की शिकायत पर सोमवार को पायनियर संवाददाता ने अस्पताल पहुंचकर जायजा लिया तो परिसर में घास के जंगल के मध्य पीएचसी पर सिर्फ स्टाफ नर्स ही मौजूद मिली। ।लांकि सीएचसी प्रशासन ने पीएचसी पर स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त कराने की बात कही है। मोहनलालगंज के राजा सुहेलदेव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दाउदनगर पर स्वास्थ्य सेवाएं इन दिनों बेपटरी हैं। कागजों में तो अस्पताल में दो डाक्टर समेत तकरीबन आधा दर्जन स्टाफतैनात है। लेकिन क्षेत्रीय लोगों की मानें तो पीएचसी पर अधिकतर अधिकतर इकलौती महिला स्टाफ ही नजर आती हैं। सोमवार को पायनियर संवाददाता ने अस्पताल पहुंचकर हकीकत देखी तो इकलौती स्टाफनर्स के अतिरिक्त पीएचसी पर अन्य कोई भी उपस्थित नही मिला। पूछने पर स्टाफनर्स ने महिला डाक्टर के कहीं काम से जाने और अन्य स्टाफ बाहर ड्यूटी पर होने का कहकर पल्ला झाड़ लिया। वहीं परिसर में उगे घास के जंगल की वजह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात नही होने और पीएचसी गेट अन्दर से बन्द रखने की वजह मवेशियों को अन्दर आने से रोंकने के लिए बताया। सीएचसी अधीक्षिका डॉ0 ज्योति कामले ने बताया कोविड.19 से सम्बन्धित व्यस्तता की वजह से इन दिनों पीएचसी का निरीक्षण नहीं हो पा रहा है। दाउदनगर पीएचसी के एक डाक्टर कोविड ड्यूटी पर हैं । शेष स्टाफ की गैरहाजिरी पर सख्ती करते हुए सुधार कराया जाएगा। आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं देने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


### कार्यालय ग्राम पंचायत रमुआपुर विकास खण्ड निघासन – खीरी

पत्रांक/पंघर नि0 कार्य/सामग्री आपूर्ति निविदा आमंत्रण/2020–21 दिनॉक–10.08.2020

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना/चतुर्थ राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में अधोहस्ताक्षरी की ग्राम पंचायत में पंचायत भवन व बाउण्ड्रीवाल निर्माण हेतु स्वीकृत प्राक्कलन की दरों पर निम्न सामग्री की आपूर्ति करने हेतु पंजीकत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म/ठेकेदार जिनका आयकर व वाणिज्यकर में पंजीकृत हो दिनाक 11.08.2020 से 13.08.2020 तक निविदा आमन्त्रित की जाती है जो ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है प्राप्त निविदाओं को दिनाक 14.08.2020 को अपरान्ह 02 बजे निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जायेगा। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री निम्नवत है।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम |
| --- | --- |
| 01 | प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरग, गिट्टी, लोहा (सरिया), बालू, दरवाजा, खिड़की, पेन्ट, व्हाइट सीमेन्ट, पाइमर डिस्टेम्पर समोसम, शीट, शीशा आदि। |

**नियम व शर्ते :–**

1. निविदा के सम्बन्ध में निविदा समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।
2. निविदा से सम्बन्धित किसी जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।
3. भुगतान के समय जी0एस0टी0 एवं अन्य टेक्स देय होगा।
4. किसी एक या समस्त निवादाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत करने व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**(राम प्रवेश गौतम)**
**प्रधान ग्राम पंचायत–रमुआपुर**
**विकास खण्ड–निघासन–खीरी**

**(विनय कुमार)**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत–रमुआपुर**
**विकास खण्ड–निघासन–खीरी**



### उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय भड़सर नौसहरा, वि.क्षे.फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2020–21 के अन्तर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय (1से 8 तक) भड़सर नौसहरा विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव में अध्ययनरत लगभग 233 छात्र छात्राओं को निशुल्क दो दो सेट कपड़ा यूनीफार्म वितरण हेतु 13.08.2020 समय दोपहर 12.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा 14.08.2020 को पूर्वान्ह 11.30 बजे विद्यालय प्रबन्ध समिति के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा सम्बंधित शर्ते शासनादेश के अनुरूप होगी।

**अध्यक्ष/सचिव**
विद्यालय प्रबन्ध समिति
उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय
भड़सड़ नौसहरा, वि0 क्षे0 फतेहपुर चौरासी, उन्नाव


## निजीकरण के विरोध में 18 को प्रदर्शन

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के अवाहन पर बिजली कर्मचारियों व अभियंताओं ने प्रदेश भर में सभाएं कर चेतावनी दी कि बिजली के निजीकरण के विरोध में 18 अगस्त को प्रान्तव्यापी विरोध प्रदर्शन व सभायें की जाएंगी। संघर्ष समिति की सभाएं सोमवार को प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं में की गई। सभाओं में प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के प्रस्ताव पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया और चेतावनी दी गयी कि यदि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का प्रस्ताव वापस न लिया गया तो प्रदेश के तमाम बिजली कर्मचारी, अभियन्ता प्रान्तव्यापी आन्दोलन प्रारम्भ करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबन्धन व सरकार की होगी। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों शैलेन्द्र दुबे, वीपी सिंह, सुहेल आबिद ने बताया कि बिजली कर्मचारियों व अभियन्ताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति ने इस बावत निर्णय लिया है।

## घर के बाहर खड़ी बुजुर्ग महिला की चेन लूटी

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र के कमता चौकी क्षेत्र में स्थित पंचवटी कॉलोनी में सोमवार शाम को बाइक सवार बदमाश बुजुर्ग महिला के गले से चेन लूट ले गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है जल्द ही लुटेरे पकड़ लिये जाएंगे। बताते चलें कि अभी एक दिन पहले ही लूट और चोरी की घटना का खुलासा करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया था बावजूद इसके एक दिन बाद ही लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दे दिया। इंस्पेक्टर क्षितिज त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार शाम करीब 6 बजे कमता इलाके के पंचवटी निवासी 65 वर्षीय कृष्णा सिंह पत्नी मधुसूदन सिंह घर के सामने खड़ी थी। इस दौरान अचानक बाइक सवार बदमाश आए और धक्का देकर गिरा दिया।

## सीएमएस संस्थापक जगदीश गांधी के स्वास्थ्य में सुधार

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी के स्वास्थ्य में निरन्तर सुधार हो रहा है। कोरोना संक्रमण के उपरान्त डा. गाँधी इन दिनों पीजीआई में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं तथापि विगत दो-तीन दिनों में उनके स्वास्थ्य में आशातीत सुधार हुआ है। कोरोना संक्रमण के दौरान एकान्तवास में डा. गाँधी डाक्टरों की देखरेख में सामान्य दैनिकचर्या का आराम से निर्वहन कर रहे है, साथ ही, संस्था कार्य हेतु आवश्यकतानुसार सम्बन्धित कार्यकर्ताओं को फोन पर निर्देश दे रहे हैं। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

## इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस एंड फाइनेंस में सीएमएस छात्रा का चयन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की मेधावी छात्रा आयुषी शुक्ला ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से मान्यता प्राप्त इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस एण्ड फाइनेन्स नई दिल्ली में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। आयुषी ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर यह उपलब्धि अर्जित की है एवं अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व सीएमएस के वातावरण को दिया है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने आयुषी की इस सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं विद्यालय के कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों व प्रधानाचार्या का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उच्चशिक्षा हेतु सीएमएस छात्रा का आईएसबीएफ में चयन सम्पूर्ण सीएमएस परिवार के लिए प्रसन्नता का विषय है।

## कमल रानी के निधन से घाटमपुर विधानसभा रिक्त घोषित

लखनऊ। घाटमपुर विधानसभा सीट से विधायक और कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरुण का 2 अगस्त को निधन हो गया था जिस वजह से उक्त सीट रिक्त घोषित हो गई है। प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप कुमार दूबे ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि कमल रानी कानपुर नगर की 218-घाटमपुर उत्तर प्रदेश विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान सभा की सदस्य चुनी गयी थीं ।

## देवर की गोली से घायल भाभी ने तोड़ा दम, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी के गाजीपुर इलाके में गत दिनों मामूली विवाद के बाद देवर ने अपनी भाभी पर दो फायर झोंक था। घटना के बाद महिला को पुलिस ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपी को कानपुर से देर रात गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। गाजीपुर के शक्तिनगर में बीती गुरूवार शाम पीर बाग कालोनी में रहने वाली आसमां 40 पर फायर झोकने वाले देवर सईद को सोमवार के दिन पुलिस ने दबोच लिया। वो घटना के बाद कानपुर गया था। उसका लोकेशन मिलने पर टीम के साथ औद्योगिकर नगरी पहुंचे इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने गिरफ्त में लिया। उसकी गिरफ्तारी के कुछ ही घंटे बाद आसमां की ट्रामा सेन्टर में मौत होने की खबर आयी। इस मामले में पुलिस ने कुछ और लोगों को हिरासत में लिया था।


### प्राथमिक विद्यालय सरांय अख्त्यारपुर विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2020–21 के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सरांय अख्त्यारपुर अहमदाबाद माथर, विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव में अध्ययनरत लगभग 223 छात्र छात्राओं के दो दो सेट कपड़ा यूनीफार्म वितरण हेतु 13 अगस्त 2020 समय दोपहर 12.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा 14 अगस्त 2020 को पूर्वान्ह 11.30 बजे विद्यालय प्रबन्ध समिति के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा सम्बंधित शर्ते शासनादेश के अनुरूप होगी।

**अध्यक्ष/सचिव**
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्राथमिक विद्यालय सरांय अख्त्यारपुर
विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी, उन्नाव



**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ई–टेन्डरिंग अल्पकालीन निविदा सूचना** एतदद्वारा ई–टेन्डरिंग निविदा के माध्यम से प्रत्येक निविदा के समक्ष अंकित क्षेत्रों के अन्तर्गत प्रत्येक निविदा के समक्ष अंकित कार्यो हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से दो भागों में अलग–अलग ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्ते उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in एवं मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की वेबसाइट www.mvvnl.in पर डाउनलोड /देखे जा सकते हैं। निविदादाता द्वारा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट www. etender.up.nic.in पर दिनांक 26.08.2020 को 13:00 बजे तक अपलोड की जायेगी। धरोहर धनराशि एवं ई–निविदा प्रपत्र शुल्क जीएसटी सहित RTGS/NEFT के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर के बैंक खाता संख्या–50200027913793, IFSC Code - HDFC0001882, HDFC Bank, Shahzadpur, Akbarpur, Ambedkarnagar के पक्ष में जमा होनी चाहिए। बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या पे–इन–स्लिप मूल की प्रति (इश्यूड्स बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई–निविदा के प्रपत्रों के साथ आन–लाइन अपलोड की जायेगी। निविदा का प्रथम भाग दिनांक 26.08.2020 को 14:00 बजे के पश्चात से अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि द्वारा डाउनलोड/खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की दशा में निविदायें अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के पुनःप्रकाशन, अवधि विस्तारण, शुद्धिपत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www.mvvnl.in एवं www.etender.up.nic.in पर ही प्रकाशित होंगी। **1. निविदा संख्या–38/वि0वि0मं0(अ0)/2020–21** :– विद्युत वितरण खण्ड, अकबपुर कार्यालय के दैनिक कार्यो के निष्पादन कार्य हेतु संविदा के आधार पर कुशल कम्प्यूटर आपरेटरों की आपूर्ति हेतु। धरोहर धनराशि रू0 6,500.00। निविदा शुल्क रू0 1180.00। **2. निविदा संख्या–39/वि0वि0मं0(अ0)/2020–21** :– विद्युत वितरण मण्डल, अकबपुर एवं विद्युत परीक्षण खण्ड, अकबरपुर कार्यालय के दैनिक कार्यो के निष्पादन कार्य हेतु संविदा के आधार पर कुशल कम्प्यूटर आपरेटरों की आपूर्ति हेतु। धरोहर धनराशि रू0 8,000.00। निविदा शुल्क रू0 1180.00। **3. निविदा संख्या–40/वि0वि0मं0(अ0)/2020–21**:– विद्युत वितरण खण्ड, जलालुपर कार्यालय के दैनिक कार्यो के निष्पादन कार्य हेतु संविदा के आधार पर कुशल कम्प्यूटर आपरेटरों की आपूर्ति हेतु। धरोहर धनराशि रू0 9,500.00। निविदा शुल्क रू0 1180.00। **4. निविदा संख्या–41/वि0वि0मं0(अ0)/2020–21** :– विद्युत वितरण खण्ड, अकबरपुर के अन्तर्गत जनरेटर सेट उपलब्ध कराने हेतु। धरोहर धनराशि रू0 2,000.00। निविदा शुल्क रू0 1180.00। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/ विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, अम्बेडकरनगर,** पत्रांक : 872 दिनांक : 10.8.2020 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें"



### कार्यालय ग्राम पंचायत खैरहना विकास खण्ड निघासन – खीरी उ0प्र0

पत्रांक/मेमो/टेण्डर प्रकाशन/पंचायतघर निर्माण कार्य/2020–21 दिनॉक–10.08.2020

**अल्पकालीन निविदा/आमन्त्रित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरहना के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 की स्वीकृत कार्य से मनरेगा योजना व केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरहना मे पंचायत घर निर्माण कार्य व बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य कराया जाना है कार्य पर प्रयुक्त होने वाली निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म से सीलबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है।

निविदा दिनॉक 11.08.2020 से 13.08.2020 को सायः 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमन्त्रित की जा रही है निविदा दिनॉक 14.08.2020 को सायं 3:00 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। मनरेगा योजना व केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य की सामग्री का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सीमेन्ट 2–150 श्रेणी ईट 3–40 एम.एम. रोड़ा 4– मौरंग 5– पेन्ट 6– व्हाईट सीमेन्ट 7– प्राईमर 8– बालू – गिट्टी 10– डिस्टेपर 11– समोसम 12– लोहा(सरिया) 13– सीट 14– शीशा 15– दरवाजा आदि

**नियम व शर्ते :–**

1. निविदा के सम्बन्ध में निविदा समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।
2. निविदा से सम्बन्धित किसी जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।
3. भुगतान के समय जी0एस0टी0 एवं अन्य टेक्स देय होगा।
4. किसी एक या समस्त निवादाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत करने व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**श्रीमती जाविित्री देवी**
**प्रधान ग्राम पंचायत–खैरहना**
**विकास खण्ड–निघासन–खीरी**

**श्री विवेक कुमार सिन्हा**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत– खैरहना**
**विकास खण्ड–निघासन–खीरी**



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल – चतुर्थ सिस गोमती–लेसा, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. 82–83, इन्द्रलोक हाईडिल कालोनी कृष्णा नगर, लखनऊ** **अति अल्पकालीन ई–निविदा पुनः आमंत्रण/रीटेण्डर सूचना** एतद्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित ई–निविदा जिसके सापेक्ष प्राप्त तीन प्रस्तावों में से कोई भी सफल प्रस्ताव न प्राप्त होने के कारण उक्त ई–निविदा को पुनः ऑनलाईन रीटेण्डर करते हुए निविदा अपलोड करने एवं खुलने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है : **क्र0 सं0** 1, **ई–निविदा सं0** 18/वि0वि0मं0(च0)/20–21, **उ0प्र0 सरकार की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड करने की तिथि** दिनांक 18.08.2020 को 12.00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथि** दिनांक 18.08.2020 को 16.00 बजे अथवा उपरान्त (खुलने की तिथि), निविदा में दी गयी अन्य नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी। **नोट –** निविदा शुल्क रू0 1180.00 पुनः जमा करना अनिवार्य होगा। **अधीक्षण अभियन्ता** वि.वि.मण्डल चतुर्थ, सिस–गोमती लेसा, लखनऊ। पत्रांक संख्या – 6034/वि0वि0मं0(च0)/कैम्प/निविदा दिनांक–10.08.2020 **"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"**



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल – चतुर्थ सिस गोमती–लेसा, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. 82–83, इन्द्रलोक हाईडिल कालोनी कृष्णा नगर, लखनऊ** **अति अल्पकालीन ई–निविदा पुनः आमंत्रण/रीटेण्डर सूचना** एतद्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित ई–निविदा जिसके सापेक्ष प्राप्त तीन प्रस्तावों में से कोई भी सफल प्रस्ताव न प्राप्त होने के कारण उक्त ई–निविदा को पुनः ऑनलाईन रीटेण्डर करते हुए निविदा अपलोड करने एवं खुलने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है : **क्र0 सं0** 1, **ई–निविदा सं0** 17/वि0वि0मं0(च0)/20–21, **उ0प्र0 सरकार की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड करने की तिथि** दिनांक 18.08.2020 को 12.00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथि** दिनांक 18.08.2020 को 16.00 बजे अथवा उपरान्त (खुलने की तिथि), निविदा में दी गयी अन्य नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी। **नोट –** निविदा शुल्क रू0 1180.00 पुनः जमा करना अनिवार्य होगा। **अधीक्षण अभियन्ता** वि.वि.मण्डल चतुर्थ, सिस–गोमती लेसा, लखनऊ। पत्रांक संख्या – 6034/वि0वि0मं0(च0)/कैम्प/निविदा दिनांक–10.08.2020 **"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"**

# भव्य मंदिर निर्माण के लिए विश्व हिंदू परिषद की कार्य योजना हुई प्रारंभ

संवाददाता। अयोध्या



- 10 करोड़ परिवारों के पैसे से बनेगा भव्य और नव्य राम मंदिर
- कारसेवक तैयार हो रही है सभी परिवारों तक पहुंचने की रणनीति

**भगवान श्रीराम** के भव्य मंदिर निर्माण के लिए विश्व हिंदू परिषद की तैयारियां शुरू हो गई हैं क्योंकि 18 जुलाई को ट्रस्ट की बैठक समाप्त होने के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया था कि हम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर आम जनमानस के पैसे से बनाएगे और 100000000 परिवारों से चंदा लेकर के भगवान के भजन मंदिर का निर्माण होगा।

इस कार्य योजना का अमल विश्व हिंदू परिषद बहुत तेजी से कर रहा है और कोरोना काल में जैसे कमी आएगी वैसे ही पूरा संगठन भारत के कोने कोने में पहुंचकर मंदिर के लिए धन जुटाना प्रारंभ कर देगा। राम मंदिर को लेकर दान जमा करने के साथ देशव्यापी जन जागरण शुरू करने का प्लान वीएचपी तैयार कर रही है। इसमें विचार परिवार के सभी कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा। वीएचपी के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज के मुताबिक एक सप्ताह के अंदर कार्यक्रम तय हो जाएगाए जिसे दीपावली के समय शुरू किया जा सकता है। कोरोना संकट को देखते हुए इसे तुरंत नहीं शुरू किया जा सकता है। वैसे भी इतने बड़े कार्यक्रम को शुरू करने के पहले 4 महीने की तैयारी का समय भी चाहिए। पंकज के मुताबिक एक महीने तक चलने वाले इस जनजागरण कार्यक्रम में प्रभु राम के चरित्रए मर्यादा समरसता तथा जीवन के प्रसंगों को लोगों तक पहुंचा कर राम मंदिर के प्रति आस्था जगाई जाएगी। इसी के साथ ही राम मंदिर के निर्माण के लिए जन जन से सहयोग लेकर उनको भावनात्मक तौर राम मंदिर से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। यह कार्यक्रम शिलापूजन कार्यक्रम के पैटर्न पर चलेगा जिसमें 3 लाख गांवों में 8 करोड़ लोगों से सम्पर्क किया गया था। अब मंदिर को लेकर जन जागरण कार्यक्रम मे 4 लाख गांवों से 10 करोड़ परिवारों से जोड़कर हर परिवार से 101 रुपये का दान मंदिर निर्माण के लिए जमा किया जाएगा।

इस तरह से वीएचपी का प्लान 1000 करोड़ राशि जमा करने के साथ ही राम मंदिर को लेकर हिंदुत्व की अलख को जगाना है।वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक राम मंदिर के लिए पहले देश भर की शक्ति को बाहर निकालकर कर सहयोग राशि जमा करना है। इसलिए विदेश के लोगों से मंदिर के लिए 6 महीने तक कोई सहयोग नहीं लिया जा रहा है। यहां तक कि इस बीच विदेशी दान लेने के लिए एफसीआरए का पंजीकरण भी विदेश मंत्रालय मे नहीं करवाया जा रहा है।

उन्होंने कहा भारत मे दान लेने के लिए कोई कानून नहीं हैए जबकि विदेश से डॉलर तथा अन्य विदेशी करेंसी में दान लेने के लिए सख्त कानून बना है। ऐसे में किसी अगर धोखे से ट्रस्ट के खाते में कुछ दान कर दिया तो ट्रस्ट को कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण को लेकर देश भर में उत्साह है। राम मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में लाखों श्रद्धालु अयोध्या नहीं पहुंच पाए थे। कोरोना महामारी के चलते सीमित संख्या में ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अब मंदिर निर्माण महायज्ञ के आयोजन की योजना हैए जिसमें राम मंदिर आंदोलन में सहयोग करने वाले सभी को आने का मौका मिल सकेगा। फिलहाल कोरोना के संकट कम होने के बाद ही कोई कार्यक्रम आयोजित हो सकेंगे।

# अयोध्या में दो दिन मनाया जाएगा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

संवाददाता। अयोध्या



स्वामीनारायण मंदिर अयोध्या

**भगवान श्री** राम जी जन्मस्थली अयोध्या में 2 दिन मनाई जाएगी मथुरा के कृष्ण कन्हैया का जन्मोत्सव। हिंदी पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह में भगवान कृष्ण की विशेष आराधना की जाती है। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। आज के दिन माता देवकी ने बाल श्रीकृष्ण को जन्म दिया था इसलिए इसे जन्माष्टमी या कृष्ण जन्माष्टमी कहा जाता है। कंस मामा के अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। इस वर्ष जन्माष्टमी दो दिन पड़ रही है। 11 अगस्त और 12 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी है। हालांकि कौन सी तारीख कृष्ण जन्माष्टमी के लिए श्रेष्ठ हैए यह श्री कृष्ण के जन्म तिथि और नक्षत्र पर निर्भर करता है। स्वामीनारायण मंदिर अयोध्या के महंत अखिलेश्वर शास्त्री जी महाराज ने बताया भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में मनाया जाता है। कई बार ज्योतिष गणना में तिथि और नक्षत्र में समय का अंतर रहता हैए इसलिए तारीखों में मतभेद होता है।न्दू कैलेंडर के अनुसारए भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि का प्रारंभ 11 अगस्त को सुबह 09 बजकर 06 मिनट से हो रहा है जो 12 अगस्त को दिन में 11 बजकर 16 मिनट तक रहेगी। वहीं रोहिणी नक्षत्र का प्रारंभ 12 अगस्त को तड़के 03 बजकर 27 मिनट से हो रहा है और समापन सुबह 05 बजकर 22 मिनट पर होगा। ऐसे में 12 अगस्त को जन्माष्टमी मनाना सही रहेगा। श्री महाराज ने बताया कि 12 अगस्त को रात्रि 12 बजे से 12रू30 बजे तक भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा वैसे इस कार्यक्रम का आगाज सुबह से हो जाएगा रात्रि में भगवान का जन्मोत्सव होगा। भगवान की बधाई गीत गाए जाएगी। प्रसाद बांटा जाएगा। भगवान कृष्ण योग योगेश्वर हैं जिनकी माया को हम सभी लोग नहीं समझ पाते हैं ऐसे में यह उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वही अयोध्या के अन्य मंदिरों में भी भगवान का जन्मोत्सव 12 अगस्त को मनाया जाएगा लेकिन गृहस्थ 11 अगस्त को ही व्रत और भगवान का पूजा पाठ करेंगे। इस बार भगवान का जन्मोत्सव अन्य बरसों की भांति भगवान कृष्ण की स्थापना करके पंडाल लगाकर के हर्षोल्लास के साथ मन नहीं मनाया जाएगा क्योंकि कोरोना का कहा अभी समाप्त नहीं हुआ है यह संख्या अगस्त में बढ़कर प्रतिदिन 50000 से अधिक हो गई है और उत्तर प्रदेश में भी इसका कहर बहुत तेजी से बढ़ रहा है इसलिए प्रशासन ने निर्णय लिया है कि लोग अपने अपने घरों में मंदिरों मे सावधानीपूर्वक भगवान का जन्मोत्सव मनाएंगे लेकिन कोई विशेष आयोजन नहीं किया जाएगा।

# व्यापारियों ने की संपूर्ण लॉकडाउन की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जिला प्रशासन** बढ़ते हुए कोरोना पॉजिटिव मामलों के मद्देनजर थानेवार लॉक डाउन कर रहा है। लगातार लॉक डाउन से व्यापार पर खासा असर पड़ा है। जहां बिक्री कम हुई है वहीं बहुत से लोगों के रोजगार भी जाते हुए नजर आ रहे हैं। घटते ग्राहक और कम आमदनी की वजह से दुकानदार अब अपने कर्मचारियों में भी कटौती कर रहे हैं। जिस पर बहुत से लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। गोरखपुर के तिवारीपुर, कोतवाली, राजघाट, गोरखनाथ, कैंट, शाहपुर और गुलरिया थानों में पिछले कई हफ्तों से बंदिया चल रही हैं। जिसके कारण दुकानों को खोलना मुमकिन नहीं है। जिस वजह से दुकानों में रखे हुए सामान भी खराब हो गए। खासतौर से कच्चा माल के व्यापारियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लॉकडाउन के दौरान खाद्य पदार्थ और दवा व्यवसाई को छोड़कर सभी व्यवसाय पर बुरा असर पड़ा है। सबसे ज्यादा दिक्कत दो थाना क्षेत्रों के सरहदी इलाकों में जहां एक पटरी की दुकान खुलती है और दूसरे पटरी की दुकान बंद रहती है जिससे वहां आने वाले ग्राहकों को भी दिक्कत होती है। व्यापारियों की मांग है कि अगर लॉक डाउन करना है तो संपूर्ण लॉकडाउन करें। भारत में 3 महीने के संपूर्ण लॉकडाउन में व्यापारी और आम आदमी आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो चुका है। जिला प्रशासन ने दुकानदारों को होम डिलीवरी का आदेश दे रखा है, लेकिन यह भी एक खानापूर्ति बनकर रह गई है। दुकानदारों का कहना है कि लोग ऑर्डर बुक करा देते हैं। जब उनको डिलीवरी देने जाइए तो आर्डर में कटौती करते हैं। रू.50 का सामान पहुंचाने के लिए कई किलोमीटर दुकानदार जाने को तैयार नहीं है। बहरहाल समय रहते जिला प्रशासन को इस समस्या का समाधान करना चाहिए वरना बढ़ी हुई बेरोजगारी कहीं अपराध के ग्राफ को भी न बढ़ा दे।

## लॉकडाउन का पालन करें और घरों में रहें



**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. सुनील गुप्ता ने बताया कि जनपद के चार थाना क्षेत्रों गोरखनाथ, शाहपुर, गुलरिहा और कैंट में कोविड-19 कोरोना संक्रमण महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए 17 अगस्त सुबह 5 बजे तक संपूर्ण लॉक डाउन लगाया गया है। जिसकी वजह से जगह-जगह बैरिकेटिंग कर आम जनता को पुलिस के जवानों द्वारा बताया जा रहा है कि अपने-अपने घरों को वापस जाएं। उन्होंने बताया कि आम जनता को पहले से जानकारी न होने की वजह से सड़कों पर निकल आई थी। भीड़ के बढ़ते ही हमारे मातहत सतर्क हो गये और जगह-जगह बैरिकेटिंग कर जनता को बताया गया कि इस क्षेत्र में पूरी तरह से लॉकडाउन है। जरूरी सेवाओं को छोड़कर सभी दुकाने बंद हैं। इसके बाद सड़कों पर भीड़ कम हुई। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से बचना है तो बिना वजह घर से न निकलें। मास्क का प्रयोग अवश्य करें। हाथों को बार-बार सैनिटाइज अथवा धोते रहें। दो गज की दूरी का विशेष रूप से ध्यान रखें।

# डीएम ने पूजा समितियों के साथ की बैठक

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी अनुज** कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी जन्माष्टमी और गणेश पूजा की बैठक दुर्गा पूजा, गणेश पूजा तथा जन्माष्टमी पूजा समिति के अध्यक्ष एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 11 तारीख को जन्माष्टमी का पर्व तथा 22 तारीख को गणेश पूजा का पर्व होगा जैसा कि आप सभी लोग जानते हैं कि विगत कई महीनों से कोविड.19 महामारी का सामना किया जा रहा है दिन प्रतिदिन बीमारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है इस बीमारी को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तथा गणेश पूजा का का उत्सव कही भी पंडाल लगाकर नहीं किया जाएगा। इसी के साथ कहीं भी लाइट डेकोरेशन भी नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महामारी के दृष्टिगत और शासन के गाइडलाइन के अनुसार कोविड.19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मंदिरों में जन्माष्टमी का पर्व सोशल डिस्टेंसिंग की दूरी बनाए रखते हुए और मास्क लगाकर किया जाये तथा जो लोग अपने घरों में जन्माष्टमी तथा गणेश पूजा का उत्सव का मनाते हैं वह भी शासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए ही पूजा करें। उन्होंने कहा कि प्राय: निरीक्षण के दौरान देखा जा रहा है कि अधिकांश लोग मास्क नहीं लगाते हैं साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी नही करते है। शासन के गाइडलाइन के अनुसार इस महामारी के संक्रमण को रोकने के लिए मास्क अवश्य लगाएं और सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें तथा अन्य को भी प्रेरित करें।


# कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी सीतापुर

दूरभाष नं. 05862-243237
e-mail : dco38sitapur@gmail.com

पत्रांक–672 / सी / क्रय–सॉ /    दिनांक 06.08.2020

## प्रेस विज्ञप्ति

गन्ना आयुक्त उ0प्र0 के परिपत्र सं.–12 / सी / क्रय / 2020–21 / लखनऊ दिनांक 20.04.2020 (गन्ना सर्वेक्षण नीति) तथा पत्रांक 1024 / सी / समिति / 20 दिनांक 03.07.2020 के अनुपालन में ''ग्राम स्तरीय व्यापक एकीकृत गन्ना सर्वेक्षण व सट्टा प्रदर्शन'' आदि का कार्यक्रम जनपद सीतापुर की समस्त सहकारी गन्ना विकास समितियों के गन्ना कृषकों हेतु निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :–

| कार्यक्रम | निर्धारित तिथि |
|---|---|
| ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण व सट्टा प्रदर्शन, राजस्व अभिलेखों एवं घोषणा–पत्र से सर्वेक्षित गन्ना क्षेत्रफल का मिलान तथा ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण व सट्टा प्रदर्शन व आपत्तियों का निस्तारण | 04 अगस्त से 31 अगस्त 2020 तक |

ग्रामवार सर्वेक्षण व सट्टा प्रदर्शन कर्मचारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर चीनी मिल द्वारा कृषकों के मोबाइल पर एस.एम.एस. के माध्यम से भेजा जायेगा अथवा चीनी मिल, परिषद व समिति में सूची चस्पा की जायेगी।

गन्ना कृषक बन्धुओं से अपील है सर्वेक्षण व सट्टा प्रदर्शन के समय गन्ना सर्वेक्षण, बेसिक कोटा, सट्टा, मोबाइल नम्बर, बेसिक कोटा, बैंक खाता नम्बर, आपूर्ति साधन इत्यादि समस्त आंकडो का भली भांति परीक्षण कर लें तथा एक प्रति प्राप्त कर खतौनी पर हस्ताक्षर व मोबाइल नम्बर अंकित कर दें। यदि कोई त्रुटि प्रदर्शित हो तो उसके सुधार हेतु लिखित रूप से प्रार्थना पत्र प्रदर्शन कर्मी को घोषणा–पत्र, राजस्व अभिलेखों, बैंक खाता नम्बर, आधार नम्बर इत्यादि के साथ प्राप्त करा दें, जिसका स्थलीय सत्यापन के उपरान्त ही नियमानुसार संशोधन किया जायेगा। जिन गन्ना कृषको द्वारा अभी तक घोषणा–पत्र जमा नहीं किया गया है वह प्रदर्शन के समय वांछित अभिलेखों के साथ घोषणा–पत्र प्रदर्शन कर्मी को प्राप्त करा दें। आगामी पेराई सत्र में बिना घोषणा–पत्र के सट्टा संचालित नहीं किया जायेगा। अन्तिम तिथि दिनांक 31.08.2020 के पश्चात् गन्ना सर्वेक्षण / सट्टा सम्बन्धी कोई प्रार्थना पत्र ग्राह्य नहीं होगा।

**समस्त सचिव जनपद सीतापुर**    **समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जनपद सीतापुर**    **जिला गन्ना अधिकारी सीतापुर**


# क्विक न्यूज

## आईएएस में चयनित छात्र को समाजसेवी ने किया सम्मानित

**सोहावल, अयोध्या।** देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित प्रशासनिक परीक्षा आईएस में सफ़ल छात्र अंकित मिश्रा के घर पहुँच कर जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपती हरिओम तिवारी उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि अंकित मिश्रा सोहवाल तहसील क्षेत्र अंतर्गत पंडितपुर के मजरे पूरे रामरूप मिश्र निवासी रालोद नेता विश्वेश नाथ मिश्र सुड्डू के छोटे पुत्र हैं। कई दिनों से लगातार हो रहे अपने स्वागत से अभीभूत अंकित मिश्र ने बताया कि पद पाने पर जीवंत पर्यंत गाँव के ग़रीब किसानो को न्याय दिलाने की कोशिश करता रहूँगा। ज्ञातव्य हो कि इससे पूर्व अंकित मिश्र का स्वागत चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक कृपानिधान तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो विप्रजन तथा सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंहए एडवोकेट दीपक सिंहए बँटी तिवारीए झनमन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन एकेडमी ओडीएफ प्लस ट्रेनिंग कोर्स की लॉचिंग

**गोरखपुर।** स्वच्छ भारत मिशन एकेडमी ओडीएफप्लस ट्रेनिंग कोर्स की लांचिंग आज मंत्री जल शक्ति मंत्रालय गजेंद्र सिंह शेखावत एवं रतनलाल कटारिया राज्यमंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय की उपस्थिति में वेबीनार के माध्यम से किया गया। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से संबंधित कुछ अधिकारियों सहित सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए उक्त लांचिंग में प्रतिभाग किया गया। जनपद गोरखपुर से भी मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह एवं जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर एवं उनके स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सभी जिला समन्वयक एवं आंशिक स्वछग्रही तथा खंड प्रेरक भी भाग लिए।

## मछली पकड़ने गए किशोर की करंट लगने से मौत

**गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के बिछिया सर्वोदय नगर वार्ड नंबर 18 पूर्वी में मछली पकड़ने गए किशोर की करंट लगने ने से मौत हो गई। बताया जाता है कि बिछिया में अपना मकान बनवा के रहने वाले दशरथ जो रेलवे में कार्यरत हैं, का 11 वर्षीय पुत्र शिवम कक्षा 5 का छात्र है। आज सुबह अपने कुछ पड़ोसी मित्र जिनकी उम्र लगभग 7 से 8 वर्ष के बीच है, के साथ बगल में ही बरसात और नाले के पानी के कारण हुए जल जमाव में मछली पकड़ने गया था। पास ही एक नव निर्मित सुने पड़े मकान में पानी पीने की बात कह चला गया। साथी बाहर इंतजार कर रहे थे, अंदर से चीख सुनाई देने पर बच्चों ने शोर मचाया तो पड़ोसियों को पता चला। कुछ युवक जब वहां पहुंचे तो बच्चे को अचेत अवस्था में पाया। पास ही टिल्लू पंप मोटर के होने पर करंट प्रवाहित होने की शंका के आधार पर विद्युत विभाग को सूचना दी। तत्काल विद्युत प्रवाह बंद होने के पश्चात् युवकों ने अंदर जाकर किशोर को बाहर निकाला और परिजनों को सूचित किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक किशोर की मौत हो चुकी थी। बदहवास परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 112 नंबर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। हालांकि जिस मकान में ये हादसा हुआ उनका नाम अशोक श्रीवास्तव है। वो किसी विभाग में जे.ई. थे। जिनकी कुछ दिनों पहले हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है, मकान में ताला लगा है।

## बैंक गये 65 वर्षीय वृद्ध की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायत नगर थाने से चंद कदम दूरी स्थित बड़ौदा ग्रामीण बैंक शाखा से पैसा निकालने गए 65 वर्षीय वृद्ध की विद्युत करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना क्षेत्र के ही ईंट गांव निवासी 65 वर्षीय राम लौट पुत्र रामभरोसे सोमवार को इनायत नगर बाजार स्थित बड़ौदा पूर्वी ग्रामीण बैंक शाखा पर अपने बचत खाते से पैसा निकालने गए थे बैंक बोल के सामने स्थित एक हैंडपंप की पाइप में लगे टुल्लू पंप में विद्युत करंट उतरा हुआ था वह जैसे ही हैंडपंप की पाइप के करीब पहुंचे कि करंट की चपेट में आ गए। मौके पर मौजूद अन्य बैंक ग्राहक सहित बाजार के व्यापारी जब तक वृद्ध को विद्युत करंट से अलग करते तब तक अधेड़ की मौत हो चुकी थी हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने आनन.फानन में वृद्ध को इलाज के लिए इनायत नगर बाजार में ही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया अस्पताल के डॉक्टरों ने वृद्ध राम लौट को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही ईट गांव निवासी समाजसेवी सनत कुमार सिंह उर्फ बबलू भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ सीएचसी पहुंच गए और उन्होंने घटना को लेकर बैंक शाखा प्रबंधक सहित बैंक भवन मालिक पर लापरवाही का आरोप जड़ा। सूचना पाकर इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने वृद्ध का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि अभी 1 वर्ष पूर्व इसी हैंड पंप की पाइप में अचानक उतरे विद्युत करंट की चपेट में आने से बैंक में काम कर रहे एक युवक की भी दर्दनाक मौत हो गई थी।

# पूर्व राष्ट्रपति एवं उप राष्ट्रपति की जयन्ती पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन




वीवी गिरि को श्रद्धा सुमन अर्पित करते सपा नेता

**अम्बेडकरनगर( सं. )।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी के निर्देश पर अंबेडकरनगर युवजन सभा जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न यादव बबलू ने आलापुर विधानसभा क्षेत्र आरोपुर बाजार में पूर्व राष्ट्रपति वराहगिरी वेंकट गिरी (वी वी गिरी) भारत के तीसरे उपराष्ट्रपति एवं चौथे राष्ट्रपति की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिलाध्यक्ष एवं जिलापंचायत सदस्य प्रदुम्मन यादव ने बताया कि उनका जन्म ब्रह्मपुर ओड़िशा में हुआ था 1975 में भारत के सर्वोच्च नागरिक अलंकरण भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उनकी जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया गया। जयंती समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष गिरी ने किया। इस मौके पर चंदन गिरी, संजीव यादव, हेमंत यादव, अंकित यादव, लाल बिंद गोस्वामी, प्रधान प्रवीण गोस्वामी दुर्गेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# अनिल मिश्रा ने ग्रहण की सपा की सदस्यता

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**समाज सेवी** एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अनिल मिश्रा ने सोमवार को समाजवादी पार्टी की सदस्यता समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा ने उन्हें पार्टी कार्यालय पर सपा का झण्डा थमा कर सदस्यता ग्रहण करायी। अनिल मिश्रा की अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र में ब्राहम्ण चेहरे के रूप में एक अच्छी पहचान है। सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में उनकी लोक प्रियता को देखते हुए पार्टी में उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। अनिल मिश्रा ने अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के दक्षिणी वेल्ट में सभी वर्ग के मतदाताओं में अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। इसी पकड़ के चलते सम्पन्न हुए जिला पंचायत के चुनाव में उन्होंने अपने प्रत्याशी को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दिलाकर अपनी लोक प्रियता का एहसास दिला दिया था।

# कोरोना में टूटा अब तक का रिकार्ड



जहांगीरगंज ब्लाक में कोरोना संक्रमित के घर पंहुची अधिकारियों की टीम

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

- सोमवार को 33 लोग पाये गये पाजिटिव

**जिले में कोरोना का** कहर तेजी के साथ पांव पसार रहा है। सोमवार को आई जांच रिपोर्ट ने अब तक के सभी रिकार्ड को तोड़ दिया है। 33 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य महकमें में अफरा-तफरी मच गयी। उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में अब तक इतनी संख्या में संक्रमित नही पाये गये थे। अब तक की अधिकतम संख्या 22 तक रही है। सोमवार को तीस लोग एन्टीजन टेस्ट पाजिटिब पाये गये जबकि तीन अन्य प्रकार की जांचो में पाजिटिब पाये गये हैं। इनमें सीएचसी टाण्डा का बीएमडब्ल्यू संदीप और उसकी बहन, रामनगर पीएचसी के आरबीएसके टीम का निजामुद्दीन, जिला अस्पताल की नर्स नीलम पाजिटिब पाये गये है। इसके अलावां जहांगीरगंज में 11, जलालपुर के खजुरी में छः, टाण्डा विकास खण्ड में सात, तथा कटेहरी विकास खण्ड में चार लोग पाजिटिब पाये गये हैं। हैरत इस बात की है कि संक्रमण के बढ़ते दायरे के बावजूद लोग खुद को सुरक्षित रखने का प्रयास नही कर रहे हैं। सड़कों पर दिखने वाली भारी भीड़ व बिना मास्क के टहलते लोग इसी प्रकार की स्थिति को बयां कर रहे हैं। साफ है कि यदि लोगों ने सम्भलने का प्रयास नही किया तो आने वाले समय में जिले की स्थिति भयावह हो सकती है।

## पवन मौर्य हुए बसपा के हमराही

**अम्बेडकरनगर।** जिले के टांडा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है।सोमवार सपा नेता पवन मौर्या समर्थकों के साथ बसपा में शामिल हो गए।वरिष्ठ बसपा नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद मुख्य सेक्टर प्रभारी घनश्याम चंद खरवार एवं बसपा जिलाध्यक्ष अरविंद गौतम ने पवन मौर्य एवं उनके समर्थकों को अकबरपुर पार्टी कार्यालय पर पार्टी का झंडा देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि पवन मौर्या के बसपा में शामिल होने से टांडा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी।इस मौके पर प्रधान गुरुप्रसाद आनंद मौर्य शिव कुमार गौतम प्रमोद चौरसिया संदीप मौर्य पवन कुशवाहा सुनील कुमार गुप्ता ने बसपा की सदस्यता लिया।

# कोझीकोड विमान दुर्घटना

## समुचित सबक सीखना जरूरी

**दुबई** से कोझीकोड वंदे भारत मिशन के अंतर्गत आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान 1344 के मलबे की जांच करने वाले जांचकर्ताओं को कुछ साल पहले शायद ऐसे ही दृश्य का सामना करना पड़ा होगा। कोजीकोड के उत्तर में स्थित मंगलौर हवाईअड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस बोइंग 737-800 विमान रनवे के आगे निकल गया था। हालांकि, उस दुर्घटना में बहुत कम लोग बचे थे, लेकिन वर्तमान दुर्घटना में हताहतों की संख्या बहुत ज्यादा नहीं है। संभवत: इसका कारण पायलट द्वारा आग लगने से बचाने के लिए इंजन बंद करना है। जांचकर्ताओं के पास मौसम रिकार्ड, राडार के रिकार्ड तथा विमान का अपना काकपिट वायस रिकार्डर और फ्लाइट रिकार्डर होगा। कोजीकोड व मंगलौर हवाईअड्डे पश्चिमी घाट पहाड़ियों में बनाए गए हैं और इन 'टेबल टाप' हवाईअड्डों के अपने खतरे हैं। भारत में मानसून के समय रनवे गीले होते हैं और तब रनवे से 'फिसल जाने' के खतरे बढ़ जाते हैं। हालांकि, कोजीकोड हवाईअड्डे का रनवे 9,000 फीट लंबा है जो बोइंग 737 के लिए काफी है, पर रनवे गीला होने व तेज हवा के कारण खतरा बढ़ गया था। पहाड़ी मैदान पर रनवे के अंत में कोई मैदान नहीं था जहां विमान रुक सकता। नागरिक उड्डयन विशेषज्ञों ने हवाईअड्डे पर खतरों के बारे में लगभग 9 साल पहले ही बता दिया था। 17 जून, 2011 को तत्कालीन नागरिक उड्डयन महानिदेशक कैप्टेन मोहन रंगनाथन द्वारा भेजे पत्र में लिखा गया था, 'रनवे 10 पर उतरने वाले विमान को तेज हवा की स्थिति में ज्यादा रबर जमा होने की स्थिति में ब्रेक लगाने में कठिनाई हो सकती है। ऐसे में उड़ानों



से यात्रियों का जीवन संकट में पड़ सकता है।' लेकिन कोई दुर्घटना न होने के कारण रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। सरकार अब भी कह रही है कि निकट अतीत में यहां सैकड़ों उड़ाने सुरक्षित उतरी हैं। शायद यहां भूमि को समुचित रूप से पुन: व्यवस्थित करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

भारत में 6 टेबल टाप रनवे हैं जहां विमानों की लैंडिंग बहुत कठिन व जोखिम भरी होती है क्योंकि रनवे पर कोई अतिरिक्त स्पेस नहीं होता है। चूंकि विमानों, यात्रियों व चालकों की सुरक्षा के अनेक मुद्दे होते हैं, अनेक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें तथा एयरबस 330 व बोइंग 777 इन हवाईअड्डों पर नहीं उतरती हैं। 2018 में चौड़े विमानों को उतारने के लिए कोजीकोड के रनवे और सुरक्षा क्षेत्र का विस्तार किया गया था। हालांकि, यह संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन आवश्यकतायें पूरी करता है, पर एजेंसी कोजीकोड हवाईअड्डे की तुलना में 150 मीटर अधिक अतिरिक्त क्षेत्र की संस्तुति करती है। कुछ खबरों में रूटीन जांच में भी लापरवाही की ओर संकेत किया गया है। शायद हवाईअड्डे पर कोई घर्षण परीक्षण नहीं किया गया था, जबकि यह रनवे व टैक्सीवे के लिए जरूरी है। यह बात खासकर बरसात से प्रभावित होने वाले स्थानों के बारे में ज्यादा सही है। भारत में पिछले दशक में विमान उड़ाना इस तथ्य के बावजूद अविश्वसनीय रूप से सुरक्षित रहा है कि सैकड़ों नए विमान तथा पहली बार उड़ान भरने वाले लाखों लोग इस दौरान सामने आए। लेकिन अत्यधिक सुरक्षित होने के बावजूद हवाई यात्रा कुछ गड़बड़ होने पर हमें तगड़ा धक्का देती है। उम्मीद है कि इस दुर्घटना की गंभीरता से जांच कर पाई गई गलतियों में सुधार किया जाएगा, भले ही इसका अर्थ भारत के कुछ हवाईअड्डों को बंद करना या वहां से बड़े विमानों की उड़ान पर रोक लगाना हो। रंगनाथन ने पटना व जम्मू हवाईअड्डों पर दुर्घटनाओं की अधिक संभावनायें जताते हुए इनके फौरन उच्चीकरण का सुझाव दिया था। उड्डयन भारत जैसे विशाल देश में आवागमन का अत्यधिक महत्वपूर्ण साधन है जहां लाखों लोग विदेशों में रहते हैं। इस उद्योग की सुरक्षा और संरक्षा न केवल अत्यधिक महत्वपूर्ण, बल्कि देश के लिए रणनीतिक आवश्यकता भी है।

# नई शिक्षा नीति के मूल में है भारतीयता

नई शिक्षा नीति में छठी कक्षा से ही कम्प्यूटर शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान होने के साथ-साथ समीप में ही इंटरर्नशिप की भी योजना है, जो बेरोजगारी दूर करने में प्रभावी सिद्ध होगी।



**प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह**
(लेखक राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति हैं)



स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार भारत एवं भारतीयता को केन्द्र में रखकर तैयार की गयी, नई शिक्षा नीति इक्कीसवीं शताब्दी के भारत की आवश्कता एवं अपेक्षा के अनुरूप एक विशिष्ट अभिलेख है, जिसे व्यावहारिक आयाम देकर भारत दुनिया में ज्ञान शक्ति का नेतृत्व करने वाला अग्रणी देश होगा। सभी विश्वविद्यालयों के अध्ययन बोर्ड, विद्यापरिषद् एवं कार्यपरिषद् से यह अपेक्षित है कि नई शिक्षा नीति के विविध पक्षों पर विचार करते हुए अपने पाठ्यक्रम में समाहित करें एवं शोध तथा अध्ययन की विधा में इसे क्रियान्वित करें। केन्द्र की सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति की घोषणा के बाद शैक्षिक परिसरों एवं शिक्षाविदों की जिम्मेदारी एवं जबावदेही बढ़ गयी है। नई शिक्षा नीति राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की दिशा में आदर्श व्यक्तियों का संच खड़ा करने में सक्षम एवं दक्षसिद्ध होगी, जो आज के वैश्विक परिवेश में समय की अपरिहार्य आवश्यकता है।

प्रश्न यह उठता है कि नई शिक्षा नीति में नया क्या है? इसका उत्तर पाने के लिए हमें पूर्व की शिक्षा नीतियों क्रमश: 1968 की कोठारी कमीशन एवं राजीव गांधी के नेतृत्व में 1986 की शिक्षा नीति का अवलोकन करना होगा। कोठारी कमीशन मुख्यत: ग्रेट-ब्रिटेन, यूएसएसआर तथा यूनेस्को के विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार की गई, जिसमें 'सर्व शिक्षा' पर जोर दिया गया। परन्तु उसकी संस्तुतियां भारतीय गर्भनाल से कटी हुई थी एवं शिक्षा के प्रति उसमें एक समग्र दृष्टि का अभाव था। 1986 की शिक्षा नीति छद्म धर्मनिरपेक्षता एवं समाजवाद पर आधारित रही जिसमें भारतीय इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों को समाप्त कर दिया। इसका असर यह हुआ कि शिक्षा में राष्ट्रीय सोच का क्षरण होना प्रारम्भ हो गया। समाजहित और राष्ट्रहित में सोचने वाले आम नागरिक से लेकर छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा राष्ट्रवाद की दृष्टि को लेकर एक शैक्षिक पुनर्रचना की आवश्यकता लगातार महसूस की जाती रही। 2014 के राष्ट्रीय चुनाव में नई शिक्षा नीति एक वैचारिक मुद्दा बनी तथा 2015 में सतत विकास के लक्ष्यों को अपनाये जाने के बाद लक्ष्य-4 के 'तहत समग्र एवं समान शिक्षा तथा आजीवन सीखने के अवसर' उपलब्ध कराने हेतु भारत की प्रचलित शिक्षा पद्धति को नये कलेवर में ढालने की आवश्यकता महसूस हुई। वस्तुत: नई शिक्षा नीति शिक्षा की समकालीन 5 चुनौतियों क्रमश: सर्व क्षेत्र अभिगम्यता, समानता, गुणवत्ता, आर्थिक वहनीयता एवं उत्तरदायित्व से निपटने का एक सार्थक एवं सशक्त प्रयास है।

1968 एवं 1986 की शिक्षा नीतियों में शिक्षा को राष्ट्रीय विकास का उपागम मानते हुये नये परिवेश एवं परिस्थिति में एक समग्र एवं दूरगामी शैक्षिक दृष्टि का अभाव झलकता है, जिसकी पूर्ति नई शिक्षा पद्धति से हो जाती है। नई शिक्षा नीति में एक ऐसे शैक्षिक तंत्रा के निर्माण की परिकल्पना है जिसकी जड़े भारत एवं भारतीयता के नैतिक मूल्यों में हो तथा वैज्ञानिकता पूर्ण सोच के समावेश के चलते भारत को वैश्विक धरातल पर एक 'सुपर नालेज पॉवर' के रूप में समर्थ बना सके। नई शिक्षा नीति के कार्यक्रम चौथी औद्योगिक क्रान्ति के सम्भावित परिणामों के अनुरूप युवाओं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक दिशा बोध कराने एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को कार्यरूप देने में सक्षम सिद्ध होगी। उक्त सक्षमता को सिद्ध करने के लिये नई शिक्षा नीति में उल्लेखित किंचित तथ्यों एवं विशिष्टताओं को यहां उल्लेखित करना आवश्यक है। नई शिक्षा नीति की प्रथम विशिष्टता मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्थान पर 'शिक्षा मंत्रालय' की स्थापना में झलकती है।

मानव संसाधन शब्द की चर्चा में अन्य प्राकृतिक संसाधनों यथा, खनिज, मिट्टी आदि की तरह एक वस्तु का बोध होता है जो शिक्षा की मौलिकता पर एक प्रहार है। शिक्षा केवल मानव संसाधन विकास का माध्यम नहीं अपितु व्यक्ति की अंतरनिहित क्षमता एवं दक्षता के प्रस्फुटन, विकास एवं विस्तार का पर्याय है। जो भाव शिक्षा मंत्रालय कहने में है, वह भाव मानव संसाधन मंत्रालय कहने से तिरोहित हो जाता है। नई शिक्षा नीति की दूसरी उत्कृष्टता मातृभाषा या आंचलिक भाषा के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने की सोच में झलकती है। ज्ञातव्य है कि शिशु इस संसार में आने के बाद अपनी मां से स्वभाविक रूप में जिस भाषा में संवाद करता है, वह भाषा अधिगम्य के लिए सबसे सशक्त माध्यम है। गुणवत्ता एवं आधुनिकता तथा व्यावसायिकता के नाम पर किसी अन्य भाषा के माध्यम से अधिगम की अनिवार्यता स्वभाविक अधिगम को कुंठित करती है एवं इससे अधिगम पर एक तरफ भाषा तो दूसरी ओर विषय की जटिलता का दोहरा दबाव पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में बच्चे की सीखने की क्षमता प्रभावित होती है और वह परीक्षा एवं परिणाम के दबाव में तथ्यों के तोता रटन्त उपागम पर ध्यान केन्द्रित करता है। अधिगम में इस तरह की कृत्रिमता बच्चों के स्वभाविक एवं सहज विकास में अवरोध है।

इस नई शिक्षा पद्धति में मातृभाषा एवं आंचलिक भाषा को स्वभाविक अधिगम का माध्यम बनाकर अनुभव एवं प्रयोगों के साथ शिक्षा देने पर जोर है। देश की बढ़ती हुई जनसंख्या के मद्देनजर जनांककीय लाभांश प्राप्त करने की दृष्टि से सभी को रोजगार लायक बनाना नई शिक्षा नीति की तीसरी विशिष्टता है। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति में छठी कक्षा से ही कम्प्यूटर शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान होने के साथ-साथ समीप में ही इंटरर्नशिप की भी योजना है, जो बेरोजगारी दूर करने में प्रभावी सिद्ध होगी। आठवीं पास करते-करते छात्र अपनी रुचि एवं प्रकृति के अनुसार कौशल विकास करते हुये स्व-रोजगार की दिशा में अपने को स्थापित करने में सक्षम होगा।

नई शिक्षा नीति की चौथी विशिष्टता उसका अंतरविषयक उपागम है। अभी तक माध्यमिक स्तर पर कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि जैसी विभिन्न शाखाओं में छात्रा अपनी अभिरुचि के अनुसार अपनी दिशा निर्धारित करता था। इन शाखाओं के चयन में अंतरविषयक उपागम का सर्वथा अभाव ही नहीं अपितु प्रतिबन्धित था। परिणामत: विज्ञान का छात्रा विज्ञान शाखा का विद्यार्थी रहते हुये संगीत में रूचि होने के बावजूद भी संगीत विषय का चयन नहीं कर सकता था। अब नई शिक्षा नीति ने विभिन्न विषयों के बीच प्रतिबंधित दीवार को समाप्त कर दिया है। अब कोई भी छात्रा किसी भी शाखा में अध्ययन करते हुये अपनी रूचि एवं प्रकृति के अनुसार पसंदीदा विषय का चयन कर सकता है। इस प्रकार नई शिक्षा नीति में हर बच्चे के अन्दर अन्तर्रनिहित प्रतिभा को प्रस्फुटित करने का अवसर दिया है। नई शिक्षा नीति की पांचवी विशिष्टता स्थानीय एवं आचंलिक आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम का क्रियान्वयन है।

उल्लेखनीय है कि प्रकृति ने जैसे हर व्यक्ति को अलग-अलग गुण दिया है, वैसे ही हर क्षेत्र को पृथक-पृथक संसाधन दिया है। अत: स्थानिक एवं आंचलिक संसाधनता एवं आवश्यकता को देखते हुए पाठ्यक्रम की रचना स्थानिक विविधता एवं आंचलिक जनाकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं को पूर्ण करने में कारगर सिद्ध होगी। क्रेडिट ट्रांसफर की व्यवस्था नई शिक्षा नीति की छठीं अनूठी विशिष्टता है, जिसके तहत 5334 में, यदि अंतिम चार वर्षों में किन्हीं कारणों से कोई छात्रा चार वर्ष की पढ़ाई पूरा नहीं कर पाता तो भी वह खाली हाथ नहीं रहेगा व उसका परिश्रम बेकार नहीं जायेगा। एक साल पूरा करने पर सर्टिफिकेट, दो साल पूरा करने पर डिप्लोमा एवं तीन साल पढ़ाई पूरा करने पर उसे स्नातक डिग्री मिलेगी। इसी तरह चार साल पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उसे शोध करने के भी अवसर मिलेंगे। स्नातकोत्तर कक्षायें पूर्ववत चलती रहेंगी। उच्च शिक्षा को संचालित करने वाली विभिन्न नियामक संस्थाओं यथा- यूजीसी, एनसीटीई, एआईसीटीई, एनएएसी प्राय: तालमेल के अभाव में सार्थक परिणाम नहीं ला पा रही थी, अत: नई शिक्षा नीति में उक्त सभी संस्थाओं को नेशनल हायर एजूकेशन रेग्यूलेट्री कौंसिल में एकीकृत करना नई शिक्षा नीति सातवीं विशिष्टता है। इस नेशनल हायर एजूकेशन रेग्यूलेट्री काउन्सिल के कार्यरूप लेने के बाद निर्णय लेने एवं कार्यक्रमों की क्रियान्वयन में त्वरित गति आयेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि चौथी औद्योगिक क्रान्ति के मद्देनज़र कम्प्यूटर शिक्षा के अनिवार्य प्रावधान के चलते नई शिक्षा नीति इक्कीसवीं शताब्दी की आवश्यकताओं के अनुरूप है। नि:संदेह नई शिक्षा नीति उक्त विशिष्टताओं के चलते स्वागत योग्य है।

# महामारी के दौर में कुत्तों की देखभाल



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के परामर्शकारी संपादक हैं)

कोविड-19 वैश्विक महामारी ने पूरी दुनिया में मानव व्यवहार को प्रभावित किया है। इससे पुरानी समस्यायें गंभीर होने के साथ ही नई समस्यायें भी पैदा हुई हैं और कभी-कभी हिंसा का कारण बनी हैं। इसका कारण बीमारी का भय तथा ज्यादा समय तक घर पर रहने के कारण पैदा ऊब है जो लंबे लाकडाउन या अपनी पसंद से है। इससे चिड़चिड़ापन व गुस्सा पैदा होता है, पुरानी दुश्मनियां बढ़ती हैं तथा नई पैदा होती हैं। इसका एक उदाहरण सड़क पर रहने वाले कुत्तों के प्रति बढ़ती घृणा है जो रामायण व महाभारत काल से ही भारत की शहरी और ग्रामीण बस्तियों का अभिन्न अंग हैं।

प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पानी या आसमान में रहने वाले जीव जन्तुओं को उपनिषदों के दर्शन, वेदों, ब्रह्मसूत्र व पुराणों के वर्णनों तथा रामायण व महाभारत जैसे ग्रंथों में महत्वपूर्ण स्थान मिला है। इनके अनेक उदाहरण हैं। महाभारत के महाप्रस्थान पर्व में एक छोटे भूरे कुत्ते का उल्लेख आता है जो इस दुनिया से दूसरी दुनिया की यात्रा के समय पांचों पांडवों और द्रोपदी के साथ चलता है। मेरु पर्वत पर चढ़ते समय चार पांडव व द्रोपदी एक एक कर अपना शरीर त्याग देते हैं। पांडवों में सबसे बड़े युधिष्ठिर और कुत्ता आगे चलते रहते हैं। अचानक इंद्र अपना विमान लेकर आते हैं और युधिष्ठिर को सशरीर स्वर्ग चलने का आमंत्रण देते हैं। वे कहते हैं कि द्रोपदी और चारों पांडव वहां पहले ही पहुंच चुके हैं, लेकिन युधिष्ठिर पूछते हैं कि क्या यह कुत्ता भी उनके साथ आ सकता है। उसी समय कुत्ता धर्म का रूप धारण कर कहता है कि यह युधिष्ठिर की अंतिम परीक्षा थी। वे कहते हैं कि यदि युधिष्ठिर ने कुत्ते को त्याग दिया होता तो वे सशरीर स्वर्ग नहीं जा सकते थे।

इस कथा का बार-बार उल्लेख हुआ है। एक अन्य घटना का वर्णन कृतिबास ओझा रचित बांग्ला सप्तकांड रामायण में मिलता है। घटना उस समय की है जब रावण को पराजित करने तथा सीताजी को वाल्मीकि के आश्रम में भेजने के बाद भगवान राम अयोध्या में दरबार कर रहे हैं और लक्ष्मण जी प्रवेशस्थान पर सुरक्षा कर रहे हैं। उसी समय लाल आंखों वाला एक सफेद कुत्ता आता है जो एक पैर से लंगड़ा रहा है तथा उसके सिर पर खून जमा है। लगता है कि किसी ने उसे चोट पहुंचाई है। कुत्ता लक्ष्मण के पैरों पर गिर पड़ता है। पूछने पर वह कहता है कि अनुमति मिलने पर वह अपनी पीड़ा केवल भगवान राम को ही बता सकता है। लक्ष्मण से पता चलने पर भगवान राम कुत्ते को आने की अनुमति देते हैं। राम के सामने आते ही कुत्ता हाथ जोड़ कर उनकी प्रशंसा में गाने लगता है। आने का कारण पूछने पर वह कहता है, 'एक संन्यासी ने मुझे मारा है, जबकि मेरी कोई गलती नहीं थी। उस चोट की पीड़ा झेलते



हुए तीन दिन भूखे रहने के बाद मैं आपके दरबार में आया हूं। आपको उस संन्यासी से पूछना चाहिए कि मेरी क्या गलती थी और उसने मुझे डंडे से क्यों मारा?' भगवान राम ने फौरन संन्यासी को लाने का आदेश किदया ताकि न्याय किया जा सके। उन्होंने पूछा कि एक संन्यासी जानवरों के प्रति क्रूर कैसे हो सकता है? भगवान राम के दूत के साथ जा कर कुत्ता संन्यासी को पहचानता है। भगवान राम उससे पूछते हैं, 'तुमने अपना धर्म छोड़ कर जानवरों से क्रूर व्यवहार क्यों किया? अधर्म करने वाले को नर्क में जाना पड़ता है। जब तुम्हारे शरीर में इतना गुस्सा भरा है तो तुम्हें मुक्ति कैसे मिलेगी? दूसरों की निन्दा व उनके प्रति घृणा घोर पाप हैं। एक क्रूर व द्वेषी संन्यासी को भयानक नर्क का दंड मिलेगा। लालच, भ्रम व इच्छा छोड़ देने वाले संत को इस दुनिया में सम्मान मिलता है। संन्यासी होने के बावजूद तुम को इतना गुस्सा कैसे आया? इस कुत्ते का क्या अपराध था जिसे तुमने डंडे से मारा?' इस पर संन्यासी ने जवाब दिया, 'मैं कस्बे में भिक्षा मांगने जाता हूं तथा बाकी सारे दिन गंगा के किनारे प्रार्थना करता हूं। भिक्षा मांगने के समय मेरा पूरा शरीर भूख से पीड़ित था। मैंने कुत्ते को पूरी सड़क पर लेटे देखा। मैंने उससे जोर से रास्ता छोड़ने को कहा, पर उसने जैसे मेरी आवाज नहीं सूनी। वह सो रहा था। उसकी एक आंख बंद थी और उसने एक आंख से मुझे देखा। इस पर मुझे गुस्सा आ गया और मैंने उसे डंडा मारा। मैंने आपको सारी बातें बताई हैं। आप निर्धारित करें कि मुझे क्या दंड मिलेगा।' भगवान राम ने दंड के बारे में दरबारियों से पूछा तो उन्होंने कहा कि संन्यासी को गंगा स्नान से प्रतिबंधित कर दिया जाए। इस पर कुत्ते ने कहा कि उसे दंड न दिया जाए तथा कालिंजर का राजा बना दिया जाए। इस पर दरबारी हंसने लगे लेकिन भगवान राम ने संन्यासी को कालिंजर का राजा बना दिया। हाथी पर सवार संन्यासी कालिंजर की ओर चला, पर जनता उस पर हंस रही थी क्योंकि वह एक लंगोटी पहने व शाही छत्र लगाए हाथी पर सवार था। दरबारियों के यह पूछने पर कि संन्यासी को दंड देने के बजाय उसे राजा बनाने का क्या उद्देश्य है, भगवान राम ने कुत्ते से इसका जवाब मांगा। उसने कहा, 'भगवान शंकर के शाप से मृत्यु राजा का भाग्य नहीं बदलेगी और उसका पुन: जन्म कुत्ते का होगा। मैं भी पूर्व जन्म में राजा था और अब कुत्ता बन कर मुझे घोर कष्टों का सामना करना पड़ा है। लेकिन आपके दर्शन से अब मेरा दु:ख दूर हो गया है।' जहां सभी लोगों ने कहा कि संन्यासी को दुनिया में बहुत सी चीजें मिली हैं, वहीं कुत्ते ने कहा, 'निसंदेह कालिंजर का राजा अगले जन्म में कुत्ता बनेगा।' इसके बाद कुत्ते ने भगवान राम को प्रणाम किया और धीरे-धीरे वाराणसी पहुंचा। वहां उसने मृत्यु तक उपवास किया तथा भगवान राम के दर्शन पाने के कारण स्वर्ग प्राप्त किया।

श्रीमद्भागवत के पांचवें स्कंद में भी भगवान राम का संदर्भ आता है कि 'क्रूर व ईर्ष्यालु संन्यासी का दंड भयानक नर्क है।' इसके अनुसार, 'भगवान ने जीवों को विभिन्न रूप दिए हैं। उनमें से कुछ मनुष्यों के हितों के विपरीत हो सकते हैं। लेकिन मनुष्यों को दो कारणों से इन प्राणियों के खिलाफ व्यवहार नहीं करना चाहिए। उनमें यह समझने की शक्ति नहीं है कि उनके कार्यों से मनुष्यों को नुकसान होता है और मनुष्य जानता है कि बदले की कार्रवाई से उनको नुकसान होगा। निम्न जीवधारियों को स्वार्थ के कारण नुकसान पहुंचाने पर मनुष्य को अंधकूप में डालने का दंड मिलता है जहां वह उन प्राणियों के हमले से शारीरिक कष्ट पाता है जिनको उसने कष्ट पहुंचाए थे। अंधकार में, बिना निद्रा के ओर बेचैनी का शिकार होकर उसका जीवन नर्क बन जाता है।' श्रीमद्भागवत के इस संदर्भ से स्पष्ट है कि अनेक मनुष्य अपने द्वारा सड़कों पर रहने वाले कुत्तों के लिए पैदा विभीषिका को समझ नहीं पाते हैं। वे कुत्तों की भावना नहीं समझ पाते हैं कि वे भोंक कर लोगों को चोरों, डकैतों, आतंकियों व विद्रोहियों से सतर्क करते हैं। इसी कारण जम्मू कश्मीर में आतंकियों तथा मध्य भारत के कुछ हिस्सों में माओवादियों ने गांव वालों से अपने क्षेत्रों में सभी कुत्ते मारने को कहा है।

वर्तमान स्थिति में कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण सड़क पर रहने वाले कुत्तों का जीवन पूरी तरह बदल गया है। होटलों, ढाबों और रेस्तराओं के बंद होने से उनको भोजन मिलना बंद हो गया है। कुत्तों को अब न केवल कचरे में फेंका गया भोजन नहीं मिल पाता है, बल्कि वे इन संस्थानों के मालिकों व कर्मचारियों द्वारा दिए जाने वाले भोजन से भी वंचित हो गए हैं। अब कुत्तों को भोजन के लिए भटकना पड़ता है जिसकी आदत छूट गई थी। क्या कुत्तों से घृणा करने वाले जानते हैं कि सड़कों पर रहने वाले अधिकांश कुत्ते बिना किसी शर्त के लोगों के प्रति प्रेम व स्वामिभक्ति का प्रदर्शन करते हैं।

## आप की बात

### मुंबई पर दोहरी मार

**मुंबई** किसको नहीं भांति, एक्टर हो या क्रिकेटर सभी के लिए मुंबई लाइफ लाइन है। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी होने के नाते अत्यंत महत्व रखती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली लोगों के दिलों में बस्ती तो मुंबई जहेन में। बाढ़ की मार झेलता मुंबई, न जाने खुद को कब से कोसता होगा। साल बदल गए, सरकार बदल गई लेकिन तस्वीर नहीं बदली। कोशिश हो तस्वीर बदलनी चाहिए। आज भी खुद पर मुंबई तरस खाती होगी ,ढंग का सीवेज सिस्टम नहीं है। बारिश हो जाए,तो लोग बेघर, जलजमाव की परेशानी दूर करें, या रोजी रोटी के लिए दिन रात एक करें।एक तो कोरोना की मार,ऊपर से बेरोजगार, भगवान को लोग तो कोसते होंगे, लेकिन करें क्या। बाढ़ ने लोगों की मुश्किल को दुगनी कर दिया है। सबसे ज्यादा अगर लॉक डाउन के दौरान कहीं सुसाइड हुआ तो मुंबई है। लोगों के सपने पूरा करने वाला महाराष्ट्र, जीवन को खत्म कर दे रहा। कहते हैं समय बड़ा बलवान है। उम्मीद है समय के साथ सब कुछ जल्द ही सामान्य होगा।बेहतर होगा कि अगर प्रशासन और सरकार गंभीरता से ठोस कदम उठाए। जिससे आम नागरिक के लिए बनी सरकार उनका कुछ भला कर सकें, अन्यथा उम्मीद ही कहां है।

– **अमन जायसवाल,** नई दिल्ली

### सामाजिक असुरक्षा का निदान

**कोविड**-19 के कारण भारत की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से नुकसान पहुंचा है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव समाज के मध्यम वर्ग को ही पड़ा है।जिसमें से बहुत सारे लोग मजदूरी करने को मजबूर हो गए और उनकी आय में भी कोई सुधार नहीं हुआ है। हमने देखा था कि जब कोविड-19 के रोकथाम हेतु लॉकडाउन हुआ था तो कई टीवी चैनलों पर घूमते मजदूर और पलायन करते मजदूरों से संबंधित खबरों की संख्या में बहुत उछाल था परंतु अब इनकी चिंता कहीं नहीं है। रिवर्स माइग्रेशन दशक में सबसे ज्यादा इस साल देखने को मिला है जहां पर लोग नौकरी करने अपने गांव से शहर की तरफ बढ़े परंतु द्वारा शहर से गांव की तरफ आ रहे हैं। भारतीय संविधान की मुख्य विशेषता एक कल्याणकारी समाज को बनाना है। संविधान की प्रस्तावना और राज्य के नीति निर्देशक तत्व मैं यह विदित है कि हमारा लक्ष्य केवल कल्याणकारी समाज को स्थापित करना है बल्कि सस्टेनेबल विकास हेतु एक एजेंडा भी तैयार है। परंतु इसी बीच मजदूरों के पलायन से कहीं ना कहीं सामाजिक असुरक्षा का विषय भी आता है। देश की अर्थव्यवस्था में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाले असंगठित क्षेत्र में कार्य बल लगभग 90 प्रतिशत तक का है।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

### मजदूरों की जान सस्ती है!

**देश** में सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान जहरीली गैस के कारण मौतें होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। झारखंड राज्य के देवघर जिले के देवीपुर गांव में 4 मजदूरों सहित मकान मालिक और उसके बेटे की सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस के कारण मौत हो गई। यह युग तकनीकी व विज्ञान का युग है। नित्य नई नई तकनीकें सामने आ रही है। जो इंसानों को हर सुख सुविधा दे रही है , लेकिन विडंबना की बात है कि सेप्टिक टैंक में मौतों का सिलसिला रोकने के लिए ऐसी कोई तकनीकी विकसित नहीं की गई जो बेशकीमती जान बचाने के लिए बेहद जरूरी है! चाहे मजदूर मरे या मकान मालिक मरता तो इंसान है। इन इंसानों की कमियां उन परिवारों के लिए कितनी खलने वाली होती है! सोचने व समझने वाली बात है। सेप्टिक टैंक से होने वाली मौतें विज्ञान / वैज्ञानिकों को चुनौती दे रहे हैं कि इन मौतों को रोकने के लिए ऐसी तकनीकी का विकास किया जाए जो चमत्कार हो, ताकि अपने अपने परिवार में महत्वपूर्ण बेशकीमती जानों को बचाया जा सके।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**पिछले** कई वर्षों से महत्वपूर्ण शैक्षिक सुधार न होने के कारण हमारा समाज कल्पना व जिज्ञासा के बजाए भीड़ मानसिकता को बढ़ावा देने लगा है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यदि** डेमोक्रेट महत्वपूर्ण राहत को बंधक बनाए रखेंगे तो मैं राष्ट्रपति होने के नाते अधिकारों का प्रयोग कर अमेरिकी जनता को वह राहत दिलाऊंगा जिसकी उसे जरूरत है।

–**डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**जम्मू**-कश्मीर एक टूटा हुआ राज्य था। पिछले वर्ष अगस्त में राजनीतिक तथा अलगाावाडी नेताओं की गिरफ्तारी पर एक भी आत्मा की चीत्कार नहीं सुनाई दी।

– **बीवीआर सुब्रमण्यम**
मुख्य सचिव जम्मू-कश्मीर

## क्विक न्यूज

### युवक का खेत में शव मिलने से हड़कंप

**चकलवंशी, उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर के मजरा सुब्बाखेड़ा निवासी प्रेम कुमार (40) पुत्र कांशी बेधनू गांव में किसानी करता है। सोमवार को सायं करीब चार बजे मखियत खेड़ा निवासी राम औतार के धान के खेत में उसका शव पड़े होने की सूचना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराया। करीब आधा घंटा बाद ग्रामीणों ने उसकी प्रेम के रूप में पहचान की। उसके घर में सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव देख कर कहा कि गला दबा कर हत्या करने की आशंका जाहिर की है। पत्नी के अनुसार वे दोपहर दो पच्चीस किलो गेहूं लेकर बेधनू बाजार मोबाइल की मरम्मत कराने गया था। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि उसका सिर धान के खेत में भरे पानी में था मुंह से झाग निकल रही थी। शराब अधिक पीने से पानी में गिरने से मौत होने की आशंका है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जायेगी। मौत की सूचना पर मां निर्मला पत्नी प्रेमा और पांच बच्चे अजय, विजय, मंशाराम, राजकुमार, व अंकित रो रो कर बेहाल है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार बेधनू शराब ठेके पर किसी से मारपीट हुई थी ठेके से करीब पांच सौ मीटर दूर शव मिला है। दूर मृतक के चचेरे भाई आदित्य राजपूत पुत्र राम औतार ने पुलिस को तहरीर दी कोई आरोप नहीं लगाया है।

### लाखों रुपए खर्च के बावजूद गंदगी से पटे स्टेडियम

**पुरवा, उन्नाव।** तहसील क्षेत्र में सपा शासन में बनवाये गए पुरवा व असोहा खेल स्टेडियमों में अभी तक बहुत कम खेल आयोजित किए गए हैं। मगर यह स्टेडियम अब जंगली जानवरों के लिए बसेरा जरूर बन गए हैं। लगभग दस साल पुराने इन स्टेडियमों की मंजूरी पूर्व विधायक उदयराज यादव ने दिलाया था। जिसमें एक स्टेडियम की लागत करीब आठ लाख रुपए आई थी। बताते चले कि असोहा व पुरवा के यह स्टेडियम घोर जंगल में बने हुए है। यहां पर कोई खिलाड़ी जाना पसंद नहीं करता। यह दोनों स्टेडियमों में गंदगी व जंगल से पटे हुए है। जिससे जंगली जानवरों ने अब बसेरा बना लिया है। स्टेडियम की फर्श टूट कर बिखर गई है। रंगाई-पुताई व रखरखाव के नाम पर लाखों रुपए विभाग के अधिकारी व ठेकेदार हजम कर गए। फिलहाल यह दोनों स्टेडियम अपनी किस्मत पर आंसू बहा रहे हैं। हर साल इन में लाखों रुपए खर्च करने के नाम पर रुपए का बंदरबांट जरूर हो रहा है।

### दोबारा पोस्टमार्टम कराए जाने को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**उन्नाव।** फतेहपुरचौरासी थाना क्षेत्र के नैनीखेड़ा गांव निवासी जयनारायन बुधवार की दोपहर खेत की नाली के पास बेहोशी की हालत में पड़े मिलने पर परिजनों ने सीएचसी सफीपुर ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। मृतक की पत्नी सुशीला देवी से दी गई तहरीर के मुताबिक गांव के ही दो युवक बुधवार को अटवा गांव में काम करने के लिए लिवा ले गए थे। आरोप है कि दोनों युवकों ने जयनारायन को शराब पिला कर हत्या कर दी गई है। परिजनों के पढ़े लिखे न होने पर जेठ वीरेन्द्र को ले जाकर दोनों युवकों ने जहरीला कीड़ा काटने से मौत होने की बात कहने के लिए और कई सादे कागजों पर हस्ताक्षर व अंगूठा लगवा कर मामले को रफादफा कर दिया। पीड़िता व ग्रामीणों का आरोप है कि युवकों ने हस्ताक्षरयुक्त कागजातों को पढ़कर सुनाया भी नहीं गया। पीड़ित परिजनों के अनुसार थाने में तहरीर दी थी। मगर पुलिस से आरोपितों पर कोई कार्रवाई नही की गई। जिससे मजबूर होकर परिजन व ग्राम प्रधान व सचिव ने एसपी आवास पहुंचे पर उनसे फरियाद सुनने पहुंच गए थे। फिर भी कोई कार्रवाई न होने पर सोमवार को परिजन व ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंच गए। उधर, डीएम रवींद्र कुमार के न मिलने पर परिजनों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। परिजनों ने मांग की कि शव को खुदवाकर दोबारा पोस्टमार्टम कराया जाए। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने मामले की एसडीएम को रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई करने की बात कही है। जिसके बाद परिजन वापस घर लौट गए।

### मनरेगा मजदूरी न मिलने पर धरने पर बैठक श्रमिक



**उन्नाव।** मनरेगा मजदूरी न मिलने से दंश झेल रहे बिछिया ब्लाक के मैना गांव के श्रमिकों का सोमवार को सब्र टूट गया। ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर अपने हक को लेकर बीडीओ कक्ष के बाहर धरने में बैठ गए। बीडीओ के न मिलने पर ब्लॉक प्रमुख पति को मांग पत्र देकर निराश होकर वापस लौट गए। मैना गांव के मनरेगा श्रमिकों ने लाकडाउन के दौरान गांव में दो तालाबों की खुदाई के अलावा एक कच्चे सड़क में एक सैकड़ा श्रमिकों ने अप्रैल माह में काम किया था। ग्राम प्रधान व सचिव की लापरवाही से आज तक उनके मानदेय का भुगतान नहीं हुआ। दो माह पूर्व भी ब्लॉक कार्यालय में मानदेय को लेकर बीडीओ के आश्वासन पर वापस लौट गए थे। चार माह गुजर जाने के बाद सोमवार को आर्थिक तंगी झेलते रहे दो दर्जन श्रमिक बीडीओ कार्यालय धरने पर बैठे पैदल कूचकर धरने पे बैठ गए। श्रमिकों को ब्लाक में बीडीओ के न मिलने पर डीएम को फोन मिलाया। लेकिन डीएम का फोन नहीं उठा। श्रमिकों में शिवनारायण, महादेव, रामलखन, दिनेश, शिवकुमार व रमेश ने बताया 22 मई से 29 अप्रैल तक काम करने के बावजूद आज तक मजदूरी न मिलने से परिवार भुखमरी की कगार पर है। श्रमिकों का आरोप है कि ग्राम प्रधान जाब कार्ड भी नहीं दिया। मस्टर रोल में आधा सैकड़ा फर्जी श्रमिकों के नाम से भुगतान भी करवा लिया है। हम सब दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। उधर, बीडीओ के न मिलने पर मौजूद ब्लाक प्रमुख पति रामप्रसाद यादव को श्रमिकों ने एक बीडीओ को संबोधित भुगतान शिकायती पत्र सौंपा। प्रमुख पति ने सीडीओ से श्रमिकों की समस्या को रखने के बाद श्रमिक घर लौट गए।


### राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को गंभीरता से लें: गुप्ता

**प्रयागराज।** कोरोना महामारी कोविड 19 को लेकर कर्मचारियों को उचित दूरी और मानदंडों का पालन जरूर करना चाहिए। सिफारिश के आने के पादप्रक्रम के लिए सरकार द्वारा नियुक्त डॉक्टरों की एक टीम का उल्लेख करने से पहले कॉलर्स और प्रश्नों पर स्क्रीनिंग का ध्यान केंद्रित किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एचसीएल समर्पित गौतम बुद्ध नगर में चौबीस घंटे और सातों दिन एकीकृत नियंत्रण केंद्र का दौरा किया। यह केंद्र जो तीन अप्रैल से चालू है। यूपी के पहले ऐसे केंद्रों में से एक है और महामारी के मद्देनज़र नागरिक प्रश्नों के जवाब में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एचसीएल ने ऑल इन वन कंट्रोल रूम की स्थापना की है। एचसीएल के कर्मचारी आवश्यक सामाजिक दूरियों के मानदंडों को ध्यान में रखते हुए कॉल सेंटर संचालन का समर्थन करते रहे हैं। संजय गुप्ता कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट और प्रोग्राम डायरेक्टर एचसीएल के न्यू विस्टास ने कहा कि एचसीएल में हमेशा राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लिया है।

### थर्मल स्क्रीनिंग आरोग्य सेतु एप का इस्तेमाल जरूरी

**प्रयागराज।** पूरे देश में लॉकडाउन के चलते अप्रत्याशित परिस्थिति के कारण पिछले पांच महीनों से लोग बचत करने के मौकों से वंचित है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत के सबसे बड़ा ऑनलाइन ग्रॉसरी रिटेलर ग्रोफर्स ने अपनी प्रमुख सेल ग्रैंड ऑरेंज बैग डेज़ के चौथे संस्करण के साथ एक बार फिर आ पहुंचा है। नौ दिनों तक चलने वाली सेल आठ अगस्त से शुरू हो गयी है और सोलह अगस्त तक चलेगी। इन दिनों लोगों के सामने बेजोड़ बचत सबसे कम कीमतें और राष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ साथ ग्रोफर्स के इन हाउस ब्रांड्स के विभिन्न प्रोडक्ट पर आकर्षक ऑफर्स मिलेंगे। ग्रोफ़र्स के फाउंडर सौरभ कुमार ने कहा कि जीओबीडी के चौथे संस्करण के साथ सबसे कम कीमतों के साथ अधिकतम बचत पेश कर रहे हैं। डिलीवरी कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। सभी के लिए यह बेहद चुनौतीपूर्ण समय है। रोज़ाना थर्मल स्क्रीनिंग और आरोग्य सेतु एप्प का इस्तेमाल अनिवार्य किया गया है। स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया और वह सोशल डिस्टेटिंग का पालन करते हैं।

### ब्रिगेडियर एके चतुर्वेदी ने आर्मी बेस वर्कशॉप की संभाली कमान



निवर्तमान ब्रिगेडियर वीके शर्मा से चार्ज लेते नवनियुक्त ब्रिगेडियर एके चतुर्वेदी

**प्रयागराज।** ब्रिगेडियर एके चतुर्वेदी ने 508 आर्मी बेस वर्कशॉप की कमान संभाल ली। उन्होंने अब तक यहां ब्रिगेडियर रहे वी के शर्मा की जगह जिम्मेदारी संभाली है। ब्रिगेडियर वी के शर्मा की तैनाती नई दिल्ली की गई है। कार्यशाला में निवर्तमान ब्रिगेडियर वी के शर्मा ने प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने और सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों को बनाए रखने में उनके मूल्यवान योगदान के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान शुरू की गई उत्पादन उपलब्धियों और कल्याणकारी उपायों की सराहना की। श्री शर्मा ने निकट भविष्य में मील के पत्थर हासिल करने की दिशा में ब्रिगेडियर ए के चतुर्वेदी को पूरा सहयोग देने के लिए सभी रैंकों और नागरिकों से अपील भी की। ब्रिगेडियर ए के चतुर्वेदी ने 508 आर्मी बेस वर्कशॉप की कमान संभालते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ा सम्मान और जिम्मेदारी है। जो उन्हें न केवल उम्मीद है बल्कि दृढ़ता से विश्वास भी दिलाता है कि आने वाले समय में 508 आर्मी वर्कशॉप के सभी कर्मचारियों के समर्थन से अधिक से अधिक ऊंचाइयां हासिल करेंगे। यह जानकारी विंग कमांडर एवम रक्षा मंत्रालय प्रयागराज के जनसंपर्क अधिकारी शैलेन्द्र पांडेय की ओर से दी गयी।

# दो प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

● लापरवाही बरतने का है आरोप

**पायनियर समाचार।** वाराणसी

**जिलाधिकारी** कौशल राज शर्मा ने आज कैंप कार्यालय में बैठक कर कोविड के कार्यों की समीक्षा किया जिलाधिकारी ने कोनिया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रेणु सिन्हा और बजरडीहा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना सिंह के द्वारा कोविड कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। समय से कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग एवं सैंपलिंग तथा समय से डाटा से फीड न करने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि दोनों चिकित्साधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर अन्य अनुशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आरसीएच को निर्देशित किया कि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा लिए गए निर्णय एवं विगत 7 अगस्त को दैनिक समाचार पत्रों में संविदा के अंतर्गत निर्धारित मानदेय के आधार पर अस्थायी रूप से एमबीबीएस चिकित्सकों हेतु प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में आईएमए से उनके सदस्य चिकित्सकों एवं प्राइवेट हॉस्पिटलों के चिकित्सकों की सूची प्राप्तकर वॉक इन इंटरव्यू में उन्हें सम्मिलित करते हुये कोरोना के अंतर्गत उनकी ड्यूटी सुनिश्चित कराएं। उल्लेखणीय है कि आईएमए के अध्यक्ष एवं मानद सचिव ने अपने विगत 3 अगस्त के पत्र में जिलाधिकारी को प्रस्ताव दिया था कि समुचित पारिश्रमिक इत्यादि के आधार पर आईएमए के सदस्य कोविड.19 के अंतर्गत अपनी सेवा दे सकते हैं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में संचालित नर्सिंग कॉलेज एवं पैरामेडिकल कॉलेज के संचालकों से नर्सिंग एएनएम व लैब टैकनीशियन और लैब असिस्टेंट कोर्स में अंतिम वर्ष अध्ययनरत छात्र.छात्राओं की सूची प्राप्तकर तत्काल कम्युनिटी सर्विस के अंतर्गत कोविड के कार्यों में उनकी सेवाएँ सुनिश्चित की जाएँ।

जिलाधिकारी ने दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के अधीक्षक को निर्देशित किया कि दीनदयाल अस्पताल में कोविड मरीजों के एंबुलेंस से पहुँचने पर उनके 15 से 20 मिनट में भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करें और तत्काल प्रभाव से उनके उपचार की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने अधीक्षक को अस्पताल में लगे वाटर प्यूरिफायरों तत्काल सही कराने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में नव स्थापित फायर फाइटिंग सिस्टम जो अभी तक कार्यरत नहीं है इसके लिए संबन्धित निर्माण एजेंसी सी एंड डी एस से वार्ता कर तत्काल उसे क्रियाशील कराएं। इसके साथ ही अस्पताल में कोविड मरीजों के खानपान की व्यवस्था को स्वयं अपने निर्देशन में अच्छे ढंग से सुनिश्चित करें।

# बीएचयू सर सुंदरलाल अस्पताल में शुरू हुईं स्वास्थ्य सेवाएं, मरीजों ने ली राहत की सांस

**पायनियर समाचार।** वाराणसी



**कोरोना संक्रमण** के बाद शुरू लॉकडाउन के चलते बन्द काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सर सुंदरलाल चिकित्सालय में बंद स्वास्थ्य सेवाएं सोमवार से दोबारा शुरू हो गई। यहां से बस सेवा शुरू होने के साथ ही मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। कोरोना के चलते मार्च से बन्द बीएचयू सर सुंदरलाल अस्पतालए ट्रामा सेंटरए दंत चिकित्सा संकाय में ओपीडी शुरू होने से पूर्वांचल के गरीब मरीजों को फायदा होगा। काशी हिंदू विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक एक दिन में एक विभाग 50 मरीज ही देखे जाएंगे। इसमें 25 मरीजों का आनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा जबकि 25 को टेली मेडिसिन के माध्यम से देखा जाएगा। इसमें बीएचयू छात्र व स्टाफ शामिल हैं। मरीज एसएसएच आइएमएस बीएचयू के एप डाऊनलोड कर इस पर बुकिंग करा सकते हैं। इस एप को एचडीएफसी बैंक के सर्किल हेड मनीष टंडन के नेतृत्व में तैयार किया है। बताया जा रहा है कि ऑर्थो की ओपीडी की बुकिंग रविवार दोपहर तक ही भर गई थी। डॉक्टर को दिखाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था के तहत एक दिन पहले ही देर शाम तक आधे से अधिक विभागों की बुकिंग फुल हो गई। अब यही मरीज आज सोमवार की सुबह डॉक्टर को दिखाने आए। खुलने के पहले दिन ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ देखी गई। बीएचयू अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर में मार्च के अंतिम सप्ताह से ही बंद थी। मरीजों की सुविधा के लिए टेलीमेडिसिन सेवाएं चल रही थीए लेकिन अब सामान्य ओपीडी भी खुल जाने से मरीजों ने राहत की सांस ली है गई। सर सुंदरलाल चिकित्सालय की ओपीडी की बुकिंग नौ बजे से शाम पांच बजे तक हो रही है। एप पर दी गई जानकारी के मुताबिक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक हर एक.एक घंटे का स्लॉट विभागों के लिए रखा गया है।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य को भाजपाइयों ने भेंट की भगवान राम की प्रतिमा

● डिप्टी सीएम ने कोविड 19 को लेकर की समीक्षा बैठक

**पायनियर समाचार।** प्रयागराज



**सूबे के** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को कानपुर नगर से वाया हेलीकाप्टर प्रयागराज पहुंचे। जहां सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपाइयों ने डिप्टी सीएम का स्वागत और अभिनंदन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मूर्ति भेंटकर किया। अयोध्या में 5 अगस्त को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भूमि पूजन के पश्चात पहली दफे प्रयागराज पहुंचने पर डिप्टी सीएम का भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने प्रयागराज की जनता और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से शहीद चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस में स्वागत किया। उनका स्वागत और अभिनंदन अंगवस्त्रम पहनाकर किया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रयागराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रयागराज के हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय अशोक सिंघल पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी आदि वरिष्ठ नेताओं और असंख्य कार्यकर्ताओं ने अपना सर्वस्य सहयोग दिया। महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की भी बड़ी भूमिका रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शहीद चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस में कोविड 19 के संदर्भ में जिलाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने जिले की स्थिति की जानकारी लेने के साथ अधिकारियों से सुझाव लिए। समीक्षा बैठक में कोविड 19 से पीड़ित मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा देने के लिए केशव मौर्य ने निर्देशित किया। बैठक में केसरी देवी हर्षवर्धन रेखा विभव नाथ वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी आदि रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता।** उन्नाव




**जिला विकास** समन्वय समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को सांसद सच्चिदानन्द हरि साक्षी जी महाराज की अध्यक्षता में निराला प्रेक्षागृह में आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण), महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन नगरीयव ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर काफी गंभीर है। जिसके तहत जनपद उन्नाव में विकास योजनाओं को विकास की धारा में लाने का पूरा काम कर रही है। सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का समय से पूरा लाभ मिले और मिल भी रहा है। आयुष्मान भारत योजना पर चर्चा करते हुए सीएमओ डा. आशुतोष कुमार को सिम्पेथी के साथ कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए। सांसद ने कहा जो भी मरीज अस्पताल में आता है उसे तत्काल उपचार दिया जाए जनपद में एल0-1, एल0-2 अस्पतालों में सारी व्यवस्थाये सुनिश्चित की जाए। जिससे की गंभीर से गम्भीर परिस्थिति में भी मरीजों को अपने ही जनपद में इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 से बचने के लिये हम सभी का यह प्रयास होना चाहिये की शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। शासन के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करें। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष संगीता सेंगर, सदर विधायक पंकज गुप्ता, विधायक बृजेश रावत समेत सीडीओ आदि मौजूद रहे।

### माटी कला टूलकिट्स योजना के तहत मशीन का वितरण

**वाराणसी।** विकास खण्ड सेवापुरी में माटी कला टूलकिट्स योजना के अंतर्गत मशीन का वितरण वितरण किया गया। जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय में सोमवार दोपहर यूपी खादी ग्राद्योग बोर्ड वाराणसी द्वारा नीति आयोग के चयनित किये गये विकास खण्ड सेवापुरी में माटी कला टूलकिटस योजना के अंतर्गत मशीन का वितरण एवं दोना पत्तल के मशीनों का वितरण किया गया । इसमें 10.10 लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नि:शुल्क मशीन का वितरण किया गया जिससे वे अपना रोजगार कर सकें। माटी कला टूलकिट्स योजना में मनोज कुमार प्रजापति सुरेश कुमार प्रजापति लखन्दर प्रजापति राजेश प्रजापति पांचू रामकिशुन सुजीत संतोष धन्नी देवी एवं शिव कुमारी को नि:शुल्क मशीन दिया गया । दोना पत्तल मशीन श्याम कुमारी मुन्नी देवी रेखा गीता शकुन्तला मुन्नी देवी सविता बुचुनी एवं मुनका देवी को दिया गया।

# वाराणसी में फुलवरिया फोरलेन के सड़क निर्माण की आयेगी तेजी

● अतिक्रमणकारियों को हटाने की हुई कार्रवाई

**पायनियर समाचार।** वाराणसी



**सड़क निर्माण में** बाधक बने लोगों को हटाने और समझाने के लिए सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ निर्माण टीम ने लोगों को समझाया। वाराणसी में फुलवरिया फोरलेन के सड़क निर्माण कार्य में बाधक बने अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए सोमवार को प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया। गत दिनों के प्रतिरोध को देखते हुए एहतियातन मौके पर कई थानों की फोर्स रैपिड एक्शन फोर्स तैनात की गई थी। जानकारी के मुतबिक अधिग्रहण के तहत पड़ने वाले 12 मकानों को उनकी सहमति से खाली करा लिया गया है। इन लोगों को आसरा योजना के तहत ऐढ़े और बजरडीहा में मकान दिया गया है। पीडब्ल्यूडी की ओर से सामान ढोने के लिए गाड़ी मुहैया कराई गई। पिछले दिनों सड़क निर्माण के लिए पहुंची टीम को स्थानीय जनता के विरोध के चलते टीम को बैरंग लौटना पड़ा था। इस दौरान टीम का नेतृत्व कर रहे एसडीएम सदर महेंद्र श्रीवास्तव ने अतिक्रमण करने वालों को रक्षाबंधन तक का मौका दिया था। अतिक्रमण करने वाले 55 लोगों को पीडब्ल्यूडी की ओर से नोटिस जारी किया था। इनमें 12 लोगों ने मुआवजा लेकर मकान खाली कर दिया है। जिसे तोड़ने की कार्रवाई चल रही है। बाकी लोगों से मुआवजा लेने को कहा गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि पिता.दादा के जमाने से भी लोग यहीं पर काबिज हैं। प्रशासन बगैर जमीन का मुआवजा दिए उन्हें हटा रहा है। ऐसी स्थिति में वे पूरा परिवार लेकर कहां जाएंगे। निर्माण के साथ.साथ प्रशासन जमीन का भी मुआवजा दे।एसडीएम सदर ने कहा कि यहां फुलवरिया फोरलेन का निर्माण होना है यहां पीडब्ल्यूडी को सड़क बनानी है। सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा किया है। सेना की जमीन को अतिक्रमण करने वालों को उनके निर्माण का मुआवजा दिया जा रहा हैए जबकि वे जमीन का मुआवजा मांग रहे हैं।

# कोरोना संक्रमण के शिकार तीन की मौत, 161 संक्रमित



**वाराणसी।** जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को 161 कोरोना संक्रमित मिले जबकि तीन कोरोना संक्रमण के शिकार व्यक्तियों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार करो ना बचाव की जानकारी देने के साथ ही फागिंग कराई जा रही है एंटी लारवा का छिड़काव किए जा रहे हैं। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़े के मुताबिक 161 कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की पहचान हुई जबकि कोरोना पॉजिटिव मरीज 3 मरीजों की इलाज के दैरान मौत हो गई है। इसके साथ ही जनपद में कोरोना से मौत का आंकड़ा 85 हो गया है। सोमवार को 44 व्यक्तियों ने करोना को मात देकर घर वापसी कर लियाए जहां इन लोगों का स्वागत किया गया। स्वस्थ होने के बाद मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। होम आइसोलेशन कर रहे 131 मरीज भी स्वस्थ हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक वर्तमान में जनपद में कोरोना के 1701 एक्टिव केस हैं। वहीं अब तक कुल 2930 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

# दिनों दिन बढ़ रही दूरस्थ शिक्षा की लोकप्रियता: कुलपति

● कानपुर क्षेत्रीय केंद्र के समन्वयकों की ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित



**प्रयागराज।** लचीलेपन एवं तर्क अभिगम्यता के चलते दूरस्थ शिक्षा की दिनों दिन लोकप्रियता बढ़ रही है। साथ ही न्यूनतम लागत पर अधिकतम लोगों तक पहुंचने का सामर्थ्य दूरस्थ शिक्षा में ही है। ऐसे समय में जहां शैक्षणिक संस्थाएं बंद पड़ी हैं। मुक्त विश्वविद्यालय में नामांकन जारी है एवं सुरक्षात्मक कारणों से अभिभावक एवं छात्र दूरस्थ शिक्षा को अपना रहे हैं। यह बातें उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने सोमवार को क्षेत्रीय केंद्र कानपुर के अंतर्गत आने वाले अध्ययन केंद्र समन्वयकों की ऑनलाइन कार्यशाला में कहीं। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि शिक्षार्थियों एवं अध्ययन केंद्रों के बीच बेहतर संवाद एवं विमर्श स्थापित करने के लिए इस सत्र में पहले वर्चुअल एवं बाद में स्थिति सामान्य होने पर वास्तविक रूप में अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिससे सभी शिक्षार्थी दूरस्थ शिक्षा की व्यवस्था से सुपरिचित हो सकें। क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों की कार्यशाला में ऑनलाइन प्रतिभाग कर रहे अध्ययन केंद्रों के प्राचार्यों और समन्वयकों तथा कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह का स्वागत क्षेत्रीय केंद्र कानपुर की समन्वयक डॉक्टर शुचिता चतुर्वेदी ने किया। कानपुर क्षेत्रीय केंद्र के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर पी के पांडेय ने कार्यशाला के बारे में सभी को बताया। कार्यशाला का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉक्टर गिरीश कुमार द्विवेदी ने किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी डॉक्टर प्रभात चंद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### नौनिहालों को विटामिन ए की खुराक देने को चलेगा बाल स्वास्थ्य पोषण माह

**वाराणसी।** आगामी दिनों में नौनिहालों को विटामिन ए की खुराक पिलाने के लिए विटामिन ए संपूरण कार्यक्रम के रूप में ष्बाल स्वास्थ्य पोषण माहष् का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में जनपद स्तरीय नियोजन एवं समीक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान अभियान के नोडल अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीएस राय ने बताया कि अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के संबंध में स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस विभाग को संयुक्त रूप से दिशा.निर्देश दे दिये गए हैं। अभियान से जुड़े दोनों विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वह ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस ;वीएचएसएनडी व यूएचएसएनडीद्ध सत्रों में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित मात्रा में विटामिन ए की खुराक पिला सकें।

# पर्वों को लेकर डीएम ने की बैठक, दिए दिशा निर्देश




● श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस में नही निकाली जाएगी झांकी, पुलिस अपनी ड्यूटी पर रहेगी मुस्तैदी: एसपी

**उन्नाव।** डीएम रविंद्र कुमार व एसपी रोहन पी कनय ने सोमवार को विकास भवन सभागार में धर्मगुरुओं, धर्माचार्य, गणमान्य व्यक्तियों व संबंधित अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व मोहर्रम के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक बैठक की।

डीएम ने कहा कि आगामी 12 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस के पर्व पर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी झांकी नहीं निकाली जाएगी न ही कोई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा सभी अपने घरों में अपने रीति रिवाज के अनुसार घरों में ही पूजा अर्चना करेंगे। एसपी ने कहा 29 को मोहर्रम के अवसर पर इस बार जनपद में ताजिया भी नहीं निकाले जाएंगे। कहा कि त्योहार से निपटने के लिए जिले की पुलिस तैयार है। पुलिस अपनी ड्यूटी मुस्तैदी के साथ करेगी उन्होंने कहा असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी अगर कोई किसी भी तरह की अफवाह फैलाता है पुराने वीडियो वायरल करता है या बदमाशी दिखाता है तो उनके खिलाफसख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट, चंदन पटेल, सभी सीओ व एसडीएम मौजूद रहे।

# बाजवा की पुलिस सुरक्षा वापस लेना नियमित प्रक्रिया : अमरिंदर

भाषा। चंडीगढ़



**पंजाब के** मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रताप सिंह बाजवा को राज्य पुलिस द्वारा दी गई सुरक्षा को वापस लेने का सोमवार को बचाव करते हुए कहा कि यह नियमित प्रक्रिया है और इसका राज्य सरकार से उनकी चल रही तनातनी से कोई संबंध नहीं है। उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने शनिवार को राज्य की ओर से बाजवा को दी गई सुरक्षा वापस लेने का फैसला करते हुए कहा कि उन्हें केंद्रीय सुरक्षा उपलब्ध है और यह किसी खतरे का भी सामना नहीं कर रहे हैं।

राज्य सरकार का यह फैसला तीन जिलों में जहरीली शराब से 121 लोगों की मौत की पृष्ठभूमि में बाजवा और कांग्रेस के अन्य राज्यसभा सदस्य शमशेर सिंह दुल्लो द्वारा राज्य में शराब कथित अवैध कारोबार की सीबीआई जांच कराने की मांग के कुछ दिन बाद आया। बाजवा ने शनिवार को मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि वह स्तर से नीचे जाकर कार्रवाई कर रहे हैं और सरकार की कार्यप्रणाली की खामियों को उजागर करने पर उनके पूरे परिवार को खतरे में डाला जा रहा है। इस पर टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संदर्भ से बाहर जाकर बाजवा इस सुरक्षा समीक्षा को बिना किसी आधार के राज्य सरकार और उनके बीच तनातनी से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में बाजवा की शिकायत क्षुद्र और तुच्छ है, न कि तथ्यों पर आधारित। अमरिंदर सिंह ने कहा, वर्ष 2013 की राज्य सुरक्षा नीति के तहत उनपर मंडरा रहे खतरे की आवधिक समीक्षा के आधार पर यह नियमित प्रक्रिया थी, क्योंकि मार्च में केंद्र द्वारा उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कभी भी वास्तविक जरूरत होने पर सुरक्षा मुहैया कराने से इनकार नहीं किया, लेकिन सरकार बिना वजह पुलिस कर्मियों की तैनाती वहन नहीं कर सकती, खासतौर पर तब जब कोरोना वायरस की वजह से सुरक्षा बल भारी दबाव में हैं। मुख्यमंत्री ने बादल को दी गई पुलिस सुरक्षा का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि अधिक खतरा होने की वजह से केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मुहैया कराई गई जेड प्लस सुरक्षा के अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराने की जरूरत थी।

## बड़गाम में आतंकवादियों के हमले में घायल भाजपा कार्यकर्ता की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले में आतंकवादियों की गोली लगने से घायल हुए भाजपा के एक कार्यकर्ता की सोमवार को यहां एक अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मध्य कश्मीर के बड़गाम के मोहिंदपुर क्षेत्र के रहने वाले अब्दुल हामिद नजर को रविवार को उनके पैतृक गांव में आतंकवादियों ने गोली मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। सोमवार तड़के उनकी मौत हो गई। पिछले एक महीने में आतंकवादियों का निशाना बनने वाले नजर भाजपा के चौथे कार्यकर्ता या पदाधिकारी हैं। पिछले महीने बांदीपोरा के भाजपा जिला अध्यक्ष वसीम बारी, उनके पिता और उनके भाई की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहीं चार अगस्त को भाजपा के एक पंच की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके दो दिन बाद दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में पार्टी के ही एक सरपंच की हत्या की गई थी।



विजयवाड़ा में गणेश चतुर्थी पर्व के लिए भगवान गणेश की मूर्तियों को तैयार करता हुआ कलाकार।

# चिदंबरम के खिलाफ 63 मून्स की शिकायत पर जांच जारी: सीबीआई

**मुंबई।** सीबीआई ने मुंबई उच्च न्यायालय को सोमवार को सूचित किया कि वह पूर्व वित्त मंत्री तथा दो अन्य नौकरशाहों के खिलाफ पद के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली 63 मून्स टेक्नोलॉजिस की शिकायत पर शुरुआती जांच कर रही है। सीबीआई के वकील हितेन वेणेगावकर ने न्यायमूर्ति एसएस जाधव और न्यायमूर्ति एनजे जामदार की पीठ को बताया कि यह मामला 2012-2013 का है, इसलिए एजेंसी को प्रासंगिक दस्तावेज बरामद करने में समय लगेगा।

अदालत कंपनी के प्रवर्तक जिग्नेश शाह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चिदंबरम तथा नौकरशाह केपी कृष्णन एवं रमेश अभिषेक के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा कार्रवाई करने में देरी पर सवाल उठाया गया है। कंपनी का पहले नाम फाइनेंशल टेक्नोलॉजी लिमिटेड था। जब चिदंबरम वित्त मंत्री थे तो अभिषेक बाजार आयोग के अध्यक्ष थे जबकि कृष्णन अतिरिक्त सचिव एवं संयुक्त सचिव थे। वेणेगावकर ने कहा, हम (सीबीआई) शुरुआती जांच कर रहे हैं। मामला 2012-2013 का होने की वजह से हमें अपना दिमाग लगाना है, आरोपों को सत्यापित करना है तथा सभी प्रासंगिक दस्तावेज बरामद करने हैं।

शिकायतकर्ता (63 मून्स टेक्नोलॉजिस) को सीबीआई ने बयान दर्ज कराने और आरोपों के समर्थन में और सबूत देने के लिए समन किया था। वकील ने कहा, बहरहाल, आज की तारीख तक, सीबीआई को याची कंपनी से और सबूत या दस्तावेज नहीं मिले हैं। कंपनी की ओर से पेश हुए वकील ए पोंडा ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि सभी प्रासंगिक दस्तावेज पहले ही सीबीआई को दिए जा चुके हैं। पीठ ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह जांच का विवरण देने के लिए एक हलफनामा दायर करें।

## कोझिकोड विमान दुर्घटना में घायल 56 यात्रियों को अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक्सप्रेस ने सोमवार को कहा कि कोझिकोड में विमान दुर्घटना में घायल 56 लोगों को ठीक होने के बाद विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी मिल गई है। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा था कि 149 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया जिनमें से 23 लोगों को छुट्टी मिल गई है और तीन गंभीर रूप से घायल हैं। चालक दल के छह सदस्यों सहित 190 लोगों के साथ दुबई से पहुंचा एअर इंडिया एक्सप्रेस का बी737 विमान शुक्रवार रात कोझिकोड हवाईअड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान भारी बारिश के बीच हवाई पट्टी से फिसलने के बाद 35 फुट गहरी खाई में जा गिरा था और उसके दो टुकड़े हो गए थे। इस हादसे में दोनों पायलटों सहित 18 लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को एअरलाइन ने एक बयान में कहा, एअर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और क्षेत्रीय प्रमुख (दक्षिणी क्षेत्र) परिवार के सदस्यों को सहायता पहुंचाने के लिए अब भी कालीकट (कोझिकोड) में हैं।

# विवादित टिप्पणी को लेकर असम में भाजपा विधायक के खिलाफ शिकायत दर्ज

**गुवाहाटी।** असम में भाजपा विधायक शिलादित्य देव की विवादित टिप्पणी के खिलाफ विभिन्न संगठनों ने कई शिकायतें दर्ज कराई हैं। उन्होंने सम्मानित विद्वान सैयद अब्दुल मलिक को बुद्धिजीवी जेहादी कहा था। भाजपा नेता एवं असम अल्पसंख्यक विकास बोर्ड के प्रमुख मुमिनुल ओवाल ने बयान की निंदा की और अपनी पार्टी के सहयोगी से सार्वजनिक तौर पर माफी की मांग की है। कांग्रेस ने देव को पागल व्यक्ति कहा है जिसे लगातार विवादित एवं सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील बयानों के लिए पागलखाने भेज दिया जाना चाहिए। पार्टी ने उन्हें भाजपा का राखी सावंत भी बताया। बालीवुड अभिनेत्री अपने विवादित बयानों के लिए जानी जाती हैं।

कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग ने देव के खिलाफ गुवाहाटी में हाटीगांव पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज कराई है और होजाई निर्वाचन क्षेत्र के इस विधायक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। सदाओ असम गोरिया-मोरिया-देशी जातीय परिषद ने बारपेटा, धुबरी और मोरीगांव जिलों में विभिन्न पुलिस थानों में शिकायत दर्ज कराई है जबकि सदाओ असम गोरिया-युवा छात्र परिषद ने गुवाहाटी में जालुकबारी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। असम सोनग्रामी युवा मंच ने भी हाटीगांव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है और देव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा नेता ओवाल ने कहा, शिलादित्य ने जो कहा, मैं उसका विरोध और कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, अगर वह सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगते हैं तो मैं हमेशा उनके खिलाफ कड़ा रुख अपनाउंगा। असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने बेहद सम्मानित कवि,, उपन्यासकार और लघु कथा लेखक मलिक के खिलाफ देव की आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है।

कांग्रेस लोकसभा सदस्य अब्दुल खलीक ने भाजपा विधायक को एक पागल व्यक्ति करार दिया है जिसे पागलखाने भेजा जाना चाहिए। कांग्रेस के एक अन्य नेता कमल कुमार मेधी ने कहा, शिलादित्य देव भाजपा की राखी सावंत हैं। असमिया समाज को उन्हें खास तवज्जो नहीं देनी चाहिए। असम साहित्य सभा के अध्यक्ष कुलधर सैकिया ने मलिक के खिलाफ विवादित टिप्पणियों की निंदा की। मलिक शीर्ष साहित्यिक निकाय के अध्यक्ष भी हैं।

देव ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि मलिक एक कवि हैं जो बौद्धिक जेहाद कर रहे हैं। उन्होंने यह बयान राम मंदिर के शिलान्यास के दिन सोनितपुर जिले में हुए हालिया सांप्रदायिक संघर्ष पर टिप्पणी करते हुए दिया था। राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठते हुए, इस टिप्पणी पर राज्य भर में हर किसी ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कई समूहों ने रविवार को देव का पुतला भी जलाया।

## क्विक न्यूज

### सुशांत के परिवार के बारे में राउत ओछी बातें कर रहे : निरूपम

**मुंबई।** कांग्रेस नेता संजय निरूपम ने सोमवार को शिवसेना सांसद संजय राउत पर परोक्ष हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के परिवार के बारे में ओछी बातें कर रहे हैं। साथ ही, उन्होंने भगवा पार्टी से संवेदनशीलता दिखाने को भी कहा। निरूपम ने यह भी कहा कि हर परिवार की कुछ कहानी होती है, शिवसेना वालों की भी है। उल्लेखनीय है कि राउत ने रविवार को दावा किया था कि सुशांत के अपने पिता के साथ मधुर संबंध नहीं थे। सुशांत को अपने पिता की दूसरी शादी स्वीकार्य नहीं थी। राउत ने यह टिप्पणी शिवसेना के मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक स्तंभ रोखठोक में की थी। सुशांत (34) का शव 14 जून को बांद्रा स्थित उनके आवास में फंदे से लटका हुआ मिला था। राउत का नाम लिए बगैर निरूपम ने सुशांत डेथ मिस्ट्री हैशटैग के साथ ट्वीट किया, शिवसेना के सांसद, सुशांत सिंह राजपूत के परिवार के बारे में ओछी बातें कर रहे हैं। हर परिवार की अपनी कहानी होती है। शिवसेना वालों की भी बहुत है। लेकिन सुशांत की मृत्यु एक संवेदनशील विषय है। शिवसेना को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए, न कि टुच्चापन।

### पर्यावरण प्रभाव आकलन का मसौदा वापस ले सरकार: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) के मसौदे को लेकर सोमवार को सरकार पर फिर से निशाना साधा और कहा कि इसे वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने ट्वीट कर आरोप लगाया कि ईआईए-2020 के मसौदे का मकसद देश की लूट है। कांग्रेस नेता ने दावा किया, यह एक और खौफ़नाक उदाहरण है कि भाजपा सरकार देश के संसाधन लूटने वाले चुनिंदा सूट-बूट वाले मित्रों के लिए क्या-क्या करती आ रही है। राहुल गांधी ने कहा, देश की लूट और पर्यावरण की तबाही को रोकने के लिए ईआईए-2020 का मसौदा वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने रविवार को भी लोगों से अपील की थी कि वे नए पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) 2020 मसौदे के खिलाफ प्रदर्शन करें क्योंकि यह खतरनाक है और अगर अधिसूचित होता है तो इसके दीर्घकालिक परिणाम विनाशकारी होंगे। गौरतलब है कि पर्यावरण मंत्रालय ने इस साल मार्च में ईआईए के मसौदे को लेकर अधिसूचना जारी की थी और इस पर जनता से सुझाव मांगे गए थे। इसके तहत अलग-अलग परियोजनाओं के लिए पर्यावरण मंजूरी देने के मामले आते हैं।

### असम के पुलिस महानिदेशक कोविड-19 से संक्रमित

**गुवाहाटी।** असम के पुलिस महानिदेशक भास्कर ज्योति महंत सोमवार को कोविड-19 से संक्रमित पाए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शीर्ष पुलिस अधिकारी ने घर में पृथक-वास में रहना पसंद किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, स्वास्थ्य पेशेवर नियमों के अनुसार काम करेंगे और उनके संपर्क में आए लोगों का परीक्षण करेंगे। मार्च से असम पुलिस मुख्यालय के करीब 30 लोग संक्रमित पाए गए हैं जिनमें आईजीपी (कानून व्यवस्था) और डीआईजी (प्रशासन) भी शामिल हैं। असम के अवर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) जी पी सिंह ने रविवार को ट्वीट किया था कि अबतक कुल 2259 पुलिसकर्मी इस वायरस से संक्रमित हुए हैं जिनमें से 1734 स्वस्थ हो चुके हैं। उन्होंने लिखा था, दुर्भाग्य से अबतक हम अपने छह साथियों को गंवा चुके हैं। असम में अबतक कोरोना वायरस के 58,837 मामले आ चुके हैं जिनमें से 42,325 मरीज संक्रमणमुक्त हो चुके हैं। राज्य में कोविड-19 से कुल 145 लोगों की जान चली गई है।

### भूषण, तेजपाल के खिलाफ 2009 के अवमानना मामले में और सुनवाई की जरूरत है : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि कार्यकर्ता-अधिवक्ता प्रशांत भूषण और पत्रकार तरुण तेजपाल के खिलाफ 2009 के आपराधिक अवमानना मामले में और सुनवाई की जरूरत है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की अगुवाई वाली एक पीठ ने कहा कि वह मामले को सुनेगा और यह देखेगा कि न्यायाधीशों के बारे में भ्रष्टाचार पर टिप्पणी असल में अवमानना है या नहीं। पीठ जिसमें न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी भी शामिल हैं, ने इस मामले में अगली सुनवाई 17 अगस्त को तय की है।



पटना में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाली परेड के लिए गांधी मैदान पर पूर्वाभ्यास करते हुए पुलिसकर्मी

# रेलवे भर्ती के लिए फर्जी विज्ञापन जारी करने वाली एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करेगा

भाषा। नई दिल्ली

**रेलवे** में करीब पांच हजार पदों को भरने के लिए एक फर्जी विज्ञापन जारी करने के मामले में एक निजी एजेंसी के खिलाफ रेलवे ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि यह विज्ञापन प्रमुख अखबारों में प्रकाशित किया गया था जिसमें कहा गया कि रेलवे ने आठ श्रेणियों में 5,285 पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा, रेल मंत्रालय के संज्ञान में आया कि एक एजेंसी जिसका नाम अवेस्ट्रान इंफोटेक है, ने आठ अगस्त 2020 को प्रमुख अखबारों में विज्ञापन दिया और ऑउटसोर्सिंग के आधार पर भारतीय रेलवे में 11 साल तक संविदा पर काम करने के लिए आठ श्रेणियों में 5,285 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया। आवेदकों से 750 रुपए बतौर आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा कराने को कहा गया। विज्ञापन में आवेदन करने की अंतिम तारीख 10 सितंबर 2020 बताई गई है। मंत्रालय ने कहा, यह सूचित किया जाता है कि रेलवे में भर्ती के लिए हमेशा भारतीय रेलवे द्वारा ही विज्ञापन जारी किया जाता है। कोई निजी एजेंसी इसके लिए अधिकृत नहीं है। अत: उक्त विज्ञापन जारी करना गैर कानूनी है। रेलवे संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय रेलवे में समूह ग और घ श्रेणी की विभिन्न श्रेणियों में भर्ती मौजूदा समय में 21 रेलवे भर्ती बोर्ड और 16 रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ करते हैं, न कि कोई अन्य एजेंसी। रेलवे में भर्ती केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना के जरिए होती है जिसे व्यापक तौर पर प्रचारित किया जाता है। मंत्रालय ने कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि रेलवे ने किसी निजी एजेंसी को भर्ती के लिए अधिकृत नहीं किया है जैसा कि उपरोक्त एजेंसी ने दावा किया है। बयान में कहा गया, रेलवे ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इस मामले में शामिल उपरोक्त एजेंसी अथवा व्यक्ति के खिलाफ कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एनआईए की विशेष अदालत ने स्वप्ना सुरेश की जमानत याचिका खारिज की

**कोच्चि।** एनआईए की विशेष अदालत ने केरल सोना तस्करी मामले की मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। अदालत ने एनआईए द्वारा पेश किए गए सबूतों पर गौर करते हुए स्वप्ना सुरेश की जमानत याचिका खारिज कर दी। पिछले साल नवम्बर से राजनयिक चैनल के माध्यम से 100 करोड़ रुपए से अधिक की सोने की तस्करी में महिला की कथित भूमिका को लेकर जांच एजेंसी ने ये सबूत जुटाए थे। एनआईए ने जमानत याचिका को कड़ा विरोध करते हुए कहा कि मामले में गहन जांच की जरूरत है। आरोपी ने जानबूझकर ऐसा कृत्य किया जो सीधे तौर पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधि. की धारा 15 का उल्लंघन है। स्वप्ना सुरेश ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि उसे बिना किसी आधार के सिर्फ कल्पना के सहारे इस अपराध में फंसाया गया है और यह मामला राज्य तथा केन्द्र सरकारों के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का है।

# कोरोना से निपटने में मोदी सरकार के प्रयासों से ग्रामीण संतुष्ट

## एक सर्वेक्षण का दावा

भाषा। नई दिल्ली

**ग्रामीण** भारत की बड़ी आबादी देश में कोविड-19 महामारी से लड़ने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों से संतुष्ट है। हालांकि लोगों ने बहुत कठिनाइयों का भी सामना किया और कुछ तो अपनी जमीन, फोन और घड़ियां बेचने तथा पड़ोसियों से कर्ज लेने को भी मजबूर हुए। एक राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण में यह खुलासा किया गया है। मीडिया संस्था गांव कनेक्शन द्वारा ग्रामीण भारत में किए गए राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण के अनुसार लॉकडाउन के दौरान मोदी सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का समर्थन करने वालों में से 37 प्रतिशत ने कहा कि वे सरकार के काम से बहुत संतुष्ट हैं, जबकि 37 प्रतिशत ने कहा कि वे केंद्र सरकार के कामकाज से कुछ हद तक संतुष्ट हैं। कुल मिलाकर 74 प्रतिशत लोगों ने केंद्र सरकार के कामकाज से संतोष जताया।

सर्वे के अनुसार 78 प्रतिशत ग्रामीणों ने कहा कि वे अपनी-अपनी राज्य सरकारों के कामकाज से भी संतुष्ट हैं। गांव कनेक्शन ने सोमवार को सर्वे रिपोर्ट जारी की और बताया कि 30 मई से 16 जुलाई, 2020 के बीच हुए इस सर्वे में कुल 25,371 प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया गया। उसके अनुसार सभी प्रतिभागी अपने अपने घरों के प्रमुख कमाने वाले थे, इस तरह यह सर्वे पुरुष प्रधान रहा और लगभग 80 प्रतिशत उत्तरदाता पुरुष ही रहे। हालांकि इसमें 20 फीसदी महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। नई दिल्ली स्थित सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) में लोकनीति-सीएसडीएस की टीम ने सर्वेक्षण की रूपरेखा तैयार की और इसका विश्लेषण किया।

सीएसडीएस के प्रोफेसर संजय कुमार ने कहा, सर्वे की विविधता, व्यापकता और इसके सैंपल साइज के आधार पर मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि यह अपनी तरह का पहला व्यापक सर्वे है, जो ग्रामीण भारत पर लॉकडाउन से पड़े प्रभाव पर फोकस करता है। सर्वे में शामिल 14 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कहा कि वे मोदी सरकार से कुछ हद तक असंतुष्ट हैं, जबकि सिर्फ 7% ने कहा कि वे सरकार के उपायों से बहुत ही अधिक असंतुष्ट हैं। सर्वे के अनुसार दस में से सात लोगों (73 प्रतिशत) ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान मोदी सरकार का प्रवासी मजदूरों के प्रति रवैया अच्छा रहा। इनमें से 29 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि सरकार का रवैया बहुत अच्छा रहा, वहीं 44 प्रतिशत ने कहा रवैया अच्छा रहा।

सर्वे के अनुसार सिर्फ 23 फीसदी या हर चार में से एक प्रतिभागी ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान सरकार की व्यवस्था खराब थी, जिसमें से 9 फीसदी ने बहुत खराब और 14 फीसदी ने इसे खराब कहा। इसमें 40 फीसद लोगों ने कहा कि लॉकडाउन बहुत कठोर था, जबकि 38 प्रतिशत ने कहा कि यह जरूरत के हिसाब से कठोर था। वहीं 11 प्रतिशत ग्रामीणों ने कहा कि लॉकडाउन को और कठोर होना चाहिए था। जबकि केवल 4 प्रतिशत लोग ऐसे थे जिन्होंने कहा कि लॉकडाउन बिल्कुल नहीं होना चाहिए था। सर्वे में राज्य सरकारों के बारे में भी लोगों की धारणा काफी सकारात्मक रही। 76 प्रतिशत लोगों ने कहा कि राज्य सरकार का प्रवासियों के प्रति रवैया काफी अच्छा रहा, जबकि केवल 20 प्रतिशत ने इसे बुरा बताया। गांव कनेक्शन ने कहा, दिलचस्प बात यह है कि भाजपा शासित राज्यों में लोग मोदी सरकार और राज्य सरकारों द्वारा किए गए कार्यों से कम प्रभावित दिखे। साथ ही, भाजपा शासित राज्यों में लोग, कांग्रेस शासित राज्यों की तुलना में प्रवासियों के प्रति मोदी और राज्य सरकार के रवैए से थोड़ा कम खुश दिखे। हालांकि यह अंतर भी बहुत कम था। गांव कनेक्शन के संस्थापक नीलेश मिश्रा ने इस सर्वे को जारी करते हुए कहा, कोरोना वायरस संकट की इस घड़ी में ग्रामीण भारत, मुख्यधारा के राष्ट्रीय मीडिया के एजेंडे का हिस्सा नहीं रहा। यह सर्वे एक सशक्त दस्तावेज है जो बताता है कि ग्रामीण भारत अब तक इस संकट से कैसे निपटा और आगे उसकी क्या योजनाएं हैं? जैसे- क्या वे शहरों की ओर फिर लौटेंगे? क्या वे अपने खर्च करने के तरीकों में बदलाव करेंगे।



ठाणे में स्वतंत्रता दिवस के लिए दुकान पर तिरंगे के मास्क की खरीदारी करते हुए बच्चे

# बाढ़ को लेकर प्रधानमंत्री ने छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों से डिजिटल बैठक की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बाढ़ पूर्वानुमान के लिए एक स्थाई प्रणाली को लेकर केंद्रीय एवं राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत पर सोमवार को जोर दिया। उन्होंने (बाढ़) पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्रणाली को बेहतर करने के लिए नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करने पर भी बल दिया।

प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की स्थित की समीक्षा के लिए छह राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ एक डिजिटल बैठक में यह टिप्पणी की। बैठक में असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल शामिल हुए। यह बैठक दक्षिण-पश्चिम मानसून और देश में बाढ़ की मौजूदा स्थिति से निपटने में उनकी तैयारियों की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक बयान में कहा गया है कि बैठक में मोदी ने स्थानीय स्तर पर पूर्व चेतावनी प्रणाली में निवेश बढ़ाए जाने पर जोर दिया, ताकि इलाके के लोग नदी के तटबंध में दरार पड़ने, इलाके के जलमग्न होने या बिजली गिरने जैसे खतरों के मामले में समय रहते आगाह हो सकें। यह बैठक करीब डेढ़ घंटे चली, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और जी किशन रेड्डी तथा केंद्रीय मंत्रालयों एवं संबद्ध संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी बल दिया कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर राज्यों द्वारा लोगों को राहत एवं बचाव कोशिशों के दौरान मास्क पहनने, हाथ स्वच्छ रखने और एक

## ● केंद्रीय एवं राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत पर बल

दूसरे से पर्याप्त दूरी रखने जैसे स्वास्थ्य संबंधी सभी एहतियातों का पालन अवश्य सुनिश्चित कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहत सामग्री में हाथ धोने एवं सेनेटाइज करने के लिए वस्तुएं तथा प्रभावित लोगों के लिए मास्क के लिए प्रावधान शामिल किए जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वृद्ध लोगों, गर्भवती महिलाओं और पहले से किसी बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए विशेष प्रावधान किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी विकास एवं बुनियादी ढांचा परियोजनाएं स्थानीय आपदाओं को



ध्यान में रखते हुए बनाई जाएं, जिससे आगे चल कर भविष्य में होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने इस बात का जिक्र किया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत मौसम विज्ञान विभाग और केंद्रीय जल आयोग जैसे पूर्वानुमान एजेंसियों ने बाढ़ पूर्वानुमान की कहीं अधिक बेहतर एवं उपयोगी समन्वित कोशिशें की हैं। उन्होंने कहा कि वे न सिर्फ बारिश और नदी के जल स्तर के पूर्वानुमान मुहैया कर रही हैं, बल्कि जलमग्न होने के संभावित स्थानों के बारे में भी सूचना दे रही हैं। स्थान विशेष आधारित पूर्वानुमानों को बेहतर करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए पायलट परियोजनाएं भी जारी हैं। इनके लिए राज्यों को इन एजेंसियों को आवश्यक सूचना मुहैया करनी चाहिए तथा समय पर स्थानीय समुदायों को चेतावनी जारी करनी चाहिए। पीएमओ के बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री ने बाढ पूर्वानुमान के लिए एक स्थाई प्रणाली को लेकर सभी केंद्रीय एवं राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय तथा बेहतर (बाढ़) पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्रणाली के लिए नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। बयान के मुताबिक असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल के मुख्यमंत्रियों और कर्नाटक के गृह मंत्री ने अपने-अपने राज्य में बाढ़ की स्थिति तथा राहत एवं बचाव कार्यों पर ताजा जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) सहित केंद्रीय एजेंसियों की सराहना की क्योंकि उनकी टीमों के समय पर तैनाती से लोगों को बचाने में मदद मिली है। राज्यों ने बाढ़ के प्रभाव को घटाने के लिए कुछ अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों के लिए सुझाव भी दिए। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को इन सुझावों पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र विभिन्न आपदाओं से निपटने में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को सहयोग मुहैया करना जारी रखेगा। बैठक में उपस्थित लोगों के मुताबिक मोदी ने कहा कि वह सभी राज्यों का दौरा करते, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण ऐसा नहीं कर सके हैं।

# राज्यों में संकटकालीन स्थिति के लिए पीएम के नेतृत्व में समिति गठित हो: उद्धव ठाकरे

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** सरकार ने राज्यों में संकट की स्थितियों से निपटने और बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तहत एक समिति गठित करने की सोमवार को मांग की। राज्य सरकार के एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने तीन जून को आए चक्रवाती तूफान निसर्ग से हुए नुकसान और पांच अगस्त को हुई भारी बारिश के मद्देनजर महाराष्ट्र के लिए केंद्र से तत्काल सहायता मांगी। बयान के अनुसार ठाकरे प्रधानमंत्री के साथ हुई डिजिटल बैठक में बोल रहे थे। बैठक में प्रधानमंत्री ने छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल ने भाग लिया। बैठक में दक्षिण-पश्चिम मानसून और बाढ़ की मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की गई। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने कहा कि संकट की स्थिति के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों के बीच अच्छा समन्वय है और आपदाओं के समय उनकी सरकार सभी राज्यों के साथ है। बैठक में ठाकरे ने संकट से निपटने और राज्यों के साथ समन्वय सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री के अधीन एक समिति गठित करने की मांग की। ठाकरे ने कहा



कि चक्रवात निसर्ग के कारण महाराष्ट्र को 1,065 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ और पांच अगस्त की बारिश ने मुंबई में 500 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया। उन्होंने प्रधानमंत्री से राज्य के लिए तत्काल सहायता की घोषणा करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई में पांच अगस्त को 24 घंटों के दौरान 333 मिमी बारिश हुई और उस दिन हवा की गति 70 किमी-80 किमी से 106 किमी तक थी। ठाकरे ने मोदी से आग्रह किया कि मुंबई के माहुल में केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के स्वामित्व वाला भूखंड बृहन्मुंबई नगर निगम को सौंप दिया जाए जिससे वहां एक पंपिंग स्टेशन स्थापित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने भारी बारिश और बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचने के लिए स्थाई समाधान का भी आह्वान किया। ठाकरे ने अमरावती जिले में बाघ अभयारण्य से गुजरने वाली अकोला-खंडवा रेलवे लाइन के प्रस्तावित गेज परिवर्तन के लिए वैकल्पिक मार्ग पर विचार करने की मांग दोहराई।

**हिंदी को लेकर दक्षिण भारत में राजनीति तेज**

# हिंदी राजनीति के चलते दक्षिण के नेताओं को नहीं मिलते मौके : कुमारस्वामी

**भाषा।** बेंगलुरु

**जनता** दल सेकुलर (जदएस) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने दक्षिण के नेताओं को हिंदी राजनीति और भेदभाव के चलते मौका नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि इन बातों ने कई दक्षिण भारतीयों को प्रधानमंत्री बनने से रोका है। हिंदी नहीं जानने के कारण द्रमुक सांसद कनिमोई से सीआईएसएफ अधिकारियों द्वारा कथित रूप से क्या आप भारतीय हैं जैसा सवाल करने पर क्षोभ प्रकट करते हुए कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने सत्तारूढ़ वर्ग पर दक्षिण का तिरस्कार करने और उसकी अनदेखी करने का आरोप लगाया। अपने ट्वीटों में उन्होंने कन्नड़ों को कई सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों की नौकरियों में मौकों से कथित रूप से वंचित रखने को लेकर भी चिंता प्रकट की और कहा कि व्यक्ति को या तो अंग्रेजी में या हिंदी परीक्षा देनी पड़ती है। कुमारस्वामी ने लिखा, द्रमुक सांसद कनिमोई से सवाल किया गया क्या आप भारतीय हैं? मैं बहन कनिमोई का किए गए अपमान पर अपनी आवाज उठाता हूं। उन्होंने लिखा, अब यह बहस करना बिल्कुल उपयुक्त है कि कैसे दक्षिण के नेताओं



से हिंदी-राजनीति और भेदभाव के चलते मौके छीन लिए गए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोई ने रविवार को आरोप लगाया था कि चेन्नई हवाईअड्डे पर जब वह हिंदी में नहीं बोल सकी, तब सीआईएसएफ की एक अधिकारी ने उनसे पूछा कि क्या वह भारतीय हैं। इस पर, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने मामले की जांच का आदेश दिया। कुमारस्वामी ने कहा कि हिंदी की राजनीति ने कई दक्षिण भारतीयों को प्रधानमंत्री बनने से रोका है और एच डी देवेगौड़ा, करूणानिधि एवं कामराज उनमें प्रमुख है। उन्होंने कहा कि वैसे तो उनके पिता (देवेगौड़ा) इस बाधा को तोड़ने में सफल रहे लेकिन भाषा के कारण उनकी आलोचना किए जाने और उनकी उपहास उड़ाए जाने की कई घटनाएं सामने आईं। कुमारस्वामी ने कहा, हिंदी राजनीति तब प्रधानमंत्री देवेगौड़ा को लाल किले से अपना स्वतंत्रता दिवस भाषण हिंदी में दिलाने में सफल रही थी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री देवगौड़ा बिहार और उत्तर प्रदेश के किसानों के कारण ही अंततः राजी हुए। इस हद तक इस देश में हिंदी राजनीति काम करती है। उन्होंने कहा कि उनका भी ऐसा ही अनुभव रहा है क्योंकि वह दो बार लोकसभा के सदस्य रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, सत्तारूढ़ वर्ग दक्षिण को तुच्छ मानकर उसकी अनदेखी करता है। मैंने बहुत नजदीक से देखा है कि कैसे हिंदी भाषी नेता पैंतरेबाजी करते हैं। उनमें से ज्यादातर गैर हिंदी नेताओं का सम्मान नहीं करते।

## कनिमोई से सीआईएसएफ कर्मी के सवाल पर स्टालिन ने पूछा- यह इंडिया है या हिंदिया है

**चेन्नई।** द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने अपनी बहन और पार्टी की सांसद कनिमोई से जुड़ी एक घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए सोमवार को पूछा कि क्या भारतीय होने के लिए हिंदी जानना ही एक मापदंड है। हिंदी नहीं बोल पाने पर सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने कनिमोई से पूछा था कि क्या वह भारतीय हैं। द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने एक ट्वीट में कहा, भारतीय होने के लिए क्या हिंदी ही मापदंड है। यह इंडिया है या हिंदिया है। कनिमोई ने आरोप लगाया था कि हिंदी नहीं बोल पाने पर चेन्नई हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने उनसे पूछा कि क्या वह भारतीय हैं। द्रमुक दशकों से हिंदी थोपे जाने का विरोध करती रही है। स्टालिन ने ट्वीट में कहा कि बहुलवाद को खत्म करने की कोशिश करने वाले खत्म हो जाएंगे। कनिमोई ने रविवार को ट्वीट किया, मैं हिंदी नहीं जानती इसलिए तमिल या अंग्रेजी में बोलने के लिए कहने पर आज हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं भारतीय हूं। घटना के बाद अर्द्धसैन्य बल ने जांच का आदेश दिया। बल ने कहा सीआईएसएफ की नीति किसी खास भाषा पर जोर देने की नहीं है।

## हिंदी, अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा बनाना चाहती है सरकार तो कर्मचारियों के दोनों भाषाओं के जानकार होने पर जोर दे: पी चिदंबरम

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोमवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों को देश की आधिकारिक भाषा बनाना चाहती है तो उसे अपने कर्मचारियों को इन दोनों भाषाओं की जानकारी रखने वाला बनाने पर जोर देना चाहिए। पूर्व गृह मंत्री ने चेन्नई हवाई अड्डे पर द्रमुक सांसद कनिमोई के हिंदी में बातचीत नहीं करने पर एक सीआईएसएफ अधिकारी द्वारा कथित तौर विवादित टिप्पणी किए जाने से जुड़े विवाद की पृष्ठभूमि में यह बात कही है। चिदंबरम ने कहा कि कनिमोई को चेन्नई हवाई अड्डे पर जिस कड़वे अनुभव का सामना करना पड़ा है वो कोई असामान्य बात नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, केंद्र सरकार के पदों पर भर्ती होने वाले गैर हिंदीभाषी कर्मचारियों को जल्द ही कामकाज और बोलचाल के लायक की हिंदी सीखनी पड़ती है। हिंदी भाषी कर्मचारी कामकाज और बोलचाल के लायक अंग्रेजी क्यों नहीं सीख सकते? कांग्रेस नेता ने कहा, अगर केंद्र सरकार हिंदी और अंग्रेजी दोनों को भारत की आधिकारिक भाषा बनाने को प्रतिबद्ध है तो फिर उसे इस बात पर जोर देना चाहिए कि केंद्र सरकार के सभी कर्मचारी हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के जानकार हों। गौरतलब है कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सांसद कनिमोई ने रविवार को ट्वीट किया आज हवाई अड्डे पर जब मैंने सीआईएसएफ की एक अधिकारी से कहा कि वह तमिल या अंग्रेजी में बोलें क्योंकि मैं हिंदी नहीं जानती, तब उन्होंने मुझसे सवाल किया कि क्या मैं भारतीय हूं। सांसद ने हैशटैग हिंदी थोपना का इस्तेमाल करते हुए ट्विटर पर लिखा, मैं जानना चाहूंगी कि कब से भारतीय होना हिंदी जानने के समान हो गया है इस घटना पर सीआईएसएफ ने कहा कि उपयुक्त कार्वाई की जाएगी।

# अमरोहा में 50 करोड़ की चंदन की लकड़ी जब्त

**भाषा।** नई दिल्ली

**गैर कानूनी** तरीके से चीन और जापान चंदन की लकड़ी को निर्यात करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उत्तर प्रदेश के अमरोहा से करीब 50 करोड़ रुपए कीमत की 144 क्विंटल चंदन की लकड़ी जब्त की गई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जब्त लाल और सफेद चंदन की लकड़ी के औषधि गुण होने की वजह से फार्मास्युटिकल उद्योग में भारी मांग है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर अमरोहा के गोदाम से यह लकड़ी जब्त की। अमरोहा पुलिस ने बयान जारी कर कहा, अमरोहा के गोदाम से 1.02 क्विंटल सफेद चंदन की लकड़ी, 132 क्विंटल लाल चंदन की लकड़ी और 11.375 क्विंटल चंदन की लकड़ी का चूरा बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 करोड़ रुपए है। पुलिस ने बताया कि जिन लोगों को मामले में गिरफ्तार किया गया है उनकी पहचान अरशद अली अंसारी, महमूद आलम अंसारी और मोहम्मद सलमान के रूप में की गई है और तीनों अमरोहा के ही रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर तीनों की गिरफ्तारी हुई।

पुलिस के मुताबिक दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हाल में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जिससे पूछताछ में चंदन की लकड़ी के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने बताया कि उन्होंने गैर कानूनी तरीके से गुजरात के अहमदाबाद और तेलंगाना के हैदराबाद सहित विभिन्न राज्यों से चंदन की लकड़ी खरीदी और अमरोहा के गोदाम में जमा किया। उन्होंने बताया, अमरोहा में चंदन की लकड़ी शाकिर नामक व्यक्ति के गोदाम में रखा जाता था। यहां पर उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर गैर कानूनी तरीके से चीन, जापान और अन्य देशों को निर्यात किया जाता था।

लकड़ी को थर्माकोल और अन्य घरेलू इस्तेमाल में आने वाले सामान में छिपा कर भेजा जाता था। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने सह आरोपी मोहम्मद शाकिर को पकड़ने के लिए छापेमारी की, जिसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-379 (चोरी), धारा-120बी (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज है। अधिकारियों ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी शाकिर और उसका पिता कमर अहमद अंसारी फरार है और पुलिस उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है।

# मप्र में ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल के पहले दिन 2,000 करोड़ का कारोबार थमा

**इंदौर।** ट्रांसपोर्टरों के एक प्रमुख संगठन ने सोमवार को दावा किया कि मध्य प्रदेश में उसकी हड़ताल के पहले दिन आज राज्य में 2,000 करोड़ रुपए का कारोबार थम गया और इससे सरकारी खजाने को लगभग 400 करोड़ रुपए के कर राजस्व की हानि हुई। हड़ताल में शामिल संगठनों के अगुवा ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के उपाध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) विजय कालरा ने कहा, "हमारे तीन दिवसीय लॉकडाउन के पहले दिन प्रदेश में करीब 6.5 लाख वाणिज्यिक वाहनों का चक्का थम गया। इनमें ट्रक और छोटी वाणिज्यिक गाड़ियां शामिल हैं।

उन्होंने कहा, इस लॉकडाउन के पहले दिन अलग-अलग उत्पादों का 2,000 करोड़ रुपए का कारोबार ठप रहा जिससे सरकार को लगभग 400 करोड़ रुपए के कर राजस्व की हानि हुई। इस बीच, राज्य की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर में ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल से जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हुई। हालांकि, कारोबारियों के संगठन अहिल्या चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने कहा, चूंकि ट्रांसपोर्टरों ने अपनी हड़ताल की घोषणा कुछ दिन पहले ही कर दी थी। इसके मद्देनजर व्यापारियों ने पर्याप्त माल का स्टॉक पहले ही कर लिया था। वैसे हम ट्रांसपोर्टरों की मांगों का समर्थन करते हैं। हड़ताल में शामिल संगठन ट्रांसपोर्ट कारोबार पर कोविड-19 की मार का हवाला देते हुए सरकार से राहत की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि डीजल पर मूल्य संवर्धित कर (वैट) घटाया जाए और इस वित्त वर्ष की दो तिमाहियों (अप्रैल-जून और जुलाई-सितंबर) में पथ कर (रोड टैक्स) और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में छूट दी जाए। संगठनों की यह मांग भी है कि राज्य सरकार द्वारा ट्रक चालकों का कोविड-19 का बीमा कराया जाए।

# आज नहीं तो कुछ महीने बाद, राजस्थान में कांग्रेस सरकार गिरेगी: कटारिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** और राजस्थान में सचिन पायलट की अगुवाई वाले उसके असंतुष्ट खेमे के बीच सुलह होने के संकेतों के बीच भाजपा ने अपने विभिन्न विकल्पों पर विचार मंथन शुरू कर दिया है और 14 अगस्त को विधान सभा सत्र शुरू होने से पहले एकजुटता प्रदर्शित करने की कोशिश में जुटी है।

भाजपा विधायक दल के नेता गुलाब चंद कटारिया ने दावा किया कि कांग्रेस में एकता होगी भी तो अस्थाई रहेगी और सरकार देर-सबेर गिर ही जाएगी। कटारिया ने पीटीआई-भाषा से कहा कि भाजपा विधायकों की बैठक मंगलवार को बुलाई गई है। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे जयपुर में होने वाली बैठक में शामिल हो सकती हैं।



वह पिछले कुछ दिन से दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात कर रही हैं। राजस्थान में गहलोत सरकार के खिलाफ पायलट खेमे के 18 विधायकों की बगावत के बाद प्रदेश में भाजपा की रणनीति को लेकर विश्वास में नहीं रखे जाने से राजे के नाखुश होने की खबरों पर सूत्रों ने कहा कि मतभेद हो सकते हैं लेकिन अब सब एक साथ हैं। जहां ऐसा लगता है कि गहलोत के पास विधानसभा में बहुमत है, वहीं भाजपा नेताओं के अनुसार उनकी रणनीति छह बसपा विधायकों के भविष्य पर निर्भर करेगी जिनके कांग्रेस में विलय को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है और शीर्ष अदालत इस विषय पर मंगलवार को सुनवाई करेगी। कटारिया ने कहा कि अगर गहलोत सरकार गिरती है तो यह कांग्रेस के आंतरिक कलह के कारण होगा और अगर यह चलती है तो यह नाराज गुटों के बीच किसी तरह की सुलह की वजह से होगा। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया कि अंततः गहलोत सरकार गिरेगी, आज नहीं गिरी तो कुछ महीने में यह गिर जाएगी।

# पेज एक का शेष

## राहुल-प्रियंका ने...

प्रमुख हैं। परिवार में यदि कोई परेशान होता है तो वे भी चैन से भोजन नहीं कर पाते हैं। उन्होंने एक महीने तक अपनी नाखुशी जाहिर की लेकिन अब उन्हें कोई नाराजगी नहीं है। लोगों से किए सभी वादे पार्टी पूरे करेगी। बताया जा रहा है कि शेष बागी भी सोमवार की रात को ही जयपुर लौट आएंगे।

मेल-मुलाकातों के बीच एआईसीसी के सचिव केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस की तरफ से औपचारिक बयान जारी कर कहा कि पार्टी में सब ठीक है। पार्टी के शीर्ष नेताओं राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा के साथ बागी नेता सचिन पायलट की बातचीत बेहद सकारात्मक रही है। उनके बीच स्पष्ट, खुली और निर्णायक चर्चा हुई। बयान के मुताबिक, पायलट ने विस्तार के साथ अपनी शिकायतें बताईं। साथ ही उन्होंने राजस्थान में कांग्रेस पार्टी कांग्रेस सरकार के हित में काम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। कांग्रेस के हवाले से बताया गया कि इस बैठक के बाद पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सचिन पायलट व उनके समर्थक विधायकों की तरफ से उठाए गए मुद्दों का समाधान ढूंढने के लिए एक समिति गठित करने का फैसला लिया। तीन सदस्यीय समिति पायलट खेमे से बातचीत कर उचित प्रस्ताव तैयार करेगी।

सूत्रों ने बताया कि पायलट पिछले कई दिनों से कांग्रेस नेतृत्व के संपर्क में थे। रविवार की रात उन्होंने एक वरिष्ठ नेता से कहा कि वे गांधी परिवार से मिलने को तैयार हैं। सूत्रों के अनुसार, सचिन पायलट को घर लौटाने की सतत कोशिशें करतीं प्रियंका गांधी ने दो सप्ताह पहले उनसे दिल्ली में भेंट की थी। इसके बाद पायलट की कांग्रेस में कई स्तरों पर बातचीत जारी रही। पायलट को मनाने की प्रियंका की पिछली कोशिशें बेनतीजा रही थीं। पिछले महीने उन्होंने सचिन को राहुल व सोनिया से मुलाकात का प्रस्ताव भी दिया था जिसे उन्होंने यह कहकर ठुकरा दिया था कि गहलोत को मुख्यमंत्री पद से हटाए बिना वे न तो किसी से मिलेंगे और न ही बात करेंगे। पायलट तब खुद को मुख्यमंत्री बनाए जाने के अलावा दूसरे किसी प्रस्ताव को मानने के लिए राजी नहीं थे। उनकी ना-नुकुर से निराश न होकर प्रियंका लगातार जुटी रहीं और घमासान तब ठंडा होता दिखा जब गहलोत सरकार के लिए निर्णायक साबित होने जा रहे राजस्थान विस सत्र शुरू होने में सिर्फ चार दिन रह गए हैं। पायलट ने खुली बगावत जरूर की लेकिन कांग्रेस नहीं छोड़ी। हालांकि, अपने समर्थक विधायकों के साथ वे भाजपा शासित हरियाणा में राज्य सरकार के मेजबान तो बने रहे परंतु भाजपा में शामिल नहीं हुए।

## रिया चक्रवर्ती ...

कि एजेंसी ने रिया से दिवंगत अभिनेता के साथ दोस्ती, कारोबारी सौदों एवं दोनों के बीच पिछले कुछ वर्षों के दौरान घटित बातों के बारे में पूछताछ की थी। रिया ने अदालत में दायर की गई याचिका में कहा था कि वह राजपूत के साथ लिव-इन में रह रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की पूछताछ रिया की आय, निवेश, कारोबार और पेशेवर सौदों पर केंद्रित थी। ईडी की नजर शहर के खार इलाके और नवी मुम्बई में रिया से संबंधित संपत्तियों, उनकी खरीद और स्वामित्व के स्रोत पर है। समझा जाता है कि पूछताछ के दौरान ईडी रिया, शौविक और मोदी का कुछ बैंक डिटेल को रखकर आमना सामना कराया है। इन बैंक खातों में कथित रूप से पता चला है कि राजपूत और रिया के खातों से थोड़ी रकम शौविक के खाते में भेजी गई है। राजपूत के 74 वर्षीय पिता कृष्ण कुमार सिंह ने पटना में 25 जुलाई को रिया, उनके पिता इंद्रजीत, मां संध्या चक्रवर्ती, शौविक, राजपूत के प्रबंधक सैमुअल मिरांडा, मोदी और अज्ञात लोगों के खिलाफधोखाधड़ी तथा उनके बेटे को खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को एक नया मामला दर्ज किया और इन्हीं लोगों को आरोपी बनाया है। सिंह ने अपने बेटे के बैंक खातों में आर्थिक अनियमितता का भी आरोप लगाया है।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब...

अभिजीत मुखर्जी ने भी ट्वीट किया, मैं अपने पिता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं अपने देशवासियों से अपील करता हूं कि वे उनके शीघ्र ठीक होने और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करें। विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया, मुझे भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की जानकारी मिली है... उनकी सेहत को लेकर चिंतित हूं। उनके जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी मुखर्जी की अच्छी सेहत की कामना करते हुए कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि पूर्व राष्ट्रपति जल्द ही इस वायरस के संक्रमण से मुक्त होने में सफल होंगे।

## शाह फैसल ने ...

में नई दिल्ली में एयरपोर्ट से हिरासत में लेकर वापस घाटी भेज दिया गया था। उन पर पीएसए के तहत कार्रवाई की गई। बीते जून में ही उन पर से पीएसए हटाया गया। इसके बाद से वह अपने घर में ही रहे। उसी समय से माना जा रहा था कि वह दोबारा अपना नौकरषाही करियर शुरू कर सकते हैं, क्योंकि उनका इस्तीफअभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। अब राजनीतिक समीकरणों के बदलने और राज्य में शीर्ष पद पर लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा की तैनाती होने के बाद यह कहा जा रहा है कि शाह फैसल उनकी टीम का हिस्सा बन सकते हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि सरकार ने हाल ही में उन्हें यह महसूस कराया कि उनके सिविल सेवा में वापस शामिल होने से उन्हें कोई ऐतराज नहीं है। यदि वह वापस प्रशासनिक सेवा में शामिल होने का विकल्प चुनते हैं, तो वह जम्मू और कश्मीर में सबसे कम राजनीतिक करियर के लिए एक और रिकॉर्ड बनाएंगे। उन्होंने जेकेपीएम की स्थापना 2019 की शुरुआत में काफी धूमधाम से की थी। एक ईमानदार अधिकारी के रूप में लोकप्रिय फैसल के शुभचिंतकों ने उन्हें उसी समय उन्हें नौकरी छोड़कर राजनीति में शामिल होने के लिए आगाह किया था कि हो सकता है राजनीति उन्हें रास न आए।

# देश में कोविड-19 के 62,064 नए मामले, 1007 और मौतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत में** कोविड-19 के 62,064 नए मामले सामने आने के बाद सोमवार को देश में संक्रमितों की कुल संख्या 22 लाख के आंकड़े को पार कर गई। वहीं ठीक होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 15.35 लाख से अधिक हो गई। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार कोरोना वायरस संक्रमण से 1007 और मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 44,386 हो गई है। उसने कहा कि वर्तमान में 6,34,945 मरीज उपचाराधीन हैं। कोविड-19 के कुल मामले अभी 22,15,074 हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में कोविड-19 से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 15 लाख से अधिक हो गई है क्योंकि अभी तक 15,35,743 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। ऐसा आक्रामक तरीके से जांच करने, संक्रमण के मामलों पर व्यापक तरीके से नज़र रखने और कुशलता से इलाज करने की नीति के चलते संभव हुआ है। मंत्रालय ने कहा, बेहतर एम्बुलेंस सेवाओं, देखभाल के मानकों पर ध्यान केंद्रित करने से वांछित परिणाम मिले हैं।

### मोरिकावा ने पीजीए खिताब जीता

**सेन फ्रांसिस्को।** कोलिन मोरिकावा ने अंतिम दौर में छह अंडर 64 के शानदार प्रदर्शन के साथ रविवार को यहां पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। कैलीफोर्निया के 23 साल के मोरिकावा ने पॉल कैसी (66) और डस्टिन जॉनसन (68) को दो शॉट से पछाड़ा। उनका कुल स्कोर 13 अंडर 267 रहा। यह पहला मेजर टूर्नामेंट था जिसका आयोजन दर्शकों की गैरमौजूदगी में किया गया।

### सुभाशीष बोस ने मुंबई सिटी एफसी से नाता तोड़ा

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट की फ्रेंचाइजी मुंबई सिटी एफसी ने सोमवार को पुष्टि की कि डिफेंडर सुभाशीष बोस क्लब छोड़कर चले गए हैं। क्लब ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर घोषणा की, टीम के साथ दो यादगार सत्र के बाद सुभाशीष बोस मुंबई सिटी एफसी को छोड़कर चले गए है। क्लब में आपके योगदान के लिए धन्यवाद। हम आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते है। लेफ्ट बैक के रूप में खेलने वाले बोस ने मुंबई सिटी एफसी की ओर से 34 मैच खेले और इस दौरान एकमात्र गोल बेंगलुरू एफसी के खिलाफ जीत के दौरान किया।

### हॉजेस ने जीता कोर्न फेरी टूर गोल्फ टूर्नामेंट

**नार्थ प्लेन्स (अमेरिका)।** अमेरिकी गोल्फर ली हॉजेस ने चौथे दौर में पार 71 का कार्ड खेलकर रविवार को दो शॉट की बढ़त के साथ कोर्न फेरी टूर पोर्टलैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया। इस 25 साल के गोल्फर ने कुल 11 अंडर का स्कोर बनाया जो दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से काबिज चार गोल्फर से दो शॉट कम था। डेविड लिपस्की, कार्ल युआन, चाड रमी और पॉल बार्जन नौ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

### तैयारी के समय की कमी के कारण महिला विश्व कप स्थगित किया गया

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड में होने वाले महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप की सीईओ आदिया नेल्सन ने कहा है कि खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व को लेकर काफी कम समय से जुड़ी चिंताओं के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप को स्थगित किया गया और इस फैसले से न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस को लेकर सुरक्षा मुद्दे से कुछ लेना देना नहीं है। मेजबान न्यूजीलैंड हालांकि कोरोना वायरस से निपटने में सफल रहा है। देश में अब तक इस संक्रमण के सिर्फ 1569 पुष्ट मामले सामने आए है जिसमें से अधिकांश उबर चुके है। न्यूजीलैंड उन देशों में है जो इस वायरस से सबसे कम प्रभावित देशों में शामिल है। आदिया ने स्थानीय मीडिया समूह एनजेडएमई से कहा, टूर्नामेंट के लिए टीमो के क्वालीफाई करने के समय को देखते हुए ऐसा किया गया। क्वालीफायर टूर्नामेंट जुलाई मे खेला जाना था लेकिन महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया।

# यूएई में आईपीएल को सरकार से मंजूरी : पटेल

## ● वीवो के विकल्प पर फैसला 18 अगस्त तक



**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड को इस साल इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में कराने के लिए केंद्र सरकार से औपचारिक मंजूरी मिल गई है। लीग के चेयरमैन बृजेश पटेल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के नए टाइटल प्रायोजक की घोषणा 18 अगस्त तक हो जाएगी। इच्छुक कंपनियों को बोली जमा करने के लिए सात दिन का समय दिया जाएगा। आईपीएल संयुक्त अरब अमीरात में 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच शारजाह, दुबई और अबुधाबी में खेला जाएगा। सरकार ने पिछले सप्ताह बीसीसीआई को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी थी। भारत में कोरोना वायरस महामारी के बढ़ते मामलों के कारण यूएई में टूर्नामेंट कराया जा रहा है। पटेल ने कहा , हमें लिखित मंजूरी मिल गई है। उनसे पूछा गया था कि क्या गृह और विदेश मंत्रालय दोनों ने लिखित में मंजूरी दे दी है। भारत का कोई भी खेल संगठन जब घरेलू टूर्नामेंट विदेश में कराता है तो गृह, विदेश और खेल मंत्रालय से मंजूरी लेनी होती है। बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा , सरकार से मंजूरी मिलने के बाद हमने एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड को बता दिया था। अब हमें लिखित मंजूरी भी मिल गई है तो टीमों को सूचित किया जाएगा। अधिकांश टीमें 20 अगस्त के बाद रवाना होंगी। उन्हें रवानगी से पहले 24 घंटे के भीतर दो आरटी पीसीआर टेस्ट कराने होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स टीम 22 अगस्त को रवाना होगी जिसका चेपॉक स्टेडियम पर एक छोटा शिविर लगाया जाएगा। चीनी मोबाइल कंपनी वीवो से करार टूटने के बाद बीसीसीआई को प्रायोजन तलाशने में भी दिक्कत हो रही है। यह 440 करोड़ रूपए का करार था जो भारत और चीन के सैनिकों के बीच सीमा पर हुई हिंसक झड़प के कारण चीनी उत्पादों और कंपनियों के बहिष्कार की मांग के बीच इस साल के लिए रद्द कर दिया गया है। बाबा रामदेव की पतंजलि ने नया टाइटल प्रायोजक बनने में रूचि दिखाई है। पटेल ने कहा कि वीवो का अलग होना कोई झटका नहीं है। कई कंपनियां पहले ही रूचि जता चुकी है। चाहे भारतीय कंपनी हो या विदेशी, जो सबसे ज्यादा बोली लगाएगी उसे ही अधिकार मिलेंगे। पूरी प्रक्रिया 18 अगस्त तक पूरी हो जाएगी।

### भारतीय हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह कोरोना वायरस पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के फारवर्ड मनदीप सिंह कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए गए हैं। वह इस घातक बीमारी से संक्रमित होने वाले छठे राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने सोमवार को यह जानकारी दी। जालंधर के 25 साल के मनदीप में इस बीमारी के लक्षण नहीं दिखाई दे रहे हैं और बेंगलुरू में पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। बेंगलुरू के साइ केंद्र में 20 अगस्त से राष्ट्रीय शिविर शुरू होना है। साइ ने बयान में कहा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य मनदीप सिंह का बेंगलुरू में साइ के नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय शिविर से पहले 20 अन्य खिलाड़ियों के साथ कोविड परीक्षण (आरटी पीसीआर) किया गया और यह पॉजिटिव आया है। लेकिन उसमें लक्षण नहीं दिख रहे हैं।

# एंडरसन वापसी को बेताब, संन्यास का इरादा नहीं



**मैनचेस्टर।** पिछले एक दशक का संभवत: अपना सबसे लचर प्रदर्शन करने के बावजूद इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का संन्यास लेने का इरादा नहीं है। देश के सबसे सफल गेंदबाज का करियर क्या खत्म हो गया है इस संदर्भ में एंडरसन ने सोमवार को कहा, नहीं, ऐसा नहीं है। हाल में 38 बरस के हुए एंडरसन ने कहा, जितना संभव हो मैं उतने अधिक समय तक खेलना चाहता हूं। एंडरसन की उम्र को देखते हुए उन्हें नियमित तौर पर संन्यास की अटकलों का सामना करना होगा और पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में इस तेज गेंदबाज के लचर प्रदर्शन के बाद इस तरह की अटकलें तेज हुई हैं। इसने मुझे उस समय की याद दिला दी जब मैंने पहली बार खेलना शुरू किया था। जब आप हताश हो जाते हो और थोड़े नाराज होते हो तो आप तेज गति से गेंद फेंकने का प्रयास करते हो और बेशक इससे मदद नहीं मिलती। एंडरसन 590 टेस्ट विकेट के साथ सबसे सफल टेस्ट गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

### कोविड–19 के बाद एथलेटिक्स और प्रगति कर सकता है : को

**नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को ने सोमवार को दावा किया कि कोरोना वायरस महामारी के कारण जारी लॉकडाउन के बीच फिट रहने के लिए अधिक लोगों ने दौड़ना शुरू किया जिसका दुनिया भर में स्थिति सामान्य होने पर यह खेल फायदा उठा सकता है। को ने कहा कि अधिक लोगों ने चलने और दौड़ने को आदत बनाने का एथलेटिक्स को फायदा मिल सकता है और उनका खेल इस बढ़े हुए आधार को मजबूत करने का प्रयास करेगा। एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (एएएफ) द्वारा आयोजित आनलाइन मीडिया सेमिनार के दौरान को ने कहा, हम स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्वास्थ्य उद्देश्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए काफी अच्छी स्थिति में हैं। अनुसंधान में पता चला है कि लॉकडाउन के दौरान पहले की तुलना में अधिक लोगों ने एक्सरसाइज को अपनाया है। कुछ अनुसंधान में दावा किया किया है कि वैश्विक एक्सरसाइज पैटर्न में 80 प्रतिशत इजाफा हुआ है। एथलेटिक्स को मुख्य रूप से फायदा हुआ है क्योंकि लोग दौड़कर या चलकर एक्सरसाइज कर रहे हैं। यह काफी फायदे की स्थिति है। हम इसे नजरअंदाज नहीं करेंगे और महामारी के बाद इसे और मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। हम और अधिक युवा लोगों को इस खेल से जोड़ेंगे। को ने पार्करन ग्लोबल लिमिटेड के साथ गठजोड़ का भी जिक्र किया। ब्रिटेन की यह चैरिटी संस्था सप्ताहांत या खाली समय में दौड़ का आयोजन करती है। ओलंपिक की 1500 मीटर स्पर्धा में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता को ने स्पष्ट किया कि उनका संगठन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि रूस बड़े पैमाने पर डोपिंग के लिए मिली सजा का पालन करें।

### रूपिंदर की ड्रैगफ्लिक क्षमता से सीख रहा हूं: प्रताप


**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम के डिफेंडर प्रताप लाकड़ा ने कहा कि वह अनुभवी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह की ड्रैगफ्लिक जबकि बीरेंद्र लाकड़ा के खेलने के तरीके से प्रेरणा लेते हैं। इन दिनों रेलवे में टिकट कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे प्रताप को पहली बार 2017 में जूनियर राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया। उन्हें यह बात अच्छी तरह पता है कि राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक प्रताप ने कहा, बेंगलुरु में सीनियर टीम वहीं अभ्यास करती थी जहां हमारा राष्ट्रीय शिविर होता है। जब भी हमारा विश्राम करने का दिन होता है या जब सीनियर टीम आंतरिक मैच खेल रही होती है, तो हम उन्हें देखने जाते हैं। मैं ड्रैगफ्लिक लगाने के मामले में रूपिंदर पाल सिंह से सीख लेता हूं जबकि डिफेंस और खेल के मामले में मैं बीरेंद्र लाकड़ा का अनुसरण करता हूं।

### तोक्यो पैरालंपिक खेलों में भारत के पदकों की संख्या दो अंकों में होगी: दीपा मलिक



**नई दिल्ली।** पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी दीपा मलिक का मानना है कि अगले साल होने वाले तोक्यो पैरालंपिक खेलों में देश के पदकों की संख्या दो अंकों में होगी। गोला फेंक की खिलाड़ी रही दीपा ने इन द स्पोर्टलाइट चैट शो के दौरान टेबल टेनिस खिलाड़ी मुदित दानी से कहा, रियो में अपने पदकों की संख्या को दोगुना किया था, हमारी टीम में 19 खिलाड़ी थे। हमने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था। 2018 (एशियाई पैरा खेलों में) में हमारी टीम में 194 सदस्य थे और हमने 72 पदक जीते थे। इसने पहले ही मापदंड स्थापित किया है। रियो डि जिनेरियो में 2016 में रजत पदक जीतने वाली 49 साल की दीपा ने कहा, अगले साल तोक्यो खेलों के बारे में सबसे शानदार चीज यह होगी कि भारत पैरालंपिक में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। आईपीसी विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतने वाली दीपा ने कभी अपनी दिव्यांगता को अपने जुनून के रास्ते में नहीं आने दिया।

## स्टार्क ने चोट के कारण आईपीएल-18 में नहीं खेलने पाने के मामले में बीमा कंपनी से समझौता किया



**भाषा।** मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने 2018 में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से नहीं खेल पाने के कारण 15 लाख 30 हजार डॉलर के बीमा भुगतान के मामले में समझौता कर लिया है।

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की खबर के अनुसार, विक्टोरिया काउंटी अदालत में सुनवाई से सिर्फ दो दिन पहले सोमवार को यह समझौता हुआ। समझौते की शर्तों को जारी नहीं किया गया है जिसके वित्तीय समझौता भी शामिल है लेकिन कुछ दिनों में इसकी जानकारी अदालत को दी जाएगी। स्टार्क को 2018 आईपीएल से पहले केकेआर ने 18 लाख डॉलर (नौ करोड़ 40 लाख रुपए) में अनुबंधित किया था लेकिन वह दाएं पैर में चोट के कारण एक भी मैच नहीं खेल पाए थे। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 10 मार्च 2018 को दावा किया कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टूटती हुई पिच पर पैरों के निशान के कारण उबड़ खाबड़ सतह पर गेंदबाजी करने के कारण उनकी दाईं पिंडली में दर्द है। अगले कुछ गेंदबाजी सत्र में हालत और खराब हो गई और तीसरे टेस्ट के दौरान उनके दाएं पैर में फ्रेक्चर हो गया।

# बीसीसीआई ने चार महीने के लिए आईपीएल प्रायोजन की निविदाएं बुलाई

**भाषा।** नई दिल्ली

चीनी मोबाइल कंपनी वीवो की जगह आईपीएल के नए टाइटल प्रायोजक के साथ करार साढे चार महीने के लिए होगा और यह जरूरी नहीं कि सबसे उंची बोली लगाने वाले को ही अधिकार दिए जाए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। भारत और चीन की सेना के बीच सीमा पर हुई हिंसक झड़प के बाद भारतीय बोर्ड और वीवो के बीच अनुबंध इस साल के लिए रद्द कर दिया गया। बोर्ड ने सोमवार को नए प्रायोजन के लिए निविदाएं आमंत्रित की। सचिव जय शाह ने बोलियां जमा करने के लिए 13 बिंदुओं की घोषणा की। अधिकार पाने वाले के नाम का ऐलान 18 अगस्त को किया जाएगा। बोलियां जमा करने की आखिरी तारीख 14 अगस्त है। बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा , ए अधिकार 18 अगस्त 2020 से 31 दिसंबर 2020 की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया , इसके बारे में विस्तार से जानकारी उन्हीं पक्षों को दी जाएगी जो ईओआई (एक्सप्रेस आफ इंटरेस्ट) जमा करेंगे और योग्य पाए जाएंगे। इसमें आगे कहा गया , यह स्पष्ट किया जाता है कि सबसे उंची बोली लगाने वाले तीसरे पक्ष को अधिकार देने के लिए बीसीसीआई बाध्य नहीं होगा। बीसीसीआई का फैसला कई अन्य बातों पर भी निर्भर करेगा। बीसीसीआई के अनुसार ईओआई तभी स्वीकार किया जाएगा जब तीसरे पक्ष का टर्नओवर पिछले आडिट किए गए खातों के अनुसार तीन सौ करोड़ रूपए से अधिक हो। बोली के साथ जांचे गए खातों की प्रति भी जमा करनी होगी।

### पतंजलि आईपीएल टूर्नामेंट के नाम के प्रायोजक के लिए बोली लगाने पर कर रही विचार

**नई दिल्ली।** बाबा रामदेव की पंतजलि आयुर्वेद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टूर्नामेंट के नाम के प्रायोजक को लेकर बोली लगाने पर विचार कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। चीन की मोबाइल हैंडसेट बनाने वाली वीवो के प्रायोजक से हटने के बाद नए सिरे से टूर्नामेंट के नाम के प्रायोजन के लिए बोली मंगाई जा रही है। इस कदम से हरिद्वार की इस कंपनी को वैश्विक बाजार में पहुंच बनाने मे मदद मिलेगी।

# फियोना ने एनेट को हराकर पालेर्मो ओपन का खिताब जीता

**भाषा।** पालेर्मो



फ्रांस की फियोना फेरो ने पालेर्मो लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में एस्टोनिया की चौथी वरीय एनेट कोंटावीट को हराकर उलटफेर करते हुए खिताब जीता। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी फियोना ने रविवार को 6–2, 7–5 से जीत दर्ज की। फ्रांस की इस खिलाड़ी ने फाइनल तक के अपने सफर के दौरान सिर्फ एक सेट गंवाया। तेईस साल की फियोना का यह दूसरा डब्ल्यूटीए खिताब है। एनेट ने अब तक छह में से पांच फाइनल गंवाए हैं। मार्च में कोरोना वायरस के कारण टेनिस स्पर्धाएं निलंबित होने के बाद यह पुरुष या महिलाओं का पहला आधिकारिक टेनिस टूर्नामेंट है। टूर्नामेंट के दौरान कड़े स्वास्थ्य नियमों का पालन किया गया। कोर्ट पर कम बॉल किड्स मौजूद थे जबकि सीमित संख्या में दर्शकों को स्टेडियम में आने की इजाजत थी। खिलाड़ियों को मैच के बाद हाथ मिलाने की स्वीकृति नहीं थी। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों और अधिकारियों का प्रत्एक चार दिन में कोराना वायरस परीक्षण किया गया और पॉजिटिव पाई गई एक खिलाड़ी टूर्नामेंट से हट गई।

# आईसीसी चेयरमैन चुनाव : बोर्ड बैठक में कोई फैसला नहीं हो सका

**भाषा।** नई दिल्ली

## ●सर्वसम्मति बनाने की क्वायद नाकाम

आईसीसी निदेशकों के बोर्ड की बैठक सोमवार को बेनतीजा खत्म हो गई जिसमें शशांक मनोहर के बाद अगले चेयरमैन को लेकर सर्वसम्मति नहीं बन सकी। सोमवार की बैठक का एक ही एजेंडा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देना था लेकिन सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुनने को लेकर कोई कामयाबी नहीं मिल सकी। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया , कई मसलों पर सहमति नहीं बन सकी। पहले तो इसी पर मतभेद हैं कि सामान्य बहुमत से या दो तिहाई बहुमत से चुनाव होगा क्योंकि सदन में 17 सदस्य हैं। इसके अलावा ऐसा उम्मीदवार नहीं मिल पा रहा है जिसके नाम पर सर्वसम्मति हो। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली भी दौड़ में हैं या नहीं। आईसीसी के एक पूर्व निदेशक ने बताया , इंग्लैंड के कोलिन ग्रावेस दमदार उम्मीदवार है लेकिन सभी की रजामंदी उन पर नहीं है। कई देश उन्हें स्वीकार नहीं करेंगे। इसी तरह वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डेव कैमरन भी दौड़ में शामिल हो सकते हैं लेकिन उनके नाम पर भी सबकी सहमति बनना मुश्किल है।

## छोटे कारोबारियों की मदद के लिए भूमि बैंक, सामुदायिक सूक्ष्म वित्त संस्थान बनाने का विचार : गडकरी

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार भूमि बैंक और सामुदायिक सूक्ष्म वित्त संस्थान बनाने जैसे विचारों पर काम कर रही है। ताकि लोगों के छोटी दुकानों और कारोबारों को चलाने में मदद की जा सके। उद्योग मंडल फिक्की की कर्नाटक इकाई द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन एमएसएमई सम्मेलन को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि हमें भारत का निर्यात बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने को लेकर विचार करने की भी जरूरत है। चीन के निर्यात के बारे में गडकरी ने कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था का कुल 30 प्रतिशत विनिर्माण चीन में होता है। करीब 10 ऐसी बड़ी निर्यात श्रेणियां हैं जो कुल निर्यात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और उपकर इत्यादि शामिल हैं। अब समय गया है कि हम उन क्षेत्रों की पहचान करें जहां हम आयात पर निर्भरता कम कर सकते हैं। हमें सोचना होगा कि अपने उद्योग और एमएसएमई को कैसे विकसित कर सकते हैं कि जिसका लाभ दुनिया की मौजूदा आर्थिक स्थिति में उठाया जा सके।

### आईएचसीएल ने की आई–ज़ेस्ट की शुरूआत

**मुंबई।** दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी –आईएचसीएल ने आज आईज़ेस्ट आईएचसीएल का जीरो–टच सर्विस ट्रांसफॉर्मेशन की शुरूआत और कार्यान्वयन की घोषणा की। आई–ज़ेस्ट में डिजिटल उपाय हैं जो आईएचसीएल के ब्रांड्स, ताज विवांता और सेलेक्शंस में लागू किए गए हैं। कही पर भी स्पर्श किए बिना चेक–इन और चेक–आउट। डिजिटल इन्वॉइसिंग, ऑनलाइन पेमेंट के विकल्प और क्यूआर कोड्स से लेकर रेस्टोरेंट्स में डिजिटल मेन्यू तक आई–जेस्ट के सभी डिजिटल उपाय मेहमानों और असोसिएट्स इन दोनों को सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन करने की सुविधा देते हैं साथ ही उन्हें सुरक्षित और अखंडित सेवाएं प्रदान करने में भी मदद करते हैं। कंपनी ने हाल ही में एक विशेष मोबाईल ऐप के जरिए अपने नामचीन रेस्टोरेंट्स से खाने की डिलीवरी सेवा भी शुरू की हैए और अब उसके तुरंत बाद कंपनी ने यह डिजिटल पहल शुरू की है। आईएचसीएल के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट और डिजिटल और आईटी के हेड विनय देशपांडे ने यह जानकारी दी।

### 10,000 करोड़ रुपए का निवेश कोष होगा शुरू : एसबीआई चेयरमैन

**नई दिल्ली।** दबाव झेल रहे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को समर्थन देने के लिए 50,000 करोड़ रुपए तक का इक्विटी समर्थन उपलब्ध कराने के वास्ते प्रधानमंत्री के 21 लाख करोड़ रुपए के आत्मनिर्भर भारत अभियान पैकेज में घोषित फंड आफ फंड्स को जल्द ही परिचालन में लाया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन रजनीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी कहा। ऐसा कोष शेयरपूंजी निवेश करने वाले कोषों की मदद करते हैं। इस 10,000 करोड़ रुपए के फंड आफ फंड्स योजना का उद्देश्य वृद्धि के बेहतर संभावनाओं वाले एमएसएमई को मौजूदा कठिन समय में मदद उपलब्ध कराना है।

# निकोबार द्वीप में ट्रांस शिपमेंट बंदरगाह के निर्माण की योजना : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



## ●समुद्री आप्टिकल फाइबर परियोजना का वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी में पोत परिवहन को नया आयाम देते हुए ग्रेट निकोबार द्वीप में 10,000 करोड़ रुपए की लागत से एक पोतांतरण बंदरगाह (ट्रांसशिपमेंट पोर्ट) का निर्माण करने की योजना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अंडमान निकोबार, बंदरगाह विकास से जुड़ी गतिविधियों के बड़े केन्द्र के रूप में विकसित होने वाला है। मोदी ने चेन्नई से अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह को तेज इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने वाली पहली समुद्री आप्टिकल फाइबर परियोजना का वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उद्घाटन करते हुए अपने संबोधन में यह जानकारी दी। भारत की मुख्य भूमि से 2,312 किलोमीटर दूर तक इस केबल को समुद्र के अंदर बिछाया गया है जिस पर।,224 करोड़ रुपए की लागत आई है। इससे इस द्वीप समूह को बेहतर और सस्ती ब्रॉडबैंड संपर्क सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि अंडमान निकोबार को बंदरगाह से जुड़ी तमाम विकास गतिविधियों के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह क्षेत्र दुनिया के कई ट्रांसशिपमेंट बंदरगाहों के मुकाबले काफी प्रतिस्पर्धी दूरी पर स्थित है। मोदी ने कहा , आज पूरी दुनिया यह मान रही है कि जिस देश में बंदरगाह का नेटवर्क और कनेक्टिविटी बेहतर होगी, वही 21वीं सदी के व्यापार को गति देगा। ऐसे में अंडमान–निकोबार में हो रहे ढांचागत सुविधाओं से जुड़े कार्य, उसे विकास की नई उंचाइयों पर पहुंचाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, अब ग्रेट निकोबार में करीब 10 हज़ार करोड़ रुपए की संभावित लागत से पोतांतरण बंदरगाह (ट्रांस शिपमेंट पोर्ट) के निर्माण की योजना है। कोशिश ए है कि आने वाले 4–5 साल में इसके पहले चरण को पूरा कर लिया जाए। एक बार जब ए बंदरगाह बनकर तैयार हो जाएगा तो यहां बड़े–बड़े जहाज़ भी रुक पाएंगे। इससे समुद्री व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ेगी और युवाओं को रोजगार के नए मौके मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीप पर विकसित हाने वाले माल परिवहन के लिए समर्पित रणनीतिक कंटेनर पोतांतरण टर्मिनल के दो भौगोलिक फायदे होंगे। पहला यह व्यस्त पूर्वी–पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय जहाजरानी मार्ग के नजदीक है। यह पोतांतरण की बेहतर सुविधा देगा और कारोबारी गतिविधियां बढ़ेगी। दूसरा इस क्षेत्र में आधुनिक पीढ़ी वाले बड़े जहाजों की आवाजाही भी हो सकेगी। पोतांतरण बंदरगाह पर माल को बड़े जलपोतों से उतार कर उसके गंतव्य तक पहुंचाने वाले दूसरे छोटे जहाजों पर लादा जाता है।

## कोविड-19 के कारण उपभोक्ताओं के व्यवहार में स्थाई रूप से बदलाव संभव : सर्वेक्षण

**भाषा।** नई दिल्ली

एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि कोविड–19 महामारी से उपभोक्ता व्यवहार में स्थाई रूप से बदलाव होने और उपभोक्ता वस्तुओं और खुदरा उद्योगों में स्थाई संरचनात्मक परिवर्तन होने की संभावना है। एसेंचर कोविड–19 कंज्यूमर पल्स रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय सामान और ब्रांड की मांग बढ़ रही है क्योंकि उपभोक्ता अपने सुरक्षित दायरे से बाकर निकलकर अपने पुराने उपभोग की पद्धति को ओर लौटने से झिझक रहे हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि मार्च और जून के बीच वैश्विक स्तर पर 45,000 उत्तरदाताओं में से 2,500 उपभोक्ता भारत के हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वेक्षण के भारत के हिस्से में पाया गया है कि 90 प्रतिशत उपभोक्ता अपने जीवन, कार्य और उपभोग के तौर तरीकों में स्थाई बदलाव करने के मूड हैं और वे उपभोक्ता ब्रांडों को लेकर महामारी–पूर्व की दुनिया में वापस नहीं लौटने जा रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि महामारी अधिक लोगों को ऑनलाइन किराने का सामान खरीदने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों, डिजिटल कॉमर्स तथा होम डिलीवरी, चैट फीचर्स और वर्चुअल कंसल्टिंग जैसे ओमनीकल सेवाओं की मांग बढ़ रही है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

## ●सेंसेक्स 142 अंक लाभ में , एलएण्डटी 4 प्रतिशत मजबूत

**भाषा।** मुंबई




वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने और निवेशकों की लिवाली बढ़ने से सोमवार को बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स 142 अंक चढ़ गया। यह लगातार तीसरा कारोबारी दिवस रहा जब शेयर बाजार में तेजी रही। इस दौरान वित्त, औषधि और इंजीनियरिंग कंपनियों के शेयरों में बढ़त रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 390.12 अंक तक चढ़ गया था लेकिन बाद में मुनाफा वसूली से यह बढ़त कम हो गई और अंत में सेंसेक्स 141.51 अंक यानी 0.37 प्रतिशत लाभ के साथ 38,182.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचंज (एनएसई) का निफ्टी 56.10 अंक यानी 0.50 प्रतिशत बढ़कर 11,270.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में लार्सन एण्ड टुब्रो 4.81 प्रतिशत बढ़त के साथ सबसे अधिक लाभ दर्ज किया। महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, सन फार्मा, एनटीपीसी, स्टेट बैंक, टेक महिन्द्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन के शेयर भी लाभ में रहे। इसके विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, मारुति, बजाज फिनसर्व, अल्ट्रा टेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयरों में 1.26 प्रतिशत तक गिरावट रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक गत सप्ताहांत शुक्रवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार में 397.32 करोड़ रुपए की शुद्ध लिवाली की। बाजार सूत्रों का कहना है कि वैश्विक बाजारों से मजबूती के संकेत मिलने से बाजार में उत्साह बढ़ा।

## सोने में 238 रुपए और चांदी में 960 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 238 रुपए और सुधर कर 56,122 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछला भाव 55,884 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 960 रुपए की तेजी के साथ 76,520 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई जो पिछले कारोबारी सत्र में 75,560 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, रुपए में सुधार आने के कारण सोने में तेजी पर कुछ अंकुश्स लगा रहा।मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष (जींस अनुसंधान) नवनीत दमानी ने कहा कि अमेरिका–चीन के गहराते तनाव और कोविड19 हालात के चलते सोने और चांदी को निवेश की सुरक्षित जगह माना जा रहा है।

## रुपया तीन पैसे सुधरकर 74.90 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार मे तेजी के बीच विदेशी विनिमय बाजार मे सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया तीन पैसे की तेजी के साथ 74.90 पर बंद हुआ। बाजार सूत्रो ने कहा कि रुपए मे एक सीमित दायरे मे कारोबार हुआ। घरेलू शेयरो मे तेजी और विदेशी निधियो के पूंजी प्रवाह बढ़ने से रुपए को बल मिला मिला। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने तथा कच्चातेल कीमतो मे तेजी आने के कारण रुपए पर दबाव भी रहा। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया कमजोर रुख के साथ 74.96 प्रति डालर पर कमजोर खुला।

## प्राकृतिक गैस के साथ बॉयो गैस के मिश्रण पर विचार : पेट्रोलियम सचिव

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर ने सोमवार को कहा कि सरकार जैव-ईंधन की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए प्राकृतिक गैस के साथ बॉयोगैस के मिश्रण पर गौर कर रही है। उन्होने विश्व जैवईंधन दिवस पर अयोजित वेबिनार (इंटरनेट के जरिए आयोजित सेमिनार) मे कहा, गैस वितरण क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है और कुछ हिस्सा जैव स्रोतो से आना है। वे पूरी तरह एलएनजी या घरेलू गैस पर आश्रित नही रह सकते। यह गुंजाइश ऐसे भी सीमित है।

## टाइटन को 2020-21 की पहली तिमाही में 297 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाइटन को चालू वित्त वर्ष 2020-21 की अप्रैल-जून तिमाही मे 297 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ। कोविड-19 महामारी के कारण कंपनी की आय प्रभावित हुई है जिसका असर लाभ पर पड़ा।

# भारत के खिलाफ चीन की आक्रामकता का किया विरोध

**भाषा।** वाशिंगटन

**राजधानी वाशिंगटन** और उसके आस-पास के क्षेत्रों में भारतीय-अमेरिकियों के एक समूह ने भारत के प्रति चीन की आक्रमकता और देश के अशांत मुस्लिम बहुल शिनजियांग क्षेत्र में उइगर अल्पसंख्यक समूह के मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ यहां प्रदर्शन किए। शारीरिक दूरी बरकरार रखते हुए और मास्क पहने हुए, शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी रविवार को यूएस कैपिटल के सामने स्थित ऐतिहासिक राष्ट्रीय मॉल पर एकत्रित हुए और उन्होंने चीन विरोधी पोस्टर, बैनर दिखाए तथा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) और उसके नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की।ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूएसके के अदापा प्रसाद ने कहा, इन गर्मियों में जब पूरी दुनिया कोरोना वायरस से लड़ रही थी, चीन दूसरे की जमीन पर अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहा था। यह न सिर्फ भारत में लद्दाख की बात है बल्कि उसके अन्य पड़ोसियों के संबंध में भी है। अब समय है कि विश्व इस चीनी आक्रमता के खिलाफ

## ● भारतीय-अमेरिकी नागरिक शांतिपूर्वक यूएस कैपिटल के सामने स्थित ऐतिहासिक राष्ट्रीय मॉल पर एकत्रित हुए

एकजुट हो। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पांच मई के बाद से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आस-पास के कई इलाकों में गतिरोध जारी है। यह स्थिति 15 जून को गलवान घाटी संघर्ष के बाद से बिगड़ गई थी जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और चीनी सैनिकों के मारे जाने की भी खबरें आईं लेकिन उनकी संख्या पता नहीं चली।भारतीय मूल के अमेरिकी रिपब्लिकन एवं प्राउड अमेरिकन पॉलिटिकल एक्शन कमिटी के संस्थापक पुनीत अहलुवालिया ने कहा, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने उइगर समुदाय के धार्मिक अधिकारों का हनन किया है और हांगकांग के लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है। वर्जीनिया के लेफ्टिनेंट गवर्नर बनने की दौड़ में शामिल अहलुवालिया ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चीन के खिलाफ सख्त कदम बिलकुल सही दिशा में है। उन्होंने कहा, चीन को अंतरराष्ट्रीय नियमों को मानना ही होगा। अहलुवालिया ने कहा, हमने देखा है कि उन्होंने अफ्रीका में क्या किया। हमने देखा कि वे ईरान में क्या कर रहे हैं। सबसे ज्यादा गौर करने वाली बात है कि उन्होंने हाल में भारत की पीठ में छुरा घोंपा। साथ ही आरोप लगाया कि चीन विभिन्न सोशल मीडिया ऐप के जरिए और डेटा एवं सूचना चोरी कर अमेरिकियों की जासूसी कर रहा है। ग्रेटर वाशिंगटन डीसी इलाके से प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी सुनील सिंह ने भारत में चीनी ऐप प्रतिबंधित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले की प्रशंसा की।भारत के लोगों ने चीनी सामान खरीदना बंद कर दिया है, यह ध्यान दिलाते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिकियों को भी ऐसा ही कदम उठाने की जरूरत है। यह वाशिंगटन डीसी में भारतीय-अमेरिकियों द्वारा चीन के खिलाफ दूसरा बड़ा प्रदर्शन है।



थाईलैंडः उत्तरी बैंकाक स्थित विवि परिसर में मोबाइल की टॉर्च जलाकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते छात्र

# मलेशिया के पूर्व वित्त मंत्री पर रिश्वत मामले में फिर से लगे आरोप

**एपी।** पेनांग (मलेशिया)

**मलेशिया के** पूर्व वित्त मंत्री ने समुद्र के भीतर सुरंग बनाने की परियोजना से जुड़े 1.5 अरब डॉलर की रिश्वत के दूसरे आरोप में सोमवार को खुद को निर्दोष बताया और इसे नई सरकार की ओर से बनाया एक फर्जी मामला करार दिया।लिम ग्वान इंग पर सबसे पहले शुक्रवार को आरोप लगाया गया। आरोप में उन पर 2011 में उत्तरी पेनांग राज्य से जुड़ी परियोजना में संभावित लाभ का 10 फीसदी मांगने का आरोप लगाया गया। सोमवार को उन पर आरोप लगा है कि उन्होंने पेनांग के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी शक्ति का इस्तेमाल एक स्थानीय कंपनी को ठेका दिलाने में मदद करके 7,86,182 डॉलर हासिल करने में किया।इस परियोजना को लिम के पेनांग के मुख्यमंत्री रहने के दौरान मंजूरी मिली। वह मलेशिया का वित्त मंत्री बनने से पहले 2008-2018 के बीच यहां मुख्यमंत्री थे। लिम मार्च में सत्ता से बाहर हुई सरकार का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि रिश्वत रोधी अधिकारियों ने उनसे कभी 7,86,182 डॉलर के मामले में पूछताछ नहीं की और न ही ऐसा कोई सबूत है कि उन्होंने रिश्वत ली। उन्होंने इस ओर भी इशारा किया कि इस आरोप में कोई स्पष्ट समय (2011-2017) भी नहीं दिया गया है।लिम ने सुनवाई के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह बिल्कुल ही निराधार आरोप है और राजनीति से प्रेरित है। मैं खुद को निर्दोष साबित करने की लड़ाई अदालत में लड़ूंगा। प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन ने मार्च में सत्ता संभाली है। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन से अपनी पार्टी को अलग कर लिया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने इसके विरोध में इस्तीफा दे दिया था। मुहिद्दीन की नई मलय केंद्रित सरकार में कई ऐसी पार्टियां है जिन पर रिश्वत लेने के आरोप हैं और ए पार्टियां 2018 के आम चुनाव में हार गई थी।कुछ राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि लिम पर मुकदमा जल्दी चुनाव की संभावना का संकेत हो सकता है। मुहिद्दीन पर गठबंधन पार्टियों की ओर से जल्द चुनाव कराने का दबाव डाला जा रहा है क्योंकि उनकी अनिर्वाचित सरकार के पास संसद में सिर्फ दो सीटों का बहुमत है। तय समय-सारिणी के हिसाब से मलेशिया में अगला चुनाव में 2023 में है।

# ट्रंप के वैश्विक महामारी से राहत के आदेशों के दायरे सीमित हैं

**एपी।** न्यूयॉर्क

**आर्थिक मंदी** से जूझ रहे अमेरिकियों की मदद के लिए लाए गए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए शासकीय आदेशों का दायरा ऐसे किसी भी वैश्विक महामारी राहत विधेयक की तुलना में कम है जो कांग्रेस पारित करेगी।ट्रंप ने दूसरे महामारी राहत विधेयक की बातचीत पर गतिरोध बनने के बाद शनिवार को यह आदेश पारित किया। डेमोक्रेट्स ने शुरुआती तौर पर 3.4 हजार अरब डॉलर का पैकेज मांगा था लेकिन बाद में कहा कि वह अपनी मांग को कम कर दो हजार अरब डॉलर कर रहे हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी ने एक हजार अरब डॉलर की योजना का प्रस्ताव दिया था।ट्रंप के कदम कितने प्रभावी होंगे इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। पूरक बेरोजगारी बीमा भुगतान के संबंध में आदेश राज्य के योगदान पर निर्भर करता है जो अमल में नहीं भी आ सकता है।वेतन भुगतान कर अदायगी स्थगन कर्मचारियों के लिए खर्च करने योग्य अधिक राशि के रूप में बदल सके इसकी संभावना भी कम है क्योंकि यह इस बात पर निर्भर होगा कि नियोक्ता इसे लागू कैसे करते हैं।ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव से तीन महीने पहले यह सब करके चुनाव में बढत हासिल करना चाहते हैं। नवंबर के चुनावों में उनका सामना डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन से होगा। वह अब तक चार शासकीय आदेश लेकर आए हैं जिनमें पहला है बेरोजगारी बीमा जिसके तहत प्रकोप के दौरान नौकरी गंवाने वालेलाखों अमेरिकियों को पूरक संघीय बेरोजगारी लाभ दिया जाएगा। इस आदेश के तहत प्रत्एक हफ्ते 400 डॉलर का भुगतान किया जाएगा। दूसरा आदेश पेरोल कर अदायगी स्थगित करने से जुड़ा है जिसके तहत नियोक्ता पेरोल कर के कर्मचारी वाले हिस्से को लेने में देरी कर सकते हैं। इनमें वेतन पर 6.2 प्रतिशत समाजिक सुरक्षा कर भी शामिल है। इसका मकसद हाथ में आने वाला वेतन बढ़ाना है।तीसरा आदेश बेदखल किए जाने के संकट से जुड़ा हुआ है। ट्रंप ने राजकोष और आवासन एवं शहरी विकास विभागों को कोषों की पहचान कर उन लोगों को मदद देने का निर्देश दिया है जो मासिक किराया देने में समस्या का सामना कर रहे हैं।वहीं चौथा आदेश सरकार समर्थित विद्यार्थी कर्ज से जुड़ा हुआ है जिसके तहत विद्यार्थियों द्वारा लिए गए कर्ज पर रोक की अवधि बढ़ाई गई है। इस प्रतिबंध के तहत देर से भुगतान किए जाने पर लगने वाला ब्याज माफ किया गया है।

## क्विक न्यूज

### पाक में कोविड-19 मरीजों की कुल संख्या 2,84,660 हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे मे कोविड-19 के 539 नए मरीज सामने आने के साथ देश मे कोरोना वायरस के संक्रमितो की कुल संख्या बढ़कर 2,84,660 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि गत रात 15 और लोगो की मौत कोविड-19 की वजह से हुई है। इसके साथ ही पाकिस्तान मे अबतक 6,097 लोगो की मौत कोरोना वायरस से हो चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि 2,60,764 कोविड-19 मरीज ठीक हो चुके है जबकि 776 मरीजो की हालत गंभीर है। मंत्रालय ने कहा कि 539 और लोगो के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि के साथ देश मे कुल संक्रमितो की संख्या 2,84,660 हो गई। मंत्रालय के मुताबिक सिंध प्रांत मे सबसे अधिक,23,849 मामले आए है जबकि पंजाब मे 94,477, खैबर पख्तूनख्वा मे 34,692,इस्लामाबाद मे 15,261, बलूचिस्तान मे 11,906, गिलगित बालतिस्तान मे 2,334, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर मे 2,141 लोगो के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। मंत्रालय ने बताया कि अबतक पाकिस्तान मे 21,47,584 नमूनो की जांच की गई है जिनमे से 20,495 नमूनो की जांच गत 24 घंटे मे की गई।

### चीन में स्थानीय तौर पर वायरस के प्रसार के मामलों में कमी आई

**बीजिंग।** चीन मे बीते 24 घंटे मे कोरोना वायरस के स्थानीय स्तर पर प्रसार के सिर्फ 14 मामले सामने आए है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने सोमवार को बताया कि अन्य देशो से चीन लौटे 35 नागरिक कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। ए नागरिक सात अलग-अलग शहरो व प्रांतो मे पहुंचे थे। स्थानीय तौर पर प्रसार के सभी मामले शिनजिआंग क्षेत्र के है। इसका मुख्य शहर उरुमकी महामारी के प्रकोप का नया केंद्र है।कड़े यात्रा प्रतिबंध, व्यापक जांच और कुछ इलाको मे लॉकडाउन उरुमकी मे नए मामलो को कम करने मे प्रभावी प्रतीत हो रहा है। चीन मे 802 लोगो का इलाज चल रहा है जिनमे से 41 की हालत गंभीर है।चीन मे 84,688 मामले सामने आए है और 4,634 लोगो की मौत हुई है। हांगकांग मे 72 और मामले सामने आए है तथा पांच लोगो की मौत हुई है।

### अमेरिकी मंत्री अजर ने ताइवान की राष्ट्रपति साई से की मुलाकात

**ताइपे।** अमेरिका के स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री एलेक्स अज़र ने ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन से सोमवार को मुलाकात की। 1979 मे ताइपे और वाशिंगटन के बीच औपचारिक कूटनीतिक संबंधो पर विराम लगने के बाद से अमेरिकी कैबिनेट के किसी अधिकारी का यह पहला उच्च स्तरीय दौरा है। राष्ट्रपति कार्यालय मे साई ने पत्रकारो से कहा कि वह कोरोनो वायरस महामारी से निपटने और अन्य मुद्दो पर और अधिक सहयोग की उम्मीद करती है ताकि हिंद प्रशांत क्षेत्र मे सतत शांतिपूर्ण विकास के लिए संयुक्त रूप से योगदान दे सकें। अज़र ने कोविड-19 से निपटने के ताइवान के कदमो की सराहना की ओर कहा कि इसकी सफलता ताइवान के समाज और संस्कृति की खुली, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक प्रवृत्ति को दर्शाती है। अज़र ने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ताइवान के लिए मित्रता एवं मजबूत समर्थन का संदेश देने के लिए यहां आना मेरे लिए गर्व की बात है। बीजिंग ने अज़र के इस दौरे की आलोचना करते हुए कहा था कि यह चीन के दावे वाले क्षेत्र से आधिकारिक संबंध ना रखने की अमेरिका की प्रतिबद्धता का उल्लंघन है।

### हांगकांग के शक्तिशाली मीडिया उद्यमी जिम्मी लाय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग के मीडिया के बेताज बादशाह जिम्मी लाय को विदेशी ताकतो के साथ साठगांठ के संदेह मे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके सहयोगी ने यह जानकारी दी। पिछले साल हुए प्रदर्शनो के बाद शहर मे बीजिंग की ओर से लागू किए गए नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत यह सबसे हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी है। मार्क सिमोन ने ट्विटर पर कहा, जिम्मी लाय को इस वक्त विदेशी शक्तियो के साथ मिलीभगत के सिलसिले मे गिरफ्तार किया गया है। हांगकांग पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के संदेह मे सात लोगो को गिरफ्तार किया गया है लेकिन बयान मे गिरफ्तार किए गए लोगो के नाम का ब्यौरा नही दिया गया है। लोकप्रिय टैब्लायड एप्पल डेली के मालिक लाय हांगकांग मे लोकतंत्र के समर्थन मे आवाज उठाने वाली प्रमुख हस्ती है और लगातार चीन के निरंकुश शासन की आलोचना करते है। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून 30 जून को प्रभावी हुआ था और इसे असहमति को दबाने के तरीके के तौर पर देखा जा रहा है। सिमोन ने कहा कि पुलिस ने लाय और उनके बेटे दोनो के घर के साथ-साथ मीडिया समूह नेक्स डिजिटल के अन्य सदस्यो के घरो की भी तलाशी ली। लाय की ही तरह, एप्पल डेली भी लोकतंत्र का पक्षधर रहा है और अक्सर अपने पाठको से लोकतंत्र के समर्थन वाले प्रदर्शनो मे हिस्सा लेने की अपील करता है।

# शिकागो में लूटपाट की घटनाओं के बाद 100 से अधिक लोग गिरफ्तार

**एपी।** शिकागो

**अमेरिका** के शिकागो में एक दिन पहले हुई लूटपाट और अराजकता की घटनाओं के बाद सोमवार को 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसके चलते कारोबारी इलाके मैग्निफिसेंट माइल समेत शहर के अन्य हिस्सों में संपत्ति को भारी क्षति पहुंची और 13 अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक डेविड ब्राउन ने कहा, यह एक संगठित विरोध नहीं था बल्कि शुद्ध आपराधिक घटना थी। पिछले दिन शहर के पड़ोसी इलाके एंगलवुड में एक व्यक्ति को पुलिस की गोली लगने के बाद यह सब कुछ शुरू हुआ। सोमवार तड़के ऐसे भी हालात बने, जब पुलिस पर गोलियां चलाई गईं और अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की।

ब्राउन ने कहा कि अगली सूचना तक शहर के भीड़ भरे इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की संभावना है। शिकागो की मेयर लोरि लाइटफुट ने कहा, यह सीधे तौर पर आपराधिक कृत्य था। यह हमारे शहर पर हमला था। वहीं, पुलिस प्रवक्ता ने ट्वीट करके कहा कि गोलीबारी में कोई अधिकारी घायल नहीं हुआ। काले व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की 25 मई को मिनियापोलिस में हुई मौत के चलते शिकागो में हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद कई व्यापारिक संपत्तियों में तोड़फोड़ की गई थी। ए हाल ही में दोबारा खुले थे जोकि फिर अराजकता की चपेट में आ गए। मैग्निफिसेंट माइल इलाके में रविवार मध्य रात्रि के कुछ ही देर बाद पुलिस विरोधी हालात बनने लगे और अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई। इससे कुछ ही घंटे पहले करीब 16 किलोमीटर दूर स्थित पड़ोसी इलाके एंगलवुड में रविवार को पुलिस की गोली लगने से एक व्यक्ति के घायल होने के बाद दर्जनों लोग पुलिस से भिड़ गए थे। शिकागो के सबसे भीड़ भरे पर्यटन स्थल मैग्निफिसेंट माइल इलाके में उग्र भीड़ ने कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों और होटलों आदि में लूटपाट की और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।



बर्लिन वाल मेमोरियल में अपने भ्रमण के दौरान जर्मनी के विदेश मंत्री हेको मॉस व दक्षिण कोरियाई समकक्ष क्वांग वॉ । साथ हैं मेमोरियल के डायरेक्टर एक्सिल (दाएं)

# कोविड-19 : श्रीलंका में स्कूल पूरी तरह से खुले

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका में** कोरोना वायरस की महामारी को नियंत्रित करने के लिए लागू लॉकडाउन की वजह से करीब चार महीने से बंद स्कूल सोमवार से दोबारा पूरी तरह से खोल दिए गए।

श्रीलंका में मार्च मे मध्य में कोविड-19 का पहला मरीज सामने आने के साथ सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया था। जुलाई में कुछ चुनिंदा कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों को खोला गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद ही कोरोना वायरस के नए मामले सामने आने की वजह से इन्हें बंद कर दिया गया। शिक्षा सचिव एनएचएम चित्रनंदा ने बताया, सभी स्कूलों को आज दोबारा खोल दिया गया है और संबंधित कक्षाएं सामाजिक दूरी के आधार पर शुरू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि 200 से कम विद्यार्थियों वाले स्कूल मार्च में महामारी की वजह से लागू लॉकडाउन से पहले की तरह संचलित होंगे। वह पूर्व की तरह कक्षाएं संचालित करेंगे। उन्हें विद्यार्थियों के बीच एक मीटर की सामाजिक दूरी का अनुपालन करना होगा। उन्होंने कहा कि वे स्कूल जिनमें 200 से अधिक विद्यार्थी हैं उन्हें फैसला करना होगा कि स्वास्थ्य दिशानिर्देश के तहत सामाजिक दूरी का अनुपालन करने के लिए किस कक्षा के विद्यार्थी किस दिन स्कूल आएंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों में मौजूद कैंटीन को स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा कोविड-19 के नियंत्रण में होने की पुष्टि होने तक खोलने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों को दोबारा खोलने का फैसला श्रीलंका द्वारा कोरोना वायरस के सामुदायिक स्तर पर संक्रमण को सफलापूर्वक नियंत्रित करने के बाद लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंका में समुदाय स्तर पर संक्रमण का एक भी मामला 30 अप्रैल के बाद से नहीं आया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी का खतरा अभी टला नहीं है। गौरतलब है कि श्रीलंका में कोरोना वायरस से संक्रमण के 2,844 मामले सामने आए हैं जिनमें स 2,579 संक्रमित ठीक चुके हैं जबकि 11 लोगों की मौत हुई है।

## कड़े स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों के साथ 20 अगस्त से शुरू होगा संसद का सत्र

**भाषा।** कोलंबो

**कोविड-19** के मद्देनजर कड़े स्वास्थ्य संबंधी दिशानिर्देशों के साथ श्रीलंका में 20 अगस्त से नई संसद का पहला सत्र शुरू होगा। इस दौरान किसी भी दर्शक को आने की इजाजत नहीं दी जाएगी। श्रीलंका एशिया के उन कुछ देशों में से एक है, जहां कोरोना वायरस महामारी के बीच आम चुनाव आयोजित किए गए।

श्रीलंका में कोविड-19 के कुल 2844 मामले हैं, जिनमें से 2579 लोग ठीक हो चुके हैं जबकि 11 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और उनके छोटे भाई व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के नेतृत्व वाली श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) ने पांच अगस्त को हुए आम चुनाव में 225 सदस्ईय संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया था। एसएलपीपी सरकार के संसद में 150 सदस्य निर्वाचित हुए जबकि विपक्ष 75 सदस्यों पर सिमट गया। महिंदा राजपक्षे ने रविवार को ही श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की थी।संसद के सार्जेंट-एट-आर्म्स नरेन्द्र फर्नांडो ने कहा, हम पूरे संसदीय सत्र में कड़े स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि संसद का नया सत्र 20 अगस्त से शुरू होगा। उन्होंने कहा, संसद कक्ष में सीटों के बीच एक मीटर की दूरी नहीं है। इसलिए सामाजिक दूरी के एक मीटर के नियम का पालन करना मुश्किल होगा।

सभी सांसदों से सदन को संबोधित करते हुए मास्क पहनने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि हाथ धोने जैसे अन्य स्वास्थ्य नियमों का भी पालन किया जाएगा।फर्नांडो ने कहा, सार्वजनिक गलियारे नहीं खुलेंगे और दर्शकों को वहां आने की अनुमति नहीं होगी।

सिंगापुर के अलावा श्रीलंका भी एशिया के उन चंद देशों में शामिल है जहां कोरोना वायरस महामारी के बीच आम चुनाव कराए।

# नाइजर के जिराफ पार्क में बंदूकधारियों ने फ्रांस के छह नागरिकों, दो गाइडों की हत्या की

**एपी।** नियामी (नाइजर)

**नाइजर की** राजधानी में एक वाइल्डलाइफ पार्क में रविवार को कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने फ्रांस के छह सहायताकर्मियों और दो गाइडों की हत्या कर दी।दोनों देशों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।

फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने एक बयान में पीड़ितों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मैक्रों ने नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मदू इस्सोफोउ से फोन पर बात की और दोनों राष्ट्र प्रमुखों ने घातक हमले की जांच के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों के इस्तेमाल पर जोर दिया। मैक्रों और इस्सोफोउ अफ्रीकी साहेल क्षेत्र में आतंकवादी समूहों के खिलाफ लड़ने को प्रतिबद्ध हैं।नाइजर के गृह मंत्री के सलाहकार ओमरू मोस्सा ने एपी को बताया कि हमला कुरे में जिराफ रिजर्व में हुआ।यह पार्क तिलाबेरी क्षेत्र में आता है, जहां 2017 में इस्लामिक स्टेट से संबद्ध जिहादियों ने चार अमेरिकी सैनिकों और पांच नाइजरियनों की हत्या कर दी थी। फ्रांस सरकार ने अपने नागरिकों को नियामी से बाहर यात्रा करने को लेकर भी आगाह किया है, क्योंकि बोको हरम, इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा से जुड़े आतंकवादी अब भी पश्चिमी अफ्रीकी देश में हमलों को अंजाम दे रहे हैं।साहेल क्षेत्र में भी आईएस और अल-कायदा से जुड़े समूह हिंसक कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।

## खाड़ी के अरब देश ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के हथियार प्रतिबंध बरकरार रखने के समर्थन में आए

**दुबई ।** खाड़ी अरब क्षेत्र के छह देशों वाले एक समूह ने अपने आंतरिक कलहों को दरकिनार करते हुए रविवार को ईरान पर हथियारों को लेकर लगे संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध को आगे बढ़ाने की वकालत की है। ईरान पर लगा मौजूदा प्रतिबंध दो महीने में समाप्त होने वाला है।

खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पत्र भेजा है जिसमें ईरान पर प्रतिबंध बरकरार रखने का समर्थन किया गया है। इस प्रतिबंध की वजह से ईरान विदेश में निर्मित युद्धक विमान, टैंक और हथियार नहीं खरीद सकता है।खाड़ी सहयोग परिषद में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। परिषद का आरोप है कि ईरान ने पड़ोसी देशों में सीधे या संगठनों और गतिविधियों के माध्यम से हथियारों के जरिए दखल देना बंद नहीं किया है। इनका कहना है कि ऐसे संगठन ईरान के द्वारा प्रशिक्षित किए गए होते हैं।सऊदी नीत गठबंधन का यमन में हूती विद्रोहियों के साथ युद्ध जारी है। हूती विद्रोहियों के बारे में सयुक्त राष्ट्र, अमेरिका और हथियार विशेषज्ञों का आरोप है कि इन्हें हथियारों की आपूर्ति ईरान द्वारा की जाती है। हालांकि ईरान हूतियों को हथियार और जरूरी चीजें मुहैया कराने से इनकार करता रहा है लेकिन लगातार ईरान के हथियार यमन में मिलते हैं।जीसीसी का कहना है कि जब तक ईरान इस क्षेत्र को अस्थिर करने वाली अपनी गतिविधियों और आतंकवादियों और विभाजनकारी संगठनों को हथियार की आपूर्ति कराने वाली गतिविधियों को नहीं छोड़ता है तब तक उस पर से प्रतिबंध हटाना अनुचित होगा।

ईरान के सरकारी टीवी चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्बास मूसावी ने जीसीसी के इस पत्र की निंदा की है और उसे गैरजिम्मेदाराना बयान करार दिया है।

## ट्रेंड बाजार

### प्रसिद्धि के पीछे नहीं भागती: राधिका आप्टे



**अभिनेत्री** राधिका आप्टे का कहना है कि वो सुविधाओं में फंसकर संतुष्ट नहीं हो जाना चाहती हैं। वो न ही प्रसिद्धि के पीछे भाग रही हैं। राधिका ने बताया, 'मैं यहां प्रसिद्धि के लिए नहीं हूं। मुझे कभी कभी आय तो अच्छी लगती है लेकिन मैं सफलता और असफ्लता को गंभीरता से नहीं लेती क्योंकि ये सब अस्थायी होता है और सापेक्ष भी।'


उन्होंने आगे कहा, 'आप दोनों को ही गंभीरता से नहीं ले सकते। लेकिन आप इनकी अनदेखी भी नहीं कर सकते क्योंकि वे आपकी यात्रा के महत्वपूर्ण पहलू होते हैं आपको प्रशंसा तो चाहिये होती ही है। आपको अपनी पीठ बार बार थपकनी पड़ती है। आपको प्रशंसा से प्यार और असफलता से सीखना होता है, बिना निराश हुए। आप कह सकते हैं कि मैं जीवन में संतुलित दृष्टिकोण रखती हूं।'

### श्रुति हासन के जीवन का संगीत अभिन्न अंग



**अभिनेत्री** श्रुति हासन का कहना है कि 'संगीत ही मेरी चाहत है और ये मेरे जीवन का हिस्सा भी है इसे साझा करके मुझे काफी संतोष मिलता है। अपनी प्रस्तुति 'एज' में मैंने अपने जीवन के भीतरी कोलाहल का चित्रण किया है। कुछ बातें अपूर्ण जैसी भी जिनके कारण आप स्वयं को प्यार करते हैं।। जब आप दूसरों की पूर्णता को देखना बंद कर देते हैं तभी आपकी स्वयं को समझने और स्वीकार करने की यात्रा का तभी प्रारंभ होता है।

### उर्वशी को वर्ष 2020 लगता है ऐतिहासिक




**अभिनेत्री** उर्वशी रौतेला का मानना है कि वर्ष 2020 के लिए इतिहास की पुस्तकों में पूरा एक अध्याय लिखना पड़ेगा। उनके अनुसार इसी साल जंगलों में आग लगी, कोविड19 महामारी आई और अब बेरुत में धमाका। इस साल एक के बाद एक घटनाएं घटी हैं।

उन्होंने कहा, 'मैं बेरुत के लोगों के लिए प्रार्थना करती हूं। वहां जनजीवन को पहुंची हानि पर मेरा मन बहुत दुखी है। प्रभावित लोगों के लिए मेरी संवेदनाएं और जो लोग मदद के हाथ आगे बढ़ा रहे हैं उन्हें मेरा शुभकामनाएं। जो लोग इस घटना का सामना कर रहे हैं उनकी स्थितियों के बारे में तो मैं कल्पना भी नहीं कर सकती।'

### केटी पैरी का नया गाना 'शैंपेन प्रॉब्लम्स'



**हॉलिवुड** अभिनेत्री कैटी पैरी तथा अभिनेता ऑरलेंडो ब्लूम अब दंपति बन चुके हैं लेकिन उन्हें बहुत खराब परिस्थितियों से भी गुजरना पड़ा है। पेरी ने बताया, 'किसी की व्यक्तिगत यात्रा ही उसे अच्छा बनाती है। हमें ये यात्रा अलग अलग करने का निर्णय करना पड़ा क्योंकि हम दोनों ही पर्याप्त नहीं हैं बल्कि ये तो पूर्णता ही है जो ये सब कराती है।' अपने गाने 'शैंपेन प्रॉब्लम्स' में पेरी ने अपने सबसे कठिन समय पर विजय पाने के बारे में ही गाया है। उन्होंने बताया, 'इस गाने में बताया गया है कि ये परिस्थितियां कितनी गहन हो गई थीं। और किन किन परिस्थितियों से हमें गुजरना पड़ा है। जी हां, अब भी समस्याएं हैं और संबंधों में सभी के समक्ष चुनौतियां आती हैं।'

# किसी एक भूमिका को बार बार नहीं करना चाहता: नीरज कबि



**टॉक टाइम**

**नीरज कबि को हाल ही में उनकी सीरीज़, अवरोध: द सीज विदइन, में देखा गया था, ने पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी के साथ एक विशेष बातचीत में इस सीरीज़ को स्वीकार करने, उनके पदार्पण तथा थियेटर किसी भी अभिनेता के लिए नींव का पत्थर है, उनकी ऐसी मान्यता का आधार तथा फिल्म इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद संबंधी अनुभवों के बारे में, विस्तार से बताया। प्रस्तुत है साक्षात्कार के प्रमुख अंश...**

■ **सोनी लिव की सीरीज़ 'अवरोध-द सीज़ विदइन' में आपकी क्या भूमिका है?**

मैं इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शैलेश मालवीय बना हूं। उनका काम घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी प्रकरणों पर सीधे प्रधानमंत्री को रिपोर्ट करना है। ये वही व्यक्ति होता है जो सुरक्षा बलों पर सीधा नियंत्रण रखता है। नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर के उनके चरित्र में कई परतें हैं। अपने आरंभिक सालों के दौरान उन्हें कई पदों से गुजर कर यहां तक आने को मिला है। उन्हें हर विषय पर अच्छा ज्ञान है और वो परम देशभक्त हैं। वो सदैव देश और उसकी सुरक्षा के बारे में ही सोचते रहते हैं।

■ **आपके किस बात से प्रभावित होकर इसे करना स्वीकार किया?**

वो थी इसकी स्क्रिप्ट। इसके अलावा इसके निर्देशक राज आचार्य इससे पहले भी मेरी तीन फिल्मों में सहायक निर्देशक रह चुके थे। ऐसे में जब मुझे पता चला कि वो इसका निर्देशन कर रहे हैं तो मैंने तुरंत रोल स्वीकार कर लिया। वो बहुत पेशेवर व्यक्ति हैं और उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम ये रोल केवल मेरे कहने पर ही न करो, बल्कि इसकी स्क्रिप्ट पढ़ो और गहराई से रोल को समझो और तब निर्णय करो। मैंने यही किया और मुझे मेरा चरित्र अत्यंत रोचक लगा। मैंने इससे पहले ऐसा रोल कभी नहीं किया था। यही कारण था कि मुझे इसने आकर्षित किया। जब भी मैं कोई रोल चुनता हूं तो सुनिश्चित कर लेता हूं कि मैं वैसा रोल पहले कर तो नहीं चुका। इसके अलावा ये रोल वास्तविक जीवन से लिया गया है और इसकी यही बात मुझे सबसे अधिक जम गई।

■ **आपने अपना कॅरियर 1997 के 'द लास्ट विज़न' से किया था। इस प्रोजेक्ट में आपका कैसे आना हुआ?**

ये लंबी कहानी है लेकिन संक्षिप्त में बताऊं तो मैं सुमित्रा भावे के लिए एक टीवी सीरियल कर रहा था जो मराठी निर्देशिका हैं। वो इतनी अच्छी निर्देशिका हैं कि मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं। मैने इसमें एक छोटा सा चरित्र किया था और ये भी कि उसमें नेशनल स्कूल ऑफड्रामा के 16 कलाकार काम कर रहे थे जिनमें वर्तमान, जूनियर, सीनियर, बहुत सीनियर आर्टिस्ट थे। हमें पुणे में एक गांव में शूटिंग हेतु जाना था और मैंने इसके बाद वहीं ठहरने का निश्चय किया। सौभाग्य से एनएसडी अभिनेता भी उस रात वहीं रुके हुए थे और वे उड़िया में बन रही एक फिल्म के बारे में बात कर रहे थे जिसमें उन्हें एक व्यक्ति की आवश्यकता थी जो वो भाषा जानता हो और छाउ नृत्य भी कर सकता हो। मैंने उन्हें बात करते सुना तो मुझे लगा कि ये रोल तो मैं कर सकता हूं। किसी प्रकार से मुझे टीम का नंबर मिल गया और मुझे मुंबई ऑडिशन आदि के लिए बुलाया गया। उसी दिन तड़के मैं उस रोल के लिए ऑडिशन दे रहा था। इसके बाद मैं चला आया लेकिन हर चौथे दिन मैं उन्हें फोन करके जानता रहता था कि मेरा चयन हुआ या नहीं? मुझे बताया गया कि उस रोल के लिए 14 एनएसडी अभिनेताओं को खारिज किया गया था। तब मुझे भी लगा कि मेरा चयन भी कठिन था। लेकिन मैंने पुन: उन्हें फोन किया तो मुझसे पूछा गया कि मैं रोल संबंधी अनुबंध साइन करने के लिए कब मुंबई आ सकता हूं। ये कुछ इसी प्रकार से हुआ था।

■ **क्या अभिनय क्षेत्र में जाते समय आपको किसी प्रकार की आशंका थी?**

जी हां कई आशंकाएं थीं। क्योंकि मैं एनएसडी से नहीं था, न ही मैं फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट से था। मुझे अभिनय को लेकर किसी भी प्रकार का औपचारिक प्रशिक्षण नहीं मिला है। यही कारण था कि मुझे यहां तक आने में इतना समय लग गया। मैंने ये 1990 में करना स्वीकार किया था लेकिन 2011 में मुझे शिप ऑफ थेसस में ब्रेक मिला था। ये सही है कि द लास्ट विज़न मुझे 1997 में मिला था लेकिन उसके बाद मेरे पास कोई काम नहीं था। यही हमारे लिए संकट काल होता है। मैं इसकी अधिक व्याख्या नहीं करना चाहता क्योंकि इन्हीं कठिनाइयों ने ही मुझे रफएंड टफबनाया है। मैंने कठिन परिश्रम करना जारी रखा। मेरा दिन प्रात: 4 बजे प्रारंभ होता है और रात के 12 बजे समाप्त। आजीविका के लिए मैंने हर विचित्र से विचित्र कार्य किया है। मैंने स्वयं को कभी आराम नहीं दिया और लगातार पूछता रहा कि मुझे सफलता क्यों नहीं मिल रही है। यही कारण था जब मुझे शिप ऑफ थेसस मिला तो मैंने उसमें जी तोड़ परिश्रम किया क्योंकि मेरे लिए ये करो या मरो का प्रश्न था। ये मेरा सौभाग्य ही था कि ये सफल हो गया।

> **आजीविका के लिए मैंने हर विचित्र से विचित्र कार्य किया है। मैंने स्वयं को कभी आराम नहीं दिया और लगातार पूछता रहा कि मुझे सफलता क्यों नहीं मिल रही है। यही कारण था जब मुझे शिप ऑफ थेसस मिला तो मैंने उसमें जी तोड़ परिश्रम किया।**

■ **आप थियेटर से आए अभिनेता हैं। आपके अनुसार थियेटर का अनुभव किसी भी अभिनेता के लिए कितना महत्वपूर्ण है?**

ये बहुत जरूरी है और यही कारण है कि गुजरे सालों के दौरान मैंने कई वर्कशॉप्स की थीं। थियेटर किसी भी अभिनेता की नींव का पत्थर होता है और यही कारण है कि आपको अभिनेता और इंटरटेनर के बीच में अंतर साफपता चलता है। आप इरफान खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी तथा मनोज बाजपेई को देख लीजिये यही कारण है कि आपको स्टार्स और इनके अभिनय के बीच अंतर साफपता चलता होगा। मैं उन्हें इसके लिए दोष नहीं देता क्योंकि स्टार्स का तो काम ही मनोरंजन करना होता है कि आप बस उसे ही देखते रहें। लेकिन अभिनय में हम केवल इतना ही नहीं करते। ये स्टारों की दुनिया से कुछ अलग होता है। यही कारण है कि थियेटर अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि स्क्रिप्ट को समझने से लेकर उसके सुनने तक के बीच इसमें अभिनय के लिए बहुत कुछ होता है।

■ **क्या आप कभी इंडस्ट्री में बाहरी समझे गए हैं?**

जी हां, कई बार। लेकिन मैंने इन घटनाओं को कभी कहीं भी नहीं रखा। इसका कारण था कि मुझे नहीं लगता था कि इससे कुछ होगा। मुझे इस विषय पर बस इतना ही कहना है। यहां कई बाहरी लोग भाई भतीजावाद के शिकार हो जाते हैं लेकिन आप कैसे इसे लेते हैं और कैसे इससे निबटते हैं बहुत कुछ इसी पर निर्भर करता है। मैं आज भी यही कर रहा हूं लेकिन ये मैं अपनी शैली में करता हूं।

## हंसल मेहता कुख्यात अपराधी विकास दुबे पर बनाएंगे वेब सीरीज

भाषा। मुंबई

**फिल्म** निर्माता हंसल मेहता कुख्यात अपराधी विकास दुबे की जिंदगी पर आधारित एक वेब सीरीज बनाने की तैयारी में जुटे हैं। वह इसका निर्देशन भी करें। दुबे उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ पिछले महीने मुठभेड़ में मारा गया था। कानपुर के चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में तीन जुलाई की मध्यरात्रि को मुठभेड़ के दौरान दुबे और उसके साथियों ने डीएसपी देवेंद्र मिश्रा समेत आठ पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी। पुलिस दुबे को गिरफ्तार करने बिकरू गांव गई थई। वारदात के बाद दुबे फरार हो गया था और उसपर पांच लाख का इनाम घोषित किया गया था। दुबे को नौ जुलाई को मध्य प्रदेश के उज्जैन से गिरफ्तार किया गया।



पुलिस ने बताया था कि 10 जुलाई को पुलिस उसे उज्जैन से कानपुर ले जा रही थी लेकिन रास्ते में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसका फायदा उठाकर दुबे ने भौंती क्षेत्र से भगाने की कोशिश की, जिसके बाद मुठभेड़ में पुलिस ने उसे मार गिराया। निर्माता शैलेश आर सिंह की कर्मा मीडिया एंड एंटरनेटमेंट ने पॉररॉइड मीडिया के साथ मिलकर कुख्यात अपराधी पर बनने वाली सीरिज के लिए अधिकार खरीदे हैं। मेहता अलीगढ़, ओमर्टा और शाहिद जैसी फिल्मों का निर्देशन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह इस विषय को जिम्मेदारी के साथ छुएंगे। निर्देशक ने कहा, यह हमारे समय और तंत्र को दिखाता है जिसमें राजनीति, अपराध और जनप्रतिनिधियों का एक बड़ा रोचक सा गठबंधन बनता है। अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि इसे किस तरह से बनाया जाएगा, लेकिन इसे जिम्मेदारी के साथ और आकर्षक तरीके से बनाया जाएगा। वहीं तनु वेड्स मनु, शाहिद, और अलीगढ़ और जजमेंटल है क्या जैसी फिल्मों के निर्माण से जुड़े सिंह का कहना है कि वह दुबे की जिंदगी को पर्दे पर लाने के लिए उत्साहित हैं।

## लाल सिंह चड्ढा अब क्रिसमस पर 2021 में होगी रिलीज

भाषा। मुंबई




**अभिनेता** आमिर खान और अभिनेत्री करीना कपूर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म लाल सिंह चड्ढा अब क्रिसमस के मौके पर 2021 में रिलीज होगी। फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को इसकी घोषणा की। यह हिंदी फिल्म हॉलीवुड की फॉरेस्ट गंप की आधिकारिक रीमेक है। 1994 में आई इस फिल्म में टॉम हैंक्स मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म इस साल 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। अभी तक इस फिल्म के निर्माण का कार्य पूरा नहीं हुआ है। वायकॉम स्टूडियोज के मुख्य संचालक अधिकारी अजीत अंधारे के अनुसार अभी पूरा ध्यान फिल्म निर्माण पर है। अंधारे ने ट्विटर पर लिखा, हम अब भी क्रिसमस की तारीख रखेंगे, 2020 में नहीं लेकिन 2021 में। फिल्म रिलीज की नई तारीख। सारा ध्यान अभी फिल्म के निर्माण को पूरा करने पर। सीक्रेट सुपरस्टार के अद्वैत चंदन इस फिल्म का निर्देशन कर रहे है और इसकी पटकथा अभिनेता-लेखक अतुल कुलकर्णी ने लिखी है। इस फिल्म का निर्माण वायकॉम 18 मोशन पिक्चर्स और आमिर खान प्रोडक्शन कर रही है।

## अभिनेता संजय दत्त को अस्पताल से छुट्टी मिली



**मुंबई।** अभिनेता संजय दत्त को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें दो दिन पहले सांस लेने में परेशानी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 61 वर्षीय अभिनेता को पूर्ण जांच के लिए शनिवार शाम को लीलावती अस्पताल लाया गया था। दत्त की कोविड-19 जांच की गई थी, जिसमें संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। लीलावती अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि संजय दत्त की सोमवार दोपहर करीब तीन बजे अस्पताल से छुट्टी कर दी गई। इसके बाद अपने बांद्रा स्थित आवास पर पहुंचे दत्त ने पहले से ही इंतजार कर रहे फोटोग्राफरों और प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

## इजराइल में बनाया जा रहा है 15 लाख डॉलर का सोने का मास्क

एपी। मोत्जा

**इजराइल** में गहने बनाने वाली एक कम्पनी ने दावा किया है कि वह कोरोना वायरस से बचने के लिए दुनिया का सबसे महंगा मास्क बना रही है जिसकी कीमत 15 लाख डॉलर होगी। सोने के इस मास्क में हीरे भी लगे होंगे। डिजाइनर इस्साक लेवी ने बताया कि 18 कैरट सोने से बने इस मास्क में 3,600 काले तथा सफेद हीरे और एन99 फिल्टर लगाया जाएगा। एक खरीददार की मांग पर इसे बनाया जा रहा है। यवेल कम्पनी के मालिक लेवी ने बताया कि खरीददार की दो और मांगें थीं कि यह साल के अंत तक बन जाए और यह विश्व में सबसे महंगा हो। लेवी ने क्रेता की पहचान उजागर करने से मना कर दिया लेकिन इतना जरूर बताया कि वह अमेरिका में रहने वाले एक चीनी उद्योगपति हैं। उन्होंने कहा, मैं खुश हूं कि इस मास्क के जरिए इस बेहद चुनौतीपूर्ण समय में मेरे कर्मचारियों को काम मिला।

## हिंदी की सबसे महंगी व सफल फिल्मों में से एक मुगल-ए-आजम के 60 साल पूरे

भाषा। मुंबई




**विद्रोही** शहजादा सलीम और अनारकली के प्रेम पर आधारित काव्यात्मक क्लासिकल फिल्म 'मुग़ल ए आज़म' के प्रदर्शन के 60 साल पूरे हो गए। यह फिल्म हिंदी सिनेमा की सबसे चर्चित, महंगी और सफल फिल्मों में से एक है जिसके प्रति लोगों का आकर्षण अब भी बरकरार है।

फिल्म इतिहासकार एसएमएम औसजा के अनुसार एक सवाल के जवाब पर फिल्मकार के आसिफ ने कहा था कि अगर वह सलीम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता दिलीप कुमार को साधारण जूते देंगे तो अभिनेता दिलीप कुमार की तरह चलेंगे। लेकिन अगर उन्हें महंगे जूते दिए गए जो वह सलीम की तरह चलेंगे। आसिफ से सवाल किया गया था कि वह फिल्म में जूतों पर भारी राशि क्यों खर्च कर रहे हैं। इस फिल्म के सेट, कपड़े सभी बेमिसाल हैं। आसिफ की उम्र उस समय तीस साल भी नहीं हुई थी और उन्होंने एक ऐसी फिल्म बनाई जिसे भव्य फिल्मों का पर्याय कहा जाता है। 'मुग़ल-ए-आज़म' फिल्म में पृथ्वीराज कपूर ने बादशाह अकबर की भूमिका निभाई थी जबकि दुर्गा खोटे ने जोधा बाई की, दिलीप कुमार ने सलीम की और मधुबाला ने अनारकली की भूमिका की। यह फिल्म पांच अगस्त 1960 को पहली बार परदे पर आई। नौशाद के संगीत ने भी संगीतप्रेमियों को मोहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। "मोहे पनघट पे नंद लालै और "प्यार किया तो डरना क्यौ जैसे गानों को आज भी खूब पसंद किया जाता है। दर्शकों को यह फिल्म इतनी भाई कि वे इसे देखने बार बार सिनेमाघरों में जाने लगे।

कुछ कहानियां व और उद्धरण लोककथाओं का हिस्सा बन गए। वास्तव में, "मुग़ल ए आज़मै का निर्माण कैसे हुआ, इसपर भी एक फिल्म बन सकती है। सुर-साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने कहा कि इस फिल्म में कहानी को आगे बढ़ाने में संगीत की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने कहा, मैं के आसिफ साहब से शायद दो-तीन बार मिली थी। हमारी ज्यादातर बातचीत नौशाद साहब के साथ होती थी। वह पहले निर्देशक से बातचीत करते थे, चीजों को समझते थे और फिर बेहतरीन संगीत की जिम्मेदारी लेते थे। आसिफ साहब गीतों से हमेशा खुश होते थे। शकील बदायुनी साहब ने इतनी सुंदर पंक्तियां लिखी हैं। हर गीत इतना मधुर है।

'प्यार किया तो डरना क्या' की रिकॉर्डिंग को याद करते हुए उन्होंने कहा, "नौशाद साहब उसमें कुछ और चीजों को जोड़ना चाहते थे और हमारे पास तकनीक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि प्यार किया तो डरना क्या का नगमा गाएं और फिर गाने के दौरान धीरे-धीरे पीछे हटें ताकि मेरी आवाज़ थोड़ी दूर से आती लगे। अभिनेत्री तबस्सुम लगभग 14 वर्ष की थीं, जब उन्होंने फिल्म में अभिनय किया था। उन्होंने कहा, आसिफ साहब कहते थे, जब भी कोई फिल्म बनेगी और लाजवाब होगी, तो लोग पूछेंगे, क्या तुम मुगल-ए-आजम? बना रहे हो।

उन्होंने कहा, आसिफ साहब पूर्णता में विश्वास करते थे। आमतौर पर निर्देशक एक कलाकार द्वारा दिए गए शॉट को ओके कह देते। लेकिन वह सही शॉट पाने के लिए अड़े रहते थे और अगर वह नहीं मिलता तो वह आगे नहीं बढ़ते। पूर्णता की आसिफ साहब की इच्छा के कारण फिल्म को बनने में बहुत समय लगा। बेस्टसेलर 'दास्तान-ए-मुगल-ए-आज़म' के लेखक लेखक राजकुमार केसवानी ने इसे लिखने के लिए 15 वर्षों तक शोध किया। वह याद करते हैं कि उस समय वह बच्चे ही थे और सड़कों पर लोग फिल्म के संवाद दोहराते थे। उन्होंने कहा कि एक दिन उनका परिवार उन्हें फिल्म देखने के लिए ले गया और उस दिन उनका जीवन हमेशा के लिए बदल गया। उन्होंने कहा कि यह आसिफ के जादू, उनके फ़कीराना मिज़ाज से परिचित होने जैसा था।

> **अगर वह सलीम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता दिलीप कुमार को साधारण जूते देंगे तो अभिनेता दिलीप कुमार की तरह चलेंगे। लेकिन अगर उन्हें महंगे जूते दिए गए जो वह सलीम की तरह चलेंगे। आसिफ से सवाल किया गया था कि वह फिल्म में जूतों पर भारी राशि क्यों खर्च कर रहे हैं। इस फिल्म के सेट, कपड़े सभी बेमिसाल हैं। आसिफ की उम्र उस समय तीस साल भी नही हुई थी और उन्होंने एक ऐसी फिल्म बनाई जिसे भव्य फिल्मों का पर्याय कहा जाता है।**

ऊर्जामंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर जनप्रतिनिधियों, अफसरों से जाना विद्युत व्यवस्था का हाल...

# उच्च स्तरीय समिति करेगी बदहाल बिजली व्यवस्था की जांच

● एमडी विद्युत सूर्यपाल गंगवार को ऊर्जामंत्री ने दिया निर्देश, सांसद, विधायकों ने सुनाई बदहाली की कहानी



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** बेपटरी हुई विद्युत व्यवस्था की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए गए है, ऊर्जामंत्री श्रीकान्त वर्मा ने एमडी विद्युत सूर्यपाल गंगवार जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए है, जो कि जल्द ही सीतापुर में विद्युत व्यवस्था की जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। भाजपा सरकार में बदहाल विद्युत व्यवस्था का हाल जानने के लिए ऊर्जामंत्री ने सोमवार को लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों व अफसरों के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग कर बैठक की। बैठक में सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने बदहाल विद्युत व्यवस्था का मुद्दा उठाया। उन्होंने तंबौर व भवानीपुर उपकेन्द्र में 132 केवी सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसपर ऊर्जामंत्री श्रीकान्त वर्मा ने सहमति जताई। महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी ने बरगावां फीडर की क्षमता बढाने की बात कही। उन्होंने बताया कि इलाके में वोल्टेज के साथ बिजली की ट्रिपिलिंग बहुत है, जिससे समस्या हो रही है। मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने मिश्रिख में विद्युत की खराब स्थिति का मुद्दा उठाते हुए क्षमता बढ़ाएं जाने का प्रस्ताव रखा। वहीं लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, हरगांव विधायक सुरेश राही, बिसवां विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने भी विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने को लेकर ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया। ऊर्जामंत्री ने बैलेंस मेंटेनकर सुचारू विद्युत व्यवस्था के निर्देश दिए। बता दें कि सीतापुर में बदहाल विद्युत व्यवस्था लोगो को सपा-बसपा शासनकाल की याद दिला रही है। बिजली का घंटो तक गुल रहने से लोगो को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जुलाई माह में 34 ट्रांसफार्मरो ने दम तोड़ा वहीं अगस्त माह में अबतक 7 ट्रांसफार्मर खराब हो चुके है।

## झोलाछाप का दवाखाना सील, गुर्गे गए जेल

**मानपुर सीतापुर।** मानपुर इलाके में झोलाछाप डाक्टर के गुर्गो द्वारा पत्रकार को पीटे जाने के बाद परसेड़ी अधीक्षक सुनील कुमार की टीम ने सोमवार को बिरईचा गांव जाकर झोलाछाप डाक्टर अब्दुलगनी द्वारा संचालित अवैध दवाखाने को सील कर दिया है। साथ ही थानाध्यक्ष मानपुर धर्मप्रकाष शुक्ला ने आरोपी शनी, दानिश, शबी इरम व फिरोज को जेल भेज दिया है।

## नदी में डूबे किशोर का शव मिला, हत्या का आरोप

**सीतापुर।** केवानी नदी में डूबे युवक का शव 10 घंटे के भीतर ही घटनास्थल से 500 मीटर दूर कम्हरियापुरवा के पास मिला है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। बीते रविवार सुबह गांव बेहरा निवासी 20 वर्षीय कपिल पुत्र छुटकन्नू मछली पकड़ने गया था और डूब गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है।

बढ़ रहा कोविड-19 का संक्रमण...

# बेकाबू कोरोना, मिले 63 नए मामले

संवाददाता। सीतापुर




**कोरोना महामारी** दिन ब दिन भयावह होती जा रही है। मरीजों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। पिछले 24 घंटे में 63 नए कोरोना मरीज मिले हैं। सोनारी व कसमण्डा में 24 केस मिले हैं। शहर के विजय लक्ष्मीनगर में 5, आलमनगर में 3 और आनन्दनगर, सदर बाजार, व शेखसरांय में 1-1 मरीज मिला है। नरोत्म नगर व सीएचसी सिधौली में 6, बिसवां में 5, कोल्हुआ में 4, सीएचसी नैमिष, पड़रिया, थान बिसवां में एक, महमूदाबाद व तालगांव में 1-1 केस मिला है। सीएचसी हरगांव में 2 लैबटेक्निीशियन मिले हैं। इसके अलावा एक चिकित्सक का रिश्तेदार भी कोरोना पॉजिटिव निकला है। विगत दिनों चिकित्सक की रिपोर्ट भी पॉजटिव आई थी।

**यह मोहल्ला बने हॉटस्पाट:** जिलाधिकारी अखिलेश तिवारी ने एक नया हॉटस्पॉट बनाया है और दो हॉटस्पाट खत्म कर दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि महोली के मोहल्ला मास्टर कालोनी को हॉटस्पाट बनाया गया है वहीं शहर के मोहल्ला आनन्दनगर और बैजनाथ कॉलोनी को हॉटस्पाट से मुक्त कर दिया गया है।

**कोविड प्रोटोकाल की उड़ी धज्जियां:** कोरोना टॉप स्पीड है। इसके बावजूद कमलापुर कस्बे में कोविड प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। रोजाना विवेक नगर मोहल्ले की बैंक ऑफइंडिया और आर्यवर्त बैंक लम्बी- लम्बी लाइने लगती हैं, फिजिकल डिस्टेंसिंग का खयाल भी रखा जाता है, जबकि इसी मोहल्ले में एक संस्था में कार्यरत वर्कर कोरोना पॉजिटिव मिल चुका है।

## कुत्तों को दिया जहर, शिकायत पर पहुंची पुलिस

**सीतापुर।** शहर के रोटी गोदाम मोहल्ले में अराजकतत्तों द्वारा दो कुत्तों को जहर दे दिया गया है, जिसके बाद मोहल्ले के एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मोहल्ले के संजय यादव का आरोप है कि अज्ञात लोगो द्वारा दो कुत्तों को जहर दे दिया गया, सूचना पर पहुंची सीतापुर गौसेवा परिवार द्वारा एक कुत्ते को इलाज कर बचा लिया गया, जबकि एक ने दम तोड़ दिया।

## क्विक न्यूज

### विधायक ने की राहत कार्यों की समीक्षा


रेउसा-निरीक्षण करते विधायक ज्ञान तिवारी

**रेउसा सीतापुर।** विधायक ज्ञान तिवारी ने सोमवार को बिसवां तहसील के ग्राम सीपतपुर में बाढ़ एवं राहत कार्यों की समीक्षा की और बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए चल रहे प्रायासों का बखान किया। विधायक ने अधिकारियों को पीड़ितों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया। इसके बाद विधायक ने सकरन ब्लाक के ग्राम अमिरति में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और वहां प्राथमिक विद्यालय की बदहाल दषा देखकर नाराजगी जताई। भ्रमण में उपजिलाधिकारी सुरेश कुमार, तहसीलदार राजकुमार गुप्ता, ओमप्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने पीएम व सीएम को सम्बोधित ज्ञापन प्रषसन को देकर आवाज उठाई है। समस्याएं गिनाते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष हाजी रिजवान ने कहा कि कोरोना महामारी में सबसे ज्यादा प्रभावित किसान हुए हैं, महंगाई के चलते खेती करनी में कठिनाइयां आ रही हैं, किसानों के लिए जारी पैकेज का असर जमीन पर कहीं दिख नहीं रहा है, इसके साथ ही जिलास्तर भी किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है, खैराबाद के गांव कनवाखेड़ा में दबंगों ने खलिहान व चकरोड की जमीन पर कब्जा कर लिया है, एसडीएम को सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन देने वालों में वकार अंसारी, पटवारी, अंकित अवस्थी, संतोश, रमेष आदि मौजूद थे।

### दो अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्रवाई, एक गैंगस्टर गया जेल

**सीतापुर।** एसपी आरपी सिंह के द्वारा अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सकरन थानाध्यक्ष राजकुमार द्वारा नरेश, शिशुपाल और गुड्डू पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। जो समूह में चोरी की वारदातों को अंजाम देते है। वहीं सदरपुर थानाध्यक्ष विकास मिश्रा ने बताया गैंगस्टर अभियुक्त रामखिलावन लोनिया को गिरतार कर जेल भेजा गया है।

### सेंध लगाकर हजारों की चोरी

**सीतापुर।** महमूदाबाद क्षेत्र में चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाया। सिरौली चौराहे से चंद कदम दूर स्थित बृज किशोर पांडेय की किराना दुकान के पीछे बने गोदाम से रविवार रात चोरों ने सेंध लगाकर 20 हजार का सामान पार किया। पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी लेकिन कोतवाल अनिल पांडेय ने तहरीर मिलने से इंकार कर दिया।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आया अधेड़, मौत

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र में घर की छत पर सफाई कर रहे अधेड़ की हाईटेंषन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। उत्तर थोक दतवल निवासी 45 वर्शीय हृदय नारायण पुत्र रामऔतार बाजपेई छत पर सफाई कर रहा था अचानक वह तार की चपेट में आया जिससे उसकी मौत हो गई।

### अमृत योजना का नहीं पूरा हो रहा कार्य

**सीतापुर।** शहरवासियों को अमृत योजना की बूंद पाने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते कार्य एक वर्श पिछड़ गया है। वित्तीय वर्ष 2018 में योजना लागू होने के साथ ही मार्च 2020 तक पूरा कर लेने की अनिवार्यता लागू की गई थी। लेकिन मोहल्ला खूबपुर व कजियारा में अभी तक पानी टंकी निर्माण के लिए जमीन ही नहीं मिल पाई है। इस योजना के तहत षहर में 6 टंकी बननी हैं, इनमें से चार का निर्माण पूरा होने के करीब है।

### सपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**सीतापुर।** मिशन 2022 फतह के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अभी से जुट गए हैं। समाजवादी लोहिया वाहिनी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष रिजवान अहमद ने सेवता विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी आह्वान कार्यक्रम चलाया। उन्होंने हरिहरपुर, नेवादा, तकिया, बसन्तापुर, रामलालपुरवा आदि गांवों में जाकर आह्वान पत्रिका का वितरण किया। कार्यक्रम में विधानसभा सचिव प्रदीप सिंह, रामनरेश यादव, अखिलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### फीका रहेगा जन्माष्टमी का त्यौहार

**सीतापुर।** नवरात्र, रामनवमी और श्रावण के बाद अब कारोना ने कृष्ण जन्माष्टमी का आनंद भी फीका कर दिया है। पुलिस महकमें में हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व इस बार बिल्कुल सादगी से मनाया जाएगा। पुलिस लाइंस आरआई चंद्रप्रकाश ने बताया इस बार कोई कार्यक्रम नहीं आयोजित किया जाएगा। द्वितीय वाहिनी, ग्यारहवी वाहिनी, 27 वाहिनियों के कंट्रोल रुम से भी यह जानकारी मिली कि सिर्फ झांकियां सजेंगी लेकिन कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा।

### पीड़ित परिवार को विधायक ने दी सात्वंना

**सीतापुर।** बिसवां विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने पिपरा कलां गांव पहुंचर सर्पदंश से काल से गाल में समाए बच्चों के परिजनों को सांत्वना दी है। उन्होंने पीड़ित परिवार को आवास दिलाए जाने का भरोसा भी दिया है। विधायक के साथ उपजिलाधिकारी सुरेश कुमार, आलोक गुप्ता, जगतपाल यादव, आशीष गुप्ता, चंद्रभान गौतम, नागेंद्र यादव रमेश कुमार, सुमेरी चौहान आदि मौजूद रहे।

घाघरा खतरे के निशान पर...

# रामपुरमथुरा के कटान की जद में आ रहे आधा दर्जन गांव

संवाददाता। सीतापुर



**घाघरा खतरे** के निशान से 118.50 सेंटीमीटर नीचे खिसक गई है, इसी के साथ नदी की कटान तेज हो गई है, रामपुरपथुरा के अंगरौरा, अखरी व परमगोण्डा में घाघरा कटान कर रही है, रविवार रात इन गांवों के दीनबंधु, सूर्यमन, चन्द्रमन, लालसा, गंगाधर, देवनारायन, रामफेर, संतोष, शिव देवी, शेष नारायन, रमा खेलावन आदि की 13 एकड़ जमीन नदी में समा गई है। लहरपुर तहसील के रतौली गांव में षारदा कटान कर रही है। रामदत्त, बीरबल, केसन व चन्द्रबली के शौचालय कट गए हैं। कृषि योग्य 40 बीघा जमीन भी शारदा उड़ा ले गई है। बरछता में सुरेश सिंह, राजबहादुर, लालजी सिंह, राधे, अवधराम, हरिप्रसाद व बलिकरन की 150 जमीन कट गई है। प्रशासन का कोई जिम्मेदार अभी तक सर्वे करने नहीं पहुंचे हैं।

**खेतों में जम गई सिल्ट:** बाढ़ का पानी उतने के बाद गांजरी क्षेत्र में एक नई समस्या खड़ी हो गई है। खेतों में मोटी सिल्ट जम गई है, इससे धान की बर्बाद हो गई है। अंगरौरा ग्राम सभा के ज्ञानेंद्र की 16 बीघा, दीपक व मनीष तिवारी की 12 बीघा, सतरोहन की 5 बीघा, सोहन की 4 बीघा और सालिगराम, परसुराम, कनकू व छत्रपाल की 3 बीघा फसल सिल्ट जमा होने से बेकार हो गई है। किसानों का कहना है कि फसल तबाह हो गई है, कैसे पालेंगे परिवार कुछ समझ में नहीं आ रहा है।

**4 लाख क्यूसेक पानी ने फिर बढ़ाई धड़कने:** गांजरी क्षेत्र में अभी बाढ़ का पानी पूरी तरह उतर नहीं पाया है, वहीं सिचाई विभाग ने एक बार फिर खतरे की घंटी बजा दी है। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता आरिफ कमाल ने बताया कि बैराजों से करीब 4 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, ऐसे में नदियों का जलस्तर बढ़ने और क्षेत्र में बाढ़ आने की पूरी सम्भावना है। तहसीलदार लहरपुर मदन वर्मा ने बताया कि बैरोजों से छोड़े गए पानी के बारे में उन्हें जानकारी है, बाढ़ चौकी के कर्मचारियों को एलर्ट कर दिया गया है।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर हुई बैठक...

# कार्यकर्ताओं में जोश भर मजबूती देने पर हुआ मंथन



सीतापुर-बैठक को सम्बोधित करती कांग्रेस नेत्री शमीना शफीक, मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी

संवाददाता। सीतापुर

**जिला कांग्रेस** कमेटी कार्यालय पर हुई बैठक में पार्टी को मजबूती देने पर मंथन किया गया। जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। कोषाध्यक्ष आमोद मिश्र को प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया वहीं राज किशोर सिंह को संगठन प्रभारी, शिशिर वाजपेई को जिला सदस्यता एवं जॉइनिंग, आशीष गुप्ता को प्रभारी कार्यक्रम, पुष्पा भार्गव को अनुशासन एवं सामाजिक संपर्क, अल्पना सिंह को किसान एवं जन शिकायत निवारण की जिम्मेंदारी दी गई। जिला कमेटी के महासचिव अमर सिंह चौधरी को महमूदाबाद, चोक्षविभु अवस्थी को हरगांव, रामपाल चौधरी को मिश्रिख, गोमती भार्गव को लहरपुर, अयूब अहमद डंपी को सेवता, संजीव गुप्ता को महोली, श्रेष्ठ कुमार तिवारी को सिधौली, एजाजुद्दीन अंसारी को सीतापुर और हरगोविंद यादव को बिसवां विधानसभा का प्रभारी बनाया गया। सौंपा गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव ब्रह्म स्वरूप सागर व जनपद प्रभारी कुमुद गंगवार ने पदाधिकारियों से पार्टी को बूथ स्तर मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामलाल राही, पूर्व एमएलसी हरीश बाजपेई संतोष भार्गव, धीरेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# कार्य बहिष्कार कर वकीलों ने किया प्रदर्शन

● पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

संवाददाता। सीतापुर


सम्बोधित करते अधिवक्ता


सीतापुर-गेट के बाहर मौजूद पुलिस

**सिविल कोर्ट** व कलेक्ट्रेट कचहरी परिसर में कोरोना की रोकथाम को लेकर बरती जा रही लापरवाही से अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। सोमावार को अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया और रोकथाम के व्यापक बंदोबस्त न होने पर आगामी रणनीति बनाने के लिए बुधवार को बैठक करने का ऐलान किया। बार एसोसिएशन के महासचिव विमल मोहन मिश्रा और उपाध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय साझा वक्तव्य में कहा कि जनपद में अब तक 900 के करीब कोरोना के मरीज मिल चुके हैं, कचहरी भी इससे अछूती नहीं रही। पैरोकार और सुरक्षाकर्मी कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद भी न तो यहां सेनेटाइज कराया गया और न ही किसी की जांच की गई, कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए अधिकारी यदि कोई कदम नहीं उठाते हैं तो बुधवार को अधिवक्ता अगली रणनीति बनाएंगे।

## एसडीएम ने हटाया अवैध कब्जा

संवाददाता। सीतापुर

**एसडीएम** सदर अमित भट्ट ने एक बार फिर भू माफिया पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उन्होंने सोमवार को ग्रामपंचायत पीतपुर में 15 बीघा जमीन को कब्जामुक्त कराया। एसडीएम ने बताया कि कब्जामुक्त कराई गई जमीन पर अस्थाई गोषाला बनवाई जाएगी, बुधवार को पौधरोपण किया जाएगा। कार्रवाई में लेखपाल अंशिका राठौर, वीरेन्द्र बलिया, भूनेष श्रीवास्तव आदि एसडीएम के साथ मौजूद रहे।

## चीनी उत्पादों का हुआ विरोध

**सीतापुर।** चीनी उत्पादों के विरोध का दायरा व्यापक होता जा रहा है। अब इसमें व्यापारी भी कूद पड़े हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेष आदर्ष व्यापार मंडल ने कैप्टन मनोज पाण्डेय चौक पर चीनी वस्तुओं के विरोध में प्रदर्षन किया और जनमानस से देषी उत्पादों को ही अपनाने का आह्वान किया। प्रदर्शन में उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, रामबाबू, सौरभी सिंह, समीन्द्र, चंदन, गुड्डू, हरिओम आदि मौजूद थे।

# नगर पालिका बोर्ड की हुई बैठक

● चेयरमैन की उपस्थिति में पास हुए सभी प्रस्ताव

संवाददाता। सीतापुर


लहरपुर-बैठक में मौजूद चेयरमैन जासमीर अंसारी व अन्य

**नगर पालिका** परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर में बोर्ड की बैठक कार्यालय मीटिंग हाल में सभासदों की उपस्थिति में सम्पन्न की गयी। जिसमे सर्वसम्मित व ध्वनिमत से निम्न प्रस्तावों को पारित किया गया व पिछली कार्यवाही की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी। अधिशासी अधिकारी द्वारा बोर्ड में उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष पालिका का वार्षिक बजट वित्तीय वर्ष 2020-21 पढ़कर सुनाया। जिसमें आय अनुमानित 254768229.41 तथा व्यय 246943000.00 होने का अनुमान है। जिसे बोर्ड मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से एक साथ मेज थपथपाते हुए बजट पास किया गया। चेयरमैन जासमीर अंसारी ने नामित सदस्यों को प्रथम बैठक में उपस्थित होने का आभार जताया। बैठक में विकास कार्य कराने हेतु सभी सदस्यों से बताया गया कि नगर की सभी मेन रोडों को निर्माण कराने हेतु शासन से जो पूर्व मे कार्ययोजना 12 करोड़ की भेजी जा चुकी है उस अनुदान को लाने में मेरे द्वारा भरसक प्रयास किया जायेगा तथा बोर्ड मे समस्त सदस्यों की उपस्थिति मे पालिका निधि से, राज्य वित्त आयोग से, 14वें वित्त आयोग से, अन्य सभी मदों के वित्तीय अधिकार बोर्ड द्वारा ध्वनिमत से अध्यक्ष महोदय को दिया गया। सभी सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से अन्त मे अध्यक्ष महोदय द्वारा बोर्ड मीटिंग मे उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बोर्ड मीटिंग की कार्यवाही समाप्त की गयी।

# डीएम ने किया एकीकृत कोविड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण

संवाददाता। लखीमपुर.खीरी



**सोमवार को** जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने एकीकृत कोविड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने सर्वप्रथम कोविड हेल्प डेस्क पर जाकर कमांड सेंटर में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण की अंकन वाली पंजिका का अवलोकन किया। इसके उपरांत कांटेक्ट ट्रेसिंग करने वाली टीम से अब तक किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली। वही कमांड सेंटर में होम आइसोलेशन में रह रहे संक्रमित व्यक्तियों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने वाली टीम से आज किए गए संक्रमित व्यक्तियों से संपर्क के बारे में जानकारी हासिल की। डीएम ने मानिटरिंग कर रही टीम से संक्रमित मरीजों से बात कराने के लिए कहा। डीएम ने संक्रमित मरीजों से बात करते हुए कहा मैं डीएम खीरी बोल रहा हूं आपको किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत तो नहीं हैए कंट्रोल रूम आपका प्रतिदिन हाल.चाल लेता है। आज आपका तापमान क्या है जैसे तमाम प्रश्न किए। जिन भी संक्रमित मरीजों से डीएम ने बात की सभी ने होम आइसोलेशन में स्वस्थ होने के साथ.साथ कंट्रोल रूम द्वारा निरंतर संपर्क में रहने की बात कही। इसके बाद डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल के साथ सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से एक.एक कर उन्हें सौंपे गए कार्य दायित्वों के संबंध अब तक किए गए कार्यों के संबंध में बिंदुवार जानकारी ली और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## महासभा की बैठक का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** अखिलेश भारतीय युवा यादव महासभा की बैठक का आयोजन सपा नगराध्यक्ष वारिस अली के आवास पर किया गया। बैठक में कृष्ण जन्म महोत्सव पर संगठन के लोगों ने अपने आराध्य भगवान श्री कृष्ण के विचारों पर चर्चा की तथा समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लिया। इसी के साथ यादव समाज को शिक्षा की मुख्य की मुख्यधारा से जोड़ने का आवाहनए युवाओं को आपसी भाईचारे से रहने नशाखोरी दुर्गा भजन तथा अंधविश्वास जैसे कुरीतियों से दूर रहने के लिए का संकल्प लिया गया। बैठक वारिस अली अंसारी के आवास पर हुई जिस के मुख्य वक्ता नरेश यादव जी ने युवा यादव महासभा संगठन को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया तथा आपसी मतभेद को समाप्त कर भाईचारे के साथ एकजुट रहने की अपील की तथा यादव युवा महासभा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव और फूल सिंह यादव भूमि विकास बैंक अध्यक्ष व जन्मेजय यादव दिनेश यादव सुरेंद्र यादव वादाम सिंह यादव विनोद यादव व तमाम लोग मौजूद रहे।

# डिग्री कालेजों की फीस बढ़ाने की मांग, कुलपति को भेजा ज्ञापन



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**खीरी सेल्फ** फाइनेंस डिग्री कॉलेज एसोसिएशन ने स्नातक कक्षाओं की फीस बढ़ोतरी की मांग करते हुए एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 1999 में स्नातक स्तरीय कक्षाओं की फीस 5000 रुपए निर्धारित की गई थी। मगर उस पर आज भी अमल नहीं किया गया। जिसका खामियाजा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति महाविद्यालयों को झेलना पड़ रहा है। यहां 2500 से लेकर 4000 रूपए ही फीस मिल पा रही है। हर साल कुल फीस की 25: फीस प्रबंधकों को छात्र हित में छोड़नी पड़ जाती है। इसके पीछे कई कारण होते हैं। गन्ना भुगतानए बाढ़ए सूखा व बीमारी आदि के चलते महाविद्यालयों को यह नुकसान उठाना पड़ता। उसमे भी 995 रूपए प्रति छात्र की परीक्षा शुल्क का भुगतान भी इसी फीस में से ही करना पड़ता है। शेष फीस से महाविद्यालय के खर्चेए वेतन भुगतान करना कठिन हो रहा है। एसोसिएशन ने स्नातक कला वर्ग की फीस 5000 व विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग की फीस 6000 रूपए करने की मांग की है। पदाधिकारियों ने कुलपति को संबोधित ज्ञापन जिलधिकारी को सौंपा।

# पुरानी रंजिश में दो पक्ष भिड़े, लाठी डंडों के साथ दागी गईं गोलियां

संवाददाता। बेहजम खीरी

**कोतवाली** नीमगांव क्षेत्र में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। कोतवाली पुलिस क्षेत्र में लूट हत्या राहजनी बलात्कार चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में बेबस दिखाई दे रही है। पुलिस का डर अपराधियों के जहन से जाता रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण प्रत्येक दिन कोई नई घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण सोमवार सुबह थाना क्षेत्र के अतरौली गांव में दो पक्षों में जमीन पर कब्जेदारी को लेकर जमकर लाठी.डंडे चले और दंबगों ने एक किसान गन्ने की ख ?ी फसल को कई ट्रैक्टरों से जोत डाला। जब उक्त किसान के परिवार ने उसका विरोध किया तो दबंगों ने कई राउंड फायरिंग कर क्षेत्र में दहसत फैला दी। घटना की सूचना पर नीमगांव पुलिस काफी दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों के विरूद्ध कार्यवाही कर फिलहाल मामला शान्त कराने का प्रयास किया।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अतरौली गांव में सोमवार की सुबह करीब 9 बजे सरदार बलदेव सिंह ने अपने साथियों के साथ कई टैक्टरों को ले जाकर गन्ने की ख ?ी फसल को जोतने पहुंचा तो पवन कुमार के पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया। दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। तब तक दोनों परिवारों के घर की औरतों के सहित लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और वहां पर काफी वाद विवाद ब ? गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी.डंडे चलने लगे जिससे भगद ? मच गयी। दोनों पक्षों की महिलाएं भी घायल हो गई। लोग बताते हैं कि महिलाओं को आगे कर सरदार बलदेव सिंह के पक्ष से कई राउंड हवाई फायरिंग भी हुई। घटना की सूचना पर नीमगांव पुलिस मौके पर पहुंच कर बलदेव सिंह के ट्रैक्टर हैरो क्लीटीवेटरों को कब्जे में लेते हुए दोनों पक्षों पर शांति भंग आशंका के तहत विधिक कार्रवाई की गई। बताते हैं कि वर्ष 2014 में 26 अप्रैल को धोखाधड़ी करके गांव के राजन पांडे जो कि पूर्ण रूप से मानसिक विक्षिप्त हैं उनके द्वारा योगेंद्र कुमार ने दानपात्र में बैनामा करा लिया था। जिसकी दाखिल खारिज कराने के बाद 19 मई 2020 को योगेंद्र कुमार ने राजवीर कौर रजविंदर कौर के नाम दस बीघा जमीन का बैनामा करा दिया था। जिस पर राज नारायण के भतीजे सरोज कुमार न्यायालय में मुकदमा दायर किया था जो न्यायालय में विचाराधीन है। फिर भी राजवीर कौर के परिजन बलदेव सिंह आज उसी जमीन पर गन्ने की ख ?ी फसल को जोतने पहुंचे थे जिसका विरोध सरोज पवन कुमार के सहयोगियों ने जब इसका विरोध किया। तब उक्त घटना हुई जिसपर बलदेव सिंह ने विपक्षियों पर लाठी.डंडे बरसाये। साथी अपनी दबंगई का परिचय देते हुए कई राउंड फायरिंग भी की। दोनों पक्षों की तहरीर लेकर दोनों पक्षों के लगभग एक दर्जन लोगों को शांति भंग आशंका में पाबंद कर नीमगांव पुलिस ने मामले को फिलहाल शांत करा दिया है।

## तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** अभियुक्त दीपक पुत्र कालीचरण निवासी ललऊआ कस्ता मितौली के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर रसूलपुर जंगल मोड से बरामद हुआ। जिससे दीपक के विरुद्ध थाना गोला पर मुकदमा अपराध संख्या 528৳20 धारा 3৳25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

# शहीद दिवस के उपलक्ष्य में मशाल जुलूस का आयोजन

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी

**जिलाध्यक्ष** प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने नगर के मिल रोड बाबा प्रोविजन स्टोर्स से शहीद दिवस के उपलक्ष्य में मशाल जुलूस निकालकर भारत माता की जय आजादी मेरा अभिमान है के नारे लगाये।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी के आवाहन पर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधायक अजय कुमार लल्लू भैया के दिशा निर्देशन में जनपद के प्रभारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कुमुद गंगवार की देखरेख में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी लखीमपुर खीरी प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में शाम सात बजे मिल रोड बाबा प्रोविजन स्टोर से सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मशाल जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम में शहीद दिवस के नारे लगाते हुए नौ अगस्त क्रांति अमर रहेए आजादी मेरा अभिमान हैए के भारत माता की जय के नारों से सदर चैराहा गुंजायमान हो गया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सहजेंद्र दीक्षित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पारस प्रसाद मिश्रा जिला महासचिव प्रेम कुमार वर्मा अनिल शुक्ला अमित गुप्ता मतीनशाह गौरव मिश्रा रोहित राठौर गौरव मिश्रा सेकंड आशीष अवस्थी निखिल प्रजापति काले घोसी रामकुमार वर्मा दीपक कुमार रमेश वर्मा रामू प्रजापति अमन कश्यप राजा प्रजापति सूरज प्रजापति सतीश कुमार मिश्रा अंकुर पटेल पंकज पटेल राघवेंद्र सिंह मुस्ताक अली सोहनलाल व अमन यादव आदि उपस्थित रहे!

# गश्त करती रही पुलिस चोरों ने तोड़ दिया ताला

संवाददाता। बेहजम.खीरी



**बीती रात कोतवाली** नीमगांव से चंदों कदमों की दूरी पर रात पर ग्रस्त करती रही पुलिस और अज्ञात चोरों ने एक मेडिकल ब्यवसायी की गोदाम का ताला तोड़ दिया। परिजनों के जागने पर चोरी में असफल चोर मौके से फरार हो गये। जानकारी के अनुसार बीती रात नीमगांव कस्बे के मैन चौराहे पर कोतवाली नीमगांव से चंद कदमे की दूरी पर विकास मेडिकल स्टोर की दुकान पर चोरों ने धावा बोलते हुए कस्बा निवासी विकास सिंह की मेडिकल स्टोर के गोदाम का ताला तोड़ दिया। दुकान के उपर मकान बना कर रहे हैं। दुकान मालिक को किसी के नीचे होने की आहट सुनायी जिस पर वह जग गया। बाहर गोदाम का ताला तोड चुके चोरों को भी किसी के जागने का आभास हो गया जिस पर अज्ञात चोर मौके से फरार हो गये। बडी घटना होने से बच गयी। बीती रात हुई घटना के बाद नीमगांव पुलिस की रात्रि ग्रस्त पर सवालिया निशान उठ रहे है। वहीं बीती रात हुई घटना से कस्बे के लोगों भय का माहौल बना हुआ है। वहीं मेडिकल ब्यवसायी की गोदाम में ताला तोड़ने के मामले में नीमगांव पुलिस चोरों को पता लगाने में जुटी हुई है।

## क्विक न्यूज

### पूर्व कोटेदार की गला रेतकर हत्या

**सण्डीला(हरदोई)।** घर से अचानक लापता हुए पूर्व कोटेदार की अज्ञात हत्यारों ने गली रेतकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भगवंतपुर मजरे अटवा निवासी 35 वर्षीय राजपाल सिंह पुत्र शिवराम सिंह जो वर्तमान में एसडीएम कंपाउड के पीछे कालोनी में निवास कर रहे थे। रविवार की शाम अचानक लापता हो गए। उनकी घरवालों ने काफी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला। आज उनका शव ग्राम बख्साखेड़ा के पास सड़क के किनारे पाया गया। शव को देखने से पता चलता था कि उनका गला किसी तेज धार वाले हथियार से काटा गया। उनकी आंख पर भी चोट के निशान थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस हत्या के संबंध में हालांकि कोई भी व्यक्ति कुछ भी खुल कर कहने के लिए तैयार नहीं है।

### भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत

**सण्डीला(हरदोई)।** दबंगों द्वारा बने हुए मकान को गिराने और उसपर कब्जे के प्रयास की शिकायत मुख्य मंत्री से की गयी है। नगर के मोहल्ला मण्डई निवासी परवीन बेगम पत्नी स्व0 अब्दुल अली ने शिकायत की है कि उनकी भूमि गाटा सं0 481 रकबा 0.0650 हेक्टेयर पर उन्होंनें आठ फीट ऊंची चाहर दीवारी बना रखी है। उनकी इसी भूमि पर आधा दर्जन लोग हथियारों से लैस होकर पहुंचे और धमकी दी कि वह उनके मकान को कल आकर गिरा देंगे और यदि उन्होंनें कोई विरोध किया तो उनको परिवार सहित मार देंगे। परवीन बेगम का यह भी कहना है कि उन्होंनें इस मामले की सूचना पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करने से साफमना कर दिया।

### ट्रेन से घायल महिला की मौत

**फतेहपुर।** खागा कस्बा के रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे दो दिन पूर्व ट्रेन की टक्कर लग जाने से घायल हुयी अज्ञात महिला की जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान देर रात मौत हो गयी। बताते चले की आठ अगस्त को खागा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे 55 वर्षीय अज्ञात महिला ट्रेन की चपेट मे आ जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी। जिसे सूचना पर आरपीएफपुलिस ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां जिन्दगी और मौत के बीच सघर्ष करते करते देर रात महिला ने दम तोड दिया। वही सूचना पर पुलिस ने सदर अस्पताल मर्चरी पहुचकर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो सकी है।

### युवक ने किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हडिया सलेमाबाद में सोमवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते 25 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहा उसकी हालत गम्भीर बनी हुयी है। जानकारी के अनुसार हड़िया सलेमाबाद गांव निवासी चुनका पुत्र दुर्गाप्रसाद ने आज दोपहर घरेलू कलह के चलते जहर खा लिया। कुछ समय बाद उसे उल्टिया होने लगी तो परिजनो ने उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहा चुनका जिन्दगी और मौत के बीच सघर्ष कर रहा है।

### बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सोमवार की दोपहर बाइको की भिडन्त में एक लगभग 65 वर्षीय वृद्ध घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी बृजबाबू मोटर साइकिल से असोथर कस्बा रिस्तेदारी में गया था। दोपहर लगभग 12 बजे वापस गांव लौटते समय जब वह गाजीपुर कस्बा के समीप पहुचा तभी सामने से तेज रफ्तार आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे वृद्ध बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को आनन-फानन उपचार के लिये जिला चिकित्सालय मे भर्ती करा दिया।

### प्रधान पुत्र के हमलावर को पुलिस ने दबोचा

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम कोट में रविवार को प्रधान पुत्र पर जान लेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा। बताते चले की रविवार को महिला ग्राम प्रधान का पुत्र मुर्शरफअली पुत्र अजहर उर्फमुस्सन लम्बरदार के पुत्र को प्रधानी चुनाव रजिश को लेकर गांव से तीन सौ मीटर समीप बस स्टाप के पास उस पर ताबड़तोड़ फायर कर दिया। गोली लगने से प्रधान पुत्र घायल हो गया। इस प्रकरण में घालय के परिजनो की ओर से चार लोगो के विरूद्ध थाने में पंजीकृत कराया था। जिस पर आज खखरेरू थानाध्यक्ष अपने हमराही सिपाहियो के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर नामजद अभियुक्त मोहम्मद सफी उर्फकल्लू पुत्र वली मोहम्मद निवासी ग्राम कोट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 बोर की पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया।

# बहरौली गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, एसडीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)



**गांव में** वायरल फीवर की जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। मरीजों को देखा और दवा भी वितरित की। वहीं उप जिलाधिकारी भी गांव पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग के कैंप का निरीक्षण के साथ गांव का भी निरीक्षण किया।

ग्रामीणों से बातचीत भी किया। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर इलाज करने के निर्देश भी दिए। मलवां ब्लाक क्षेत्र के बहरौली गांव में पिछले कई दिनों से वायरल और संक्रामक बीमारी के चलते कई लोग बीमार हैं जिसकी जानकारी ग्राम प्रधान अंशु श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य विभाग को दी थी। इसी के चलते गोपालगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 अरुण द्विवेदी अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वायरल फीवर जुखाम आदि से पीड़ित मरीजों को देखा और उन्हें दवा भी दी। गांव में उप जिलाधिकारी आशीष कुमार भी पहुंचे और चिकित्सकों की टीम से पूरे मामले की जानकारी ली।

इस मामले में चिकित्सकों ने बताया कि ग्रामीणों को वायरल फीवर और जुकाम की शिकायत है जिन्हें देखकर दवा दी जा रही है। वहीं उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से भी इस मामले में बात की और आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी को देख रही है, दवा दी जाएगी और निश्चित रूप से जल्द ही वायरल फीवर से जो भी मरीज पीड़ित हैं वह पूरी तरह से स्वस्थ होंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिए कि जहां भी गंदगी दिखाई दे वहां दवा डलवाने का काम करें ताकि संक्रामक बीमारी ने जल्द काबू पाया जा सके।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव का हुआ स्वागत

**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दीपक निषाद का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान नव मनोनीत जिला कार्यकारिणी का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय सहित सभी पदाधिकारियों को प्रदेश सचिव ने माला पहनाकर उन्हें बधाई दिया और इसी प्रकार पूरी तन्मयता से कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के लिए कहा। जिलाध्यक्ष ने कहा जिस तरीके से फतेहपुर में कांग्रेस के कार्यकर्ता दिनों दिन बढ़ रहे हैं वह दिन दूर नहीं जब 2022 के विधानसभा चुनाव में फतेहपुर की सभी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का परचम लहराएगा। वही जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को अलग-अलग प्रभार दिए गए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव दीपक निषाद ने कहा दिनोंदिन कांग्रेस का जनाधार बढ़ रहा है और यहां फतेहपुर में यह देखने को भी मिला। उन्होंने कहा जिस तरीके से कांग्रेस कार्यालय में भीड़ दिख रही है ऐसा लगता है कि अब वह दिन दूर नहीं जब यह युवा तरुणाई प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए महती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस में तमाम लोग जुड़ते चले जा रहे हैं। आने वाला समय कांग्रेस का है। 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। जिसका पूरा श्रेय मेहनत कर रहे कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को होगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, मिस्बाह उल हक, शहर अध्यक्ष मोहसिन खान, वीरेंद्र सिंह चौहान, बबलू कालिया, उदित अवस्थी, अशोक दुबे, कल्याण सिंह, पंकज सिंह गौतम, वीरेंद्र गुप्ता, डॉ0 अतुल सहित अन्य पदाधिकारी व कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मरीजों की तादात 11715, सोमवार को 63 मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले

## शाहजहांपुर में अब तक 16 मरीजों की मौत

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिले में** सोमवार को ब्लाक खुदागंज में एक पत्रकार की कोरोना वायरस संक्रमणा के चलते मौत हो गई पत्रकार को कोरोना वायरस के कारन बुखार आने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था सोमवार को सुबह अचानक तबियत बिगड़ने के कारण उसकी मौत हो गई इसके साथ ही तहसील कलांन में तैनात एक लेखपाल की कोरोना संक्रमण से मौत के साथ ही जिले में मरने वालों की संख्या 16 हो गई सोमवार को सरकारी कर्मचारी व व्यापारी सहित 63 कोरोना वायरस के पॉजिटिव मरीजों के मिलने से स्वाथ्य विभाग के अधिकारीयों की मुश्किलों में इजाफा हुआ जिले के अलग अलग ब्लाकों में मरीजों की तादात 1715 हो गई है इसमें 998 एक्टिव मरीज है जबकि 702 मरीजो को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है । इसके साथ जिले में अबतक 16 कोरोना संक्रमण से संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है ।

मुख्य चिकित्साधिकारी को जिले में अबतक पांच हजार से ज्यादा मरीजों का सैम्पल लिया गया ।

### कई ब्लाकों में कोरोना संकरण से संक्रमित मरीज मिलने के बाद

जिला अधिकारी के आदेश पर ढाई सौ मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को सील कर सेनेटाइज किया गया ।एरिया को सील कर लोगो को घरों से निकलने से मना किया गया है ।इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगो का स्वास्थ्य चेकअप कर डाटा तैयार किया ।

### जिले में 15 ब्लाकों में से 14 में कोरोना संक्रमित मरीज

जिले में 15 ब्लाकों में 14 ब्लाक में कोरोना संक्रमित मरीजों मिलने से स्वास्थ्य विभाग की मुश्किलों में इजाफा हुआ है । अब केवल सिधौली ब्लाक में कोरोना संक्रमित न पाए जाने से इस ब्लाक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व पुलिस तथा बाशिंदे कोरोना के संक्रमण न पाए जाने से कुछ राहत महसूस कर रहे है स्वास्थ्य विभाग की टीम इन ब्लाकों में आ रहे मजदूरों की जानकारी लेकर उनके सिम्टम पर पैनी नजर बनाए है

जनपद शाहजहांपुर के कस्बा खुदागंज निवासी बरिष्ट पत्रकार व शायर महबूब हसन ( परेशान) पिछले कई दिनों से कोविड 19 कोरोना से ग्रस्त होकर मेडिकल कालेज शाहजहांपुर में जंग लड़ रहे थे ।लेकिन आज वह जंग हार गए और सुवह लगभग 8 बजे उन्होंने कालेज में अन्तिम सांस ली। बता दे वह बहुंत मृदुल और व्याहारिक व्यक्ति थे और लोगो के चहेते थे ।बह प्रधान भी रह चुके थे। फ्लिहाल उनके निधन की खबर पाकर खुदागंज में शोक की लहर दौड़ गयी

## शिक्षक की कोरोना संक्रमण के बाद मृत्यु होने से भय

### शिक्षक की रोस्टर व्यवस्था लागू करने की मांग

संवाददाता। शाहजहाँपुर

**जनपद के** विकास खण्ड सिधौंली में कार्यरत शिक्षक की कोरोना संक्रमण के बाद मृत्यु होने पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों को भी कोरोना योद्धा मानते हुए कोई अनहोनी होने पर लाभ एवं विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति हेतु आवश्यक होने रोस्टर व्यवस्था लागू की मांग की है । संघ के प्रांतीय महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार से मिला और कहा कि इस आपदा के भीषण संक्रमण काल में भी जनपद के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं नियमित विद्यालय उपस्थिति होकर शासन एवं विभाग के आदेशों का अनुपालन करने के कारण कोरोना संक्रमण से संक्रमित हो रहे हैं इसी कारण सिधौली ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय महासिर के प्रधान अध्यापक रामकिशुन की मृत्यु हो गई जिस कारण जनपद के शिक्षकों में भय एवं आक्रोश हैं इसलिए मृतक शिक्षक को कोरोना योद्धा मानते हुए बीमा राशि पचास लाख रुपये, उनके सभी देयक का तत्काल भुगतान और आश्रित को विभाग में नियुक्ति दी जाये। ब्लाक अध्यक्ष नवेन्दु मिश्र ने कहा कि यदि अति आवश्यक हो तभी शिक्षकों को विद्यालय बुलाया जाए क्योंकि सभी शिक्षक शासन एवं विभाग के आदेशानुसार आनलाइन शिक्षण कार्य एवं नामांकन आदि सभी कार्य कर रहे उपस्थिति के लिए रोस्टर व्यवस्था लागू की जाये और बीआरसी कार्यालय पर न बुलाया जाए। प्रतिनिधि मंडल में जिला मंत्री देवेश कुमार बाजपेई, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनीश मिश्र, रविन्द्र पाल प्रजापति, अरविन्द गौतम, राजकुमार तिवारी आदि थे।

### पत्र लिखकर बतायी विद्युत विभाग को समस्यायें

**फतेहपुर।** मलवां विकास खंड के रेवाडी बुजुर्ग गाव निवासी युवा भाजपा नेता अजीत सैनी ने विद्युत विभाग को पत्र लिखकर शिकायत किया है कि एक माह पहले ट्रांसफार्मर रखा गया किंतु अभी तक केबिल नही जोड़ी गई है। विभाग द्वारा तीन चार दिन मे सही करने का हवाला दिया जाता है। जब चार दिन बीत जाते है तो फिर चार दिन कहकर बात टाल दी जाती है जिससे गांव की विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है।

### नरसिंहपुर कबरहा में पकड़ा गया बारहसिंघा

**धाता (फतेहपुर)।** ब्लॉक के नरसिंहपुर कबरहा गाँव में एक बारहसिंघा कहीं से भटककर आ गया था। नहर के किनारे मोतीतारा तालाब के पास कुछ लोग अपने जानवरों को चरा रहे थे तभी कुछ कुत्ते बारहसिंघा को खदेड़ते हुए तालाब के पास ले आए। लोगों ने कुत्तों को भगाकर बारहसिंघा को पकड़ लिया। फिर उसको घर ले आये और ग्राम प्रधान को सूचना दी। ग्राम प्रधान मौके पर पहुँच कर वन विभाग को सूचना दिया। वन विभाग टीम आकर बारहसिंघा को अपने कब्जे में लेकर उसकी डॉक्टरी परीक्षण करवायी और गाड़ी मंगवाकर जंगल में छोड़ने के लिए ले गये।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता। इटावा

**जनपद** के थाना बकेवर के अंतर्गत सती मंदिर के पास स्थित धर्मकांटे के पीछे पेड़ में एक युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान शिवदत्त पुत्र मंगत सिंह निवासी नसीरपुर थाना बकेवर के निवासी के रूप में हुई है। मृतक पिछले दो साल से धर्मकांटे में काम कर रहा था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना मृतक के परिजन को दी। वहीं मौके पर पहुँचे परिजनों ने युवक की हत्या की बात कही है। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान पोस्टमॉर्टम हाउस में भर्थना विधायक भी पहुँची। मृतक के परिजन बनवारी लाल ने बताया कि एक दिन पहले युवक को घर से लेने तीन युवक आए थे लेकिन जब युवक ने मना किया तो वो जबरदस्ती करने लगे। जिसके बाद युवक ने साईकल से आने की बात कहीं और वो धर्मकांटे के लिए निकल गया। जिसके बाद आज सुबह युवक के साथ मारपीट होने के साथ पेड़ में लटके होने की सूचना मिली।



### दो घंटे बाद पंहुची पुलिस

**मृतक** के परिजन ने बताया कि घटना के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गयी लेकिन पुलिस दो घंटे बाद पहुँची। वहीं पुलिस ने आने के बाद लाठीचार्ज शुरू कर दिया। इसी के साथ उन्होंने शव को घटनास्थल में नहीं बल्कि पोस्टमार्टम हाउस में आकर सील किया। जिससे परिजनों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्यक्त किया है।

### विधायक ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**भर्थना** विधायक सावित्री कठेरिया ने घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुँचकर परिवारजनों को सांत्वना दी और इस दौरान उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि थाने के पास घटना घटित हुई लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक न लगना पुलिस की लापरवाही दिखा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि मृतक की बॉडी सील करने से लेकर अन्य सभी बिंदु में पुलिस की लापरवाही दिख रही है, जिसको लेकर वो एसएसपी से बात करेंगीं।

## वृद्ध महिला के गांव के ही जालसाज ने 25000 ठगे

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजारामपुरमेई निवासी सावित्री देवी पत्नी राम पाल ने अपना खाता बैंक ऑफ इंडिया अजमतपुर फर्रुखाबाद में गांव के ही नरेंद्र सिंह के द्वारा खुलवाया । जिस पर महिला का फोटो लगाकर उक्त व्यक्ति ने खाता खुलवा दिया । महिला ने नरेंद्र को 10,000 कथा 15000 टोटल 25000 खाते में जमा करने हेतु दिए थे । आज जब महिला पैसा निकालने पहुंची तो खाते में एक भी धनराशि नहीं थी । महिला को यह जानकर बेहोश हो गई । बैंक के अन्य कर्मियों ने महिला को पानी पिला कर होश में लाए। महिला नवाबगंज थाने पहुंचकर नरेंद्र के खिलाफ 25000 ठग लिए जाने की तहरीर दी है।

## विश्वविद्यालय द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्तता पाये जाने पर होगी कठोर कार्यवाहीः कुलपति

संवाददाता। इटावा

**सैफई** चिकित्सा विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति प्रो0 (डा0) राजकुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त पाये जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों में सोशल मीडिया पर विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से मैसेज तथा आडियो क्लिप वायरल की जा रही है जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी विश्वविद्यालय कर्मी के खिलाफ किसी भी स्तर पर यदि भ्रष्टाचार में लिप्तता का कोई भी सूबूत मिलता है तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। गलत शिकायतों के सम्बन्ध में उन्होंनें बताया कि कई बार कुछ लोगों द्वारा अज्ञात स्रोत से गलत नाम तथा मोबाइल नम्बर लिखकर भी विश्वविद्यालय के कुछ ईमानदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत किया जाता है। जब इस सम्बन्ध में जॉच करायी जाती है तब नाम तथा पता फर्जी निकलता है। ऐसे अज्ञात नाम तथा पता वाले पत्रों तथा ईमेल पर कार्यवाही असम्भव है। विश्वविद्यालय में काफी वर्षों से कुछ भ्रष्ट अधिकारियों, माफिया तथा विश्वविद्यालय विरोधी कुछ पत्रकारों से गठजोड़ चलता आ रहा है तथा ये नकारात्मक तत्व विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन कर उनकी बात रिकार्ड कर उन्हें ब्लैक मेल करते हैं। इसके अलावा पूर्व में कुछ पदों पर भी जरूरी योग्यता न रखने वाले कुछ कर्मचारियों तथा हेल्थ केयर वर्कस की नियुक्ति हुई है जो अपने कार्य को ठीक से निष्पादित नहीं करते हैं जिससे मरीजों के केयर में भी बाधा आ रही है। कुलपति डा0 राजकुमार ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय में वर्षों से भ्रष्टाचार अपनी जडें जमा चुका है जिसको उन्होंने अपने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही कन्ट्रोल करने की कोशिश शुरू कर दी जिस पर उन्हें अज्ञात स्रोतों से बार-बार जान से मारने की धमकी भी दी जाती रही है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान ऐसा देखने में आया है कि कुछ हेल्थ केयर वर्कस बिना विश्वविद्यायल प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिये अन्य जगहों पर आवेदन करते हैं जो सरकारी नियमानुसार दण्डनीय है। इसके अलावा ऐसे हेल्थ केयर वर्कस बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र लिये अन्य संस्थानों की लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा में भी सम्मिलित हो रहे हैं।



# पावर प्लांट में फिर एक मजदूर कोरोना पॉजिटिव निकला



संवाददाता घाटमपुर

**बीते** एक माह से क्षेत्र के यमूना तटवर्ती गांव लहुरीमऊ में बन रहे पावर प्लांट में लगातार मजदूर संक्रमित पाये जा रहे हैं। घाटमपुर सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि रबिवार की तरह आज भी 97 लोगों की जॉच में एक ब्यक्ति पॉजिटिव पाया गया है संक्रमित पाया गया ब्यक्ति पावर प्लांट का मजदूर है जिसे इलाज के लिये भेज दिया गया है। उधर क्षेत्र की दोंनों सीएचसी पतारा व भीतरगांव में कोई संक्रमित न मिलने से राहत मिली है। चिकित्साधीक्षक भीतरगांव डा0 अजय मौर्या ने बताया कि आज रबिवार की तरह मेडिकल टीम की जॉच में आज भी कोई संक्रमित नही मिला है।

### धान विक्रय हेतु किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरूः एडीएम

**कानपुर देहात।** खरीफविपणन वर्ष 2020.21 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत जनपद में धान खरीद के लिए जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल को प्रभारी अधिकारी धान खरीद हेतु नामित किया है तथा इनके कार्यालय का दूरभाष नम्बर 05111.271361 व मोबाइल नम्बर 9454417624 है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि धान विक्रय हेतु किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। जनपद में 1 नवंबर 2020 से धान की खरीद प्रस्तावित है इस वर्ष मोबाइल ओटीपी आधारित पंजीकरण कराया जाएगा इसके लिए कृषकगण अपना पंजीकरण खाद विभाग की वेबसाइट एफसीएस डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर किसान स्वयं जनसेवा केंद्र या साइबर कैफे से अपना पंजीकरण करा सकते हैं पंजीकरण कराते समय सही जानकारी भरना होगा और बैंक में संचालित एकल खाते का ही इस्तेमाल करना होगा।

## थाना प्रभारी साढ़ लाइन हाजिर

**घाटमपुर**-पुलिस की लापरवाही से अहात होकर दंमती द्वारा आत्म हत्या मामले में बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रीतिन्दर सिंह ने साढ़ थाना प्रभारी देवेंन्द्र रावत को लाइन हाजिर कर दिया है। रक्षाबंन्धान के अवसर पर थाना महाराजपुर के गांव हनियां निवासी जीतेन्द्र उर्फ जीतू पाल अपनी पत्नी अर्चना के साथ साढ थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित अपनी ससुराल गया था उसी दिन वापसी दौरान वाइक सवार दो लुटेरों ने गांव असेनियॉ के निकट लूट लिया था बताते हैं घटना के बाद जीतू साढ़ थाना पंहुची और घटना की जानकारी पुलिस को दे नामजद रिपोर्ट करायी थी लेकिन पुलिस ने लुटेरों को नही पकड़ा बाद में धर पहुच कर दीपू पाल व पत्नी अर्चना दोनों ने आत्म हत्या कर ली थी। बाद में जीतू के परिवार जनों ने साढ़ पुलिस पर गंम्भीर आरोप लगा कर कार्यवाही की मॉग की थी, मामले को गंम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एस0पी0 ग्रामीण बृजेश श्रीवास्तव को जॉच सौपी जॉच बाद बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रीतिन्दर सिंह ने साढ़ थाना प्रभारी देवेंन्द्र रावत को लाइन हाजिर कर दिया।

# जिलाधिकारी ने संचालित कन्ट्रोल रूम प्रभारी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार सिंह ने कोविड-19 कोरोना महामारी के चलते कलेक्टेऊट सभाकक्ष में संचालित कन्ट्रोल रूम में प्रभारी अधिकारी व ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा जो भी आदेश आते है उनका अच्छे से पालन किया जाये तथा जो रिपोर्ट शासन आदि को भेजी जाती है वह समय व शुद्धता के साथ भेजे तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कन्ट्रोल रूम में जिस प्रभारी अधिकारी व कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गयी है वह पूर्णतया लगन व सर्तकता के साथ करे तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी तथा जनपद में संचालित कोविड अस्पताल में कोरोना मरीजों का हाल चाल बीच-बीच में लेते रहे तथा साफसफाई की व्यवस्था, भोजन, नाश्ता, शौचालयों में साफ सफाई, सैनेटाइजेशन आदि सभी व्यवस्थाओं की जानकारी लेते रहे तथा किसी भी प्रकार की कोई समस्या प्राप्त हो तो संबंधी विभाग के विभागाध्यक्ष को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में करायी जा रही साफ सफाई, सैनेटाइजेशन का कार्य आदि का भी लोगों के माध्यम से जानकारी लेते रहे तथा जहां कही से भी साफसफाई न होने की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल संबंधित अधिकारी को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी व पीएचसी अस्पतालों के एमओआईसी, सभी एसडीएम, ईओ, बीडीओ आदि सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के मोबाइल नम्बर कन्ट्रोल रूम में रहे तथा जिससे संबंधित कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसे तत्काल अवगत करायेंगे। जनपद में जो कोरोना मरीज होम आइसोलेशन में है उसका भी पूरा विवरण कन्ट्रोल रूम में रहे तथा उनसे भी बीच बीच में हाल चाल लेते रहे तथा किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो उसे अवगत कराया जाये। बैठक में अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार, चकबन्दी अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# बहन को ससुराल छोड़ने जा रहे युवक की हादसे में मौत, दो लोग घायल

संवाददाता। जसवंतनगर

**मॉडर्न** तहसील निकट हाइवे पर एक बाइक पर सवार तीन लोगों को ट्रैक्टर ट्राला ने टक्कर मार दी, टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। म्रतक युवक अपनी मोटरसाइकिल से बहन को ससुराल छोड़ने जा रहा था।

जनपद फिरोजाबाद थाना नगला खंगर ग्राम नगला महासुख निवासी 19 वर्षीय रोशन लाल पुत्र श्रीपति अपनी बहन 25 वर्षीया रामादेवी पत्नी सुमित कुमार को जनपद औरैया थाना अजीतमल के ग्राम रसूलपुर ससुराल छोड़ने जा रहा था। जिनके साथ 23 वर्षीय अमरचंद पुत्र बादाम सिंह चचेरा भाई भी बाइक पर थे। वे एक बाइक पर तीनो सवार होकर जसवंतनगर मॉडर्न तहसील के सामने हाइवे पर कचौरा नया बाईपास चौराहे पर पहुंचे तो इटावा की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर ट्राला ने बाइक में तेज टक्कर मार दी, जिसमें रोशल लाल की मौके पर मौत हो गई। साथ ही बाइक पर सवार रामादेवी व अमरचंद गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा, लेकिन हालत ज्यादा गम्भीर होने से सैफई रैफर किया गया है। म्रतक युवक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। बताया जाता है कि घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। घटना के बाद भाग रहे ट्रैक्टर ट्राला को पुलिस ने पीछा कर पकड़ा और थाना ले आई है।

### युवक ने लगाई फांसी

**इटावा, चकरनगर।** चकरनगर बस्ती निवासी एक युवक ने रात्रि समय कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुंदे पर लटके शव को देखकर स्वजनों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

चकरनगर थाना व कस्बा निवासी रामवीर सिंह (35) पुत्र नाथू सिंह ने रात्रि समय कमरे के कुंदे में तौलिया से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब स्वजनों ने शव कुंदे पर लटका देखा, तो घर में हड़कंप मच गया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े पड़ोसियों ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया। उपरोक्त समूचे मामले में आत्महत्या की बजह उजागर नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक चकरनगर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत सहित 9 और कोरोना पॉजिटिव

**फर्रुखाबाद।** जिला मुख्यालय पर रविवार देर रात आयी रिपोर्ट में पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत सहित 9 लोग कोरोना पोजिटिव निकले हैं। पूर्व विधायिका के पति और परिजनों को पूर्व में ही कोरोना निकल चुका है जिससे जिले में कोरोना सक्रंमित मरीजों की संख्या 653 पहुंच गयी है। रिपोर्ट के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर चौरासी निवासी 80 वर्षीय और 45 वर्षीय महिला कोरोना संक्रमित निकली है। इसके साथ ही 65 वर्षीय वृद्ध भी संक्रमित की सूची में शामिल हैं। कोतवाली मोहम्मदाबाद का 23 वर्षीय कर्मी अंकुर कुमार, मोहम्मदाबाद के ग्राम मदनपुर निवासी 80 वर्षीय वृद्ध, बढ़पुर के ग्राम चाँदपुर निवासी 44 वर्षीय पुरुष, रेलवे कालोनी निवासी 37 वर्षीय युवक, नवाब दिलाबर जंग पल्ला गल्ला मंडी निवासी सपा की पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत व शमसाबाद के मोहल्ला राबतटोला निवासी 45 वर्षीय महिला कोरोना संक्रमित निकली हैं। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें बताया कि जनपद में अब तक 653 संक्रमित निकले हैं। 386 अब तक ठीक हो चुके है और अब तक सक्रिय केस 240 हैं। 14 होम आईसोलेशन में है। 13 की मौत हो चुकी है।

# दूसरों का बोझ उठाने वाले कुली अपने परिवार का बोझ उठाने में असमर्थ

संवाददाता। इटावा

**कोरोना** के प्रभाव से जहां एक ओर देश दुनिया प्रभावित हुई। जहाँ-तहाँ सब कुछ रुक गया था। बस रेल सभी के पहिये जाम कर दिये थे। उसके बाद सामान्य हालात आज भी नहीं है। इटावा रेलवे स्टेशन जहाँ लगभग स्टेशन पर दो दर्जन रेल सवारियों को लाती ले जाती थीं आज मात्र दिन में तीन पैसेंजर गाड़ी है। लॉकडाउन के प्रभाव के बाद से आवागमन कम हुआ है वहीं रेलवे के कर्मचारियों को अपनी नौकरी में किसी तरह का कोई खतरा नहीं हुआ लेकिन इसी से जुड़ा हुआ व्यापार और जुड़े हुए वह कर्मचारी जो रेलवे के तो कहे जाते हैं लेकिन रेलवे से वित्त पोषित नहीं है ठीक वैसे ही मजदूरों की तरह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं वह कुली कहलाते हैं लॉकडाउन से पहले लगातार कुलियों को मजदूरी प्रतिदिन के हिसाब से 400 से लेकर 600 रुपये हो जाती थी जिससे यह अपने परिवार का भरण पोषण कर पाते थे इटावा रेलवे स्टेशन पर लगभग तीन दर्जन कुली कार्य करते हैं जो गाड़ियों में आने वाला सामान और सवारियों का सामान उठाते हैं जिसका उनको मेहनताना दिया जाता है लेकिन आज यह सभी कुली भुखमरी की कगार पर है और कंगाली का दंश झेल रहे हैं। संजीव (कुली) का कहना है कि लॉक डाउन के समय में रेलवे ने हम लोगों से बैंक की पासबुक और अन्य दस्तावेजों को मांगकर सहायता करने का का आश्वासन दिया था जो कि बिल्कुल फर्जी निकला किसी प्रकार का कोई मदद राशि नही आई है। पहले परिवार पालने के लिए मेहनताना निकल आता था जो कि अब पूरे दिन में मात्र 20 या 50 रुपए का ही काम मिल पाता है। इस छोटी रकम से कैसे परिवार पले यह संकट हम लोगों के सामने खडा हो गया है। सरनाम कुशवाहा (कुली) बताते हैं कि रेलवे हम लोगों को रेलवे का कर्मचारी मानती है लेकिन बिना पैसों के कर्मचारी है हम लोग, जिस तरह से अन्य कर्मचारीयों को तो वेतन मिल रहा है तो उनके सामने कोई समस्या नही है किंतु हम लोग भुखमरी की कगार पर हैं। पहले रेल हम लोगों को वर्दी देती थी वह भी अब बन्द की दी है। हम लोग क्या करें ? कैसे परिवार चलाएं ? रामनरेश कुली ने बताया कि इटावा के स्टेशन पर कुल 31 कुली हैं जो कि आने जाने वाली सवारियों का बोझा उठाकर अपना भरण पोषण कर रहे थे अब मात्र 10 या 12 कुली ही आते हैं। सवारियां बिल्कुल नहीं आ जा रहीं हैं। बहुत जरुरी जिनकों आना जाना होता है वही लोग आ रहे हैं जिससे की हम लोगों को कोई काम नही मिल रहा है। हम सभी कुलीयों की मांग है कि रेलवे प्रशासन और सरकार हम लोगों पर भी ध्यान दे, जिससे हम लोग रेलवे से जुडे रहें।



## मकान का छज्जा गिरने से मां-बेटा घायल

**नवाबगंज फर्रुखाबाद ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुतुबुद्दीन पुर निवासी सुमित्रा देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी रामदास अपने घर पर कुछ कार्य कर रही थी ।उसी समय मूसलाधार बारिश होने लगी तो वह अपने बच्चों को लेकर खड़ी हुई थी अचानक मकान का छज्जा गिरने से सुमित्रा देवी और उनका बेटा सुनील कुमार उम्र 13 वर्ष मलबे में दब गए। जिससे मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए । वहीं पर उनकी बेटी रूबी का कहना है कि मेरी मम्मी और मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। वह फतेहगढ़ एक निजी अस्पताल में भर्ती है । वहीं पर कुछ लोगों का कहना है सुमित्रा के एक पैर की हड्डी टूट कर बाहर निकल गई और शरीर में काफी चोटें आई हैं और उनके लड़के सुनील के भी काफी चोटें आईं हैं ।बताया है कि उस समय सुमित्रा के पति रामदास घर पर नहीं थे जैसे ही उन्हें इस घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर आनन.फानन में अपने बच्चे और पत्नी को पहले नवाबगंज डॉक्टर को दिखाया तो उसके मना करने पर फर्रुखाबाद लेकर चले गए । वहां पर उनका इलाज चल रहा है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अपने बच्चों का पाल पोषण करना भारी पड़ रहा है। जिससे घर की मरम्मत न हो पाने के कारण सारा मकान जर्जर खड़ा हुआ है ।जिससे कभी भी भारी नुकसान भी हो सकता है । प्रशासन को ऐसे लोगों की मदद करने के लिए हमेशा अपने हाथों को आगे रखना चाहिए। जिससे कि कोई बड़ी घटना घटित ना हो पाए ऐसे गरीब परिवार की मदद करनी चाहिए।

### मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े,दो हिरासत में

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम मिल्क सुल्तान निवासी चौकीदार रामबरन ने थाना पुलिस को कल प्रार्थना पत्र दिया था कि उसके दामाद रचित कुमार निवासी अगोनापुर थाना अलीगंज जनपद एटा कल अपनी ससुराल आए हुए थे रामबरन के मुताबिक गांव के ही कुछ लोग सड़क पर किनारे खड़े हुए थे उनका आरोप था कि रचित ने अपनी बाइक से युवकों को रगड़ लग जाने को लेकर विवाद हो गया जिसमें लाठी.डंडे चलने लग। मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए हैं ।

# दूसरे की हत्या के चक्कर में सड़क पर रस्सी बाँध स्वास्थ्य कर्मी को किया घायल

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**बीती** रात बाइक से जा रहे युवक को कुछ लोगों नें रस्सी सड़क पर बांध कर गिरा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जब बदमाश पास पंहुचे तो वह चौक गये और बोले यह वो नही है। इतना कहने के बाद वह मौके से युवक को घायल छोड़कर चले गये। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी और की हत्या किये जाने का प्लान था।

थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम तुसौर निवासी शिवम पुत्र प्रदीप कुमार शहर के एक हास्पिटल में नौकरी करता है। बीती रात वह नौकरी करके घर वापस 9 बजे जा रहा था। नासा पुलिया के निकट बदायूं मार्ग पर सड़क पर रस्सी बांधकर शिवम को गिरा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। शिवम नें बताया कि जमीन पर गिरने के बाद मौके पर चार बदमाश आये और उन्होंने देखते ही कहा यह वह नही है। जिसके बाद उसे छोड़कर चले गये।

युवक लहुलुहान अपने घर पंहुचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि बदमाश किसी और बाइक सबार का इंतजार हत्या करने के इरादे से कर रहे थे। लेकिन धोखे से शिवम उनके जाल में फंस गया। जिसके बाद उसने अपना उपचार कराया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक युवक नें पुलिस को सूचना नही दी। थानाध्यक्ष जयंती प्रसाद गंगवार नें बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नही दी गयी है। यदि इस तरह की घटना है तो पुलिस को एलर्ट किया जायेगा । तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज होगा।

### पत्नी को मायके छोड़ कर आये युवक ने लगायी फांसी

**फर्रुखाबाद।** बीते दिन अपनी पत्नी को मायके छोड़कर आये युवक नें फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन कुछ भी बोलने को तैयार नही है। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम उगरपुर सुल्तान पट्टी निवासी 27 वर्षीय नीरज पुत्र लाखन सिंह वाथम बीते दिन अपनी पत्नी सरिता के साथ 1 वर्षीय पुत्री नंदनी को लेकर थाना जहानगंज के महोरिकापुर में छोड़ कर आया था। मृतक के भाई सुभाष ने बताया कि उसने बीती रात गाँव के ही शीलेंद्र राठौर के खेत में खड़े नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सुबह गाँव के ही भूरे वाल्मीकि अपने मवेशी चराने गये तो उसने नीरज को फांसी पर लटके देखा। भूरे नें गाँव जाकर सूचना दी। सूचना मिलने पर माँ मुन्नी देवी परिजन मौके पर आ गये। सुभाष ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद उपनिरीक्षक अनिल कुमार मौके पंहुचे और जाँच के बाद शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अधेड़ महिला लापता गुमशुदगी दर्ज

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के सितवन पुर पिथू निवासी जय वीर सिंह की पत्नी रिंकी देवी 45 वर्ष बीते 6 अगस्त को घर से गायब हो जाने की तहरीर जय वीर ने थाना पुलिस को दी थी। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। आज रिंकी देवी के भाई शहवीर सिंह अपने पिता देशराज सिंह एवं मां महादेवी के साथ थाना पुलिस के पास पहुंचे तथा उन्होंने अपनी बहन रिंकी देवी की हत्या का अंदेशा जताया । उन्होंने थानाध्यक्ष आरके शर्मा को बताया कि उनकी बहन को उनके ही पति ने हत्या कर उसकी लाश गायब कर दी है। थानाध्यक्ष ने मायके वालों को समझा.बुझाकर घर वापस जाने की सलाह दी और कहा कि वह जांच कर रहे हैं । अगर कोई भी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पूर्व रिंकी देवी के मायके वाले पुलिस अधीक्षक तथा डीएम से भी मिलकर उन्होंने अपनी बहन की हत्या का अंदेशा जताया है। जिस पर दोनों अधिकारियों ने थानाध्यक्ष गहनता से जांच करने के निर्देश दिए हैं।

# करोड़ों की वक्फ भूमि हथियाने में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता। फर्रुखाबाद

### ● भू-माफियाओं पर चला चाबुक

**सूबे** की योगी सरकार की भू.माफियाओं पर सख्त कार्यवाही के निर्देश के चलते जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने लगभग 5 करोड़ की भूमि पर अबैध रूप से कब्जा करने वाले आठ लोगों के खिलाफ भू. माफिया के तहत कार्यवाही की है। जिससे भू.माफियाओं में खलबली मच गयी है। डीएम ने मुकदमा दर्ज कराने के भी सख्त निर्देश दिये हैं।

डीएम मानवेन्द्र सिंह ने कौशल यादव पुत्र राधा कृष्णए मो0 शाबिर पुत्र अब्दुल कादिरए हैदर हुसैन पुत्र मंजर हुसैनए राहुल यादव पुत्र इंस्पेक्टर यादवए इंतजार हुसैन पुत्र अनवर हुसैनए शान आफताब पुत्र आफताब हुसैनए शारिफहैदर पुत्र शफी हैदरए सुमित पुत्र वीरेंद्र सिंह यादव के खिलाफ भू.माफिया की कार्यवाही की है। इन आठों लोगों ने मोहल्ला घेर शामू.खां में वक्फ विलायती बेगम स्थित भूमि को 6 माह का किराया नामा बनाकर भूमि की प्लाटिंग कर कब्जा करने की कोशिश की गयी। जिसमे जाँच के बाद एसडीएम सदर नें रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी। जिस पर डीएम ने सभी आरोपियों के खिलाफ भू.माफिया के तहत कार्यवाही की है। जिससे मफियाओं में खलबली मच गई है।

जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि आधा दर्जन लोगों पर भू.माफिया के तहत कार्यवाही की गयी है। साथ ही अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी को मुकदमा दर्ज कराने के कडे निर्देश दिये हैं।

# शहीद बेटे को नम आंखों से दी अंतिम विदाई, किया सेल्यूट

● ऊधमपुर में एयरफोर्स के वायरलेस आपरेटर के पद पर तैनात था जवान


शहीद जवान को अंतिम विदाई देते वायु सैनिक

**हमीरपुर।** जम्मू कश्मीर के ऊधमपुर में वायरलेस आपरेटर पद पर तैनात एयरफोर्स के जवान के शहीद होने पर उसके पिता ने उसे नम आंखों से विदाई दी। पिता ने जैसे ही उसे सेल्यूट किया सभी की आंखें नम हो गई। पिता बार बार यही कह रहा था कि हमेशा के लिए मेरा लाल चला गया। अब किसे वर्दी में देखूंगा। वहीं कानपुर से आई एयरफोर्स की टीम पूरे राजकीय सम्मान के साथ जवान को अंतिम विदाई दी और पिता को तिरंगा सौंपा। थानाक्षेत्र सजेती के कोहरा गांव निवासी विजय बहादुर सिंह का 23 वर्षीय पुत्र शुभम सिंह परमार इस समय जम्मू कश्मीर के ऊधमपुर में एयरफोर्स में वायरलेस आपरेटर के पद पर तैनात था।

शुभम डेढ़ माह की छुट्टी के बाद 27 जुलाई को घर से ड्यूटी लौटा था। शनिवार को उसकी गोली लगने से मौत हो गई। सुभम के पिता ने बताया कि शुक्रवार की रात उसने पिता के साथ साथ मां, बहन, छोटे भाई व पत्नी से बात की थी। आखिरी समय हुई बातों को परिजन बार बार उसे याद कर दहाड़े मारकर रोते नजर आए। सोमवार को मुख्यालय स्थित श्मशान घाट में एयरफोर्स के शहीद जवान का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वारंट आफीसर सुरेश चंद्र आर्य ने पुष्पचक्र चढ़ाया। इसके साथ ही अन्य जवानों ने भी उसे सलामी दी। इसके साथ ही पिता ने भी बेटे को सेल्यूट करते हुए अंतिम विदाई दी।

# विधायक ने बिजली मंत्री से की अभियंताओं की शिकायत

● वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सीधे किया जनसंवाद

संवाददाता। हमीरपुर

**ऊर्जा मंत्री** श्रीकान्त शर्मा ने सोमवार को बुंदेलखंड के सांसद व विधायकों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बिजली व्यवस्था परखी। इस दौरान राठ क्षेत्र की विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि राठ के अवर अभियंता जांच के दौरान पैसा न देने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हैं और पैसा देने वालों को बिजली चोरी में छूट देते हैं।

विद्युत विभाग के चीफइंजीनयर के के भरद्वाज ने बताया कि राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि सहायक अभियंता स्टोर किसानों को जानकर नलकूप का सामान नहीं देते हैं। जिससे किसान तो परेशान होता ही हैए सरकार की छवि भी खराब होती है। इसलिए सहायक अभियंता व अवर अभियंता को हटाया जाए। इस पर बिजली मंत्री ने कहा कि सभी सांसद.विधायक बिजली के बकाये की वसूली करने में सहयोग करें और छोटी शिकायतों का निस्तारण जिला मुख्यालय में ही हो जाना चाहिए। बिजली मंत्री ने हर फीडर के बारे में लाइन लॉस की समीक्षा की और इसे रोकने की बात कही। चित्रकूट धाम मंडल के मुख्य अभियंता केके भारद्वाज से कहा कि समस्याओं से गंभीरता से लें और इनका निराकरण करें।

## एक्सप्रेस-वे में शिफ्टिंग के काम में लाएं तेजी

वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वे निर्माण में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इसके बीच आने वाली लाइनों की शिफ्टिंग का काम समय रहते पूरा कर लिया जाए।

## करंट से राजमिस्त्री की मृत्यु

**मौदहा, हमीरपुर।** निर्माण कार्य कर रहा एक राजमिस्त्री घर के ऊपर से निकली 11 हजार वोल्टेज की लाइन की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया जिसे परिजन आनन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह देखते ही परिजनों में हडकंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिवांर थानाक्षेत्र के कुन्हेटा गांव निवासी कल्लू उर्फ दिलीप सिंह (25) पुत्र भौनीलाल पेशे से राजमिस्त्री था आज सुबह गांव के ही हीरा श्रीवास के घर में निर्माण कार्य कर रहा था तभी घर के ऊपर से निकली विद्युत लाइन की चपेट में वह आ गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया यह देखते ही परिजन उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां तमाम प्रयासों के बाद भी उसकी जान नही बचाई जा सकी और उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया यह सुनते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची बिवांर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## क्विक न्यूज

### तीन और मिले कोरोना पॉजिटिव, हुए 294

**चित्रकूट।** जिले में दो महिलायें समेत तीन को कोरोना संक्रमित पाया गया है। सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि पहाड़ी थाना क्षेत्र के गढवारा व मुख्यालय के एसडीएम कालोनी में रहने वाली एक-एक महिला की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। रामनगर ब्लाक क्षेत्र में ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक भी कोरोना संक्रमित मिला है। सोमवार को सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि रविवार को 18 मरीज ठीक होकर घर जा गये हैं। जिले में अब कुल कोरोना संक्रमितों की तादाद 294 पहुंच गई है। 203 मरीज ठीक हो चुके हैं। 89 मरीज मौजूदा समय में एक्टिव हैं। जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव की अगुवाई में दमकल टीमों ने हॉटस्पाट क्षेत्रों को सैनेटाइज किया। हॉटस्पाट क्षेत्र कर्वी कोतवाली, शम्भू पेट्रोल पम्प के पास स्टेशन रोड़ कर्वी, तरौंहा मोहल्ला, शिवनगर मोहल्ला, मंडौर थाना मऊ व थाना मऊ को सैनेटाइज किया गया। सैनेटाइजेशन के कार्य में दस फायर कर्मियों ने दो फायर टेंडर की मदद से ये कार्य किया।

### कोतवाल ने दबोचा हत्यारोपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर वांछितों की गिरफ्तारी के क्रम में कर्वी कोतवाल पंकज कुमार पाण्डेय ने बलबा व हत्या में वांछित राजा पुत्र गरीबदास निवासी नई दुनिया बनवारीपुर रोड़ को दबोचा है। इसी क्रम में रैपुरा थाने के पीआरवी कर्मियों को सूचना मिली कि रामपुर तिराहे के पास एक रोड़वेज बस पंचर हो गई है। बस में बीएड के अभ्यर्थी परीक्षा देने प्रयागराज जा रहे थे। रात में बस पंचर होने से दुकान खुली न होने पर पीआरवी कर्मियों ने पंचर की दुकान खुलवाकर बस का पहिया खुलवाकर पंचर बनवाया और बस को इलाहाबाद की ओर रवाना किया। बीएड परीक्षार्थियों के सकुशल समय से पहुंचने पर पीआरवी कर्मियों पंकज कुमार व अवधराम की सराहना की गई। पहाडी थानाध्यक्ष सुशील मिश्रा की अगुवाई में दरोगा टीकाराम वर्मा की टीम ने घर में घुसकर छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट में वांछित छक्की यादव उर्फमिथलेश पुत्र बैजनाथ निवासी साईंपुर को गिरफ्तार किया है।

### गहुली गांव में संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका

**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के गहुली गांव में गंदगी व अवैध कब्जा को लेकर गांव के लगभग आधा दर्जन लोगों ने सरीला खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह को ज्ञापन देकर गांव के तालाब में पूरे गांव का कचरा और गंदगी फेंके जाने से संक्रामक बीमारियों की आशंका जाहिर की है। गाँव मे सफाई और अबैध कब्जा हटाये जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब किनारे रहने वाले लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। तथा तालाब के पास गायए बकरीए बांधकर वहां गोबर डालकर गंदगी फैलाते हैं और वही लगे सरकारी हैंडपंप को भी कब्जे में ले रखा है। गांव में लगभग एक साल से कोई सफाई कर्मी नहीं आ रहा है। जिससे नालियों में पानी जमा हो कर गंदगी से भरी पड़ी हैं। जिससे बीमारी फैलने का खतरा है। ज्ञापन देने वाले सोनिल कुमार, नीरज कुमार, मोहर सिंह, आसाराम, फूल सिंह, निर्देश कुमार आदि लोग शामिल रहे।

### खेल मैदान में ग्रामीणों ने किया कब्ज़ा

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के टोडरपुर गांव में ग्राम पंचायत के खेल के मैदान में ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा करने का कार्य किया जा रहा है वहीं लेखपाल द्वारा भी इस मैदान की पैमाइश नहीं की जा रही है क्षेत्र के टोडरपुर गांव में ग्राम पंचायत द्वारा युवा वर्ग के लिए लगभग 1 एकड़ भूमि खेल के मैदान के लिए आवंटित की गई है लेकिन गांव के कुछ अराजक तत्वों द्वारा इस खेल के मैदान में अतिक्रमण कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है इस मैदान की सफाई व्यवस्था के लिए 7 अगस्त को सफाई कर्मचारियों को ग्राम पंचायत द्वारा लगाया गया था तथा गांव के लेखपाल को पैमाइश के लिए आना था लेकिन वह नहीं आया अतिक्रमण करने वाले लोग झगड़ा करने पर आमादा दा हो रहे हैं ग्रामीणों ने एसडीएम सदर से मांग की है कि इस मैदान की नाप करा कर इस को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए

### जेवरात के विवाद में ससुरालियों को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** जेवरात के वाद-विवाद को लेकर मायके पक्ष के लोगों ने विवाहिता के ससुर व सास को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सददूपुर बांगर निवासी दीक्षा मिश्रा पत्नी अंशुमान मिश्रा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार कि जनपद फर्रूखाबाद के थाना मेरापुर ग्राम हथौड़ा निवासी उसके मायके के तीन लोगों सोमवार की सुबह उसके घर आए और 4 लाख कीमत के जेवरात के बाद विवाद को लेकर अभद्रता शुरू कर दी। उसकी सास ममता देवी द्वारा विरोध करने पर उक्त गणों ने मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके ससुर प्रेमचंद को भी मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई।

### भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम गदनापुर निवासी शीलू पुत्र कैलाश सिंह व राजपाल के बीच जमीनी के बटवारे को लेकर हुए विवाद में गाली गलौज के बाद जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला से युवकों ने की छेड़छाड़

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** खेत की ओर जा रही महिला को युवकों ने रास्ते में रोक लिया और उसके साथ छेड़खानी व अभद्रता की। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर कहा है गया है कि विगत 8 अगस्त की दोपहर वह किसी कार्य से अपने खेत की ओर जा रही थी। रास्ते में घात लगाए गांव के दो लोगों ने घेरकर उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त गणों ने उससे मारपीट व अभद्रता की और मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### युवक की लाठी-डण्डों से पीट-पीटकर हत्या

**चित्रकूट।** प्रधानी चुनाव की रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक की लाठी-डण्डों व लोहे की राड़ से पीट-पीटकर हत्या कर दी। परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने थानाध्यक्ष को जानकारी दी तो थानाध्यक्ष ने लापरवाही बरती। हत्या की ये घटना मऊ थाना क्षेत्र के तिलौली गांव के पास हनुमान मन्दिर में रविवार की शाम सात बजे हुई। बताया गया कि सुशील मिश्रा (37) पुत्र भूपत मिश्रा अपने डेरा स्थित मन्दिर में पूजा कर रहा था। आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने धावा बोलकर लाठी-डण्डों व लोहे की राड से पीटकर अधमरा कर दिया। सिर एवं पैर में गम्भीर चोटों के चलते युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक सुशील मिश्रा के भाई सुनील मिश्रा ने बताया कि कोतवाल सुभाषचन्द्र चौरसिया को घटना की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जाओ पहले डॉक्टरी कराओ। मौके पर कोतवाल पहुंच जाते तो ये हत्या न होती। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था। मृतक दो माह पहले लॉकडाउन के समय मुम्बई से घर आया था।

## बच्चों को स्कूल बुला बांटा जा रहा है खाद्यान्न, सोशल डिस्टेंसिंग की उड़ रहीं धज्जियां

**मौदहा, हमीरपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुनेहटा में खाद्यान्न वितरण के लिए अध्यापक ने बच्चों को बुलाकर वितरण कराया जा रहा है। ये जहां न तो अध्यापक मास्क लगाए थे और न ही बच्चे। इतना ही नहीं सोशल डिस्टेंसिग्न की भी धज्जियां उड़ती हुई नज़र आयी। जब कि प्रधानाध्यापक गैर हाज़िर मिले। बताते चलें की सरकार एक तरफ लोगों से मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंसिग्न बनाये रखने के बार बार अपील कर रही हैए वहीं शिक्षा का पाठ पढ़ाने वाले गुरु जी स्वयं ही मास्क के बिना स्कूल में नज़र आ रहे हैं। इतना ही नहीं खाद्यान्य वितरण के लिए बच्चों को भी स्कूल बुला लिया। जहां सोशल डिस्टेंस का भी उलंघन होना साफनज़र आया। जब कि सरकार ने बच्चों को स्कूल बुलाने पर मना किया है, और स्वास्थ्य विभाग भी कह रहा है कि बच्चों और बुजुर्गों की इम्युनिटी पावर कमजोर होती है और उन्हें कोरोना के संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है।

# मौदहा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे हैं कोरोना संक्रमित

● ज्वैलर्स परिवार के दो संक्रमित सहित आसपास के क्षेत्र में निकले छह कोरोना पॉजिटिव

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कस्बे में बड़ी संख्या में पाये जा रहे कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है बुधवार को एक ज्वैलर्स के परिवार की दो लड़कियों को कोरोना निकला था जिसके बाद आज पूरे परिवार का कोरोना टेस्ट किया गया, जिसमें गुरुवार को उसी परिवार के छह लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आयी थीए और सोमवार को उसी परिवार के दो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के साथ साथ क्षेत्र के रोहरीए परछछए मकरांवए खदरा डेरा के एक एक लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से क्षेत्र में सोमवार को छह लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। मौदहा में कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या लगभग 120 हो रही है। यहाँ पर रोजाना कोरोना पाजिटिव मरीज मिल रहे हैं। हालां कि किसी किसी दिन एक भी रिपोर्ट पॉजिटिव न आने से लोग कुछ राहत की सांस लेते है परंतु अगले दिन ही पॉजिटिव आने की रिपोर्ट सुन लोग दहल जाते है। वैसे कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफा होना कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही दर्शाता हैए अवगत हो कि मौदहा कस्बे में बुधवार को ज्वैलर्स अम्बरीश सोनी के यहां दो युवतियों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आयी थीए जिसके बाद इसी घर के अन्य लोगों की एन्टीजिन रेपिड जांच गुरुवार को डॉक्टरों ने की थीए जिसमें छह लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी। सोमवार को इसी ज्वैलर्स परिवार में अम्बरीश सोनी व उसके पुत्र सिद्धार्थ सोनी की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद इस परिवार में संक्रमितों की संख्या दस पहुंच गयी है। मौदहा क्षेत्र के रोहरी गांव के संजय ए परछछ गांव की गीता देवीए सिसोलर खदरा डेरा गांव के संतराम तथा हिंदुस्तान यूनिलीवर का कर्मचारी मकरांव निवासी रामदेव की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। जिससेइनके मिलने वालों की आंखों से नींद उड़ गयी है। सभी मरीजों को इलाज के लिए भेज दिया गया है और इनके घरों के आसपास सेनेटाइजिंग तथा सैम्पलिंग का काम शुरू कर दिया गया है। लगातार कोरोना संक्रमितों की संख्या में बृद्धि होने के कारण मौदहा अपने को हमीरपुर जनपद के टॉप पोजिशन में बनाये हुए है। लगातार हो रही इस बृद्धि से कहीं न कहीं मास्क न लगाना व सोशल डिस्टेंसिग्न का लोगों द्वारा पालन न करना दर्शाता है।

# डीएम ने बनाई 15 अगस्त की रूपरेखा


डीएम शेषमणि पांडेय।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने बाबत तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व बीएसए को निर्देश दिये कि सवेरे सात बजे जो प्रभात फेरी निकाली जाती थी। कोरोना महामारी को देखते हुए प्रभातफेरी न निकालकर ऑनलाइन पेन्टिंग चित्रकला व राष्ट्रगीत आदि कराये जायें।

सोमवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सवेरे आठ बजे शासनकीय व अर्द्धशासकीय भवनों व कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया जायेगा। साढ़े आठ बजे सभी विद्यालयों में ध्वजारोहण होगा। नौ बजे मलिन बस्तियों में सफाई कार्यक्रम डीपीआरओ, ईओ तथा एपीओ डूडा करायेंगे। साढ़े नौ बजे डीएफओ वृक्षारोपण करायेंगे। दस बजे सभी अस्पतालों में मरीजों के बीच फल बांटे जायेंगे।

अपरान्ह एक बजे दृष्टिहीन बालिका विद्यालय शंकर बाजार में सीएमओ व दिव्यांगजन अधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे। देशभक्ति से संबंधित गीतों पर छात्र-छात्रायें आनॅलाइन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना को देखते हुए सभी कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए कराये जायेंगे।

## जमकर हुई खरीदारी

**कुरारा, हमीरपुर।** दो दिन के साप्ताहिक लॉकडाउन के चलते बंद रहे बाजार के आज खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने कल जन्माष्टमी के पर्व को लेकर खरीदारी की। बाजार में खासी चहल-पहल दिखाई दी शनिवार रविवार को साप्ताहिक बंदी से बाजार पूरी तरह बंद रहा लोग कस्बा कुरारा नहीं आ सके वहीं मंगलवार को भी कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व होने के कारण बाजार में आज चहल.पहल रही तथा लोगों ने झांकी सजाने का सामान आदि की खरीदारी कर जन्माष्टमी की तैयारी की।

# तहसीलदार ने बगैर नोटिस दिए तोड़ा जेसीबी से आशियाना


पक्के मकान को तोड़ती जेसीबी मशीन।

**उरई ( जालौन )।** तथाकथित भू-माफियाओं के बहकावे में तहसील प्रशासन ने बगैर नोटिस जारी किये ही जमीन के मालिक के मकान को जेसीबी के जरिये तहस नहस कर डाला। उक्त आरोप समाजसेवी जलील मंसूरी ने लगाते हुए बताया कि वर्ष 2006 में खरीदी गई आराजी के मालिक एवं वर्ष 2014 में पूर्व जिलाधिकारी रामगणेश के समय आराजी की माप की गई लेखपालों की टीम एवं तहसीलदार के द्वारा मौके पर कब्जा दिलवाया गया। कब्जा दी गई आराजी पर बाउंड्री वॉल बनाकर निर्माण किया गया एवं कुछ जरूरतबंदों को मकान हेतु प्लाट दिए गए। कथित भूमाफिया शहर में सदैव सक्रिय रहते हैंऔर समय-समय पर शासन प्रशासन को भी भ्रमित करते रहते हैं भू माफिया सरकारी आराजी एवं दूसरों की आराजी में अतिक्रमण करने में कभी पीछे रहते है। जो तहसील प्रशासन को अपने कब्जे में रखते है। इसी तरीके से कथित भूमाफिया ने एक षड्यंत्र किया और तहसीलदार, कानूनगो तथा लेखपाल को गुमराह कर आराजी नंबर 512 के मालिक अब्दुल जलील जो मौके पर काबिज हैं। जिनकी आराजी द्वारा हदबंदी 2014 को शासन द्वारा नाप करके दी गई थी आराजी नंबर 303 एवं आराजी नंबर 304 अंदर हद नगर पालिका परिषद उरई के मालिक के द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया जाता है जिस पर कहा जाता है कि नाले की जमीन पर अतिक्रमण किया गया और अधिकारीगणों को गुमराह किया जाता है आनन-फानन तहसीलदार सदर उरई ने बिना कोई नोटिस जारी किये आराजी नंबर 512 के मालिक को दिया बगैर मौके पर कुछ प्रशासन के अधिकारी पहुंचते हैं और आराजी में खड़े हुए मकानों को भी तोड़ फोड़ कर डाली। आराजी के बीच से नाले की रेखाएं तैयार कर देते है नाला आराजी नंबर 512 के नजदीक से बनाया जाता है। इस नाले के बनने से जो अतिरिक्त जमीन निकलती है। वह जमीन आराजी नंबर 303 आराजी नंबर 304 जिसका मालिक प्रार्थना पत्र देने वाला व्यक्ति हैं उसको मौके पर अधिक रखाव का प्रयास किया जाता है और यह पूरी कार्रवाई बड़े शीघ्र तरीके से की जाती है। इसमें कोई अग्रिम सूचना नहीं दी जाती है आराजी नंबर 512 के मालिक जब अपना पक्ष शासन के समक्ष रखते हैं तो शासन को सच्चाई का पता चलता है। यह पक्ष रखते हैं की 304, 303 आराजी के मालिक को शासन के कुछ अधिकारियों के द्वारा अत्यधिक लाभ देने की कोशिश की जा रही है। सरकार की मंशा बड़ी साफहै। सरकार कतई भू माफियाओं का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करती है। सरकार पूर्ण रूप से गलत लोगों के विरोध में है सरकार ने अपना भू माफिया पोर्टल भी बनाया जिससे कि भूमाफिया के खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाए लेकिन कुछ अधिकारीगण भूमाफियाओं से मिलकर उन से सांठगांठ करके किसी अन्य तरीके से भूमाफिया को लाभ पहुंचाने की कोशिश करते हैं। यह साफऔर स्पष्ट नजर आ रहा है की भूमाफिया को अत्यधिक आराजी देने का काम कुछ अधिकारियों के द्वारा ही किया जा रहा है। जिसका संज्ञान कमिश्नर झांसी ने लिया एवं न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन उरई में वाद दायर किया गया जिसमें भी अधिकारीगणों को नोटिस प्राप्त हो चुका है। अभी तक किसी प्रकार का कोई भी जवाब न्यायालय में दाखिल नहीं किया गया न ही कोई आख्या मंडल आयुक्त तक पहुंची है और जब नाप की गई मौके पर तहसीलदार द्वारा तो आराजी नंबर 512 का रकबा लगभग 55 डिसमिल कम पाया गया यह रकबा नाप में तहसीलदार द्वारा आराजी नंबर 303, 304 के मालिक को बतौर गिफ्ट दिया जा रहा है। कुछ अधिकारी शासन की मंशा के विरुद्ध काम कर रहे हैं। जिसमें तहसीलदार उरई पर आरोप गंभीर लगते नजर आ रहे हैं। तहसीलदार उरई भी तथाकथित भूमाफियाओं से मिलकर गलत माप के आधार पर लोगों को फायदा और नुकसान पहुंचाने का व्यक्तिगत काम कर रहे हैं।

## माईसेम कंपनी ने एलपीपी ब्रांड सीमेंट बाजार में लांच की

**उरई ( जालौन )।** प्रकृति के संरक्षण हेतु माईसेम सीमेंट कंपनी ने अब सीमेंट की श्रृंखला में तीसरे ब्रांड के रूप में एलपीपी ब्राण्ड की नई पैकिंग में सीमेंट बाजार में लांच की। इस अवसर पर जिला सेल्स प्रमोटर प्रभात रूसिया ने अपने कालपी रोड स्थित प्रतिष्ठान में हवन पूजन के साथ माईसेम एलपीपी सीमेंट की बोरियों को गोदाम में उतरवायी। यह सीमेंट जो वातावरण की नमी को कम करेगी साथ ही सीमेंट की गुणवत्ता भी लंबे समय तक बनाये रखने में मदद करेगी। अभी तक माईसेम सीमेंट कंपनी दो प्रकारके सीमेंट का उत्पादन करती चली आ रही थी। कंपनी ने तीसरी नये ब्राण्ड में एलपीपी सीमेंट बाजार में लांच की है। सी एण्ड एफकमलेश गुप्ता उर्फबबलू, सेल्स प्रमोटर प्रभात रूसिया, शुभम रूसिया, टैक्नीकल अधिकारी शैलेस कुमार, सौरभ श्रीवास्त्व, सेल्स एवं मार्केटिंग रविकांत, कृष्ण गोपाल रूसिया आदि की उपस्थित में कंपनी द्वारा भेजी एलपीपी सीमेंट बोरियों का पूजन कर गोदाम में रखवाया गया।

# बिजली बिल वसूली, सामूहिक शौचालय की देखरेख व राशन कोटे की दुकानों का संचालन करेंगी महिलाएं

**हमीरपुर।** शासन ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन (एनआरएलएम) में महिला समूहों की आर्थिक मजबूती के लिए अब ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विजली विल काट कर वसूलीकरना, गावों के सामूहिक शौचालयों की देखरेख व राशन कोटे की दुकाने संचालित करने की जिम्मेदारी दी है। अब जिले में 66 हजार कामकाजी महिलाएं घर गृहस्थी के अलावा प्रशासनिक कार्यो में भी हाथ बटायेगी।

एनआरएलएम के जिला प्रबंधक कमलेश कटियार ने बताया कि हमीरपुर जिले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत गठित समूहो में छाछठ हजार महिलाएं शामिल है प्रत्येक गाव में गठित एक समूह में दस से लेकर पंद्रह महिलाएं शामिल है जो छोटा से छोटा काम कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है, कई महिला समूह तो साल में लाखों रुपये का बैंक से लेनदेन भी कर रहे है, जिला प्रबंधक ने बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में समूह की महिलाएं घर घर जाकर विजली का विल काटने के बाद वसूली कर विभाग को राजस्व जमा करेगा इसके लिये उन्हे दो हजार रुपये के विजली विल पर दो फीसदी कमीशन व इसके ऊपर वाली धनराशि पर एक फीसदी कमीशन दिया जायेगा, इसी प्रकार गांवो व ग्रामीण क्षेत्रों में जो सामूदायिक शौचालय बने हुये है उनकी देखरेख महिला समूह करेगी इसके लिये समूह को नौ हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जायेगा। पानी की व्यवस्था, सफाई सामग्री, वेस्ट मैनेजमेंट,मद में खर्च शामिल किया गया है। इन शौचालयों को दिन में दो मर्तवा साफ सफाई की जायेगी। शिकायत रजिस्टर बनाया जायेगा, सामुदायिक शौचालयों मे आने वाले खर्च को तेहरवे वित्त आयोग से खर्च किया जायेगा इसके लिये शासन ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सख्त निर्देश दे दिये गये है। महिलाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। शासन ने साफ कहा है कि आगे आने वाले समय में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जो भी दुकाने नयी खोली जायेगी व किसी कारणवश जो दुकान निरस्त होगी। महिला समूह के सदस्य को ही राशन कोटे की दुकान आवंटित की जायेगी। छोटे मोटे कार्यों में प्रशासनिक सहयोग के खातिर महिला समूह बढ़चढ़कर हिस्सा लेगी। शासन ने एनआलएलएम के माध्यम से नारी सशक्तिकरण को पूरा ध्यान रखा है,हालाकि एनआरएलएम की महिलाए कोरोना वायरस काल में मास्क बनाने में जो सहयोग किया है उसकी सराहना चारो तरफ हो रही है ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर लोग एनआरएलएम से निर्मित मास्क का उपयोग कर रही है। केंद्र सरकार ने एनआरएलएम मे महिलाओ को जागरुक करने के लिये नये नये कार्यक्रमो की रोजाना रुप रेखा बनाती जा रही है। जिसका लाभ महिलाओं को मिलता जा रहा है।

# कोरोना से मृत्यु पर पत्रकार परिवार को मिले 20 लाख मुआवजा: उपजा

● जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष रतन पटेल ने भी जताया शोक

**चित्रकूट।** बांदा के वरिष्ठ पत्रकार अंजनी निगम (50) के कोरोना महामारी से आकस्मिक निधन पर यूपी जर्नलिस्ट एशोसिएशन (उपजा) ने शोक सभा आयोजित करके दिवंगत आत्मा की शांति को ईश्वर से प्रार्थना की है। कोरोना से मृत्यु होने पर पत्रकारों के लिए भी 20 लाख के मुआवजे की मांग की है।वहीं जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष रतन पटेल ने भी कोरोना की चपेट में आने से असमय काल के गाल में समाये मंडल के वरिष्ठ पत्रकार अंजनी निगम के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से मृतक पत्रकार के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग की है।

सोमवार को उपजा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कोरोना महामारी के समय पत्रकार अपनी जान की बाजी लगाकर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे है। प्रदेश में अब तक कई पत्रकार इसी दौरान महामारी की चपेट में आ गए। उनका आकस्मिक निधन हो गया। कोरोना योद्धाओं के रूप में पत्रकारों के परिवारों को भी कोरोना से मृत्यु होने पर 20 लाख का मुआवजा मिलना चाहिए।

उपजा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष रतन दीक्षित को पत्र भेजकर शासन स्तर पर इस मामले में ठोस पहल की मांग की है। बांदा के वरिष्ठ पत्रकार अंजनी निगम (50) के आकस्मिक निधन पर उपजा ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। वहीं जिले के वरिष्ठ पत्रकार आलोक द्विवेदी, राजेंद्र पांडेय, विजय शुक्ला,सुधीर अग्रवाल, शंकर यादव, हेमराज कश्यप, राजेश्वर सिंह, विकास श्रीवास्तव, मो. जमाल, रमेश द्विवेदी, राकेश चौधरी, रामेद्र सिंह, राजेश सोनी, हीरा लाल आदि पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति व परिजनों को सम्बल बंधाने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## बीडीओ का घेराव कर किसानों ने दी आन्दोलन की चेतावनी

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन इकाई चित्रकूट ने ब्लाक पहाड़ी, मानिकपुर, मऊ, रामनगर में किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर खण्ड विकास अधिकारियो का घेराव करते हुए ज्ञापन सौंपा। ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी राजकिशोर सिंह ने कहा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नही हैं। महज औपचारिक घोषणाएं की जाती हैं। ब्लाक अध्यक्ष रामनगर विनय कुमार तिवारी ने कहा कि किसानों ने मंहगे बीज खरीद कर खेतों में बोया है। इस आशा में कि प्रशासन अन्ना जानवरों के प्रति संवेदनशील होगा, डीएम की घोषणाओं का भी कोई असर नहीं है। ब्लाक अध्यक्ष ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी से गौशालाओं की सूची नहीं उलब्ध कराई जा रही हैं। एक हफ्ते में निदान नही हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा। ब्लाक अध्यक्ष मानिकपुर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि किसान रात भर अपनी जान हथेली में लेकर खेतो की रखवाली करने को मजबूर है। हफ्ते भर में अन्ना जानवरों को संरक्षित कराने में प्रशासन गम्भीर नहीं हुआ तो जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल की अगुवाई में बड़ा आंदोलन होगा।

# नगर व क्षेत्र में विचरण कर रहे निराश्रित पशुओं से लोग परेशान


जीटी रोड के किनारे पिंक शौचालय के पास खड़ा निराश्रित पशुओं का झुंड

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** प्रदेश की योगी सरकार ने भले ही गौवंशों सहित आवारा पशुओं के लिये सुरक्षित स्थान व रहन सहन की व्यवस्था गौशालाओं के रुप में कर दीं हो। लेकिन नगर व क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे विचरण कर रहे निराश्रित पशुओं से ग्रामीण क्षेत्र में किसान अपनी फसलों के नुकसान को लेकर परेशान है तो शहरों में राहगीर व बाईकसवार सहित दुकानदार इनके हमले का शिकार हो रहे है।

सोमवार को नगर के मुख्य मार्ग जीटी रोड किनारे एक नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक निराश्रित पशुओं ने राहगीरों सहित दुकानदारों को खासा परेशान किया। इस दौरान कई राहगीर निराश्रित पशुओं के हमले से घायल भी गये तो कई लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। जबकि सडक किनारे ठेली लगाये गरीब दुकानदारों को भी निराश्रित पशु परेशान कर रहे है। प्रतिदिन ठेली व लगे फल व अन्य खाद्य सामग्री को निराश्रित पशुओं द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। वहीं निराश्रित पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थानीय लोगों सहित क्षेत्रीय किसानों ने शासन व प्रशासन से अभियान चलाकर निराश्रित पशुओं को गौशलाओं में भेजनें की मांग की है।

# मण्डलायुक्त ने कोविड-19 कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का किया निरीक्षण



संवाददाता। गोंडा

**सोमवार** को आयुक्त देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव ने कलेक्ट्रेट में संचालित कोविड-19 कमान्ड कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया तथा कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में मौजूद अधिकारियों से एक-एक बिन्दु के बारे में गहन पूछताछ की।

कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव के दृष्टिगत शासन के निर्देशन में स्थापित कोविड-19 कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में आयुक्त ने कांटैक्ट ट्रैसिंग, सर्विलान्स, शिकायत रजिस्टर तथा शिकायत निस्तारण की स्थिति, फीडबैक रजिस्टर आदि का अवलोकन करते हुए विधिवत पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि इन्स्टीट्यूशनल आइसोलेशन व होम आइसोलेशन दोंनों प्रकार के मरीजों की रेगुलर मानीटरिंग की जाय तथा कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर से रोजाना फोन करके मरीजों का कुशल क्षेम पूछा जाय एवं उनसे फीडबैक लिया जाय। इसी प्रकार लेवल-1 व लेवल-2 हास्पिटल में भर्ती मरीजों को भी फोन करके फीडबैक लिया जाय। आयुक्त ने कोरोना मरीज मिलने के बाद बनाए गए कन्टेनमेन्ट जोन की संख्या तथा वहां पर साफ-सफाई की स्थिति के बारे में भी पूछा तथा सख्त निर्देश दिए कि कन्टेनमेन्ट जोन्स में हर हाल में अच्छी गुणवत्ता की साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाय तथा लापरवाही बरतने वालों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही भी की जाय। कान्टैक्ट ट्रैसिंग रजिस्टर का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि कान्टैक्ट ट्रैसिंग के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाय तथा सर्विलान्स का कार्य शासन के निर्देशानुसार कराया जाय तथा कोरोना मरीज मिलने के बाद तत्काल उसकी कान्टैक्ट ट्रैसिंग शुरू की जाय तथा घर-घर जाकर सैम्पलिंग करने वाली सर्विलान्स टीम निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोविड कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर, एम्बुलेन्स, पूल व्यवस्था, सफाईकर्मियों द्वारा की गई सफाई की क्रास चेकिंग की निगरानी के साथ ही साथ पूरी टीम भावना के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें जिससे शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कमाण्ड कन्ट्रोल रूम का दो दिन बाद पुनः निरीक्षण करने को कहते हुए निर्देश दिए कि अगले निरीक्षण के पहले सभी चीजें दुरूस्त कर ली जाएं। इस दौरान एडीएम राकेश सिंह, सीआरओ आर0आर0 प्रजापति, एसडीएम महेन्द्र सिंह व कुलदीप सिंह, सर्विलान्स अफसर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अवैध शराब के कारोबारियों पर करें गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**गोंडा।** आयुक्त एस0वी0एस0 रंगाराव ने मंडल की कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान वाणिज्य कर, स्टाम्प बिक्री, आबकारी, परिवहन तथा वन विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष अब तक हुई वसूली की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया है कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि जिन विभागों में लक्ष्य का निर्धारण अभी नहीं हुआ है, वे गत वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को मानकर उससे अधिक वसूली करेंगे सुनिश्चित करें ताकि राजस्व प्राप्त हो सके। उन्होंने स्टांप विभाग की भी समीक्षा के दौरान लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि अर्जित न करने वाले जनपदों के संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।बैठक मैं आयुक्त ने निर्देश दिए हैं की स्टांप व करांचन के मामलों की जांच कराई जाए तथा आगामी दिनों में प्रवर्तन कार्य में व्यापक तेजी लाएं। उन्होंने इसके लिए गोंडा व बहराइच में 100- 100 बलरामपुर को 75 व श्रावस्ती का 50 मामलों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए वस्तु रूप कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जाए उन्होंने कहा की प्रवर्तन कार्य लगातार कराएं ताकि मंडल में कोई अप्रिय घटना न घटित होने पावे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर गुंडा एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कराएं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि शराब में सैनिटाइजर मिलाने की घटना मंडल में न हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने और लोगों में जागरूकता पैदा करें। बैठक में बताया गया कि मंडल में अब तक कुल 718 अपवंचन के मामले पकड़े गए हैं जिसमें दो मामले में एफआइआर दर्ज की गई है। आबकारी विभाग का विभागीय लक्ष्य निर्धारित न होने के क्रम में आयुक्त ने निर्देशित किया कि गत वर्ष को लक्ष्य मानकर वसूली में तेजी लाकर लक्ष्य की पूर्ति करें। अभी तक विभाग मे क्रमिक प्राप्ति 161 करोड़ रुपए की हुई है। वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया है अब तक लक्ष्य के सापेक्ष 41.84 प्रतिशत की उपलब्धि हुई है। आयुक्त ने वसूली में तेजी लाकर अधिकाधिक लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए हैं।

## किशोर पाया गया कोरोना संक्रमित

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गाँव धुराई में एक 10 वर्षीय किशोर कोरोना संक्रमित पाया गया है । रैपिड किड से की गई जांच में कोशोर की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमित मरीज को एम्बुलेन्स की मदद से रेयान अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया है । सीएचसी खीरों प्रभारी डॉ भावेश सिंह ने बताया कि संक्रमित मरीज को इलाज के लिए भेज दिया गया है । परिवारजनों को कोरेंटाइन सेंटर भेजा जा रहा है । इसके बाद गाँव को सेनेटाइज कराकर मरीज के प्रथम व द्वितीय संपर्क में आने वाले लोगों की भी जांच कराई जाएगी । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि गाँव को हॉट स्पॉट घोषित कर दिया गया है । गाँव को सील कर बाहरी लोगों के आवागमन पर रोक लगाने की व्यवस्था की जा रही है ।

# भू-माफिया को मेरा संदेश, मेरे क्षेत्र से दूर रहें: अदिति सिंह



संवाददाता। रायबरेली

**गरीबों** की जीविका संकट में पड़ जाए और मौजूदा दौर में जब रोजी रोजगार पर पहले से ही संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसी बीच खबर निकल कर आई लगभग 150 दुकानदारों के कब्जे को हटाया जाएगा जो 45 साल से जिनका जमीन पर कब्जा है। कानूनी और प्रशासनिक दांवपेच के बीच कमला नेहरू की जमीन जिस पर बरसों से दुकानदार अपनी दुकानें रख कर अपनी जीविका चला रहे थे। दुकानदार अपनी बात जनपद के राजनेताओं से करना चाह रहे थे उनकी दुकानें चलती रहे उनकी मदद करने के लिए कोई राजनीतिक चेहरा सामने आये। रायबरेली की राजनीति से सिर्फएक चेहरा निकल कर सामने आया वह है सदर विधायक अदिति सिंह उन्होंने मीडिया को एक बयान दिया कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके राजनीतिक गुरु हैं और वह पूर्व विधायक अखिलेश सिंह की पुत्री हैं जिन्होंने समय-समय पर गरीब और असहाय लोगों की मदद की थी वह उन्हीं के रास्ते पर चल रही हैं और आज जब दुकानदार अपनी दुकानों को लेकर चिंतित हैं तो वह उन दुकानदारों के साथ खड़ी है। ऐसे में समझा जा सकता है जनता के साथ सिर्फ जनपद का एक राजनेता सक्रिय है जन मुद्दों को उठा रही है उन दुकानदारों की मदद करने को लेकर प्रतिबद्ध है।

## अपहृत किशोरी हुई बरामद , केस दर्ज

**ऊंचाहार,रायबरेली ।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव महावीर का पुरवा निवासिनी 16वर्षीय किशोरी बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गई थी। जिसमे किशोरी को गांव गंगेहरा गुलालगंज के युवक के द्वारा अपहृत कर लिया गया। जिसमे किशोरी को बीते दिनों पुलिस ने बरामद किया है। तबसे किशोरी को कोतवाली परिसर मे ही रखा गया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर पर गांव गंगेहरा गुलालगंज निवासी आशीष पुत्र विन्देश्वरी के खिलाफ धारा 363, 366, 7घ8 के तहत मुकदमा दर्ज करके अपहृत किशोरी को बरामद करने के बाद सोमवार के दिन महिला कांस्टेबल के निगरानी मे मेडिकल परीक्षण हेतु भेजा गया है।

## गृहकलह से तंग युवती का आत्महत्या का प्रयास

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मनीरामपुर निवासिनी युवती अपने घर के विवाद से तंग होकर नहर मे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। बताते चले कि कोतवाली के गांव मनीरामपुर निवासिनी साधना 20वर्ष पुत्री अशोक कुमार अपने घरेलू विवाद से तंग होकर मनीरामपुर के निकट स्थिति शारदा सहायक नामक नहर मे कूदकर छलांग लगा दिया। जिसमे स्थानीय लोगों ने उसको नहर से बाहर निकाला।जिसके बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसको सीएचसी ऊंचाहार ले जाया गया जहां से उसके प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि जांच करने के बाद विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

# शिवगढ़ में बुजुर्ग कृषक का शव मिलने से मचा हड़कम्प

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)



**शिवगढ़** थाना क्षेत्र के ढेकवा में 3 दिनों से लापता बुजुर्ग का शव शिवगढ़ रजबहा के किनारे खेत में स्थित कुएं में मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। विदित हो कि रविवार को छठ पूजा थी, सोमवार की प्रातः काल जब ढेकवा गांव के लड़के पूजा सामग्री का अवशेष कुए में डालने पहुंचे तो कुएं से बदबू आ रही थी। जब लड़कों ने कुएं में झांक कर देखा तो कुएं में शव उतरा रहा था। जिससे कुएं में पूजा सामग्री डालने आए लड़के डर गए और भागकर इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर मय फोर्स के आनन-फानन में मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने जब शव को कुएं से बाहर निकलवाया तो मृतक की जेब में आधार कार्ड और टॉर्च मिली। वहीं कुएं के बाहर खेत में बेंत की बगुली,मोबाइल पाया गया।

आधार कार्ड एवं मृतक के पुत्र सनत कुमार मिश्रा, ग्राम प्रधान राज बहादुर सिंह व परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त हरि नारायण मिश्रा (70) पुत्र जगत नारायण मिश्रा के रूप में की गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ज्ञात हो कि ढेकवा गांव के रहने वाले हरिनारायण मिश्र लगभग 35 वर्षों से शिवगढ़ कस्बे में स्थित डिग्री कॉलेज के सामने मकान बनाकर पत्नी कमला, शिक्षा मित्र बेटे सनत कुमार मिश्रा,आंगनबाड़ी कार्यकत्री बहू बच्चों के साथ रहते थे और यहीं से गाँव खेत देखने जाया करते थे। उन्हीं के खेत में नहर की पटरी के किनारे स्थित कुएं में उनकी लाश पायी गयी। बताते हैं कि मृतक हरि नारायण मिश्रा 3 दिनों से लापता थे ,परंतु इसकी सूचना किसी ने भी थाने में नही दी। ग्रामीणों की मानें तो उनके घर में अक्सर गृह कलह चला करती थी। वहीं कुछ लोगों द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि हो सकता है शाम को खेत देखने आए हो जो किसी मवेशी को भगाने के चक्कर में पैर फिसल जाने के कारण कुएं में चले गए हो। इस बाबत थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि लाश की जेब में टार्च और कुंए के बाहर खेत में बेंत की बकुली, आधार कार्ड और मोबाइल आदि मिला है। प्रथम दृष्टया लाश दो तीन दिन पुरानी लगती है शरीर पर चोट के निशान नही दिखे हैं। लाश को पीएम के लिए भेज दिया गया है मौत की असली वजह पीएम रिपोर्ट के आने के बाद ही मालूम होगी।

## एलबीएस में प्रवेश हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**गोंडा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में बी0ए0, बी0कॉम0 व बीएस-सी0 प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया 11 अगस्त से शुरू हो जायेगी। कोविड-19 के चलते अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए कालेज की प्राचार्य डॉ0 वंदना सारस्वत एवं चीफ प्रक्टर डॉ0 जितेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से यू0आई0एन0 प्राप्त करना होगा। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी कॉलेज की वेबसाइट से ली जा सकती है। प्राचार्य डॉ0 सारस्वत ने बताया कि 11 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी एवं 24 अगस्त तक आवेदन पत्र अंतिम रूप से भरे जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि ऑनलाइन भरे हुए फॉर्म का प्रिंट आउट समस्त संलग्न को सहित 13 अगस्त से 26 अगस्त 2020 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से 3.00 बजे तक कॉलेज में जमा किये जा सकेंगे। किसी भी समस्या के समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर 7800220192 पर संपर्क किया जा सकता है।

## डीएम की अपील, कोरोना के लक्षण मिलने पर फौरन कराएं जांच

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी सी. इन्दुमती ने बताया कि वर्तमान में कोविड-19 वैश्विक महामारी से बचाव के लिए जिले में भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन एवं उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार कार्य किया जा रहा है। सम्पूर्ण शहरी एवं नगरीय क्षेत्र में कोविड-19 का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। जन सामान्य के जीवन रक्षा के लिये कोविड-19 का संक्रमण रोका जाना आवश्यक हो गया है।जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि अगर किसी भी व्यक्ति में कोविड-19 से सम्बन्धित लक्षण जैसे-हल्क बुखार, हल्का सर्दी जुखाम, खॉसी, सॉस फूलना, बदन दर्द आदि लक्षण होने पर एकीकृत आपदा नियंत्रण कक्ष या दूरभाष नम्बर पर सूचना दें। उन्होंने सभी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि कोरोना का लक्षण पाए जाने पर छिपाएं नही बल्कि जांच कराएं और स्वस्थ रहें।

# अवैध कब्जे वाली भूमि पर चली जेसीबी

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**सरकारी** जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के शासन की मंशा के अनुरूप आदेश पर अमली जामा पहनाते हुए अवैध कब्जेदारों से अवमुक्त करा दिया शासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों, लेखपालों को अभियान चलाकर ऐसी संपत्तियों और अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करने एवं उसे खाली कराने के निर्देश दिए गए हैं इसी कड़ी में तालाब के आंशिक भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा धान की फसल लगाकर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा दी गई नोटिस के बावजूद भी कब्जा धारक द्वारा कब जाना हटाने पर जिलाधिकारी डलमऊ सविता यादव राजस्व टीम के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में तालाब की आंशिक भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को जेसीबी से जोतवाया गया उपजिलाधिकारी डलमऊ सविता यादव ने बताया कि डलमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम संत पुर निवासी संत प्रसाद द्वारा गांव स्थित तालाब गाटा संख्या 559 की भूमि के आंशिक भाग लगभग 12 बिस्वा पर धान की फसल लगाकर अवैध कब्जा किया गया था जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल की जांच रिपोर्ट के आधार पर उप जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा कब्जे दार को नोटिस देकर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे इसके बावजूद कब्जे डालने कब्जा नहीं हटाया जिस पर आज उपजिलाधिकारी डलमऊ की अगुवाई में तहसीलदार डलमऊ प्रतीत त्रिपाठी नायब तहसीलदार पुष्कर के साथ राजस्व विभाग की टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी से तालाब की भूमि पर अवैध रूप से लगाई गई धान की फसल को जितवा दिया गया वही उपजिलाधिकारी डलमऊ ने बताया कि गांव के आसपास सुरक्षित भूमि पर किए गए कब्जे की जांच कराई जा रही है और अवैध कब्जे पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी उप जिलाधिकारी की इस प्रकार की कार्रवाई से अवैध कब्जे तारों में हड़कंप व्याप्त है

# सरकार डॉक्टर कफील के साथ कर रही सौतेला व्यवहार: जमशेद

**● कहा, जनता तक पहुंचाई जाएगी डाक्टर कफील के बेगुनाह होने और सरकार द्वारा साजिशन उनको फंसाने की खबर**




संवाददाता। सुलतानपुर

**सरकार** डॉक्टर कफील के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। आने वाले समय में जनता इसका हिसाब जरूर लेगी। ये बातें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सुल्तानपुर प्रभारी जमशेद वली ने कही। वे उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत जिले में पहुंचे थे। जिला कांग्रेस कमेटी में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि कांग्रेस की महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी जी के दिशानिर्देश पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश द्वारा डॉक्टर कफील की रिहाई के लिये ये प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। प्रकोष्ठ के सभी जिलों के प्रभारी आज अपने अपने प्रभार क्षेत्र में मीडिया को इस अभियान की जानकारी दे रहे हैं। उन्होने कहा कि डॉक्टर कफील की रिहाई के लिए जनांदोलन चलाया चलेगा। आम जन तक डाक्टर कफील के बेगुनाह होने और सरकार द्वारा साजिशन उनको फंसाने की खबर पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सलाउद्दीन हाशमी, नफीस फारूकी, शकील अंसारी, सिराज खान, हाफिज जहाँगीर, राजेश श्रीवास्तव, इसरार अहमद, मतीन खान समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने दर्द बयां करते हुए दुकानों को खोलने की उठाई मांग

संवाददाता। सुलतानपुर



**अखिल** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी की अगुवाई में व्यापारियों ने अनलाक तीन में दुकानों को खोलने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया। सौंपे गए ज्ञापन में व्यापारियों ने दर्द बयां करते हुए कहा है कि अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा कई बार लॉकडाउन लागू करने के आदेशों का व्यापारियों ने पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ पालन किया। व्यापारी व आम लोग रोज की कमाई पर ही अपने और अपने परिवार व बच्चों की आजीविका को चलाते हैं। वह इतने दिनों की लंबी बंदी के बाद पूरी तरह से टूट चुके हैं। उसके पास न तो खाने के लिए पैसा बचा हुआ है, न सामग्री बची हुई है और न परिवार कि इलाज व बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ध नही बचा है। ऐसे में लोगों के सामने भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। कहा है कि व्यापारी मध्यम वर्ग में आता है। इस कारण से उसे कोई सरकारी सहायता नहीं मिलती और व्यापारी हमेशा देने का ही काम करता है लेने का नहीं। मध्यम वर्गीय भावना के अधीन व्यापारी किसी के सामने हाथ फैलाने और कुछ मांगने में भी संकोच करता है। वह अभाव में जी कर भुखमरी तक बर्दाश्त कर लेता है लेकिन किसी से कुछ मांग नहीं पाता। ऐसे में व्यापारियों के जीविकोपार्जन के लिए अब दुकानों को खोला जाना अति आवश्यक है। उसी बिल्डिंग या घर को सील किया जाए जहां करोना के मरीज मिलें न कि पूरा शहर या मोहल्ला। व्यापारियों ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहा कि हम व्यापारियों द्वारा जिला प्रशासन के समस्त आदेशों, निर्देशों व सुरक्षात्मक कदमों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा, यदि कोई व्यापारी आपके उन नियमों के विपरीत जाएगा तो उसके विरुद्ध प्रशासन द्वारा जो भी कार्यवाही की जाएगी हम उसका भी समर्थन करेंगे। व्यापारी के किसी भी गलत कदम का साथ नहीं देंगे।

# देसी तमंचा और कारतूस के साथ टॉपटेन बदमाश गिरफ्तार



**बल्दीराय, सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा के निर्देश व क्षेत्राधिकारी बल्दीराय के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में बल्दीराय पुलिस ने टापटेन अपराधी को देसी तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। बल्दीराय थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह वल्लीपुर चौकी इंचार्ज विकास व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे। इसी बीच सूचना मिली कि टापटेन बदमाश थाना क्षेत्र के सरैया माफी निवासी अमर नाथ यादव पुत्र राम नरेश यादव सत्या श्रम इण्टर कॉलेज के पास में मौजूद है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देख बदमाश भागने लगा। पुलिस टीम सर्तकता बरतते हुए घेराबंदी कर धर दबोचा। पकड़े गए बमदाश के पास से तलाशी के दौरान देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफसंबंधित धाराओं में कार्यवाही करते हुए मजिस्टेऊट के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। करनैलगंज-गोंडा

**कालेज** के खेल मैदान का कूट रचित तरीके से बैनामा होने के बाद अब मामले में नया मोड़ ले लिया है। कालेज के पक्ष में कई संगठन सामने आए हैं और सोमवार को सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। नगर के कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के खेल मैदान को अराजक तत्वों से बचाने के लिए मुहिम तेज हो गई है। सोमवार को कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति, करनैलगंज तहसील बार एसोसिएशन, कालेज के अध्यापकों एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से एसडीएम ज्ञानचन्द्र गुप्ता को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया है कि कालेज के नाम से वर्ष 1952 में हुए बैनामें के आधार पर कॉलेज का नाम दर्ज किया जाए तथा कूट रचित तरीके से बैनामा कराने वाले लोगों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए। अराजक तत्वों द्वारा बेशकीमती कालेज के खेल मैदान की जमीन पर अवैध हस्तक्षेप को तत्काल रोका जाए। कालेज की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासनिक टीम गठित की जाए। ज्ञापन में मांग की गई है कि किसी भी दशा में कालेज की भूमि पर अवैध न हो इसके लिए प्रशासन कठोर कार्रवाई करें। ज्ञापन में चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में संघर्ष समिति के अवधेश सिंह, अरुण कुमार सिंह, त्रिलोकी नाथ तिवारी, सुरेंद्र द्विवेदी, हृदय नारायण मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, अमरेश चतुर्वेदी, राम अवध, राधा मोहन पांडेय, अनिल सिंह, विमलेंद्र जयसवाल एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य डीपी मौर्या, अमित कुमार श्रीवास्तव,लोग शामिल रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मानित

**करनैलगंज-गोंडा।** भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति दिवस के मौके पर प्रदेश सरकार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मानित किया गया। रविवार की शाम को जिले के एकमात्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम अचल आचार्य को शासन के निर्देश पर शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए अंग वस्त्र व धनराशि को एसडीएम ज्ञान चन्द्र गुप्ता ने उनके आवास पर जाकर भेंट किया। एसडीएम ने बताया कि इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम अचल आचार्य के पैतृक आवास पर जाकर उन्हें अंग वस्त्र एवं शासन द्वारा भेजी गई सामग्री देकर सम्मानित किया गया और उनसे आशीर्वाद लिया गया।

## जिला पंचायत की बैठक 18 को

**गोंडा।** जिला पंचायत की सामान्य बैठक आगामी 18 अगस्त को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में दोपहर 12:30 बजे से आयोजित होगी। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने दी है। उन्होंने बताया है कि बैठक में वित्तीय वर्ष 2019-2020 में प्राप्त परफारमेन्स की धनराशि दो करोड़ छप्पन लाख चौदह हजार नौ सौ रूपए के सापेक्ष कार्य योजना का अनुमोदन तथा पन्द्रहवें वित्त आयोग के अन्तर्गत जिला पंचायत गोण्डा को वर्ष 2020-2021 में प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष कार्ययोजना की स्वीकृति पर विचार किया जाएगा।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 11 अगस्त, 2020



# बस्ती में 51 और कोरोना संक्रमित मरीज मिले

## अब तक 34 मरीजों की मौत हो चुकी है

संवाददाता। बस्ती

**कोरोना** वायरस संक्रमण का खतरा थमने का नाम नहीं ले रहा है। जैसे-जैसे जांच की संख्या बढ़ रही है संक्रमितों की संख्या में भी इजाफा होता जा रहा है। सोमवार को कोरोना संक्रमितों की संख्या 51 पहुंच गई।

संक्रमित मरीजों में रामनगर के तीन, हर्रैया के दो, बनकटी के नौ, परसरामपुर के एक, रूधौली के एक, दुबौलिया के एक, सात सदर ब्लाक के, 15 शहरी क्षेत्र के, कप्तानगंज के एक, बहादुरपुर के तीन, साऊंघाट के पांच, कुदरहा के दो मरीज शामिल है। कोरोना संक्रमितों में एक वर्ष के बालक समेत दो डीएम आवास, एक नरहरपुर, दो बगही, एक देईसांड़, एक डड़िया, एक थरौली, चार बेदौली, एक नरियांव,दो महिला अस्पताल, एक दुधौरा, एक महराजगंज, एक गांवकालोनी, एक रामनगर कालोनी, एक तेनुई, एक सर्रैया खुर्द, एक बाढ़ूजोत, एक गौसपुर, एक कुसौराबाजार, एक कम्पनीबाग, एक श्रीपालपुर, एक जामडीह पाण्डेय, तीन नगर खास, एक मालीटोला मंगलबाजार, एक कमला लेदर गांधीनगर, एक कप्तानगंज बाजार, तीन स्टेशनरोड, एक धर्मूपुर, एक कूड़ी चौराहा, एक मझगंवा, दो लोहदर मुण्डेरवा, दो मुण्डेरवा, एक हर्रैया, तीन आश्रम पद्धति विद्यालय क्वारंटीन सेंटर के मरीज शामिल हैं।

जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या जिले में अब तक 1218 पहुंच गई है। इसमें से 24 पाजिटिव केस दूसरे जिलों के हैं। संक्रमित मरीजों में से अब तक 34 की मौत हो चुकी है। स्वस्थ होने के बाद 800 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। शेष कोरोना संक्रमितों का एल-1, एल 2 एवं कोविड केयर हास्पिटल जवाहर नवोदय विद्यालय रूधौली, जयराम उपाध्याय बालिका महाविद्यालय पड़रीबाबू, सीएचसी मुण्डेरवा, ओपेक हास्पिटल कैली में इलाज चल रहा है। जबकि 109 होम आइसोलेशन में हैं। डीएम आशुतोष निरंजन के अनुसार जिले में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 1183 है। 800 को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है। 349 सक्रिय कोरोना के मामले है। जिले में 175 कंटेनमेंट जोन घोषित है। इनमें तहसील सदर में 106, हर्रैया में 44, भानपुर में 21,रूधौली में 4 शामिल हैं।

अब तक 42157 की जांच के लिए सैम्पल लिए गए हैं। जिसमें से 41414 की रिपोर्ट अब तक प्राप्त हो चुकी है। 743 की जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। सोमवार को 1648 की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जांच के लिए 1162 के सैम्पल लिए गए हैं। मेडिकल कालेज रामपुर में छह, आश्रम पद्धति विद्यालय भानपुर में 82 को क्वारंटीन में रखा गया।

### कठिन दौर से गुजर रहा है डीएम का परिवार

**बस्ती**। कोरोना को लेकर सबसे अधिक डीएम आषुतोष निरंजन का परिवार प्रभावित हुआ है। माता, पिता, डाक्टर पत्नी और छोटी बच्ची सभी का चिकित्सकों की गहन देखरेख में लखनउ में इलाज हो रहा है। इसमें माता जी की तबियत अधिक खराब है, और चिकित्सक स्टैबिल करने का भरसक प्रयास कर रहे है। जिस डीएम को एक साथ परिवार के इतने लोगों की पीड़ा से गुजरना पड़ रहा हो उसके दुख का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि वर्तमान समय में डीएम का परिवार सबसे कठिन दौर से गुजर रहा हैं। परिवार के कुषल मंगल की कामना और प्रार्थना हर कोई कर रहा है। डीएम का कहना है कि वह उन लोगों को एक संदेश देना चाहते हैं, जिन्होंने अभी तक कोरोना जैसी खतरनाक बीमारी को गंभीरता से नहीं ले रहे है।

### सोनभद्र में मिले 55 मरीज

**सोनभद्र**। जनपद सोनभद्र में कोरोना वायरस कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण ने लोगों चिंताये बढ़ा दी है। सोमवार को आयी रिपोर्ट में 55 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये है। संक्रमित पाये गये मरीजों को उपचार के लिये कोविड-19 अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है, लेकिन जिले में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को 55 पॉजिटिव मरीज मिले है। संक्रमित लोगों कों कोविड-19 अस्पताल में भर्ती कराकर उनका इलाज शुरु कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपदवासियों को अनावश्यक रुप से घर से बाहर ना निकलने, सेनिटाइजर अथवा साबुन से बार-बार हाथ धोने और मुंह पर मास्क का प्रयोग करने की सलाह दी है।

# जिले में मनेगा बाल पोषण माह

## नौ माह से लेकर पांच वर्ष तक के 325000 बच्चों को दी जायेगी विटामिन-ए की खुराक

संवाददाता। मिर्जापुर

**बच्चों** को कुपोषण से दूर रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग विगत नौ अगस्त से पांच सितम्बर तक बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। यह अभियान सुरक्षा पोषण माह के रूप में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के 325000 बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जायेगीए इसके साथ ही कुपोषित बच्चों का भी चिन्हाकंन किया जाएगा।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि बाल सुरक्षा पोषण माह में जिले के पांच साल तक के 325000 बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जायेगीए इसके साथ ही कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा और उन्हें पुर्नवास पोषण केंन्द्र भेजा जाएगा। बाल सुरक्षा पोषण माह में कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए महीने के बुधवार और शनिवार को आयोजित होने वाले वीएचएनडी (ग्रामीण स्वास्थ्य पोषण दिवस) और यूएचएनडी (शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस) पर ही बच्चों को एएनएम द्वारा विटामिन ए की खुराक देने का कार्य किया जाएगा।

इस बाबत जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि बाल सुरक्षा पोषण माह के सफलता के लिये सुनिश्चित किया जायेगा कि जिले के नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात एएनएम के पास बैनर इत्यादि के साथ विटामिन ए की पर्याप्त दवा उपलब्ध रहेंए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नौ माह से पांच वर्ष की आयु के बच्चों में रोगों में कमी लाना हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अलावा बाल विकास विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। जिले के सभी 2668 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर होने वाले बुधवार और शनिवार को आयोजित होने वाले ग्रामीण स्वास्थ्य पोषण दिवस और शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस पर अपने कार्यरत क्षेत्र के लोगों को विटामिन ए की खुराक के लिए प्रोत्साहन करने के साथ ही केन्द्रों पर ले जाने का कार्य किया जाएगा।

**अभियान का मुख्य उददेश्य:** पांच वर्ष तक को बच्चों में मृत्यु दर में कमी लाना। रतौंधी से बचावए कुपोषण से बचाव और उपचार करना। आयोडीनयुक्त नमक के प्रयोग से बच्चों में शारीरिक एवं विकृतियों की कमी को दूर करना है। बच्चों के वजन और छह माह तक स्तनपान, छह महीने बाद पूरक आहार को बढ़ावा देना है।

आयोडीन युक्त नमक के प्रयोग के लिए समुदाय को जागरूक करना इस अभियान का उद्देश्य हैं।

# सहायता प्राप्त व वित्तविहीन विद्यालयों को भी अग्रसारण केंद्र बनाने पर जोर

## उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की मण्डलीय वर्चुअल बैठक सम्पन्न

संवाददाता। बस्ती

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा है कि राजकीय विद्यालयों की तर्ज पर सहायता प्राप्त व वित्तविहीन विद्यालयों को भी व्यक्तिगत परीक्षा फार्म भरने के लिए अग्रसारण केंद्र बनाना चाहिए। उन्होने कहा कि मात्र राजकीय विद्यालयों को अग्रसारण केंद्र बनाए जाने से सहायता प्राप्त व वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। वह सोमवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की वर्चुअल बैठक को संबोधित कर रहे थे। संजय ने बताया कि 20 अगस्त को मंडलीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में 2020-21 कि संगठन की सदस्यता पर चर्चा तथा अब तक संकलित सदस्यता शुल्क फॉर्म सहित जमा किया जाना है। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से परिषदीय कार्य पारिश्रमिक हेतु प्रेषित मांग पत्र की छाया प्रति उपलब्ध कराने को कहा गया है।

बैठक में संतकबीरनगर, बस्ती व सिद्धार्थनगर के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लंबित चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान व पदोन्नति के प्रकरणों की समीक्षा की गई। बोर्ड परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं के पारिश्रमिक के भुगतान पर भी समीक्षा की गई।

# शौचालय के करोड़ों के गोलमाल में फंसे 15 सेक्रेटरी

## इन सेक्रेटरियों में कोई मंडलीय अध्यक्ष तो कोई जिलाध्यक्ष

## सभी के खिलाफ नोटिस, आरोपपत्र, वेतनवृद्धि बाधित और प्रतिकूल प्रविष्ठि जैसी कार्रवाई हो चुकी

## दो साल में भी लगभग छह हजार शौचालय का नहीं हुआ जियो टैगिंग

संवाददाता। बस्ती

**सदर** ब्लॉक के 15 ऐसे सेक्रेटरी हैं, इनमें कोई कर्मचारी संघ का मंडलीय अध्यक्ष है तो कोई जिलाध्यक्ष और कोई एक तो भाजपा नेता की पत्नी है। इनमें आधे सेक्रेटरी ग्राम्य विकास और आधे पंचायती विभाग से संबंधित हैं। इन सभी सेक्रेटरियों पर शौचालय निर्माण का सात करोड़ से अधिक के धन का दुरुपयोग करने का आरोप है। ताज्जुब की बात है कि इन सभी के खिलाफ पिछले दो साल में डीएम, सीडीओ और डीपीआरओ नोटिस, आरोपपत्र, वेतनवृद्धि बाधित और प्रतिकूल प्रविष्ठ जैसी कार्रवाई अनेक बार कर चुके हैं, लेकिन इन लोगों द्वारा अभी तक लगभग छह हजार शौचालय का निर्माण पूरा नहीं कराया गया है, जबकि धन की निकासी भी हो चुकी है।

मजे कह बात है कि इनमें से एक भी सेक्रेटरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया। सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने अनभिज्ञता जताते हुए कार्रवाई करने की बात कही। सेक्रेटरी जितेंद्र कुमार अरोरा, मंडलीय अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय, जिलाध्यक्ष अरुणेश पाल, अनुरोध कुमार श्रीवास्तव, प्रियंका चौधरी, जगदीष कुमार यादव, अमरनाथ गौतम, मंजूबाला त्रिपाठी, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, आशीष कुमार श्रीवास्तव, पूनम षर्मा, विनोद कुमार यादव, मनोज कुमार मिश्र, भारतनाथ यादव एवं महेंद्र यादव को डीपीआरओ की ओर से जारी नोटिस में कहा गया हैं कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एलओबी 1/2 एवं एनओएलबी के तहत अभी भी शौचालय अपूर्ण है। जबकि शासन द्वारा एसबीएम के तहत शौचालयों का शतप्रतिशत निर्माण दिसंबर 18 तक एवं एलओबी 1/2 के मई 19 में पूर्ण हो जाना चाहिए था। जो अभी तक अपूर्ण हैं, जबकि इसके लिए डीएम, सीडीओ और डीपीआरओ की ओर से कई बार दंडात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। कहा गया कि अभी तक अपूर्ण पाया जाना यह दर्षाता है कि कार्यों में घोर लापरवाही और शिथिलता बरती जा रही है।

विकास भवन का सेक्रेटरियों पर नहीं रहा कोई नियंत्रण जिले में ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग के सेक्रेटरियों पर आए दिन शौचालय सहित ग्राम निधि प्रथम के धन का बड़े पैमाने पर आरोप लगते आ रहे है। जांच में आरोप साबित भी हो रहे है। मगर जब कार्रवाई की बारी आती है तो बाबू ही फाइल को काफी समय से दबाए रखता है, अगर किसी तरह किसी का फाइल सामने आई तो विभाग मोलतोल करने में लग जाता। इस तरह का आरोप कई बार षिकायतकर्त्ता लगा चुके है। विकास के सेक्रेटरी के खिलाफ डीडीओ और पंचायती विभाग के सेक्रेटरी पर डीपीआरओ को कार्रवाई करनी होती है।

# निमोनिया व दिमागी बुखार से बचाती है पीसीवी वैक्सीन

## बुधवार व शनिवार को नियमित टीकाकरण सत्र में बच्चों को मुफ्त में लगेगा पीसीवी टीका: सीएमओ

संवाददाता। सोनभद्र

**प्रदेश** के 56 जिलों में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत न्यूमोकाकल कंजुगेट वैक्सीन पीसीवी का विस्तार चौथे चरण के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में किया जा रहा है। प्रथम चरण में वर्ष 2017 में यह वैक्सीन 6 जिलों में शुरू की गई थी और 2018-19 में इसका विस्तार 19 जनपदों में किया गया है। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय ने कहा कि टीकाकरण शासन की प्राथमिकता है और यह उद्देश्य है कि जनपद का प्रत्येक बच्चा सुरक्षित और स्वस्थ रहें। उन्होने कहा की न्यूमोकाकल कंज्यूगेट वैक्सीन बच्चों को न्यूमोंकाकल बैक्टीरिया से होने वाले निमोनिया एवं दिमागी बुखार तथा कान के संक्रमण से बचाता है। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रामकुंवर ने बताया कि वर्ष 2010 के आंकड़ों के अनुसार भारत में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मृत्यु में 30 प्रतिशत मृत्यु न्यूमोंकाकल निमोनिया के कारण हुई हैं। विश्व में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मौत के प्रमुख कारणों में एक कारण निमोनिया है। उन्होंने बताया कि पीसीवी टीका जनपद में इस बीमारी से होने वाले मृत्युदर को कम करेगी। यह वैक्सीन प्राइवेट अस्पतालों एवं नर्सिंग होम में पहले से उपलब्ध होती थी यह वैक्सीन काफी महंगी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि 13 अगस्त से सरकारी अस्पताल एवं जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं ग्राम स्तर पर बुधवार एवं शनिवार को होने वाले नियमित टीकाकरण पर बच्चों को पीसीवी का टीका मुफ्त लगाया जाएगा। कहा कि दो प्राथमिक टीके 6 हफ्ते और 14 हफ्ते की उम्र पर एवं बूस्टर टीका 9 माह की उम्र पर दिया जाएगा। टीकाकरण कार्यक्रम स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया जाएगा।



**सदर विधायक ने वैक्सीन पीसीवी का किया शुभारंभ**
**जनपद** मुख्यालय स्थित अर्बन हेल्थ कयेर सेंटर राबर्ट्सगंज पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने एक बच्चे को न्यूमोकाकल कंज्यूगेट वैक्सीन पीलाकर न्यूमोकाकल कंजुगेट वैक्सीन पीसीवी के जनपद में चौथे चरण का शुभारंभ किया इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी एसके उपाध्याय समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संक्रामक रोगों व कोविड -19 से बचाव की दी गई जानकारी

## जिले में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का समापन

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद** में बीते माह जुलाई में चलाए गए संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 3,81,450 घरों का सर्वे कर 18,59,504 व्यक्तियों को संक्रामक रोगों व कोरोनावायरस कोविड-19 महामारी से बचाव की जानकारी प्रदान किया। इसके अलावा डेंगू स्रोतों के विनष्टीकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में गत एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया गया। इसके लिए 694 टीमें बनाई गई थी टीम द्वारा जनपद के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को साफ सफ़ाई, मच्छरों के प्रजनन स्थल को नष्ट करने, घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने देने हेतु जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त कोरोना वायरस कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए आम जनमानस को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और साबुन सैनिटाइजर से बार-बार हाथ धोने, मुंह पर मास्क, रुमाल का इस्तेमाल करने तथा सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ ही अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचाया जा सके। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के नोडल शुभम सिंह ने बताया कि जिले में चलाए गए संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह जिलाधिकारी द्वारा की गई।

### युवा कांग्रेस ने स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

**सोनभद्र**। भारतीय युवा कांग्रेस सोनभद्र के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे आशु के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने परासी स्थित शहीद स्थल पर सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए मुंह पर मास्क व गमछा लगाये हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया। वहां पर आजादी की लड़ाई में शहीद हुए लोगों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को जरा याद करो कुर्बानी व उनके द्वारा किए कार्यो पर चर्चा करते हुए आम जनमानस के बीच में इस बातों को ले जाने की बात कही गयी। संगठन के जिला अध्यक्ष आशु दुबे ने आजादी मेरा अभिमान के तहत के तहत उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश की शपथ हम शपथ लेते हैं कि भारत के स्वतंत्र आंदोलन से निकले लोकतंत्र भाईचारे समता एकता सामाजिक न्याय देश प्रेम व भारत निर्माण के संदेश को हम जन-जन तक पहुंचाएंगे, हम सब मिलकर भारत में गणतंत्र के नींव रखने वाले दस्तावेज भारतीय संविधान की रक्षा करेंगे जय हिंद जय भारत उपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से विधानसभा राबर्ट्सगंज अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, अंशु मद्धेशिया, प्रदीप चौबे, रजनीश कुमार, जावेद खान ,आशीष पटेल, विक्की कुमार, शिवम यादव, सुनील गुप्ता, रहे।

### दो अमीनों को किया गया डिसमिस

**सोनभद्र**। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता,सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि नियुक्ति प्राधिकारी जिलाधिकारी के आदेशानुसार ईश्वर प्रसाद तथा ऋषिकेश वैतनिक सहकारी कुर्क अमीन को उनके पद से पृथक्कृत डिसमिस कर दिया है। ऐसी स्थिति में जनपद की समस्त प्रकार की सहकारी संस्थाओं के बाकीदारों को सूचित किया जाता है कि वह उक्त अमीनों के माध्यम से अपना बकाया अदा ना करें, अन्यथा की स्थिति में वह स्वयं उत्तरदायी होंगें।

### भ्रष्टाचार की शिकायत करने पर पिटाई

**बस्ती**। प्रधान के भ्रष्टाचार की षिकायत करना एक व्यक्ति को काफी मंहगा पड़ा। युवक को दंबगों ने इतना मारा कि उसका इस समय जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामला विकास खंड बहादुरपुर के ग्राम पंचायकोठवा भरतपुर का है। प्रभारी एसओ संतोष सिंह का कहना है कि प्रधान की गिरफ्तारी हो चुकी है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। षिकायतकर्त्ता ताज मोहम्मद ने प्रधान के भ्रष्टाचार की शिकायत अधिकारियों से की थी। प्रधान के आदमियों ने षिकायतकर्त्ता को सबक सिखाने के लिए उसके स्कूल गए और मारपीट कर धायल कर दिया।

### कागजों में चला विशेष सफाई अभियान

**बस्ती**। गांव की साफ सफाई को लेकर विभाग और अधिकारी कितने सजग और जागरुक हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिले भर में शनिवार को विषेष सफाई अभियान चलाया गया लेकिन कितने गांव में अभियान चला और कितने सफाई कर्मी गैरहाजिर रहे, इसकी जानकारी देने वाला कोई नही। जब सीडीओ से पूछा गया तो उन्होंने डीपीआरओ पर टाल दिया और जब डीपीआरओ से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि रुकिए अभी बताता हूं। मगर उन्होंने नहीं बताया। यह हाल अक्सर उस समय होता है, जब जिले में डीएम नहीं रहते है। डीएम के न रहने से अधिकारी एक तरह से लापरवाह हो जाते हैं। यही हाल एक दिन पहले का था, जब डीडीओ और डीसी मनरेगा की ओर से कोई जबाव नहीं दिया गया।

### सुगंधा महिला समिति ने वितरित किए कपड़े




**सोनभद्र**। नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के झिंगुरदा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली सुगंधा महिला समिति ने, समिति की अध्यक्षा बीना सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार एवं रविवार को मुरली बस्ती में 24 एवं झिंगुरदा बस्ती में 24 जरूरतमन्द महिलाओं को चादर, ब्लाउज़ एवं कपड़े धोने वाले पाउडर का वितरण किया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को कोरोना वायरस कोविड-19 के खतरों से बचने हेतु मुंह को ढक कर रखने, सोशल डिस्टेन्सिग का पालन करने तथा सर्दी, खांसी या जुकाम के लक्षण महसूस होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने हेतु सजग किया गया। गौरतलब है कि समिति के सौजन्य से पूर्व में भी जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाई जाती रही है।

### अपराधियों के खिलाफ शुरु हुआ अभियान

**सोनभद्र**। प्रदेश भर में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान का को लेकर सोनभद्र प्रशासन द्वारा जनपद में कुल 135 माफ़ियाओं की सूची तैयार करके कार्रवाई शुरु कर दी गई है। बिचपई स्थित जितेन्द्र सिंह उर्फ राजन सिंह के आवास पर नोटिस चस्पा कराये जाने के साथ ही मुनादी कराई गई। इससे पूर्व पिछले दिनों जनपद के जिलाधिकारी एस राजलिंगम के निर्देश पर मजिस्ट्रेट की मौजुदगी में रेनुकूट में हुई नगर पंचायत रेनुकूट के अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह की हत्या के आरोपी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सिंह समेत अन्य लोगों की लगभग सात करोड़ की सम्पत्ति कुर्क की गई थी। जनपद में चल रहे इस अभियान ने हत्या, लूट, बलात्कार समेत अन्य संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों की लिस्ट तैयार कर उन पर कार्यवाही की तैयारी की गई है।

# स्वामित्व योजना में सर्वेक्षण प्राथमिकता के आधार पर करें: डीएम

संवाददाता। प्रतापगढ़

**स्वामित्व** योजना के अन्तर्गत सर्वेक्षण कार्य के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व योजना के अन्तर्गत सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण निगरानी के साथ सम्पन्न कराएं। ग्राम आबादी में व्यक्तिगत सम्पत्तियों, सरकारी सम्पत्ति, ग्रामसभा भूमि पार्सल, सड़के, खुले भूखण्ड आदि की पहचान और सर्वेक्षण किए जाने वाले सम्पत्ति क्षेत्रों की सीमाओं का चिन्हांकन हेतु सर्वे टीम गठित की जाये। इन टीमों में राजस्व विभाग व ग्राम पंचायत के कर्मचारी सदस्य होगें। सर्वेक्षण के समय शान्ति व्यवस्था के लिये आवश्यकतानुसार पुलिस बल की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाए। पंचायती राज विभाग ग्राम के निवासियों को सर्वेक्षण के अनुसूची के बारे में सूचित करने और सर्वेक्षण पद्धति और इसके लाभों के बारे में संवेदनशील बनाने के लिये ग्रामसभा में बैठक आयोजित करें। इसके साथ ही पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामसभा सम्पत्ति पंजिकाओं को भी अद्ययावधिक किया जाए। प्रथम सर्वेक्षण के समय सर्वे टीम द्वारा व्यक्तिगत सम्पत्तियों, सरकारी सम्पत्ति, ग्रामसभा भूमि पार्सल, सड़के, खुले भूखण्ड आदि की पहचान और सर्वेक्षण किये जाने वाले सम्पत्ति क्षेत्रों की सीमाओं का चिन्हांकन, चूना लाइन द्वारा किया जायेगा तथा विवादित सम्पत्तियों की दोहरी चूना लाइन द्वारा दर्शाया जायेगा। भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी क्षेत्र के मानचित्रण के लिये व्यावसायिक सर्वेक्षण ग्रेड मानव रहित हवाई वाहन/ड्रोन का उपयोग कर एरियल छवियॉ ली जायेंगी। ड्रोन के माध्यम से ली गयी छवियों की जांच भारत की भौगोलिक सूचना प्रणाली प्रयोगशाला में की जायेगी तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा आबादी मानचित्र तैयार कर सहायक अभिलेख अधिकारी व उपजिलाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वेक्षण के इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लिया जाये एवं पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित ग्रामों में ड्रोन सर्वेक्षण के पश्चात् प्रकाशन एवं प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण की कार्यवाही निर्धारित समय अन्तर्गत समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये एवं ग्रामीण आबादी की घरौनी प्रत्येक दशा में 20 सितम्बर तक पूर्ण कर ली जाये जिससे चयनित ग्रामों में दो अक्टूबर को चयनित ग्रामों में घरौनी का वितरण किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शत्रोहन वैश्य, उपजिलाधिकारी सदर मोहन लाल गुप्ता, उपजिलाधिकारी कुण्डा जलराजन चौधरी, उपजिलाधिकारी रानीगंज राहुल यादव, उपजिलाधिकारी पट्टी डीपी सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएमओ कार्यालय में एकीकृत कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर की स्थापना

**प्रतापगढ़**। जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने जनपद में एकीकृत कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर की स्थापना मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय में करके अधिकारी और कर्मचारी की ड्यूटी लगायी है। स्थापित एकीकृत कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का संचालन तीन शिफ्टों में होगा। जिसमें प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग के कार्मिकों को जनपद स्तरीय अधिकारियों को शिफ्टवार पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य मोबाइल नम्बर 9454417591 को प्रशासनिक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा मुख्य चिकित्साधिकारी एके श्रीवास्तव मोबाइल नम्बर 9415087567, 6386685822 तथा चिकित्सा विभाग के नोडल अधिकारी डा. एससीएल द्विवेदी उप मुख्य चिकित्साधिकारी 9415250283 की ड्यूटी लगायी गयी है। एकीकृत कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का नम्बर 9044406400 व 9044490800 है। जिलाधिकारी ने जनपद को चार जोन में विभक्त करके जोनल कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर हेतु चिकित्साधिकारियों को जोनल नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होने रानीगंज जोन हेतु डा0 पंकज मिश्रा 9473630267, पट्टी जोन के लिए डा. महेन्द्र कुमार 9412010191, लालगंज जोन हेतु डा. अरविन्द गुप्ता 9897337418 व कुण्डा जोन हेतु डा0 दिनेश सिंह 9415251234 को जोनल नोडल अधिकारी नामित किया है। जिलाधिकारी ने जिन कर्मचारी और अधिकारी की ड्यूटी लगायी है उनमें प्रात: छह बजे से अपरान्ह दो बजे तक चिकित्सा विभाग के डा. अजय पटेल चिकित्साधिकारी 8958600692, अंजना स्वाशिअ 7080787034 तथा एम्बुलेन्स विभाग के कोआर्डिनेटर रपडेला 9935534090 है। इसी प्रकार अपरान्ह दो बजे से रात्रि 10 बजे तक चिकित्सा विभाग के डा. भरत नायक चिकित्साधिकारी 9415253245, शिवदास सिंह स्वाशिअ 9936449068 तथा एम्बुलेन्स विभाग के कोआर्डिनेटर राधेश्याम एवं रात्रि 10 बजे से प्रात: छह बजे तक चिकित्सा विभाग के डा. आमोद कुमार सिंह 9453861560, रामकुमार सिंह स्वाशिअ 9452141468 तथा एम्बुलेन्स विभाग के कोआर्डिनेटर कपिल की ड्यूटी लगायी गयी है।

# बाढ़ की चपेट में हैं जिले के 45 गांव

संवाददाता। बस्ती

**जिले** के हरैया एवं बस्ती तहसील के 45 गांव बाढ़ प्रभावित हैं। इनमें तहसील बस्ती में 27 और हरैया में आठ गांव प्रभावित हैं। मैरूण्ड गांवों की संख्या 20 है। जबकि बाढ़ के चलते 11126 गांवों की आबादी प्रभावित हुई है। बाढ़ प्रभावित गांवों में आने जाने के लिए नावें लगाई गई है। बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। एडीएम रमेश चन्द्र ने बताया कि जिले के लोलपुर-विक्रमजोत, कटरिया चांदपुर, गौरा-सैफाबाद, कलवारी- रामपुर तटबंध पर कटान नियंत्रित है। तटबंधों पर नजर रखने के लिए बाढ़ चौकिया बनाई गई है।

तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। सरयू व घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान से अभी 19 सेमी नीचे बह रही है। तटबंधों की लगातार निगरानी की जा रही है। बंधों के रैनकट की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। तटबंधों को फ्लिहाल कोई खतरा नहीं है।

## केमिस्ट एंड कास्मेटिक वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

**जौनपुर।** केमिस्ट एंड कास्मेटिक वेलफेयर एसोसिएशन की वर्चुअल बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने तथा दवा व्यवसाय में वर्तमान समय में आ रही दिक्कतों पर चर्चा हुई। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि अगर कोई दवा व्यवसाई नकली दवाओं की बिक्री कर रहा है तो उसकी सूचना संगठन को दें। संगठन ने औषधि निरीक्षक अमित बंसल द्वारा जनपद में नकली दवा बेचने वालों के खिलाफचलाये गये अभियान की सराहना किया। नकली दवाओं की बिक्री रोकने के इस अभियान में संगठन ने उनका सहयोग भी करने का निश्चय किया है। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष राजय यादव ने किया।

## खेत मजदूर यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मछलीशहर, जौनपुर।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को उपजिलाधिकारी अमिताभ यादव को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग किया है कि हर जरुरतमन्द को 10 किलो अनाज छः माह तक दिया जाए। इसके साथ ही मुफ्त इलाजए गरीबों को 6 माह तक 7500 रूपये भरण पोषण के लिये अनुदानए मनरेगा मजदूरों को 200 दिन काम व बेरोजगारी भत्त, गरीब कल्याण रोजगार योजना के तहत प्रवासी मजदूरों को काम दिया जाय।

## सामूहिक प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु साक्षात्कार 19 को

**देवरिया।** उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र कृष्ण कुमार अमर ने बताया है कि अनुसूचित जातिध्जनजाति के व्यक्तियों के स्वरोजगार हेतु सामूहिक प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020.21 के प्रथम एवं द्वितीय बैंच के चार माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु निर्धारित अवधि 20 जुलाई तक कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों पर चयन की कार्यवाही हेतु साक्षात्कार 19 अगस्त 2020 को कार्यालय उपायुक्त उद्योगए जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र देवरिया में पूर्वान्ह् 11 बजे से प्रारम्भ होना तय है। समस्त अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित तिथिए समय व स्थान पर साक्षात्कार हेतु भाग ले।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सारिणी निर्धारित

**देवरिया।** उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी अधिकारी प्रशासन राकेश कुमार पटेल ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों के संभाजन तथा विधानसभा क्षेत्रो के निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु समय सारिणी निर्धारित कर दी गयी है। श्री पटेल ने बताया है कि 16 नवम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके पश्चात् 16 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक आपत्तियां एवं दावे लिये जायेगें। आपत्तियों का निस्तारण 5 जनवरी 2021 को किया जाना निर्धारित है। मतदाता सूची की आलेख्य का अन्तिम प्रकाशन 15 जनवरी को किया जायेगा।

## थाने के टॉप–10 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**रूद्रपुर, देवरिया।** उनि अश्वनी कुमार सिंह थाना रूद्रपुर मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सुदामा चैराहे के पास से थाने के चिह्नित टॉप.10 अभियुक्त दुर्गेश निषाद पुत्र छोटेलाल निषाद निवासी.छितही बाजार थाना रूद्रपुर जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गयाए जो थाना रूद्रपुर पर पंजीकृत मुअसं.121,2020 धारा.3,1 उप्र गैंगेस्टर ऐक्ट में वांछित था। इसके अतिरिक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना रूद्रपुर में मुअसं.266,2018 धारा.392,411 भादसं व थाना गौरी बाजार में मुअसं.392,2019 धारा.392,411 भादसं का अभियोग पंजीकृत हैए जिसमें अभियुक्त को पूर्व में ही न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका था।

## दो दिवसीय श्रृंगारोत्सव समारोह का आयोजन

**चहनियां-चन्दौली।** बलुआ डेरवा स्थित पचबढ़वा बाबा का दो दिवसीय श्रृंगारोत्सव समारोह आयोजक समाजसेवी मुंशी सोनकर के देखरेख में सोमवार को शुरू हुआ। जिसमे सर्वप्रथम बाबा की आरती व पूजन से शुरुआत हुई। भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। बलुआ डेरवा गांव में पचबढ़वा बाबा का दो दिवसीय श्रृंगारोत्सव समारोह सोमवार को समाजसेवी मुंशी सोनकर के देखरेख में शुरू हुआ।

## शहीद चन्दन राय की प्रतिमा के लिए होगा भूमि पूजन

**चहनियां-चन्दौली।** नदेसर मारूफपुर निवासी शहीद चन्दन राय की स्मृति में उनकी प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम मंगलवार की सुबह दस बजे से पलिया मजीदहाॅ खेल मैदान में होगा।जिसके मुख्य अतिथि वेटनर्स आफ इंडिया के पदाधिकारी होंगे।उक्त आशय की जानकारी शहीद चन्दन राय के पिता सत्यप्रकाश राय व मनीष यादव फौजी मनमौजी ने संयुक्त रूप से दिया है।

# जौनपुर में चल रही है फिल्म भगवान हाजिर हो की शूटिंग



**संवाददाता।** जौनपुर

वैश्विक महामारी कोरोना के बीच इन दिनों सुपर स्टार प्रवेश लाल यादवए यामिनी सिंह व समर सिंह स्टारर भोजपुरी फिल्म ष्भगवान हाजिर होष् की शूटिंग नहोरा सहित जिले के कई स्थानों पर चल रही है। फिल्म का निर्माण बॉलीवुड की तर्ज पर किया जा रहा है। यह जानकारी फिल्म के निर्देशक सचिन यादव ने दी। उन्होंने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना ने पूरे विश्व को अस्त.व्यस्त कर दिया। इसको लेकर देशभर में लॉकडाउन रहाए लेकिन अब अनलॉक होना शुरू हो गया। ऐसे में फिल्म इंडस्ट्री में आंशिक तौर पर शूटिंग भी शुरू हो रही है। इसी क्रम में हमने इस फिल्म की शूटिंग अपने गृह नगर नहोरा में शुरू की है। उन्होंने कहा कि फिल्म ष्भगवान हाजिर होष् की शूटिंग बीते 5 अगस्त से चल रही है। इसमें जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन का सार्थक सहयोग हमें मिल रहा है। सचिन ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। हम पूरी शेफ्टी के साथ फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म का कांसेप्ट आम भोजपुरी फिल्मों से हटकर है। फिल्म जब पूरे देश में सिनेमाघर खुल जायेंगे। तब रिलीज होगी। सचिन ने बताया कि इस फिल्म में मुख्य भूमिका में सुपर स्टार समर सिंह, प्रवेश लाल यादव, यामिनी सिंह, गरिमा, अशुंमान सिंह राजपूतए रोहित सिंह, अयाज खान, हीरा यादव,संतोष पहलवान, दीपेंद्र मिश्राए जितु शुक्ला एंड रवि सिंह हैं।

# स्वतंत्रता सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

**संवाददाता।** मुगलसराय-चन्दौली

**शहर** कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सुभाष पार्क पर अगस्त क्रांति दिवस (भारत छोड़ो आन्दोलन) की 78 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़े सभी स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस दौरान शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि श्करो या मरोश् के नारे के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की यह आंदोलन आजादी के संघर्षों में सबसे वृहद एवं सबसे सफल आंदोलन साबित हुआ।महात्मा गांधी ने ष्करो या मरोष् के नारे के साथ 1942 में आज ही के दिन ष्भारत छोड़ो आंदोलनष् का बिगुल बजाया था और अंग्रेजों के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ दी थी।इस दौरान मुख्य रूप से दयाराम पटेल,आनंद शुक्ला, बृजेश गुप्त,नंदगोपाल सिंह, विजय कुमार गुप्ता,संजय जायसवाल,अनवर सादात,डीके गुप्ताएप्रमोद अग्रहरी आदि उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

## पीएम स्वनिधि योजना से पटरी दुकानदारों की संवरेगी तस्वीर

**मऊ।** पीएम स्वनिधि योजना (पीएम स्ट्रीट वेण्डर्स आत्म निर्भर निधि) पटरी दुकानदारों के लिए वरदान साबित होगा। इस योजना के तहत पटरी दुकानदारों को 10 हजार रुपये तक का लोन आत्म निर्भर होने के लिए प्रदान किया जाएगा। जिले में अब तक नगर पालिका समेत सभी दस नगर पंचायतों से सौ से अधिक लोगों द्वारा आवेदन किया जा चुका है। कोरोना काल के दौरान पटरी दुकानदारों, रेहड़ी, फेरीवालों की आर्थिक स्थित काफी दयनीय हो गया है। सरकार द्वारा पटरी दुकानदारों, रेहड़ी, फेरीवालों को आत्म निर्भर बनाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना (पीएम स्ट्रीट वेण्डर्स आत्म निर्भर निधि) शुरु किया गया है। इसके तहत नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन नाथ भंजन द्वारा 52 लोगों ने, दोहरीघाट नगर पंचायत द्वारा 6 लोगों ने, अदरी नगर पंचायत से एक, घोसी नगर पंचायत से चौदह, कोपागंज नगर पंचायत से सात, चिरैयाकोट नगर पंचायत से चार, मुहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत से पांच लोगों ने योजना के तहत आवेदन किया है। पीएम स्वनिधि योजना के इंचार्ज आफिसर आशुतोष कुमार सिंह, मु. रिजवान, मु. आदिल ने बताया कि योजना को लेकर लोगों में जागरुकता के तहत प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

## सांसद प्रतिनिधि मृतक के परिजनों को प्रदान किया आर्थिक सहायता



**मऊ।** जिले के मधुबन तहसील अंतर्गत चक्की मूसाडोही गांव में घाघरा में आई बाढ़ के दौरान नाव पलटने से आधा दर्जन लोगों की मौत की घटना ने घोसी लोकसभा के सांसद अतुल राय के प्रतिनिधि गोपाल राय को झकझोर कर रख दिया है। 5 अगस्त को नाव पलटने की हुई घटना में गांव के निवासी अरविंद के तीन बेटों छह वर्षीय किशन, पांच वर्षीय करण, तीन वर्षीय अर्जुन तथा अरविंद की 60 वर्षीय मां सविता की मौत हो गया था। घोसी लोकसभा के सांसद अतुल राय के प्रतिनिधि गोपाल राय चुक्की मूसाडोही गांव पहुंचकर गांव निवासी अरविंद को ढाढस बंधाते हुए आर्थिक मदद किया। साथ ही साथ अपने नाती को खो चुकी सरस्वती देवी को भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस दौरान घोसी लोकसभा के सांसद अतुल राय के प्रतिनिधि गोपाल राय ने कहा कि वे गरीबों, मजलूमों एवं असहायों की मदद के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रुप से मंडल प्रभारी राजविजय, संजय सिंह, सोनू राय, गोलू आदि उपस्थित रहे।

## ट्रक धंसने से लगा लंबा जाम



**रुद्रपुर, देवरिया।** पूर्वी बाईपास मार्ग पर विगत तीन दिनों से ट्रको का भयंकर जाम लगा हुआ है। पूर्वी बाईपास के एक विशालकाय गड्ढे में आए दिन ट्रक धंस कर फंस जा रहे हैं। जिससे ट्रकों की लंबी लाइन भभौली चौराहा से लेकर इमिलिहा चौराहा तक लगी हुई है। यह ट्रक शनिवार की रात जब बाईपास से गुजर रहा था तभी ओवरलोड होने के कारण अचानक वह गड्ढे में धंस गया। दो दो जेसीबी मंगवाकर किसी प्रकार गड्ढे में फंसे ट्रक को निकलवाने का प्रयास किया जा रहा था। पर मोरंग से लोड ट्रक को गड्ढे से निकालने में दोनों ही जेसीबी नाकामयाब रहे। बाईपास मार्ग पर जाम के कारण एक ओर जहां आने जाने वाले बच्चों एंव कामकाजी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर इस जाम का झाम झेल रहे ट्रक ड्राइवरों को भोजन पानी तक का इन्तजाम भी नहीं हो पा रहा है। जाम होने का मुख्य वजह रोड़ में ओवरलोड ट्रकों के गुजरने से जो दबाव पड़ता है उन से बने विशालकाय गड्ढा है। जिससे कारण ट्रकें उस गड्ढे में फंस जा रही है। ट्रक के न निकल पाने के कारण दोनों तरफ से ट्रकों की लंबी लाइनें लग गई। जाम के कारण जहां हजारो लोग प्रभावित हो रहे है। वहीं इस मौके का लाभ क्षेत्रीय ग्रामीण उठा रहे है। गड्ढे भरवाने के नाम पर ट्रकों से अवैध वसूली कर यह लोग फरार हो जा रहे है। यह काम एक दो दिन का नहीं वरन रोज का है। पीड़ित ट्रक ड्राइवर किसी तरह जाम से निकलने के लिए पैसे दे रहे है। किन्तु कोई भी इन्हें जाम से निजात नहीं दिला रहा है। पुलिस भी गड्डों में फंसे ट्रकों का निकलवाने का प्रयास कर रही है । रुद्रपुर थाना प्रभारी अरुण कुमार मौर्य ने बताया कि जेसीबी मशीन को मौके पर भेजा गया है। गड्ढें में फंसे ट्रक को किसी प्रकार निकलवाकर जाम को खुलवाया जाएगा। कहा कि वैसे भी रुद्रपुर पूर्वी बाईपास मार्ग पर ओवरलोड ट्रकों का आवागमन बंद है।

## जिले में कल से शुरू होगा बाल स्वास्थ पोषण माह

**गाजीपुर।** जनपद में बाल स्वास्थ्य पोषण माह के प्रथम चरण का आयोजन 12 अगस्त से 5 सितम्बर तक किया जायेगा। अभियान के दौरान 09 माह से 05 वर्ष तक के कुल 6ण्61लाख बच्चों को विटामिन.ए की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बाल स्वास्थ्य पोषण अभियान को सफल बनाने के लिए माइक्रो प्लान बना लिया गया है साथ के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को विटामिन ए की खुराक भेज दिया गया है ताकि शुरू होने वाले बाल स्वास्थ्य पोषण में कार्यक्रम को अमली रूप दिया जा सके और बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जा सके। एसीएमओ और सर्विलांस अधिकारी डॉ उमेश कुमार ने बताया कि ने बताया कि स्वास्थ्य एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के सहयोग से संचालित बाल स्वास्थ्य पोषण माह विटामिन.ए सम्पूर्ण कार्यक्रम टीकाकरण का एक अभिन्न अंग है जो प्रतिवर्ष दो चरणों में जून और दिसम्बर महीने में टीकाकरण सत्रों पर आयोजित किया जाता है। इस बार कोरोना के चलते यह कार्यक्रम लेट से शुरू हुआ है लेकिन इस दौरान पूरे महा चलने वाले कार्यक्रम में कोरोना प्रोटोकॉल के तहत कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धिएमृत्यु दर में कमी लानाण् रतौंधी एवं कुपोषण से बचाव तथा बच्चों को विटामिन ए की खुराक के साथ.साथ उनको क्या.क्या पोषण आहार दिए जाए इसके प्रति जागरूक किया जाएगा।

## बिजली अफसरों और कर्मचारियों ने दी चेतावनी

**गाजीपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में आगामी 18 अगस्त 2020 को प्रांत व्यापी विरोध प्रदर्शन वह सभाएं करने का निर्णय लिया है। संघर्ष समिति की आज यहां हुई बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के प्रस्ताव पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने चेतावनी दी कि यदि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का प्रस्ताव वापस न लिया गया तो प्रदेश के तमाम बिजली कर्मचारी जूनियर इंजीनियर वह अभियंता प्रांत व्यापी आंदोलन प्रारंभ करने हेतु बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधन व सरकार की होगी उल्लेखनीय है कि बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन ने निर्णय लिया है कि केंद्र व राज्य सरकारों की ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण की नीति के विरोध में दिनांक 18 अगस्त 2020 को देश के तमाम 15 लाख कर्मचारी देश भर में विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी की मुख्य मांग इलेक्ट्रीशिटी ;अमेण्डमेण्टद्ध बिल.2020 वापस लेनाए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण का प्रस्ताव वापस लेनाए केंद्र शासित प्रदेशों एवं उड़ीसा के बिजली निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करना और कोल इंडिया के कामगारों की निजीकरण के विरोध में हो रही हड़ताल का समर्थन है।

## पौधारोपण कर समाजसेवियों का किया स्वागत

**मुग़लसराय-चन्दौली।** दिन सोमवार को गंगा प्रहरी प्रदेश संयोजक दर्शन निषाद के नेतृत्व में नगर के शास्त्री पार्क में पौधारोपण के साथ साथ कोरोना महामारी जन जागरूकता तथा अनाज वितरण सहयोगी एवं प्रबुद्धजन समाजसेवीय रामजी गुप्ता,दयाराम पटेल,बृजेश गुप्ता सभासद,नंदगोपाल सिंह,विजय गुप्ता व अन्य समाजसेवियों का अंगवस्त्रम के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। दर्शन निषाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ जलीय जीवों जैसे राष्ट्रीय जलीय जीव डालफ़िन तथा कक्षुआ का संरक्षण किया जाना आवश्यक है और हम सबको माँ गंगा में सीधे कूड़ा .कचराए प्लास्टिक अन्य अप्सिष्ट सामग्री नहीं फेंकना चाहिए प्रत्येक जनमानस को जल संरक्षण, वृक्ष,पेड़पौधे,पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील होना होगा तभी राष्ट्र के लिए शहीद हुए सेना के जवानो के लिए सच्ची श्रद्धांजली होगा।

# दहशत: मछलीशहर तहसील के चार कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव

**संवाददाता।** मछलीशहर, जौनपुर

स्थानीय तहसील परिसर में चार कर्मचारियों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आने के बाद तहसील में अफरा–तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर हुए कोरोना रैपिड टेस्ट में तहसीलदार के साथ तैनात तीन कर्मचारीए होम गार्ड सहित बरांवाए रामपुर कटाहित व कस्बे के उमराना मोहल्ले के दर्जनों लोगों की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। सभी को कोरेंटाइन किया गया है। तहसील परिसर में तैनात कर्माचारियों के कोरोना पाजिटिव मिलने की सूचना पर सोमवार को अधिवक्ताओंए कर्मचारियों में अफरा–तफरी मच गयी।

### सीडीपीओ कोरोना पाजिटिव, संपर्क में आए कर्मचारियों को जांच कराने के दिए गए निर्देश

**गाजीपुर।** कोविड–19 महामारी में इन दिनों आमजन के साथ ही विभागीय अधिकारी और कर्मचारी रोजाना पॉजिटिव होते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में 9 अगस्त की शाम स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी किए गए लिस्ट में जमानिया के सीडीपीओ एजाज अहमद की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिसके बाद से उन्होंने अपने को होम कोरेन टाइन कर लिया है। साथ ही विभाग के द्वारा उनसे संपर्क में आए लोगों को और विभागीय कर्मचारियों को अपना कोरोना टेस्ट कराने के निर्देश दे दिए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि सीडीपीओ जमानियाएभदौरा की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव प्राप्त हुआ। वह संचारी रोग की अंतिम बैठक से पूर्व बुखार एवं सर्दी से पीड़ित थे। और उनकी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है इनकी रिपोर्ट को देखते हुए इनके संपर्क में 10 दिन के अंदर आये लोग अपना टेस्ट अवश्य रूप से करा ले। एजाज अहमद को होम कोरोनटईन होने की सलाह दी गई है। तथा अपने परियोजना का चार्ज किसी किसी वरिष्ठ मुख्य सेविका को उपलब्ध करा दें। तथा अपने दोनों कार्यालयों के स्टाफका भी टेस्ट सुनिश्चित करें।

## मनरेगा मजदूरों ने प्रदर्शन कर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**चकिया-चंदौली।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र नौगढ़ में मनरेगा की बकाया मजदूरी को लेकर मजदूरों ने ब्लॉक पर प्रदर्शन कर बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा।बताया गया कि सोमवार को क्षेत्र के झुमरियाएअमदहा चरनपुर एवं भगेलपुर के मजदूरों ने मंच के लीडर दयानन्द के नेतृत्व में बकाया मजदूरी को लेकर प्रदर्शन किया।इस मामले को लेकर हृदय नारायन एश्यामलालएलालबरत ने बताया कि 3 मई से 8 मई 2020 तक मेन रोड से रबिदास मन्दिर तक कच्ची सड़क का निर्माण कार्य 241 मजदूरों ने किया है और 09 मई से 12 मई 2020 सामुदायिक भवन से शंकर जी मन्दिर तक कच्ची सड़क निर्माण कार्य में 218 मजदूरों ने काम किया एवं 13 मई से 28 मई 2020 तक बच्चालाल के खेत का समथली करण और रामबचन के खेत का समथलीकरण 02जून 2020 से 11 जून 2020 तक 173 मजदूरों द्वारा किया है गयाए जिसका पैसा अभी तक नहीं आया। कुछ लोगों का पैसा आया है लेकिन अभी तक 101304 रूपये अभी बाकि है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का किया दौरा



**संवाददाता।** मऊ

**जिले** के मधुबन तहसील अंतर्गत चक्कीमुसाडोही में नाव हादसा सरकार के नाकामी का उदाहरण है, यदि सरकार चेतती तथा छोटी नाव के स्थान पर मांग किए जाने के बाद बड़ी नाव को लगाती तो शायद चक्कीमुसाडोही में नाव हादसा टल जाता। यह बातें कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने नाव हादसे में मृत परिजनों को सांत्वना देते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार एवं इसकी मिशनरी बाढ़ की विभिषिका को रोकने में अक्षम साबित हुई है। बड़ी नाव के स्थान पर छोटी नांवों को लगाते हुए बाढ़ पीड़ितों को मौत के गाल में ढकेलने का कार्य किया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने परसिया जयरामगिरि ,गजियापुर, दुबारी आदि बाढ़ चौकियों पर बाढ़ पीड़ितों के समस्याओं से अवगत हुए रिंग बांध का निरीक्षण करते हुए जर्जर बांध की मरम्मत कराए जाने के लिए सिंचाई विभाग के एसी से टेलिफोनिक वार्ता करते हुए तट बंधों को तत्काल मरम्मत कराने की मांग किया। साथ ही शासन से मांग किया कि तेलिया कला से चक्कीमुसाडोही तक उच्चीकरण के साथ पुल के निर्माण व किसानों के फसलों का मुवावजा दिया जाय। इसके उपरांत मृतक आश्रितों को कांग्रेस पार्टी के तरफ से आर्थिक सहायता देते हुए इनकी हर सम्भव मदद करने का विश्वास दिलाया। प्रदेश संगठन मंत्री राष्ट्रकुवंर सिंह ने कहा कि यदि चक्कीमुसाडोही नाव हादसे की उच्च स्तरीय जांच हो जाए तो प्रशासनिक संवेदनहीनता उजागर होग । इस अवसर पर पूर्व विधायक अमरेश चन्द्र पाण्डेय,कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष इंतखाब आलम, शहर अध्यक्ष विष्णु कुशवाहा, सतीश पाण्डेय, नंदलाल, मुस्ताक अली मंसूरी प्रदेश अध्यक्ष मंसूरी समाज कल्याण समिति उपस्थित रहे।

# विद्युत समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** मछलीशहर, जौनपुर

स्थानीय उपकेन्द्र के मधुपुर व मुस्तफाबाद फीडर पर महीनों से ट्रिपिंग व अघोषित कटौती के कारण उपभोक्ताओं में आक्रोश है। विद्युत दुर्व्यवस्था को देखते हुए उपभोक्ताओं ने सांसद बीपी सरोज को ज्ञापन देकर समस्या के निराकरण की मांग किया। जिसमें कहा है कि 132ध्33ध्11 केवीए विद्युत उपकेन्द्र मछलीशहर में स्थापित 8 एमवीए के ट्रांसफार्मर के ओवरलोड होने की वजह से उपकेन्द्र से पोषित मधुपुर व मुस्तफाबाद लगातार ट्रिपिंग के कारण विद्युत आपूर्ति सुचारु रुप से शेड्यूल के अनुसार नहीं हो पा रही है। जिसके कारण महिनों से सैकड़ों गांवों के उपभोक्ता व किसान परेशान हैं। सिंचाई न हो पाने से धान की फसल बर्बादी के कगार पर है।

## जिला अपराध निरोधक समिति की बैठक सम्पन्न

**जौनपुर।** नगर के रूहट्टा में जिला अपराध निरोधक समिति की बैठक कृष्ण कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस एवं समितियों के विस्तार पर चर्चा किया गया। इस दौरान जिला मंत्री आद्या प्रसाद सिंह ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को देखते हुए शासन द्वारा दिये गये नियमों व निर्देशों का पालन करते हुए स्वतंत्रता दिवस पर्व मनाया जायेगा। स्वागत करते हुए कृष्ण कुमार जायसवाल ने कहा कि जल्द ही महिला कमेटी एवं छूटी हुई थाना कमेटियों का गठन किया जायेगा। हिमांशु सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के मद्देनजर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपने कार्यक्रमों को सम्पन्न करायेंगे।

## युवा शक्ति संघ के सदस्यों ने किया हवन–पूजन

**चहनियां-चन्दौली ।** युवा शक्ति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील यादव के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई देने व उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना को लेकर जिलाध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में युवा शक्ति संघ के सदस्य गण सोमवार को मारूफपुर स्थित दुर्गा मन्दिर पर हवन पूजन किया तथा एक दुसरे का मुंह मीठा कराते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।युवा शक्ति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील यादव जी का जन्मदिन सोमवार को हवन पूजन के माध्यम से मनाया गया।जिसमें उपस्थित चंदौली जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि इस आपदा काल में गरीबों के मसीहा और युवाओं के आदर्श के रूप में उभरे युवा शक्ति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील यादव के उत्तम स्वास्थ्य के लिए व दीर्घायु बनाने की मंगल कामना के साथ माॅ दुर्गा का पूजन कर हवन किया गया साथ ही बंसफोड़वा बस्ती में मिठाई व कपड़े बितरित करके लोगों से शुभाशीष प्राप्त किया गया।वहीं चंदौली उपाध्यक्ष अर्जुन यादव ने कहा कि ऐसे युवा नेतृत्व में हम सब आस्था ब्यक्त करते हुए समाज के नव निर्माण में हम सब युवा आगे बढ़ने को कटि बद्ध है। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अच्छेलाल यादवएमन्नू यादवए अवनिंद्र यादव बंटी,नीरज यादव,गोलू यादव,आंनद यादव,रविन्द्र निषाद, मयंक यादव सहित अनेक युवा साथी सोशल डिस्टेन्स मेन्टेन करते हुए मौजूद रहे।

# निषाद पार्टी ने मनाई फूलन देवी की जयंती

**संवाददाता।** महराजगंज जौनपुर

स्थानीय क्षेत्र के विधानसभा बदलापुर के ग्रामसभा गोंदालपुर में निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल ;निषाद पार्टीद्ध ने पूर्व सपा सांसद फूलन देवी की 57वीं जयंती मनायी। वक्ताओं ने कहा कि फूलन देवी बीहड़ से संसद तक का सफर करने वाली विश्व की चौथी और भारत की पहली क्रांतिकारी महिला हैं। इन्होंने अपने ऊपर हुए अत्याचार व शोषण का बदला लेकर स्त्री के अस्तित्व को संघर्षों से जिंदा रखने का कार्य किया। उन्होंने शोषितोंए दलितोंए मजलूमों की आवाज उठायी जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर रामचन्द्र निषाद, भारत निषादए महेंद्र यादव, संतोष यादव उर्फ लालूए अमित यादव, रायसाहब बिंद,भैयालाल बिंद, अनिल निषादए धर्मेन्द्र यादव, जोखन निषाद, राममिलन राम, शैलेन्द्र निषाद, रामकेश बिंद,कमलेश निषाद आदि मौजूद रहे।



## समाजवादी कुटिया पर मनायी गई जयंती

**जौनपुर।** धर्मापुर क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव स्थित समाजवादी कुटिया पर वीरांगना फूलन देवी की जयंती मनायी गई। इस मौके पर समाजवादी कुटिया के संचालक एवं सपा नेता ॠषि यादव ने कहा कि फूलन देवी बीहड़ से संसद तक का सफर करने वाली भारत की पहली क्रांतिकारी महिला हैं। इन्होंने अपने ऊपर हुए अत्याचार व शोषण का बदला लेकर स्त्री के अस्तित्व को संघर्षों से जिंदा रखने का कार्य किया। इस मौके पर दिनकर निषादए लालता निषादए छोटू निषाद, ठाकुरदीन यादवए श्रीचंद्र यादवए लालजी विश्वकर्माए अजय विश्वकर्माए साहब निषादए शुभम यादवए अशोकए नसीम अली आदि मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**महराजगंज, जौनपुर।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन ;अराजनैतिकद्ध की पंचायत तहसील अध्यक्ष लालचन्द यादव की अध्यक्षता में पंचायत बैठक हुई। जिसमें किसानों को आये दिन हो रही समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। लालचन्द यादव ने कहा कि स्थानीय बाजार में बनी नाली की सफाई जल्द से जल्द हो। ग्राम सभा में आधार कार्ड बनाने के लिए कैम्प लगाया जाय। मच्छरों से बचाव के लिए फागिंग कराया जाय। सीएचसी में दवा की समुचित व्यवस्था कराई जाय। कीटनाशक दवाओं की व्यवस्था करायी जाय सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। संचालन अजय यादव ने किया। इस मौके पर तहसील महामंत्री डाण् मनोज कुमार यादव, सीताराम उपाध्याय,धर्मेंद्र यादव, विश्राम गौतम, अमरनाथए जितेंद्र, बुलाकी राम, कैलाश नाथ मौजूद रहे।

## घेराबंदी कर पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को दबोचा, आधा दर्जन चोरी की मोटर साइकिलें बरामद

**गाजीपुर।** जनपद के मरदह थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सिरसी नहर पुलिया के पास से घेराबंदी करते हुए दो अभियुक्त लक्ष्मण पासवान और शनि कुमार को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई 6मोटरसाइकिलें भी बरामद हुई हैं। पुलिस की इस कार्यवाही के दौरान उनका एक साथी फरार होने में कामयाब रहा।

## संगठन की मजबूती के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया आवाहन

**सकलडीहा-चन्दौली।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व मिर्जापुर सांसद अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को विडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के पदाधिकारियों से बातचीर्ता कया। इस दौरान पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर कार्यकर्त्ता को आगे आने के लिये आवाहन किया। उन्होंने कहा कि जनपद के पदाधिकारियों को अपने कार्यकर्त्ताओं को साथ लेकर हर वर्ग से मिलना होगा। अपनी पार्टी के नीतियों को बताना होगा। जिससे कि हमारा संगठन और मजबूत हो सकें। कोरोना जैसी महामारी में हमें सोसल डिस्टेंस के साथ मास्क लगाकर बाहर निकलना है।

# मार्ग दुर्घटना में महिला सहित दो लोगों की मौत

## दो अन्य गंभीर रूप से घायल

संवाददाता। मसौली ( बाराबंकी )

दो मार्ग दुर्घटनाओं में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है । जानकारी के अनुसार बीती रात्रि गोण्डा-बहराईच नेशनल हाईवे पर हसनापुर मोड़ के निकट अचानक आवारा पशु के आ जाने से असुन्तलित नेक्सन टाटा कार ने गुमटी के किनारे खड़े तीन युवकों को घायल कर दिया गम्भीर रूप से घायल युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें एक युवक की ट्रामा सेंटर लखनऊ में मृत्यु हो गयी। रविवार की देर रात्रि गोण्डा के आवास विकास कालोनी निवासी अनुप कुमार श्रीवास्तव पुत्र सन्त प्रसाद अपनी टाटा नेक्सन कार नम्बर यूपी-43 ए एच 3248 से लखनऊ से गोण्डा जा रहे थे कि हाईवे पर स्थित हसनापुर मोड़ के निकट अचानक आवारा पशुओं का झुंड आ गया जिसे बचाने के कारण तेज रफ्तार से आ रही कार असंतुलित होकर हॉइवे से काफी दूर रखी लोहे की गुमटी के निकट खड़े तीन युवकों को घायल करते हुए पलट गयी। जिसमें पुरे किंहौली निवासी (24 वर्षीय) विपिन विश्कर्मा पुत्र राम सहारे (26 वर्षीय) पप्पू वर्मा पुत्र बैजनाथए 28 वर्षीय अनुप वर्मा पुत्र प्यारे लाल गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मसौली पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल में भर्ती कराया परन्तु विपिन और पप्पू की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया जिसमें विपिन की उपचार के दौरान मौत हो गई। मसौली पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर वाहन को कब्जे में ले लिया है। वही दूसरी घटना में घायल आसमा पत्नी ताज मोहम्मद निवासी मस्तान नगर की भी में हो गयी । बीती रात उसे किसी वाहन ने पेटोल पम्प के निकट टक्कर मार कर घायल कर दिया था ।

## पट्टीदारों ने पीट-पीट कर युवक को मार डाला



सिद्धौर ( बाराबंकी )। सतरिख थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बरकटही गांव में पुरानी रंजिस के चलते पट्टीदारों ने जानलेवा हमले मे एक युवक को पीट पीट कर मार डाला और फरार हो गए । पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है । जानकारी के अनुसार बरकटही गांव निवासी शिवराज निषाद रविवार की शाम को दरवाजे पर पूजापाठ करा रहा था, तभी पानी फेंकने को लेकर पडोसियों से उसका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गांव के ही बबलू निषाद, महेश निषाद, चंद्रेश निषाद ने सरिया से उसके सर पर कई वार किए जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा । इस बीच उसे बचाने आयी उसकी मां को भी हमलावरों ने पिटाई कर दी। जिससे वह भी जख्मी हो गयी । हमले के बाद आरोपी फरार हो गए। घायल शिवराज की आज सुबह की मौत हो गयी तब पुलिस के हाथपांव फूल गये, क्योंकि सूचना पर पहुची पीआरवी पुलिस नाटक समझ कर उसे छोड़कर चली आयी थी । लोगों का कहना कि यदि उसे तत्काल भर्ती करा दिया जाता तो उसकी जान बच सकती थी। मृतक की बहन ने यूपी 112 पर सूचना दिया था। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# शातिर बदमाशों का गैंग असलहों सहित गिरफ्तार

## दर्जन भर पिस्टल व बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद

संवाददाता। गौरीगंज (अमेठी)

**जिले** की पुलिस ने बदमाशों के गैंग के आधा दर्जन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक दर्जन पिस्टल, कट्टे और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किया है। इस बाबत पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि रवीन्द्र सिंह थानाध्यक्ष बाजार शुक्ल व उनि. विनोद यादव प्रभारी एसओजी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर डकैती की योजना बना रहे छह अभियुक्तों को मय शस्त्र मुर्गी फार्म निकट धौताल तिराहा से बीती रात्रि में गिरफ्तार किया गया ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रज्जब अली पुत्र सिददीकी निवासी मलिक मजरे भनौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठीए दीपक सिंह पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम दादरा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठीए राहुल यादव पुत्र ओम प्रकाश निवासी पूरे बाबू भत्तौर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी, अरुण कुमार पाण्डेय पुत्र राजनरायन पाण्डेय निवासी पूरे शाह थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठीए संदीप यादव पुत्र जयराम यादव निवासी बानथान मजरे शाहगढ़ थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, देवमणि दीक्षित पुत्र शारदा प्रसाद निवासी बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व बरामदगी के आधार पर थाना बाजारशुक्ल द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूछताछ में सभी अभियुक्तों ने बताया कि काफी दिनों से लॉकडाउन चल रहा है जिससे हम लोगों के पास खर्चे के लिये पैसे नहीं थे । इस कारण हम लोग आने जाने वाले ट्रकों से डकैती डालने योजना बना रहे थे।

# कोविड-19: लापरवाही बरतने पर कर्मियों को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

## डीएम ने दिए कर्रवाई के आदेश

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने जनपद अमेठी में एकीकृत कमांड कोविड एंड कंट्रोल सेंटर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में विगत 19 जुलाई से स्थापित किया गया है। एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में सुधीर रुंगटा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को प्रभारी अधिकारी नामित करते हुए तीन पालियों में सिफ्टवार अधिकारियो और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिलाधिकारी ने बताया कि कंट्रोल सेंटर में पूर्व में ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर जांच कराई गईए जिसमें सौरव यादव जिला प्रबंधक पीसीएफए मोइजउल्ला खां सहायक विकास अधिकारी सहकारिता विकास खंड भादरए आशीष वाजपेई कनिष्ठ सहायक पीसीएफ कार्यालय नियमित रूप से अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं पाए गए। जिस पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उक्त कर्मियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही बरतन, सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण रुप से निर्वहन ना करने तथा ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने पर सौरव यादव जिला प्रबंधक पीसीएफ को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि, मोइजउल्ला खां सहायक विकास अधिकारी सहकारिता विकास खंड भादर को कारण बताओ नोटिस एवं आशीष बाजपेई कनिष्ठ सहायक पीसीएफ कार्यालय के निलंबन हेतु शासन को संस्तुति सहित पत्र भेजा गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में उक्त कर्मियों के स्थान पर दूसरे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए नियमित रूप से कंट्रोल सेंटर के माध्यम से तैनात कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन घर-घर जाकर सैंपलिंग करने वाली सर्विलांस टीम की कार्य योजना बनाना तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करनाए टेस्टिंग की स्ट्रेटजी बनाना एवं उसका क्रियान्वयन करनाए त्वरित गति से कान्ट्रैक्ट ट्रेसिंग सुनिश्चित करनाए किसी व्यक्ति के कोविड पॉजिटिव होने पर उसे तत्काल कोविड अस्पताल पहुंचानाए कोविड अस्पतालों की व्यवस्था का अनुश्रवण तथा मरीजों से रैंडम आधार पर फोन करके व्यवस्था के बारे में फीडबैक लेनाए एक केंद्रीयकृत व्यवस्था स्थापित करते हुए एंबुलेंस की सेवा सुचारु रुप से संचालित कराना जिससे मरीज को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सकेए सप्ताह के अंत में जनपद में सेनेटाइजेशन के विशेष अभियान का अनुश्रवण करनाए समस्त कोविड समर्पित चिकित्सा इकाइयों में एडमिशन एवं डिस्चार्ज का रियल टाइम अनुश्रवण करना तथा कोविड पोर्टल पर सूचनाओं को अपडेट करनाए जनपद के समस्त कोविड समर्पित चिकित्सा इकाइयों में सफाई एवं खानपान की व्यवस्था का दैनिक अनुश्रवण करना आदि कार्य किये जा रहे हैं।

# संगठन मजबूती के लिए कांग्रेस चलाएगी जिले में अभियान

संवाददाता। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में संगठन सृजन अभियान की बैठक हुई।

बैठक में कुशल सिंह पटेल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर जिले में 11 अगस्त से 11 सितंबर तक जिले के पांचों ब्लॉकों में और नगर पालिका कर्वी, नगर पंचायत मानिकपुर, नगर पंचायत राजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ब्लॉकों में संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम क्रम में बैठक करा कर संगठन सृजन अभियान चलाकर फार्म भरे जायेंगे। गांव-गांव में संगठन को मजबूत करेंगे। बैठक में मौजूद कांग्रेस के स्नातक उम्मीदवार अजय कुमार सिंह का सभी पदाधिकारियों से परिचय कराया गया। बैठक में स्नातक प्रत्याशी अजय कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस के हाथों को मजबूत करना है। बैठक में रंजना बरातीलाल पांडे, अवधेश करवरिया, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, जितेंद्र सोनकर, नीरू गुप्ता, यमुना शुक्ला, विजयमणि त्रिपाठी, भगवानदीन समदरिया, महेंद्र सिंह, कुलदीप द्विवेदी, मेंहदी हसन, हरिश्चंद्र प्रजापति, विनय कुमार पाल, एडवोकेट सुशील श्रीवास्तव, रामअवतार, शिवनंदन पाल, राजू श्रीवास, नरोत्तम सिंह आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# मजदूर हितों की खातिर होगी आरपार की लड़ाई: दल सिंगार

संवाददाता। चित्रकूट

**असंगठित** मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष/बंधुआ मुक्ति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दल सिंगार ने जिले के दलित आदिवासी बहुल इलाकों का दौरा कर आदिवासी विश्व मूल निवासी दिवस पर उन्हें शुभकामनाएं दी। उनके हित अधिकारों के लिए उन्हें जागरूक किया। सोमवार को दल सिंगार व नारी इंसाफसेना कमांडर व असंगठित मजदूर मोर्चा की महामंत्री वर्षा भारती ने जिले के बाल एवं बंधुआ मजदूरों से भेंट की। जिनको हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बंधुआ मुक्ति मोर्चा ने ईट भट्टा, मुर्गी फर्म, खेतिहर मजदूर आदि विभिन्न कारखानों से मुक्त कराया था। उन्हें आज तक शासन प्रशासन ने कोई सुविधाएं नहीं दिलाई। मजदूर आज भी नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। दल सिंगार जिले के दो दिवसीय दौरे पर लाकडाउन दौरान मजदूरों पर हो रहे शोषण का जायजा लेने आए थे। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड के मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा, उनके रोजगार की व्यवस्था बंधुआ मुक्ति मोर्चा असंगठित मजदूर मोर्चा एक्शन एड बुंदेलखंड आजाद सेना एवं नारी इंसाफ सेना के माध्यम से की जाएगी। एक्शन एड के इमरान अंसारी, एक्शन एड कार्यक्रम अधिकारी मनीषा भाटिया आदि ने मजदूर हितों के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। प्रदेश अध्यक्ष दल सिंगार ने कहा है कि मजदूरों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नौ अगस्त क्रांति दिवस पर अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ो का नारा दिया गया था। उसी प्रकार आज हम शोषणकारी ताकतों के खिलाफ भारत छोड़ो का नारा बुलंद करेंगे।

# पीपीई किट के इस्तेमाल और निस्तारण में सावधानी जरूरी: एसीएमओ

## इस्तेमाल के बाद किट को इधर-उधर छोड़ने से संक्रमण का खतरा

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

कोविड-19 के खिलाफ जंग में जुटे स्वास्थ्य कर्मियों, अस्पतालों व अन्य कार्यस्थलों के स्टाफ को सुरक्षित बनाने में पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्यूपमेंट (पीपीई किट) की बड़ी भूमिका है, बशर्ते इस्तेमाल के बाद उसका सही तरीके से निस्तारण किया जाए। इस्तेमाल के बाद इधर-उधर खुले में छोड़ देने से संक्रमण का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में पीपीई किट के इस्तेमाल और निस्तारण में बेहद सावधानी की जरूरत है।

एसीएमओ डॉ. एके आजाद का कहना है कि इस्तेमाल की गयी पीपीई किट से कम से कम दो दिन तक संक्रमण का पूरा खतरा रहता है। इसलिए किट का चाहे मास्क हो या गाउन उसको कदापि इधर-उधर ना फेंके बल्कि उसके लिए निर्धारित ढक्कन बंद पीली डस्टबिन में ही डालें और अस्पतालों को भी चाहिए कि इस बायो मेडिकल वेस्ट (अस्पताल के कचर) के निस्तारण की व्यवस्था दुरुस्त रखें। पीपीई किट को इस्तेमाल के बाद इधर-उधर फेंकना आपराधिक कृत्य है, जो कि बहुत ही गंभीर मामला है, ऐसा करते पाये जाने पर महामारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगीए क्योंकि इससे जहां संक्रमण का खतरा बढ़ जाता हैए वहीं इसका सीधे तौर पर पर्यावरण पर भी असर पड़ता है जो कि लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। अस्पतालों ने वैसे इस काम को एजेंसियों के जिम्मे कर रखा है जो कि कचरे को निस्तारित करने के लिए इन्सीनरेटर मशीन लगा रखी हैंए जहां पर इसका समुचित निस्तारण होता है ताकि किसी तरह के प्रदूषण का खतरा न रहे। उन्होंने ने कहा कि इसके लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बाकायदा गाइड लाइन जारी की है कि पीपीई किट के इस्तेमाल और निस्तारण में किस तरह से सावधानी बरतनी है । उसके मुताबिक ही इसके निस्तारण में सभी की भलाई है। उनका कहना है कि देश में इस समय रोजाना लाखों पीपीई किट का इस्तेमाल हो रहा हैए और यह एक बार ही इस्तेमाल के लिए हैं। इसलिए इस्तेमाल के बाद इसको मशीन के जरिये ही नष्ट किया जाना सबसे उपयुक्त तरीका है। इस किट में सिर से पांव तक को पूरी तरह से कवर करने का पूरा ध्यान रखा गया है । इसमें सिर को ढकने के लिए कैप, गॉगल्स, फेस शील्डए छ 95 मास्कए ग्लव्सए गाउन के साथ व एप्रन के बिना दोनों तरह सेद्ध और शू कवर शामिल हैं । इसमें से कोई भी चीज को इस्तेमाल के बाद खुले में फेंकने पर पूरी तरह से मनाही है।

### ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

**बाराबंकी**। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद वसीम राईन ने दलित मुस्लिमों एवं दलित ईसाइयों के हक की आवाज देश के महामहिम राष्ट्रपति की दहलीज तक पहुंचाई है। इस संबंध में वसीम ने जिला प्रशासन के माध्यम से एक ज्ञापन राष्ट्रपति को प्रेषित किया है। ज्ञापन में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि भारतीय संविधान में साफ लिखा है कि भारत मे बसने वाला इंसान चाहे वो किसी धर्म जाति, लिंग, नस्ल का हो उसके साथ कोई भेदभाव नही होगा एमगर आजादी के बाद 10 अगस्त 1950 को राष्ट्रपति अध्यादेश शेड्यूल्ड कास्ट 341 के पैरा तीन के तहत सिर्फ हिन्दू दलित को अनुसूचित जाति का लाभ दिया गया । दूसरे धर्म के मानने वालों को अनुसूचित जाति का लाभ देने से वंचित कर दिया गया हैं लेकिन सिक्खों को 1956 में और बौद्धों को 1990 में उसका लाभ मिला लेकिन मुसलमान और ईसाई आज तक इस लाभ से वंचित है।

# मामूली बात पर दो पक्षों में चले लाठी-डण्डे, एक की मौत

संवाददाता। फतेहपुर

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गोपीपुर मजरे समदा सहोदर में रविवार की देर शाम लगभग सात बजे मामूली बात को लेकर दो पक्षों में लाठी-डण्डे चल गये। जिससे दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे कानपुर हैलट के लिए रिफर कर दिया। परिजनों ने कानपुर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोपीपुर गांव में लगभग दस वर्षीय एक बालिका रविवार की शाम जंगल से गांव डण्डा घुमाते हुए आ रही थी। रास्ते में अचानक उसका डण्डा एक युवक को लग गया। जिससे नाराज होकर युवक ने बालिका को कई थप्पड़ जड़ दिये। बालिका ने घर जाकर पूरी बात परिजनों को बताई। इस पर बच्ची के माता-पिता उलहना देने गये तो विवाद होने लगा। मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों से लाठी-डंडे चले. घटना में रजपाल यादव पुत्र तुलसी 50 वर्ष, उसकी पत्नी उर्मिला देवी, पुत्री मिथलेश, पुत्र सर्वेश व ननकऊ घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से रजपाल को कानपुर रिफर कर दिया गया। कानपुर में इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में उसकी सोमवार को सुबह मौत हो गई।

### अचेत युवक की मौत

**फतेहपुर**। सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज व सराय मीना शाह गांव के बीच चारपाई का पटा लेकर पैदल घर जा रहे 30 वर्षीय युवक अचानक अचेत होकर गिर पडा जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सराय मीना शाह गांव निवासी स्व. हरीपाल का पुत्र राजेन्द्र कल शाम लगभग चार बजे लोधीगंज चारपाई का पटा लेकर पैदल घर जा रहा था।

### कोरोना से जंग में प्रशासन का सहयोग करे जनता: अहमद

गुरसहायगंज ( कन्नौज )। सबसे बड़ा विश्व संकट बनके उभर रही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के प्रकोप से अपना व अपने परिजनों के जीवन बचाने के लिए सभी लोगों को मास्क पहनना चाहिए। शासन व प्रशासन द्वारा जारी बचाव के नियमों का पालन करते हुए घरों में रहे बहुत ही आवश्यक हो तभी मास्क लगाकर घर से बाहर निकलें एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

यह बात सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के समधन नगर अध्यक्ष मुईन अहमद ने कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को फेस मास्क व सैनिटाइजर वितरित करने के उपरांत कही। कहा कि दिन में कई बार सैनिटाइजर या साबुन से कम से कम 20 सेकंड तक हाथों को धुले जिससे कोरोना घर के बाहर ही दम तोड़ दें। इस अवसर पर अनवर खान, मोहम्मद शादाब, फ्हीम अहमद, सिराज अहमद, बलवीर सिंह, राहुल सिंह, मोहित ठाकुर, सुखवासी लाल, शकील हुसैन, मोहम्मद रिहान, वासिफ खान आदि मौजूद थे।

# डीएम ने कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर का लिया जायजा

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिलाधिकारी** इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट में स्थापित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर के औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को हिदायत दी। इस दौरान जिला अधिकारी ने पटल एक पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टेस्टिंग सर्विलांस पोर्टल पर कोविड-19 के पॉजिटिव पाये गये मरीजों के बारे में व प्रत्येक घण्टे में पॉजिटिव पाये गये मरीजों का विवरण सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी तथा सम्बन्धित थाने के प्रभारी अधिकारी को कन्टन्मेंट जोन का निर्धारण करने तथा मरीजों का प्रबन्धन करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को जानकारी उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में जानकारी ली। पटल एक के कर्मचारी द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इसी प्रकार पटल-2 व पटल-3 के कर्मचारी से उनके कार्य दायित्व के बारे में जानकारी ली, जिनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जिसपर जिलाधिकारी ने उक्त पटल के कर्मचारियों को टेर्ऊनिंग देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पटल-4 व पटल-5 के कर्मचारियों से वार्ता की। पटल-5 के कर्मचारी द्वारा बताया गया कि 233 कंटेन्मेंट जोन एक्टिव है और उल्लघन करने वाले 40 व्यक्तियों के विरूद्ध चलान किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा उक्त की फीडबैक अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को उपलब्ध कराते रहे और कंटेन्मेंट जोन की टीम से बात करते रहे। श्री सिंह ने पटल-6 और पटल-7 का निरीक्षण किया। इस दौरान पटल-6 पर जनपद में बाहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्त सर्विलांस टीमों के विवरण के सम्बन्ध में तथा पटल-7 पर सर्विलांस पोर्टल अपडेट व पोर्टल पर होम आईसोलशन के मरीजों के फीड करने के सम्बन्ध में तथा एन्टीजन टेस्ट, आरटीपीसीआर टेस्ट, ट्रूनेट मषीन टेस्ट के सैम्पल का विवरण फीड करने के सम्बन्ध जानकारी ली, जिसकी स्थिति संतोषजन मिली।

## क्विक न्यूज

### कोठी पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ा

**सिद्धौर**। थाना कोठी पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन किग्रा. गांजा बरामद किया। अभियुक्त नीराम पुत्र स्व. सुन्दरलाल निवासी भानमऊ थाना कोठी को थानाध्यक्ष कोठी शैलेश कुमार के नेतृत्व में थाना कोठी पुलिस टीम उनि प्रदीप कुमार यादव, हेका. रामकृष्ण सिंह, का. अमित कुमार शामिल थे।

### हजारों रुपये के जेवर व नकदी ले गए चोर

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। थाना लोनीकटरा के दोहरी गांव मे दीवार के सहारे घर मे उतरे चोर हजारों रुपये के जेवर व नकदी उठा ले गये। रविवार की रात लोनीकटरा के दोपहरी गांव मे श्री राम के घर के पीछे दीवार के सहारे घुसे चोर चार हजार की नकदी और 10 हजार के जेवर चोर उठा ले गये। वही दुसरी घटना त्रिवेदीगज चौराहे पर पराग दुग्ध डेरी के सामने पखरपुर के मदन मिश्र अपनी बाइक खड़ी कर दुकान पर सामग्री खरीदने लगे तभी बाइक चोरी चली गयी ।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक धराया

त्रिवेदीगंज (बाराबंकी)। थाना लोनीकटरा पुलिस ने 20 लीटर शराब सहित युवक को गिरफ्तार किया है द्यप्रभारी निरीछक अशोक कुमार यादव ने बताया कि सूचना पर खैराबी गांव में राहुल रावत के घर छापा मारकर 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व उपकरण बरामद किया गया। अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### नदी में डूबे दूसरे किशोर की तलाश जारी

**प्रतापगढ़**। सई नदी में नहाते समय डूबे दूसरे किशोर का तीसरे दिन सोमवार को भी पता नहीं चल सका। प्रयागराज के गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम दूसरे दिन भी उसकी तलाश करती रही। हालांकि बारिश के चलते खोजबीन में दिक्कत हुई। अंतू इलाके के ईसीपुर गांव निवासी कृष्णा (13) पुत्र उमेश सिंह और श्रेष्ठ उर्फ जय (14) पुत्र धनंजय सिंह शनिवार शाम सई नदी में नहाते समय डूब गए थे। दूसरे दिन रविवार सुबह कृष्णा का शव 15 किलोमीटर दूर अचलपुर के पास से बरामद हो गया। जबकि श्रेष्ठ का कुछ पता नहीं चला। गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम खूंटा घाट और बाबा बेलखरनाथ धाम के पास नदी में उसकी तलाश करती रही। हालांकि शाम तक कोई सफलता नहीं मिल सकी।

### स्थायी लोक अदालत में साक्षात्कार 13 को

**प्रतापगढ़**। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव मुकुल पाण्डेय ने अवगत कराया है कि जनपद में गठित स्थायी लोक अदालत के सदस्यों के चयन हेतु इस कार्यालय को अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त है। प्राप्त आवेदन पत्रों में सदस्य के पदों पर चयन हेतु उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 13 अगस्त को जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के प्रांगण में वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में साक्षात्कार होना है। जिसमें समस्त आवेदक की उपस्थिति अनिवार्य है। स्थायी लोक अदालत में सदस्यों के चयन हेतु आवेदक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट प्रतापगढ़ के कार्यालय में उपस्थित हो।

### ब्रह्मदेव जागरण मंच ने किया वृक्षारोपण



**प्रतापगढ़** । ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से मानधाता ब्लाक में अध्यक्ष पं राजकुमार शुक्ल के संयोजकत्व में छतौना, बुकनापुर, कुटिलिया गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष राजकुमार मिश्र, महामंत्री प्रभाकर पाण्डेय, ज्ञान प्रसाद मिश्र ,गिरीश मिश्र,संतोष पांडेय, विश्वनाथ पाण्डेय, जगदीश नारायण मिश्र, नंद कुमार शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

### आप अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का गठन

जगदीशपुर ( **अमेठी** )। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमेठी शिव प्रसाद कश्यप व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमेठी आवेश हनफ़ी की उपस्थिति में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें हाजी नसरूल्ला को उपाध्यक्ष राशिद खान को महासचिव मोहम्मद नसीम कुरैशी को कोषाध्यक्ष व सनी को महासचिव बनाया गया है। इस मौके पर चन्द्रजीत यादव ठाकुर प्रसाद सीतापति मोहम्मद इमरान समीर श्रीवास्तव मोहम्मद आतिफ सहित तमाम सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

### करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत

**प्रतापगढ़**। थाना रानीगंज अंतर्गत ग्राम जामताली चुंगी में घर में पोछा लगा रही एक बालिका की करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली चुंगी गांव निवासी रमेश यादव बांबे में ट्रक चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके पत्नी और बच्चे गांव में रहते हैं। सोमवार दोपहर रमेश यादव की पुत्री अंशिका (10) घर में पोछा लगा रही थी। कमरे में रखे फर्राटा पंखे को जैसे ही हटाने की कोशिश की तभी उसमें उतरे करंट की चपेट में आने से वह पंखे से चिपक गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**बाराबंकी**। नगर कोतवाली इलाके मे आज एक नवयुवक की संदिग्ध परिरस्थियों में मौत हो गयी। उसका शव फांसी के फंदे से लटकता पाया गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली इलाके के आलापुर निवासी गोविंद राम का पुत्र मंजीत (20 वर्ष) का शव सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थियों में शव फांसी के फंदे से लटकता देख आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। इसकी घर वालों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अपर जिलाधिकारी भी हुए कोरोना पॉजिटिव

**बाराबंकी**। महीनों के लॉक डाउन के बाद को रोना का संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। अपर जिला अधिकारी संदीप गुप्ता की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है और वह अपने आवास पर ही आइसोलेट हो गए हैं। बताते चलें की पोस्टिंग रिपोर्ट आने के बाद एडीएम ने कहा है कि लक्षण दिखने पर सभी संपर्क में आए लोग अपना करुणा ट्रस्ट अवश्य करा लें। वहीं अपर जिलाधिकारी की पूर्णा संक्रमित होने की रिपोर्ट आने के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन में हड़कंप की स्थिति देखने को मिल रही है।

### तिलोई एसडीएम को भी हुआ कोरोना

तिलोई ( **अमेठी** )। उपजिलाधिकारी की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने के चलते तिलोई तहसील में ताला लगा दिया गया है। तहसील गेट पर तिलोई उपजिलाधिकारी के कोरोना पॉजिटिव होने की सूचना लगाई गई है जिस पर चौबीस घंटे पूरी तरह तहसील बंद रहने की सूचना दर्ज है। सोमवार की सुबह जब अधिबक्ता व वादकारी तहसील मुख्यालय पहुंचे तो गेट पर सूचना चस्पा होने के साथ ताला लगा था। जानकारी के मुताबिक एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी के कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद जहां उपजिलाधिकारी 21 दिनों के लिए होम आइसोलेशन में चले गए।